सूर्योदय : 5:28
सूर्यास्त : 6:38
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 28.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-345 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 10 जून 2025
13 जिलहिज्जा 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com



# मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर यूपी के सभी जिलों में लगेगी प्रदर्शनी



- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, के साथ करेंगे उद्घाटन
- बदलता भारत-मेरा अनुभव विषय पर डिजिटल प्रतियोगिता भी होगी आयोजित

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर पार्टी के राज्य मुख्यालय में आज सुबह साढ़े 10 बजे एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया जाएगा। इसके अलावा सभी अन्य जिलों में भी प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

भाजपा की ओर से सोमवार को जारी एक बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण, आत्मनिर्भर एवं शक्तिशाली भारत तथा विकास के साथ विरासत को समर्पित केन्द्र सरकार के 11 वर्षों पर आधारित प्रदर्शनी का प्रदेश भाजपा मुख्यालय में मंगलवार को सुबह 10:30 बजे उद्घाटन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, बृजेश पाठक तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह के साथ यह उद्घाटन करेंगे। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने बताया कि प्रदेश के साथ ही सभी जिला केन्द्रों पर मोदी सरकार की 11 वर्ष की उपलब्धियों पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

इसके साथ ही 10 से 11 जून 2025 को विकसित भारत की संकल्पना एवं हमारी भूमिका, सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 11 वर्ष तथा सशक्त भारत-सुरक्षित भारत विषयों पर 'प्रोफेशनल मीट' आयोजित की जायेंगी। जिनमें विभिन्न क्षेत्र के पेशेवर लोगों के साथ संवाद किया जाएगा। 'बदलता भारत-मेरा अनुभव' विषय पर डिजिटल प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें शॉर्ट वीडियो, ब्लॉग, क्विज प्रतियोगिता में नौ जून से नौ जुलाई तक सहभागिता सुनिश्चित करनी है। प्रदर्शनी के उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश भाजपा मुख्यालय में प्रेस वार्ता करेंगे।

विकसित भारत का अमृतकाल एवं सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 11 वर्षों पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने सोमवार को वर्चुअल प्लेटफार्म पर पार्टी पदाधिकारियों से संवाद किया। प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय प्रभारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, जिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष, अभियान से जुड़े प्रदेश, क्षेत्र व जिलों के संयोजक, मोर्चो के प्रदेश, क्षेत्र एवं जिलाध्यक्ष तथा मीडिया के प्रदेश, क्षेत्र व जिला के प्रभारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने वर्चुअल बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के 11 वर्ष पूर्ण हो चुके है। मोदी सरकार के ऐतिहासिक निर्णय और उपलब्धियों से देश आर्थिक व सामरिक रूप से मजबूत हुआ है।

बैठक में धर्मपाल सिंह ने कहा कि 12 से 14 जून तक मंडल स्तर पर विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी को विकसित भारत के संकल्प से जोड़ने का काम करना है। विश्व योग दिवस पर 21 जून को मंडल स्तर पर योग शिविर आयोजित किए जायेंगे। सिंह ने बताया कि शक्तिकेन्द्र पर चौपाल लगाकर केन्द्र सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान कार्ड के लिए पंजीकरण भी किया जाएगा।

## सीएम योगी करेंगे महाराजा सुहेलदेव की प्रतिमा का अनावरण



**लखनऊ।** योगी सरकार आज महाराजा सुहेलदेव का विजयोत्सव मनाएगी। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं बहराइच में रहेंगे। वे यहां चित्तौरा के समीप स्थापित की गई महाराजा सुहेलदेव की अश्वारोही प्रतिमा का अनावरण करेंगे। मुख्यमंत्री योगी यहां जनसभा को भी संबोधित करेंगे। 40 फिट ऊंची कांस्य की इस प्रतिमा का निर्माण उत्तर प्रदेश राज्य ललित कला अकादमी की देखरेख में कराया गया है। इसे सुप्रसिद्ध मूर्तिकार पद्मश्री रामसुतार ने बनाया है।

राज्य ललित कला अकादमी की निदेशक श्रद्धा शुक्ला ने बताया कि महाराजा सुहेलदेव की यह प्रतिमा पर्यटन विभाग द्वारा प्रस्तावित की गई थी। इसका निर्माण उप्र संस्कृति विभाग के राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश द्वारा कराया गया है।

## राजा मर्डर केस में गाजीपुर से पकड़ी गई सोनम रघुवंशी



- नंदगंज इलाके से 17 दिन बाद पुलिस को मिली

**गाजीपुर।** मेघालय से 23 मई को लापता हुए मध्यप्रदेश के इंदौर निवासी नवविवाहित जोड़े राजा रघुवंशी और पत्नी सोनम रघुवंशी मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस ने उत्तर प्रदेश के गाजीपुर से पत्नी सोनम रघुवंशी को बरामद कर लिया है। मेघालय पुलिस का दावा है कि सोनम ने अपने पति राजा की हत्या कराई। मामले में पुलिस ने तीन लोगों को मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया है। अब तक सोनम समेत चार लोग इस हत्याकांड में गिरफ्तार किए गए हैं।

सोनम रघुवंशी गाजीपुर के नंदगंज थाना इलाके से 17 दिन बाद पुलिस को मिली है। शुरुआती जानकारी में सामने आया है कि पुलिस सोनम को जिला अस्पताल लेकर गई, चेकअप के बाद उसे वन स्टॉप सेंटर में रखा है। फिलहाल राजा की पत्नी सोनम कुछ नहीं बता रही है। एसपी सिटी ज्ञानेंद्रनाथ प्रसाद ने बताया कि महिला को वन स्टॉप सेंटर में रखा गया है। वह कुछ नहीं बता रही है। मेघालय पुलिस को सूचना दे दी गई है। इंदौर निवासी राजा रघुवंशी हत्याकांड में तीन दिनों के भीतर मेघालय पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मध्य प्रदेश के रहने वाले तीन हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया गया है, राजा की पत्नी सोनम को भी पकड़ा गया है। एक अन्य हमलावर की तलाश जारी है।

बताया जा रहा है कि सोनम गाजीपुर में एक ढाबे पर बदहवास हालत में मिली थी, सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। गाजीपुर पुलिस का कहना है कि उसे वन स्टॉप सेंटर में रखा गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। मेघालय के डीजीपी का कहना है कि सोनम ने ही अपने पति की हत्या कराई थी।

## फारूक अब्दुल्ला बोले, राज्य का दर्जा पाना बड़ा मुद्दा, पर्यटन को पुनर्जीवित करेंगे

- पहलगाम हमले के बाद नुकसान हुआ, जिसे शांतिपूर्ण अमरनाथ यात्रा से कम किया जा सकता



**श्रीनगर।** नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि सफल अमरनाथ यात्रा से देश के बाकी हिस्सों में यह संदेश जाएगा कि कश्मीर में शांति है। नेशनल कांफ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि राज्य का दर्जा पाना हमारे लिए एक मुद्दा है और यह कभी खत्म नहीं होगा। हमें उम्मीद है क्योंकि हमें न केवल संसद में बल्कि सुप्रीम कोर्ट में भी वादा किया गया है। उन्होंने कहा कि लोगों को हमसे उम्मीदें हैं और जब तक हमें राज्य का दर्जा नहीं मिल जाता, हम उन पर खरा नहीं उतर सकते।

फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि यहां पर्यटन की नई कड़ी शुरू करने की जरूरत है। पर्यटन को पुनर्जीवित करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर के गंदेरबल जिले के बाबा नगरी में संवाददाताओं से कहा, यह अच्छी बात है कि अमरनाथ तीर्थयात्री आएंगे। अधिकतम संख्या में तीर्थयात्री आने चाहिए ताकि यह संदेश जाए कि यहां (कश्मीर में) शांति है। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद कश्मीर को जो नुकसान हुआ है, उसे शांतिपूर्ण अमरनाथ यात्रा से कम किया जा सकता है। बाबा नगरी में वार्षिक उर्स में शामिल होने आए अब्दुल्ला ने कहा कि उन्होंने देश में शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि मैंने देश में शांति, हमारे युवाओं के लिए बेहतर भविष्य और नफरत के माहौल के खात्मे के लिए प्रार्थना की, जिससे हम गुजर रहे हैं।

## छह लोगों के साथ अमेरिकी विमान प्रशांत महासागर में दुर्घटनाग्रस्त

**सैन डिएगो।** अमेरिका के सैन डिएगो में एक विमान हादसा हुआ है। समाचार एजेंसी एपी की रिपोर्ट के अनुसार, 6 लोगों को ले जा रहा विमान सैन डिएगो के पास प्रशांत महासागर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। तटरक्षक बल मलबे की खोज कर रहा है।

अमेरिकी तटरक्षक बल के अधिकारियों ने बताया कि रविवार दोपहर को प्वाइंट लोमा के पास समुद्र में मलबा देखा गया। इसके बाद उस इलाके में विमान के मलबे को ढूंढने का काम शुरू हुआ। यह जगह तट से करीब आठ किलोमीटर दूर है और समुद्र की गहराई लगभग 200 फीट (करीब 61 मीटर) है। संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) ने बताया कि विमान के उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही यह हादसा हुआ।

## जून जला रहा है, दिल्ली में पारा 43 डिग्री के पार

- तीन दिन लू का यलो अलर्ट



**नई दिल्ली।** जून में सूरज अपने तल्ख तेवर दिखा रह है। मौसम विभाग ने 12 जून तक के लिए लू का यलो अलर्ट जारी किया है। ऐसे में लोगों को चिलचिलाती गर्मी और लू के थपेड़ों का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक सोमवार को लोधी रोड, सफदरजंग, आयानगर में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। वहीं दिल्ली का वास्तविक अधिकतम तापमान 43.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो औसत से 3.4 डिग्री अधिक रहा। इस बीच, मौसम विभाग ने 12 से 14 जून तक बारिश की संभावना जताई है।


बीते दो दिन से गर्मी लोगों की परीक्षा ले रहा है। दोपहर बाद भी तपिश से लोगों को राहत नहीं मिल रही है। स्थिति यह रही कि दोपहर तीन बजे के बाद भी सड़क पर चल रहे पैदल और बाइक सवार लोगों तपिश के थपेड़ों ने परेशान किया। 12 जून तक तापमान 44 से 45 डिग्री तक रहने का अनुमान है। महीने के अंत तक ही दिल्ली में मानसून दस्तक दे सकता है। वहीं दिल्ली से सटे फरीदाबाद में अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। मौसम विभाग ने अगले तीन से चार दिनों तक भीषण गर्मी पड़ने की चेतावनी जारी की है। आईएमडी के अनुसार, सोमवार सुबह न्यूनतम तापमान 27.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, वहीं आर्द्रता का स्तर 41 प्रतिशत तक पहुंच गया। मौसम विभाग ने लोगों को दिन के समय बाहर निकलने से बचने और पर्याप्त सावधानी बरतने की सलाह दी है।

**42 डिग्री पहुंच सकता है अधिकतम तापमान :** मंगलवार को फरीदाबाद में अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के पार जाने की संभावना है। आसमान साफ रहेगा और धूप तेज पड़ेगी। हल्की सतही हवाएं चलेगी, लेकिन इससे गर्मी से राहत मिलने की संभावना कम है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, उमस भरी गर्मी लोगों को और ज्यादा परेशान कर सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने नागरिकों को धूप में ज्यादा समय न बिताने, हल्के और ढीले कपड़े पहनने, पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और बुजुर्गों एवं बच्चों का खासतौर पर ध्यान रखने की सलाह दी है।

## एमएस धोनी को मिला बड़ा सम्मान

**दुबई।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है। धोनी भारत के 11वें खिलाड़ी हैं जिन्हें इस सूची में शामिल किया गया है। आईसीसी ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। धोनी के अलावा दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज हाशिम अमला, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज मैथ्यू हेडन, दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ, न्यूजीलैंड के पूर्व स्पिनर डेनियल विटोरी, पाकिस्तान महिला टीम की खिलाड़ी सना मीर और इंग्लैंड महिला टीम की खिलाड़ी सारा टेलर को भी इस सूची में शामिल किया गया है।

## अमेरिका में इन 12 देशों के लोगों की नो एंट्री, डोनाल्ड ट्रंप का बैन लागू



**वॉशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अवैध रूप से रह रहे लोगों के खिलाफ बढ़ती सख्ती के कारण पैदा हुए तनाव के बीच 12 देशों के नागरिकों द्वारा अमेरिका की यात्रा पर लगाया गया प्रतिबंध तत्काल प्रभावी हो गया।

ट्रंप की ओर से बुधवार को हस्ताक्षरित नया घोषणा पत्र अफगानिस्तान, म्यांमार, चाड, कांगो गणराज्य, इक्वेटोरियल गिनी, इरिट्रिया, हैती, ईरान, लीबिया, सोमालिया, सूडान और यमन के नागरिकों पर लागू होता है।

यह ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान जल्दबाजी में लिखे गए कार्यकारी आदेश की तुलना में अधिक सावधानी से तैयार किया गया प्रतीत होता है, जिसने मुख्य रूप से मुस्लिम देशों के नागरिकों को प्रवेश से वंचित कर दिया था।

बुधवार को पोस्ट किए गए एक वीडियो में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि प्रतिबंध में शामिल देशों के नागरिक आतंकवाद-संबंधी और सार्वजनिक-सुरक्षा जोखिम पैदा करते हैं, साथ ही उनके वीजा की अवधि समाप्त होने के बाद भी रहने का जोखिम है।

### वैध वीजा होने के बावजूद भी रहेगी पाबंदी

इस आदेश में बुरुंडी, क्यूबा, लाओस, सिएरा लियोन, टोगो, तुर्कमेनिस्तान और वेनेजुएला के उन लोगों पर भी कड़े प्रतिबंध लगाए गए हैं, जिनके पास वैध वीजा नहीं है। यह नया प्रतिबंध सूची इन देशों के लोगों को पहले से जारी किए गए वीजा को रद नहीं करता। पहले जारी किए गए वीजा पर अमेरिका में प्रवेश किया जा सकता है। कई इमिग्रेशन एक्सपर्ट का कहना है कि नया प्रतिबंध वीजा आवेदन प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित करके किसी भी अदालती चुनौती को मात देने के लिए बनाया गया है।

## यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की अदालत ने बढ़ाई न्यायिक हिरासत

**हिसार।** हरियाणा की एक स्थानीय अदालत ने सोमवार को सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ज्योति मल्होत्रा की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ा दी और उसके मामले की सुनवाई 23 जून को तय कर दी। यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा (33) सोमवार को वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से हिसार न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) सुनील कुमार की अदालत में पेश हुई, जिसने उसकी न्यायिक हिरासत दो सप्ताह के लिए बढ़ा दी।

मल्होत्रा के वकील कुमार मुकेश ने कहा, अदालत ने उनकी न्यायिक हिरासत बढ़ा दी है और इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 23 जून की तारीख तय की है। हिसार पुलिस ने 16 मई को जासूसी के संदेह में मल्होत्रा को गिरफ्तार किया था।

## मुंबई हमला : तहव्वुर राणा को एक बार परिवार से फोन पर बात करने की मिली अनुमति



**नई दिल्ली।** 26/11 मुंबई आतंकवादी हमलों के आरोपित तहव्वुर हुसैन राणा को अदालत ने परिवार से एक बार फोन पर बात करने की अनुमति दे दी है। पटियाला हाउस स्थित विशेष न्यायाधीश चंदरजीत सिंह ने राणा को ये अनुमति देते हुए स्पष्ट किया कि यह काल केवल एक बार जेल के नियमों का सख्ती से पालन करते हुए और तिहाड़ जेल के एक वरिष्ठ अधिकारी की निगरानी में की जाएगा।

कोर्ट ने राणा की सेहत को लेकर भी चिंता जताई और जेल प्रशासन को अगले 10 दिनों में उसकी स्वास्थ्य स्थिति पर एक ताजा रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। साथ ही जेल प्रशासन से इस संबंध में एक रिपोर्ट भी अलग से दाखिल करने को कहा कि क्या राणा को नियमित रूप से परिवार से फोन पर बातचीत की अनुमति दी जानी चाहिए। इससे पहले भी अप्रैल माह में राणा परिवार से बातचीत करने की अनुमति मांग चुका है पर कोर्ट ने राणा के याचिका तब खारिज कर दिया था। राणा ने परिवार से बातचीत को लेकर ये अनुरोध कानूनी सहायक अधिवक्ता पीयूष सचदेवा के माध्यम से किया था।

### एनआईए ने किया था राणा की मांग का विरोध

एनआईए ने तर्क दिया था कि ऐसी स्थिति में, अगर उसे अपने परिवार के सदस्यों से बात करने की अनुमति दी जाती है, तो वह कुछ महत्वपूर्ण जानकारी लीक कर सकता है। राणा ने कान से संबंधित चिकित्सा समस्या के लिए श्रवण यंत्र उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था। दिल्ली कानूनी सेवा प्राधिकरण से अधिवक्ता पीयूष को राणा का अधिवक्ता नियुक्त किया गया है। राणा पर मुख्य साजिशकर्ता डेविड हेडली और लश्कर समेत पाकिस्तान स्थित अन्य साथियों के साथ मिलकर हमले की साजिश रचने का आरोप है।

**खराब मौसम** आईएसएस जाने से पहले शुभांशु शुक्ला ने की फाइनल रिहर्सल

## तीसरी बार टला एक्सिओम-4 मिशन, अब 11 जून को लॉचिंग



**फ्लोरिडा।** इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए लॉन्च होने वाला एक्सिओम-4 मिशन खराब मौसम के कारण टाल दिया गया है। अब यह 11 जून को भारतीय समय के अनुसार शाम 5.30 बजे लॉन्च किया जाएगा।

इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन ने एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी है। इसरो चीफ वी नारायणन ने कहा कि फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट की लॉन्चिंग पोस्टपोन हो गई है।

यह तीसरा मौका है जब इसकी लॉन्चिंग टाली गई है। इससे पहले 29 मई को मिशन लॉन्च होना था। बाद में इसे 8 जून को शेड्यूल किया गया। उसके बाद इसे 10 जून को शाम 5.30 बजे शेड्यूल किया गया था।

एक्सिओम मिशन 4 में चार देशों के चार एस्ट्रोनॉट 14 दिन के लिए स्पेस स्टेशन जाने वाले हैं। शुभांशु आईएसएस पर जाने वाले पहले और स्पेस में जाने वाले दूसरे भारतीय होंगे। इससे पहले राकेश शर्मा ने 1984 में सोवियत यूनियन के स्पेसक्राफ्ट से अंतरिक्ष यात्रा की थी।

आईएसएसजाने से पहले शुभांशु शुक्ला ने फुल ड्रेस रिहर्सल की। इसमें असेंबली बिल्डिंग से रॉकेट तक जाने, उसमें बैठने के प्रोसेस को फॉलो किया। शुभांशु बोले- आप किसी ऐसी चीज का हिस्सा बनने जा रहे हैं जो बहुत बड़ी है। मैं सौभाग्यशाली हूं, जो इसका हिस्सा बनूंगा। एक्सिओम 4 मिशन के चालक दल में भारत, पोलैंड और हंगरी के मेंबर शामिल हैं। स्लावोज़ उज़्नान्स्की 1978 के बाद स्पेस में जाने वाले पोलैंड के दूसरे एस्ट्रोनॉट होंगे। टिबोर कापू 1980 के बाद स्पेस में जाने वाले हंगरी के दूसरे एस्ट्रोनॉट होंगे। अमेरिकी की पैगी व्हिटसन का यह दूसरा कॉमर्शियल ह्यूमन स्पेस फ्लाइट मिशन है।

शुभांशु को 17 जून, 2006 को भारतीय वायुसेना के फाइटर विंग में शामिल किया गया। वे एक अनुभवी फाइटर और टेस्ट पायलट हैं। उनके पास 2,000 घंटे से अधिक का फ्लाइंग एक्सपीरियंस है। उन्होंने सुखोई-30, मिग-21, मिग-29, जगुआर, हॉक, डोर्नियर और एएन 32 जैसे लड़ाकू विमानों को भी उड़ाया है।

### लखनऊ के शुभांशु शुक्ला एनडीए क्लियर करके आईएएफ पायलट बने

शुभांशु शुक्ला मूल रूप से उत्तर प्रदेश के लखनऊ के रहने वाले हैं। इनकी की शुरुआती पढ़ाई-लिखाई अलीगंज, लखनऊ के सिटी मॉन्टेसरी स्कूल से पूरी हुई। 12वीं के बाद उन्होंने नेशनल डिफेंस एकेडमी (एनडीए) का एंट्रेंस एग्जाम क्लियर किया और यहीं से ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल की। एनडीए भारत में सशस्त्र बलों (थल सेना, नौसेना और वायुसेना) के लिए ऑफिसर कैडेट्स को प्रशिक्षण देने वाली एक प्रमुख संस्था है। ये ट्रेनिंग के साथ-साथ एकेडमिक डिग्री भी देती है, जो जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू), नई दिल्ली से एफिलिएटेड होती है।

## नक्सलियों द्वारा लगाए गये प्रेशर बम फटने से एएसपी शहीद

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बताया कि सोमवार को सुकमा जिले में संदिग्ध माओवादियों द्वारा लगाए गए एक विस्फोटक उपकरण के फटने से एक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की मौत हो गई। पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार, विस्फोट में दो पुलिस अधिकारी भी घायल हो गए।

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सोमवार को नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेशर बम में विस्फोट होने से एक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की मौत हो गई तथा दो अन्य पुलिस अधिकारी घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, पुलिस अधिकारी आकाश राव गिरपुंजे और कोंटा के डीएसपी भानुप्रताप चंद्राकर और निरीक्षक सोनल गवला, जिले के कोंटा क्षेत्र में एक अर्थ-मूवर मशीन को नक्सलियों द्वारा आग लगाने की सूचना मिलने के बाद सुबह जवानों के साथ पैदल मौके पर जा रहे थे।

## राहुल ने देश और सशस्त्र बलों के साथ किया विश्वास घात : हिमंत



**गुवाहाटी।** असम के हिमंत बिस्वा सरमा ने पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद देश की जवाबी कार्रवाई के मद्देनजर विदेशी धरती पर भारत का पक्ष रखने के लिए शशि थरूर, असदुद्दीन ओवैसी और सुप्रिया सुले जैसे विपक्षी नेताओं की सोमवार को प्रशंसा की, लेकिन कांग्रेस नेता राहुल पर देश व सशस्त्र बलों के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया।

राज्य विधानसभा में 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर एक प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी लगातार भारत को हुए नुकसान के बारे में पूछ रहे हैं, लेकिन कभी यह नहीं जानना चाहा कि सैन्य संघर्ष में पाकिस्तान को कितना नुकसान हुआ। उन्होंने कहा, मैं कांग्रेस और अन्य विपक्षी नेताओं, विशेषकर शशि थरूर का आभारी हूं, जिन्होंने विदेशी धरती पर भारत का पक्ष दृढ़ता से रखा है। न केवल उन्होंने, बल्कि असदुद्दीन ओवैसी और सुप्रिया सुले जैसे नेताओं ने भी विदेशी धरती पर भारत का प्रतिनिधित्व किया और राष्ट्र का पक्ष रखा।

भाजपा नेता शर्मा ने आरोप लगाया, वे सभी भारत के लिए खड़े थे। लेकिन लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने ऐसा नहीं किया। उन्होंने देश के साथ विश्वासघात किया है। उन्होंने सशस्त्र बलों के साथ विश्वासघात किया है।

# बेलराया चीनी मिल ने रचा रिकॉर्ड

## किसानों की मेहनत से 8.50 करोड़ का मुनाफा

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** सरजू सहकारी चीनी मिल, बेलराया में सोमवार को गन्ना किसानों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से कृषि यंत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। गन्ना विकास योजना के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और विधायक शशांक वर्मा ने किसानों को अनुदान आधारित आधुनिक उपकरण वितरित किए, जिससे क्षेत्र की खेती को नई दिशा मिल सके।कार्यक्रम में डीएम और विधायक ने चीनी मिल में गन्ना आपूर्ति करने वाले किसानों को अनुदान आधारित 500 नैपसेक स्प्रे मशीन, 20 ट्रेंच ओपनर और 125 सोलर फेंसिंग का वितरण किया। कार्यक्रम का संचालन डीसीओ वेद प्रकाश सिंह ने किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष सुच्चा सिंह, प्रधान प्रबंधक महेंद्र प्रताप, सहकारी चीनी मिल संघ के पदाधिकारी श्यामू पाण्डेय उपस्थित रहे कार्यक्रम को



संबोधित करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि विधायक शशांक वर्मा ने आज अपना अमूल्य समय और उपयोगी सुझाव देकर मिल प्रशासन को दिशा देने का कार्य किया है। उन्होंने किसानों को अनुदान आधारित उच्च गुणवत्ता वाले कृषि उपकरण वितरित किए और उनसे इनका उपयोग कर खेती को उन्नत बनाने व अन्य किसानों को भी प्रेरित करने की अपील की उन्होंने कहा कि सरजू सहकारी चीनी मिल, बेलराया को गत वर्ष 8.50 करोड़ का शुद्ध लाभ हुआ है, जो किसानों की मेहनत और मिल प्रबंधन की बेहतर कार्यप्रणाली का परिणाम है। शीघ्र ही मिल परिसर में 1 लाख कुंतल क्षमता का नया अत्याधुनिक गोदाम बनेगा, जिससे भंडारण व्यवस्था और अधिक मज़बूत होगी। साथ ही किसानों की सुविधा हेतु कम दरों पर पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने वाली कैंटीन की शुरुआत भी जल्द की जाएग। किसान गन्ना सर्वे कार्य में सक्रिय सहयोग दें ताकि सत्र पूर्व कार्य समयबद्ध ढंग से पूर्ण हो सके। जानकारी दी कि चीनी मिल 14 नवंबर तक पूरी तरह से चालू कर दी जाएगी, जिससे समय से पेराई कार्य शुरू हो सके और किसानों को लाभ मिल सके विधायक शशांक वर्मा ने कहा कि बेलराया चीनी मिल में रिपेयरिंग व मेंटेनेंस कार्य तेज़ी से चल रहा है और यह समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण होगा। उन्होंने बताया कि सरकार के प्रयासों से मिल का निरंतर अपग्रेडेशन हो रहा है और आज यह बिना रुकावट के मुनाफा कमा रही है, जो किसानों के लिए सकारात्मक संकेत है। उम्मीद जताई कि आगामी सत्र में मिल समय से शुरू होगी और किसानों को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। साथ ही किसानों से अपील की कि वे वितरित कृषि यंत्रों का सदुपयोग करें, खेती को नई दिशा दें और गन्ना सर्वे में सक्रिय सहभागिता कर पेराई सत्र को सफल बनाएं। कार्यक्रम की शुरुआत में डीसीओ वेद प्रकाश सिंह ने इन कृषि यंत्रों की आवश्यकता एवं उपयोगिता बताई। उन्होंने गन्ना किसानों को सहफसली खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### तीसरे दिन नदी से बरामद हुआ 19 वर्षीय सरोज का शव

**लखीमपुर-खीरी।** शारदा नदी में पडोसी जनपद सीतापुर के गोनिया घाट पर डूबे थाना खमरिया के गांव लालपुर निवासी 19 वर्षीय सरोज का शव तीसरे दिन नदी से बरामद कर लिया गया। शव मिलते ही परिवार में चीख पुकार मच गई। सीतापुर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है खमरिया थाना क्षेत्र के मुन्नुपूरवा लालपुर निवासी सरोज (17) पुत्र बांके लाल शनिवार को दोपहर में अपने साथी रवि,सुरेंद्र,पप्पू आदि के साथ पड़ोसी जनपद सीतापुर में थाना तंबौर क्षेत्र के गोनिया घाट पर शारदा नदी में स्नान करने गया था। जहां नहाते समय सरोज अचानक गहरे पानी में चले जाने लापता हो गया। साथियों ने उसकी खोजबीन की पर जब उसका पता नही चल सका तो परिजनों और पुलिस को सूचना दी थी। परिजनों के साथ पहुंची थाना तंबौर पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से सरोज की तलाश शुरू कराई, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। सोमवार को उसका शव नदी में झाड़ियों में फंसा बरामद हुआ है।

## संपूर्ण समाधान दिवसः डीएम, एसपी व विधायक ने सुनीं शिकायतें

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** निघासन तहसील का सभागार सोमवार को केवल शिकायतों के समाधान का मंच नहीं रहा, बल्कि वह दिन जरूरतमंदों की उम्मीदों, मुस्कान और आत्मनिर्भरता की कहानी बन गया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, विधायक शशांक वर्मा और एसपी संकल्प शर्मा ने जहां गंभीरता से फरियादियों की बात सुनी और अधिकारियों को निष्पक्ष, समयबद्ध समाधान के निर्देश दिए, वहीं दूसरी ओर आशियाने की चाबी और रोजगार के साधन सौंपकर कई परिवारों के सपनों को साकार कर दिया संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और विधायक निघासन शशांक वर्मा, एसपी संकल्प शर्मा और अन्य अधिकारियों के साथ फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनशिकायतों की निष्पक्ष जांच कर समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए डीएम ने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं में जनसमस्याओं का समाधान सर्वोपरि है। गरीब और जरूरतमंदों की समस्याओं का संवेदनशीलता से तुरंत समाधान करें और उन्हें शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 11 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 89,



सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाएं। शिकायतकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान कर संतोषजनक निस्तारण करें। भूमि विवाद में राजस्व-पुलिस टीम संयुक्त कार्रवाई करे। किसी भी लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर योजनाओं की भी सौगात दी गई। डीएम ने यह भी चेताया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 147 पुलिस 29, विकास 10, सिंचाई चार, आपूर्ति 03, वन, नगर निकाय, विद्युत, बैंक 02-02, जल निगम, उपनिबंधक, पंचायती राज, बाल विकास एवं पुष्टाहार की एक-एक शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिन्हें पृष्ठाकिंत कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया। इस दौरान सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एसडीएम राजीव कुमार निगम, सीओ महक शर्मा, पीडी एसएन चौरसिया सहित जनपदीय अधिकारी मौजूद रहे।

### भारतीय किसान यूनियन महात्मा (टिकैत) की मासिक मीटिंग का हुआ आयोजन



**नजीबाबाद। (अवधनामा संवाददाता)** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार द्वारा कहा गया कि आने वाली 16, 17, 18 हरिद्वार में होने वाले राष्ट्रीय चिंतन शिविर में अधिक से अधिक संख्या में किसान योद्धा पहुंचे। उन्होंने आगे कहा कि नदियों में सिंचाई के लिए पानी छोड़ा जाए, सहकारी मिल में किसानों का 3% ब्याज जमा किया जाए सिंचाई के लिए 18 घंटे बिजली उपलब्ध कराई जाए! 22 खम्बो से सेफतपुर बिजली घर से जो तार चोरी हुआ है चोरों की जल्द गिरफ्तारी की कर जल्द ही लाइन को बनाया जाए! एम एस पी कानून जल्द बने, तहसील प्रशासन जल्द से जल्द किसने की ज़मीनों के विवादों का निपटारा करें। मीटिंग की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार, एवं संचालन ब्लॉक सचिव संजीव कुमार ने किया। इस मौके पर मुख्य जिला महासचिव विजय सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार, राजेंद्र सिंह महेंद्र सिंह मुकुल कुमार, विरेश राणा, मोहित, शकील एवं यूनियन के सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अमित कुमार मेडिकल की ओर पिलाया गया ठंडा शर्बत



**नजीबाबाद। (अवधनामा संवाददाता)** अमित मेडिकल के स्वामी अमित कुमार वर्मा अपना दल पार्टी के सचिव द्वारा मेडिकल स्टोर पर छबील लगाकर मीठा ठंडा शर्बत पिलाकर लोगों की प्यास भुजाई! भारत के कई इलाकों में भीषण गर्मी अपनी चरम सीमा पर है वहीं जनपद बिजनौर में भी तापमान दिन-प्रतिदिन ऊंचाई पर है सूरज सुबह से ही अपने तेवर दिखाने लगता है और दिनभर आग उगलता रहता है इसी को देखते हुए अमित कुमार मानवता निभाते हुए स्टेशन रोड पर आने जाने वाले लोगों को ठंडा शरबत पिलाया वहीं ठंडा शरबत पीकर लोगों ने अपनी प्यास भुझा कर चैन की सांस ली, और और सभी लोगों ने मेडिकल स्वामी को खूब दुआएं दी। इस मौके पर अमित कुमार मानवता से बढ़कर कोई काम नहीं, लोगों की सेवा करते रहना चाहिए।

### नाबालिग से कुकर्म करने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** थाना देवबंद पुलिस ने नाबालिग लड़के के साथ नशीला पदार्थ खिलाकर कुकर्म करने के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना देवबंद प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 7 जून को वादिया की तहरीर पर आरोपी रिजवान पुत्र मंजूर निवासी ग्राम फुलास अकबरपुर थाना देवबन्द के खिलाफ वादिया के नाबालिग पुत्र को मोबाईल देने का लालच देकर अपने घर पर ले जाकर जबरदस्ती नशीला पदार्थ पिलाकर कुकर्म करने, किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देने तथा कुकर्म का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने के सम्बन्ध में थाना देवबंद पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

## आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के तत्वाधान में जाट भाईचारा सम्मेलन का किया गया आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**नजीबाबाद।** नगीना सांसद चंद्रशेखर के आह्वान पर विधानसभा नजीबाबाद में आजाद समाज पार्टी के पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा जाट भाईचारा सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नजीबाबाद के कोतवाली रोड पर स्थित सप्तपति गार्डन बैंक्विट हॉल सरवनपुर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सतपाल चौधरी राष्ट्रीय कोर कमेटी एवं प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश राजस्थान रहे और विशिष्ट अतिथि के रूप में नजीबाबाद नगर पालिका परिषद चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम एवं साहनपुर नगर पंचायत चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी एवं सांसद प्रतिनिधि फहीम अंसारी रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे सतपाल चौधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहां की आजाद समाज पार्टी की नीतियों पर चलते हुए एकजुट होकर सांसद चंद्रशेखर आजाद के हाथों



को मजबूत करना है जिससे दबे कुचले, गरीब और मजलूमों को उनका हक मिल सके और भाजपा सरकार में गरीबों और दलितों पर हो रही अत्याचारों को रोका जा सके।

इस मौके पर सुनील चौधरी को मंडल संयोजक एवं राहुल को जिला संयोजक मनोनीत किया गया। वहीं आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) भाईचारा कार्यक्रम के आयोजक एडवोकेट विपिन प्रताप सिंह उर्फ सोनू को नजीबाबाद विधानसभा संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस मौके पर एडवोकेट विपिन प्रताप सिंह उर्फ सोनू ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि उनको जो नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने जिम्मेदारी दी है उसको वह पूरी ईमानदारी के साथ निर्वाहन करेंगे और विधानसभा के युवाओं से मिलकर आजाद समाज पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार कर पार्टी में शामिल होने के लिए प्रेरित करेंगे, जिससे आने वाले विधानसभा के चुनाव में चंद्रशेखर आजाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बन सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता ध्यान सिंह ने की एवं संचालन प्रशांत महासागर ने किया। कार्यक्रम में निवेदक सुनील कुमार पूर्व वाइस चेयरमैन किसान सहकारी मिल, भीमसेन हल्दिया, सुनील चौधरी, रजत कुमार, ओमवीर सिंह बौद्ध, सतेंद्र चौधरी, तिलक राम सिंह, चौधरी ध्यान सिंह, चौधरी विजयपाल सिंह, चौधरी नरेंद्र सिंह, महावीर सिंह, डॉक्टर रविदास, योगेंद्र सिंह, सोमवीर सिंह, सीताराम, सत्येंद्र कुमार, अशोक कुमार, सुनील चौधरी, रजत कुमार, जितेंद्र राणा, सरदार हरप्रीत सिंह, ओमवीर बोध, वीरेंद्र सिंह, वीरेंद्र कुमार, परविंदर कुमार, राहुल चौधरी, सत्येंद्र चौधरी एवं अमजद अली आदि कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

### 11जून को खीरी आएंगी राज्य महिला आयोग की सदस्य

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग महिला उत्पीड़न की रोकथाम, पीड़िताओं को त्वरित न्याय और महिलाओं से जुड़ी शिकायतों के त्वरित निस्तारण को लेकर पूरी गंभीरता से कार्य कर रहा है। इसी क्रम में आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी 11 जून को जनपद लखीमपुर खीरी के दौरे पर रहेंगी। उनके इस दौरे का मुख्य उद्देश्य महिला जनसुनवाई, महिला वार्डों का निरीक्षण तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करना है, जिससे महिलाओं को न्याय और सहारा दोनों मिल सके प्राप्त जानकारी के अनुसार, आयोग सदस्य 11 जून को प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में महिला जनसुनवाई करेंगी, जिसमें महिलाओं से जुड़ी समस्याएं, शिकायतें व सुझाव सुनी जाएंगी। इसके बाद आयोग सदस्य महिला बंदी गृह का निरीक्षण करेंगी, जहां महिलाओं की स्थिति और सुविधाओं का जायज़ा लिया जाएगा। वह विकास खंड लखीमपुर में महिला स्वयं सहायता समूह, आशा, पेंशन व अन्य विभागीय योजनाओं की समीक्षा करेंगी।इसके बाद सुजीता कुमारी सीएचसी बेहजम का निरीक्षण करेंगी और फिर मलिकपुर बेहजम स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में गोदभराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम में भाग लेकर मातृत्व व बाल कल्याण के संदेश को आगे बढ़ाएंगी।

### 01 नफर वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** थाना शारदानगर पुलिस द्वारा 01 नफर वारंटी अभियुक्त अशोक कुमार पुत्र बांकेलाल निवासी ग्राम टिप्पनपुरवा थाना शारदानगर जनपद खीरी संबंधित मु0सं0 1099/14 राज्य प्रति कन्नू बनाम अशोक धारा 323/436 भादवि0 थाना कोतवाली सदर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है।

## घटना मे प्रयुक्त पिकअप बरामद कर आरोपियों को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** थाना नीमगांव पुलिस ने बेहजम कस्बे से नकब लगाकर चोरी की गई 20 बोरी सरसों के मामले में घटना में प्रयुक्त पिकअप बरामद करने और आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद सातवें दिन रविवार को चोरी की रिपोर्ट दर्ज की और सोमवार को घटना का खुलासा करते हुए गिरफ्तार तीन आरोपियों का चालान भेजा है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चार क्विंटल सरसों भी बरामद की है कस्बा बेहजम निवासी मनोज कुमार के बेहजम बाजार स्थित स्टोर में दो जून की रात चोरों ने नकब लगा दी थी और और स्टोर में रखी 20 बोरी सरसों चोरी कर ले गए थे। खास बात यह है कि जिस वक्त चोर नकब लगा रहे थे। उस समय गश्त पर निकली चौकी पुलिस घटनास्थल के पास खड़ी पिकअप को देख रुकी थी और उसके चालक से पूछताछ भी की थी, लेकिन वह पिकअप की नंबर प्लेट काली चोटियों से ढके होने के बाद भी घटना को भांप नहीं पाई थी। इससे चोर घटना को अंजाम देकर भागने में कामयाब हो गए थे। व्यापारी ने घटना के दिन ही तहरीर पुलिस को दी थी। माना जा रहा है कि क्षेत्र में ताबड़तोड़ चोरियों से परेशान पुलिस ने आंकड़े न बढ़ें इसको लेकर घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी। हालांकि पुलिस ने घटना के खुलासे के प्रयास तेज कर दिए थे। प्रभारी निरीक्षक नेतृत्व में लगी टीमों को बड़ी सफलता मिली। पुलिस ने सीतापुर के एक आढ़ती समेत घटना में शामिल तीन चोरों को शनिवार को ही हिरासत में ले लिया था। पूछताछ के बाद आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त पिकअप बरामद की थी।

### यातायात पुलिस ने राहगीरों को हलवे का प्रसाद किया वितरित

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** यातायात पुलिस ने आज चौदस के उपलक्ष में भंडारा आयोजित कर राहगीरों को हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। यातायात प्रभारी अमित तोमर के नेतृत्व में यातायात पुलिस ने आज चौदस के शुभ अवसर पर लोगों को प्रसाद के रूप में हलवा व ठंडा जल वितरित किया और सभी को भूख व प्यास से राहत देने का काम किया। इस अवसर पर यातायात प्रभारी अमित तोमर ने बताया कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है।

## नाला निर्माण के लिए सर्वे कर एस्टीमेट तैयार करेंः नगरायुक्त

### वार्ड 10 के फतेहपुर जट में जनसुनवाई कैंप में लोगों ने रखी जल निकासी की मांग

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने सांवलपुर नवादा रोड स्थित फतेहपुर जट सहित विभिन्न कॉलोनियों की जल निकासी समस्या के समाधान के लिए निर्माण विभाग को नाले के लिए सर्वे कर आगणन तैयार करने के निर्देश दिए है। नगरायुक्त ने आईटीसी रोड से फतेहपुर जट व सांवलपुर नवादा रोड की कॉलोनियों का स्वयं भी भ्रमण कर जायजा लिया। उन्होंने सांवलपुर नवादा रोड व आईटीसी रोड के मोड पर स्थित नालों के स्लैब हटाकर साफ सफाई कराने के निर्देश भी नगर स्वास्थय अधिकारी को दिए। नगरायुक्त के साथ मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार व नगर स्वास्थय अधिकारी प्रवीणशाह भी मौजूद रहे। इससे पूर्व नगरायुक्त शिपू गिरि ने वार्ड 10 के फतेहपुर जट में नगर निगम द्वारा आयोजित जन सुनवाई कैंप में अधिकारियों के



साथ शिकायतों की सुनवाई की। गांव की महिलाओं व क्षेत्रवासियों ने सामूहिक रुप से प्रार्थना पत्र देकर उक्त मार्ग पर जल निकासी के लिए नाला बनवाने की मांग की। क्षेत्र के पार्षद प्रतिनिधि अनिल शर्मा ने कहा कि पूरे रोड पर कहीं भी जल निकासी न होने से इस क्षेत्र के सभी लोग काफी परेशान हैं। नाला निर्माण सम्बंधी पांच तथा बिजली सम्बंधी दो शिकायतों सहित कुल सात शिकायतें जन सुनवाई कैंप में पहुंची। वार्ड 11 मवींकला के पैरामाउण्ट कॉलोनी गेट पर आयोजित कैंप में 15 शिकायतें दर्ज की गयी। करीब एक दर्जन शिकायतें पैरामाउण्ट कॉलोनी से सम्बंधित ही रही। इनमें भी अधिकांश शिकायत कॉलोनी के अध्यक्ष अमित शर्मा व कॉलोनीवासियों ने दर्ज करायी। शिकायतों में सड़क निर्माण, उद्यान में सफाई, एसटीपी न चलने, लाइटें ठीक कराने, पानी की निकासी कराने, हाउस टैक्स ठीक कराने व पार्क की बाउण्ड्री बनवाने से सम्बंधित रही। ताहरपुर के नीरज ने पानी निकासी व सफाई सम्बंधी तथा पार्षद सुभद्रा ने पैरामाउण्ट के सामने दिल्ली रोड पर मवीकला में सड़क निर्माण के सम्बंध में शिकायत दर्ज करायी। जिस पर अपर नगरायुक्त पी के यादव ने निर्माण सम्बंधी शिकायतों के लिए अधिशासी अभियंता निर्माण तथा अन्य शिकायतों के सम्बंध में अन्य सम्बंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। वार्ड 12 खलासी लाइन उत्तरी के सिद्धपीठ हनुमान मंदिर में आयोजित कैंप में मात्र तीन ही शिकायत पहुंची। इनमें दो टैक्स सम्बंधी एवं एक नाली सफाई से सम्बंधित रही। अपर नगरायुक्त मृत्युंजय ने सम्बंधित कर निर्धारण अधिकारी व मुख्य सफाई निरीक्षक को निस्तारण के निर्देश दिए।

## कांवड़ यात्रा हमारी सनातन संस्कृति का आधार

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा है कि कांवड़ यात्रा हमारी सनातन संस्कृति का आधार



है, कांवड़ यात्रा को निर्विघ्न एवं सौल्लास सम्पन्न कराना हमारा दायित्व भी है और नैतिक जिम्मेदारी भी। यह बात उन्होंने आज शाम महापौर कार्यालय में कांवड़ सेवा संघ एवं अन्य कांवड़ शिविर संचालकों के साथ बैठक को सम्बोधित करते हुए कहीं। बैठक में निगम अधिकारियों के अलावा स्मार्ट सिटी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी शामिल रहे। महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त शिपू गिरि ने कांवड़ सेवा शिविर संचालकों को विश्वास दिलाया कि निगम की ओर से सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जायेगी।

नगरायुक्त शिपू गिरि ने कांवड़ यात्रियों के स्नान आदि के लिए टैंकरों की व्यवस्था करने, कांवड़ मार्गो पर झाड़ियों एवं घास-फूंस की कंटाई-छंटाई कराने, कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव कराने, पूरे कांवड़ यात्रा मार्ग पर नियमित साफ सफाई व फॉगिंग कराने, कांवड़ मार्गो के किनारे बढ़े हुए वृक्षों की टहनियों-लताओं की कटाई-छंटाई कराने, क्षतिग्रस्त होर्डिंग्स को मुख्य मार्गो से हटवाने, सार्वजनिक शौचालयों को क्रियाशील रखने, कुछ अस्थायी यूरिनल बनवाने, कांवड़ मार्ग पर कोई आवारा पशु न घूमने पाये-इसकी व्यवस्था करने के अलावा अग्नि सुरक्षा पर खास ध्यान देने के निर्देश दिए।

महापौर ने नगर निगम सीमा के प्रारंभ में प्रवेश द्वार बनवाने तथा डिवाइडरों की साफ सफाई के साथ पूरे कांवड़ यात्रा मार्ग पर निर्बाध प्रकाश व्यवस्था एवं फैंसी लाइट से साज सज्जा करने के निर्देश दिए। उन्होंने भैंरो मंदिर के निकट रेलवे लाइन को पूरी तरह से बंद करने के लिए रेलवे और पुलिस विभाग को पत्र लिखने का सुझाव दिया, ताकि कांवडिए वहां से न गुजर सकें। महापौर ने पूरी कांवड़ यात्रा व शिविरों को पूरी तरह प्लास्टिक मुक्त रखने के निर्देश दिए, उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित पालीथिन/प्लास्टिक लोगों के जीवन में जहर घोल रहा है,उससे हर हाल में बचना होगा।

इससे पूर्व कांवड़ सेवा संघ के अध्यक्ष संजय फुटेला तथा राजीव अग्रवाल व दिनेश सेठी आदि ने पूरे कांवड़ यात्रा के लिए निगम के एक अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाने तथा कांवड़ के लिए एक अलग कंट्रोल रुम बनाने की मांग की।

### चोरी की घटना में संलिप्त आरोपी दबोचा, दो बैटरी बरामद



**सहारनपुर।** थाना सदर बाजार पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा कर एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दबोचे गये आरोपी के कब्जे से चोरी की 02 बैटरी बरामद कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया है।

थाना सदर बाजार प्रभारी रोजन्त त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 8 जून को वादी मौ.आसिफ अंसारी पुत्र मौ.सईद अंसारी निवासी पद एडमिन आईसीसीसी सहारनपुर कार्यदायी संस्था मैसर्स एनईसी कार्पोरेशन इण्डिया प्रा.लि. की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ विश्वकर्मा चौक पर ट्रैफिक सिग्नल व सर्विलांस कैमरे के जंक्शन बाक्स से कैमरा संचालन की 03 बैटरी चोरी कर ले जाने के संबंध में थाना सदर बाजार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। श्री त्यागी ने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक सुंदर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर एक शातिर चोर रोहताश उर्फ सोनू पुत्र राधेश्याम सैनी निवासी ब्रहमपुरी कालोनी थाना सदर बाजार को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दबोचे गये आरोपी के कब्जे से चोरी की 02 बैटरी बरामद कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी रोहताश ने बताया कि उसने 6 जून की रात्रि में विश्वकर्मा चौक पर लगे नगर निगम के सीसीटीवी कैमरो के बॉक्स से तीन बैटरी चोरी की थी, जिनमे से एक बैटरी उसने तोड़कर राह चलते कबाड़ी को बेच दी थी। पुलिस ने दबोचे गये आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

## समाज सेवा के कार्यो में बढ-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** रोटरी इंटर नेशनल के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने समाज सेवा के कार्यो में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने तथा नये सदस्यों को रोटरी के साथ जोड़ने का आह्वान किया गया।

अम्बाला रोड स्थित एक सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रोटरी इंटरनेशनल के पूर्व अध्यक्ष राजा साबू ने रोटरी प्रतिनिधियों से समाज सेवा में अधिक से अधिक काम करने का आह्वान किया। अग्रवाल पैकर्स के रमेश अग्रवाल ने कहा कि रोटरी सदस्य समाज की जितनी सेवा करेंगे, ईश्वर उतनी ही तरक्की देगा। रोटरी के गवर्नर रवि प्रकाश ने वर्ष 25 -26 के अपने लक्ष्यों की जानकारी दी तथा अधिक से अधिक नए सदस्यों को रोटरी के साथ जोड़ने का आह्वान किया। सभा को रुड़की के विधायक प्रदीप बत्रा व सांसद इमरान मसूद ने भी संबोधित किया। सांसद इमरान मसूद ने कहा कि यदि रोटरी सहारनपुर में कोई



बड़ा कार्य करता है, तो वह अपनी सांसद निधि से भी धनराशि देने को तैयार है।

रोटरी के विजय भसीन और परमिल चौधरी ने रोटरी सैंट्रल की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। रोटरी के वर्तमान गवर्नर राजपाल सिंह ने कहा कि रोटरी पूरे विश्व में समाज सेवा के क्षेत्र में सबसे महत्वपूर्ण संस्था है। संयुक्त राष्ट्र संघ के सदस्यों से भी अधिक देशों में यह संस्था अपना कार्य कर रही है। रोटरी का धर्म मानव सेवा है जिस पर हमें सबको चलना है। सहायक गवर्नर सिकंदरबीर सिंह बत्रा ने अगले वर्ष के कुछ महत्वपूर्ण कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर पूर्व गवर्नर जेपीएस सिबिया, पूजा कपूर, सुमिता, भगत, अंजलि भसीन, विजय खुराना, संजय खुराना, गुरमित अरोड़ा, विकास निझावन, विनय दहूजा, विशाल लूथरा, ऋषभ, मुजीब मलिक, शोभित माथुर, अनुभव, पंकज गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, देवेंद्र वाधवा, डॉक्टर गिरीश, सिकंदर, बीर सिंह बत्रा, रामणिक सचदेवा,पूजा कपूर, सुमिता, संजय खुराना, गुरमीत अरोड़ा, विकास निझावन, विनय दहूजा, विशाल लूथरा आदि समेत रोटरी मंडल 3080 के विभिन्न राज्यों से आए 117 क्लबो के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# सदर तहसीलदार की अध्यक्षता में सुनी गई फरियादियों की समस्या

**समाधान दिवस में 116 मामले आए 12 का किया गया मौके पर निस्तारण**

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** तहसील समाधान दिवस में आज सोमवार को तहसील सदर सभागार में सदर तहसीलदार ज्ञान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में फरियादियों की फरियाद सदर तहसील सभागार में सुनी गई आज 116 फरियादी अपनी अपनी फरियाद बारी-बारी से सभागार में आए सभी फरियादियों के समस्याओं को बारी बारी से सुना गया 12 फरियादियों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

सदर तहसीलदार ज्ञान प्रताप सिंह ने संबंधित अधिकारियों को आए हुए फरियादियों के समस्या का समयबद्ध निराकरण करने का निर्देश दिया कहा कि शासन के निर्देशन पर महीने के पहले और तीसरे शनिवार को तहसील समाधान दिवस आयोजित कर एक छत के नीचे फरियादियों की समस्याओं का निराकरण करने का निर्देश है महीने के पहले हफ्ते शनिवार को बकरीद का त्योहार होने के कारण आज सोमवार को तहसील दिवस आयोजित किया गया आज तहसील सदर सभागार में अधिकतर मामले जमीनी व पारिवारिक विवाद के आए हुए थे सदर तहसीलदार ज्ञान प्रताप सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आए हुए प्रार्थना पत्र का केवल कागजी खाना पूर्ति ना किया जाए जमीनी विवाद में मौके पर राजस्व विभाग पुलिस विभाग के साथ मिल कर जमीनी स्तर पर काम करते हुए मामले का निस्तारण करे जिससे फरियादियों को परेशान ना होना पड़े।

समाधान दिवस के दौरान ज्ञान प्रताप सिंह नायब तहसीलदार अरविन्द नाथ पांडेय नायब तहसीलदार नीरू सिंह नायब तहसीलदार जाकिर हुसैन नायब तहसीलदार आकांक्षा पासवान नायब तहसीलदार महराजगंज/ नोडल गोडधोइया नाला प्रद्युम्न सिंह सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# यूपी मैरिज रजिस्ट्रेशन का नियम बदला

**बिना पारिवारिक सदस्य के गवाही और पंडित के नहीं हो सकेगा विवाह**

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** मैरिज रजिस्ट्रेशन के नाम पर हो रहे फर्जीवाड़े पर लगाम लगाने के लिए सरकार ने मैरिज रजिस्ट्रेशन के नियम में शनिवार 7 जून से बदलाव कर दिया है।

सहायक महानिरीक्षक निबंधन संजय कुमार दुबे ने बताया कि मैरिज रजिस्ट्रेशन के नियम में बदलाव करते हुए सरकार ने दो प्रकार के नियम बनाए हैं एक अगर बिना परिवार की मर्जी की मैरिज रजिस्ट्रेशन हो रहा है तो उसके लिए पुरोहित की गवाही जरूरी है अगर परिवार की मर्जी से विवाह हो रहा है तो परिवार के एक सदस्य की गवाही जरूरी है इसके साथ ही नोटरी एफिडेविट और जन्मप्रमाण के लिए हाई स्कूल मार्कशीट, सीएमओ द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र , नगर निगम नगर पंचायत द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर ही मैरिज रजिस्ट्रेशन होगा।

उन्होंने बताया कि शनिदेव बनाम स्टेट आफ उत्तर प्रदेश के मामले में माननीय हाईकोर्ट ने मैरिज रजिस्ट्रेशन के नियम में बदलाव करने का निर्देश दिया है जिसका पालन करते हुए आईजी निबंध का निर्देश प्राप्त हुआ है उसकी जानकारी के लिए अधिवक्ताओं दस्तावेज लेखको और मीडिया के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का भी कार्य किया जा रहा है। इस नियम के बदलाव होने से मैरिज रजिस्ट्रेशन में हो रहे फर्जी वाले पर लगाम लगेगा।

# डीएम व एसपी ने संपूर्ण समाधान दिवस पर आमजन की समस्याओं को सुना

अवधनामा संवाददाता




**उरई (जालौन)।** कालपी तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना और त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 65 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 07 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं की जाएगी। उन्होंने उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार, लेखपाल सहित संबंधित राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि चकरोड से जुड़ी शिकायतों का विशेष अभियान चलाकर 15 दिनों के भीतर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि समाधान दिवस का उद्देश्य जनता को त्वरित न्याय देना है, अतः सभी विभागीय अधिकारी संवेदनशीलता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने भी मौके पर मौजूद अधिकारियों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ जनसुरक्षा से जुड़ी शिकायतों पर प्राथमिकता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र देव शर्मा, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप कुमार, उप जिलाधिकारी सुशील सिंह, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, जिला विकास अधिकारी निशान्त पाण्डेय आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत बालिकाओं को किया गया जागरूक

अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** जनपद में गठित मिशन शक्ति टीमों के द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान-5 के अंतर्गत समस्त थाना क्षेत्रों में कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु शक्ति दीदी के माध्यम से महिला सम्मान, सुरक्षा व जागरूकता हेतु अभियान चलाया जा रहा है।

मिशन शक्ति फेज-05 के विशेष अभियान (शक्ति दीदी) के तहत थानों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों, समस्त थानों पर गठित महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा *गाँवों/कस्बों/मोहल्लों में जन चौपाल लगाकर तथा बस स्टैंड/बाजार/गांव/कस्बा/स्कूल/कालेज/कोचिंग सेंटर इत्यादि सार्वजनिक एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों* पर बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक करते हुए शक्ति दीदी के रुप में महिलाओं/बालिकाओं से जुड़ कर उन्हे सक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है । शक्ति दीदी अभियान के तहत महिलाओं/ बालिकाओं को शासन/यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे *वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, साइबर सम्बन्धी एवं सीयूजी नम्बरों* के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया जा रहा है । महिलाओ एवं बालिकाओं से वार्ता कर उनके अन्दर आत्मविश्वास को बढ़ाने का प्रयत्न किया जा रहा है।

## छेड़छाड़ का आरोप लगा युवक को पीटा, मुकदमा दर्ज, सात नामजद

**गोरखपुर ।** सहजनवा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत घघसरा निवासी एक युवक को मनबढ़ो ने छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए मारपीट कर घायल कर दिए। पीड़ित के भाई की तहरीर पर पुलिस ने सात नामजद और 8 से 10 अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

तजना क्षेत्र के घघसरा वार्ड 4 अलगटपुर निवासी सचिन पुत्र कालिका प्रसाद 6 जून को सीवान के बाहर शौच करने के लिए गया था। पहले से मौजूद आरोपी के परिजन युवक को पकड़ लिए और छेड़छाड़ का आरोपी लगाते हुए मारने पीटने लगे। जब पीड़ित के परिजन को जानकारी हुई तो आरोपियों ने पीड़ित के परिजन जगरनाथ, अमरनाथ,दिलीप को भी मारपीट कर घायल कर दिए। पीड़ित के भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी जुमराती, मल्लू, कयामुद्दीन, हैदर अली, किस्मतुन, अबूशायमा ,अबू शायम का भाई तथा 8 से 10 अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# कैंप में बच्चों ने सीखीं विभिन्न विधायें भारत विकास परिषद ने प्रेरित किया



**उरई (जालौन)।** छात्र छात्राओं के सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास के उद्देश्य से ललित कला कार्यशाला का शुभारंभ नटराज कैंपस में किया गया। भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा जालौन की प्रेरणा से एम एल कांवेंट स्कूल द्वारा आयोजित समर कैंप का उद्घाटन प्रमुख शाखा जालौन के दायित्वधारियों ने फीता काट कर किया। ललित कला कार्यशाला में किसी भी उम्र के छात्र छात्राएं एवं सामान्य व्यक्ति भी प्रतिभाग कर सकते हैं। इसमें विश्व प्रसिद्ध लिपन आर्ट, स्टोन आर्ट, प्लेवाटर गेम्स, डाट मंडावा, वाटर कलर पेंटिंग, क्ले पाटरी यानी मिट्टी के बर्तन बनाना आदि का प्रशिक्षण खजुराहो के युवा आर्टिस्ट सृजन कुमार गुप्ता द्वारा दिया जायेगा। उद्घाटन समारोह में आर्टिस्ट सृजन कुमार गुप्ता ने उपस्थित बच्चों को प्रशिक्षण भी दिया। डायरेक्टर गौरव गुप्ता ने बताया कि इसी परिसर में नटराज कला केंद्र के अंतर्गत गिटार, गायन का भी प्रशिक्षण अति शीघ्र प्रारंभ होगा। संगीत के इन वाद्य यंत्रों का प्रशिक्षण राजा मानसिंह संगीत एवं कला विश्वविद्यालय से सम्बंधित विजय कुमार जो कि ग्वालियर घराने से ताल्लुक रखते हैं, के द्वारा दिया जायेगा। उद्घाटन प्रमुख शाखा के संरक्षक सतीश सेंगर, सुनील गुप्ता, महेश बिलैया, अध्यक्ष मृत्युंजय श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव, सचिव प्रेम कुमार गुप्ता कल्लू बजाज,पंकज गर्ग, मंगल सिंह चौहान, अनुरुद्ध विश्नोई नीटू के द्वारा सम्पन्न हुआ।

# एडीए के भ्रष्टाचार से बना एक और होटल बिना नक्शा पास एक और अवैध निर्माण

अवधनामा संवाददाता



**अलीगढ़।** लाल डिग्गी रोड जिला जज के आवास के बाहर खाली पड़ी जमीन पर उद्योग पति द्वारा नक्शे के विपरीत 3 मंजिला होटल बन कर तैयार हो चुका है। इससे एडीए के जेई, एई व अन्य कर्मचारी के भ्रष्टाचार के कारनामे साफ नजर आ रहे हैं।

जानकारी अनुसार, यह होटल शहर के भट्ठा मालिक भोलू का ही नया प्रतिष्ठान है। होटल निर्माण में करोड़ों रुपए के लागत आई है। यही नहीं इस निर्माण में अलीगढ़ विकास प्राधिकरण को भारी भरकम सुविधा शुल्क देकर जिला जज की नाक के नीचे यह निर्माण कार्य हुआ है। यह जमीन भी नगर निगम नजूल की है । इसको विक्र कराने में निवर्तमान जिला अधिकारी का पूरा सहयोग मिला हुआ था। मजे की बात तो यह है कि सामने ही नगर निगम का ऑफिस हैं। प्रतिदिन जिला अधिकारी से लेकर नगर आयुक्त व मंत्री भी यहां से गुजरते हैं लेकिन किसी की नजर इस अवैध निर्माण पर नहीं पड़ी। हैरान करने वाली बात यह है कि इस होटल की जमीन का पूर्ण कागजात भी नहीं है। अब सवाल यह है कि किसी आधार पर अलीगढ़ विकास प्राधिकरण ने इतने बड़े होटल निर्माण में अपनी आंखे बंद करली। क्या अलीगढ़ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष कुलदीप मीणा इस होटल के खिलाफ विधवश कार्यवाही कर पाएंगे? वैसे तो उपाध्यक्ष काफी तेज प्रवृत्ति के और निष्पक्ष हैं यह बात हमारे प्रतिनिधि को देखने को मिली।क्या अलीगढ़ विकास प्राधिकरण का चाबुक इस होटल पर चलेगा क्योंकि सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ ऐसे कारनामों के प्रति गंभीर है परंतु जनपद में ऐसे कई अवैध निर्माण मौजूद हैं। ऐसे निर्माणों का खुलासा आगे किया जायेगा।

# मंडलायुक्त व डीआईजी ने माधौगढ़ तहसील का किया औचक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** मंडलायुक्त बिमल कुमार दुबे ने माधौगढ़ तहसील का औचक निरीक्षण कर राजस्व कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने समाधान दिवस से संबंधित प्रकरणों, भूमि अभिलेखों, वरासत एवं नामांतरण की प्रविष्टियों तथा दाखिल खारिज से जुड़ी शिकायतों की प्रगति का गहन निरीक्षण किया।

मंडलायुक्त ने विशेष रूप से अंश निर्धारण में पाई जा रही त्रुटियों पर सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे प्रकरणों की गहराई से समीक्षा कर विशेष अभियान चलाया जाए, जिससे लंबित मामलों का शीघ्र व निष्पक्ष निस्तारण हो सके। उन्होंने कहा कि राजस्व अभिलेखों की शुद्धता ही ग्रामीण विकास की आधारशिला है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं है। मंडलायुक्त ने कार्यालयों में फाइलों के रखरखाव, दस्तावेजों की उपलब्धता, उनके क्रमवार संधारण तथा दैनिक कार्यों की एंट्री रजिस्टर का भी अवलोकन किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक फाइल में तिथि, संक्षिप्त विवरण व अग्रिम कार्यवाही का स्पष्ट उल्लेख हो तथा कार्यालयीन अभिलेख व्यवस्थित एवं अद्यतन रहें।उन्होंने तहसील स्तर पर राजस्वकर्मियों की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता व जवाबदेही सुनिश्चित करने पर जोर दिया। मंडलायुक्त ने कहा कि आम जनता को उनके राजस्व संबंधी कार्यों में अनावश्यक विलंब न हो, यह जिम्मेदारी संबंधित कर्मचारियों की है और इसमें किसी भी प्रकार की कोताही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) श्री संजय कुमार, उप जिलाधिकारी माधौगढ़ श्री मनोज सिंह, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित राजस्व के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## युवती का अश्लील फोटो वायरल करने की दे रहा था धमकी

**गोरखपुर ।** सहजनवा थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती का पड़ोस गांव के एक युवक से फोन पर बात होती रहती थी। जब युवती को युवक के चरित्र के बारे में जानकारी हुई तो वह 4 माह से युवक से बातचीत करना बंद कर दी थी। इसके बाद वह आए दिन एक मोबाइल नंबर से फोनकर धमकी देता रहता था। और अश्लील फोटो वायरल कर बदनाम करने की धमकी दे रहा था। और धमकी देते हुए कहा कि यदि दूसरी जगह शादी की तो बर्बाद कर देंगे।

4 जून को आरोपी के परिजन जानकारी मिलने के बाद पीड़िता के घर पहुंचे और माफी मांगने की बात को लेकर आरोपी के परिजन बहन राधिका, मां पुष्पा देवी को मारपीट कर घायल कर दिए।और फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रहे थे। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी अभिषेक सिंह,शकुंतला देवी,कालिंदी देवी, रिशु,सुनीता तथा अज्ञात निवासी बड़गो थाना सहजनवा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# डीएम के आदेश को ताख पर रख हुई आउट सोर्सिंग कर्मचारियों की भर्ती

**बिजली विभाग के जिम्मेदारों द्वारा इसका पालन नहीं करवाया गया**

**अंबेडकरनगर।** 07/08/2018 को जारी जिला अधिकारी के आदेश में यह स्पष्ट निर्देश दिया गया परंतु बिजली विभाग के जिम्मेदारों द्वारा इसका पालन नहीं करवाया गया जबकि 2018 के पश्चात आउटसोर्सिंग कर्मचारी की भर्ती लगभग 500 कर्मचारियों की गई। किसका कोई भी व्यक्ति जारी हुआ ना तो सेवा योजना पोर्टल पर अपलोड किया गया। जिलाधिकारी के आदेश को नजरअंदाज कर की गई यह भरती सही मानी जाए या गलत भविष्य के गर्भ में है

जी आदेश में जिलाधिकारी द्वारा स्पष्ट रूप से कहा गया कि सरकारी अर्द्धसरकारी विभागों में संविदा सेवा प्रदाता के माध्यम सहित विभिन्न स्रोतों री गरी जा रही रिक्तियों को सेवायोजन विभाग के पोर्टल पर अपलोड किया जाना तथा उन्हें पोर्टल के माध्यम से भरा जाना। उपरोक्त विषयक शासनादेश सं0 371/छत्तीस-5-2017-5(7)/2015 दिनांक 21.06.2017 तथा शासनादेश संख्या 560/छत्तीस-5-2018-5 (7)/2015 दिनांक 04 जुलाई 2018 के द्वारा यह अपेक्षा की गयी है कि सभी सरकारी/अर्द्धसरकारी विभागों में आउट सोर्सिंग के माध्यम से होने वाली भर्तियां सेवायोजन पोर्टल के माध्यम से अधिसूचित किये जाने की व्यवस्था की जाये। सभी सेवायोजक अपनी रिक्ति सेवायोजन विभाग के पोर्टल पर अपलोड करें। तत्पश्चात् पोर्टल पर रिक्ति पृथक से प्रकाशित की जाये तथा रिक्ति में उल्लिखित योग्यताओं को पूरा करने वाले अभ्यर्थियों के पास एस एम.एस. के माध्यम से दिक्ति की सूचना प्रेषित कर दी जाये। सेवायोजक अपने सार पर स्कोर्निंग करके उपलब्ध निधियों की संख्या के सापेक्ष एक निश्चित अनुपात में ही अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा/साक्षात्कार हेतु आहुत करें। चयन की कार्यवाही सेवायोजक द्वारा पूरी की जाये तथा अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों के नाम भी सेवायोजन विभाग के पोर्टल पर प्रदर्शित किये जायें।

# गोंडा में कांग्रेस पार्टी और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के बीच बैठक सम्पन्न



अवधनामा संवाददाता

**गोंडा।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन गोंडा की बैठक कांग्रेस पार्टी के शहर अध्यक्ष शाहिद अली कुरैशी की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसके मुख अतिथि राजेश श्रीवास्तव जिलाध्यक्ष स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन गोंडा रहे बैठक में सेनानी परिवारों को न्याय दिलाने व अन्य मांगो को पूरा करने पर चर्चा हुई

बैठक को संबोधित करते हुए मुख अतिथि श्री राजेश श्रीवास्तव जी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सेनानियों के परिवार की पार्टी है उन्होंने मांग करते हुए कहा कि अंबेडकर चौराहा से गोंडा जिला कारागार तक जाने वाली रोड का नाम शहीद राजेंद्र नाथ लहड़ी के नाम रखा जाए एवं अंबेडकर चौराहा से डिग्री कालेज चौराहा तक रोड का नाम महान क्रांतिकारी संग्राम सेनानी महाराजा देवीबक्स सिंह के नाम रखा जाए वही सुभाष नगर गोलागंज में स्थित स्वतंत्रता आंदोलन की गवाह रही प्रेम जी भी उपस्थित रही पकड़िया मैदान से अतिक्रमण हटाकर सुंदरी करण किए जाने की मांग कर रहे शहर अध्यक्ष शाहिद अली कुरैशी को शहर गोंडा के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की सूची सोपी गई शहर अध्यक्ष सभासद शाहिद अली कुरेशी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की सभी लड़ाई को लड़ेगी और कांग्रेस हाईकमान तक पहुंचा कर कार्यवाही कराई जाएगी कार्यक्रम में शिवकुमार दुबे सुभाष चंद्र पांडे वाजिद अली पूर्व लोकसभा प्रत्यासी बृजेंद्र प्रसाद राजू आदि दर्जनों सेनानी परिवार व कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मंडलायुक्त व डीआईजी ने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई व शिशुओं को कराया अन्नप्राशन



**उरई (जालौन)।** मंडलायुक्त बिमल कुमार दुबे व डीआईजी केशव कुमार चौधरी ने माधौगढ़ तहसील परिसर में आयोजित पोषण एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम में सहभाग करते हुए गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म व नवजात बच्चों का अन्नप्राशन कराया।

बाल विकास परियोजना विभाग द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी स्टाल का अवलोकन किया और पोषण अभियान से जुड़ी गतिविधियों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं को उत्तम स्वास्थ्य के लिए फल की टोकरी, हरी सब्जियाँ और मेवा का पैकेट भेंट किया गया। वहीं, छह माह के बच्चों को खीर खिलाकर पारंपरिक अन्नप्राशन कराया गया।

मंडलायुक्त दुबे ने कहा कि ÷स्वस्थ मातृत्व और कुपोषण मुक्ति के लिए इस प्रकार के आयोजन अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इससे समाज में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ती है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, उप जिलाधिकारी मनोज सिंह आदि सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## डीएम के निर्देश पर सड़कों पर उतरे अफसर रॉन्ग साइड वाहनों पर कसी नकेल



**उरई (जालौन)।** जनपद में सड़क सुरक्षा को लेकर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए रॉन्ग साइड चलने वाले वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। अभियान के तहत उप जिलाधिकारी सुशील कुमार स्वयं टीम के साथ सड़कों पर उतरे और यातायात पुलिस, परिवहन विभाग व स्थानीय थानों की टीमों के साथ मिलकर रॉन्ग साइड ड्राइविंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। अभियान के दौरान कौंच, जालौन, माधौगढ़, उरई आदि स्थानों पर चेकिंग कर कई ट्रकों को रोका गया, जिनमें से कई का चालान किया गया और कुछ को नियमों के उल्लंघन पर कार्यवाही की गई।अधिकारियों ने वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों के पालन के प्रति जागरूक भी किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क पर अनुशासनहीनता, विशेषकर रॉन्ग साइड ड्राइविंग, गंभीर सड़क हादसों का कारण बनती है, और इसे किसी भी स्थिति में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों, परिवहन अधिकारियों एवं यातायात पुलिस को निर्देशित किया है कि इस प्रकार की कार्यवाहियाँ नियमित रूप से जारी रहें। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल चालान या जब्ती तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका मुख्य उद्देश्य जनमानस में ट्रैफिक नियमों के प्रति चेतना जागृत करना और एक जिम्मेदार यातायात संस्कृति का निर्माण करना है।

इस मौके पर क्षेत्राधिकारी, यातायात निरीक्षक, परिवहन अधिकारी, थानाध्यक्ष सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## दबंगों ने दम्पति को पीटा घायल, मुकदमा दर्ज

**गोरखपुर ।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिगही निवासी रमेश कुमार पुत्र ठाकुर प्रसाद की तहरीर पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 110,115(2),352,351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई है।

थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिगही निवासी रमेश कुमार पुत्र ठाकुर प्रसाद ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते शनिवार को शाम आठ बजे के करीब गांव के ही अमीत व मनीष पुत्रगण लहरी, प्रमोद व राजकुमार पुत्रगण केवल ने बेवजह भद्दी भद्दी गालियां देते हुए पति रमेश कुमार और पत्नी विजय लक्ष्मी को लाठी डंडा से मारने पीटने लगे जिससे पत्नी विजय लक्ष्मी का सिर फट गया और बेहोश होकर गिर गई।

पुलिस ने घायल दम्पति को अस्पताल भिजवाया। इस संबंध में थानाध्यक्ष मदन मोहन मिश्र ने बताया कि पति रमेश कुमार की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस पर आये 66 मामले, 10 का हुआ निस्तारण



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी सहजनवा दीपक कुमार गुप्ता ने किया। इस दौरान कुल 66 मामले आए थे। जिसमें 10 मामले का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। राजस्व 50,पुलिस 9,विकास 3 अन्य 4 मामले आए थे। राजस्व संबंधित मामले के निस्तारण के लिए राजस्व टीम गठित किया गया है। जबकि पुलिस के मामले की जांच कराकर कारवाई करने का निर्देश दिया गया है।

इस दौरान तहसीलदार राकेश कन्नौजिया,नायब तहसीलदार दुर्गेश कुमार चौरसिया,ईओ सूर्यकांत बीडीओ बृजेश यादव सहित अनेक विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

## तहसील प्रशासन ने पन्द्रह दिन में अतिक्रमण हटाने का दिया निर्देश

**बांसी सिद्धार्थनगर।** तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत पटखोली में सरकारी गड्ढे पर हुए अतिक्रमण का उच्च न्यायालय के आदेश पर रविवार को तहसीलदार पीयूष श्रीवास्तव के साथ राजस्व टीम ने अतिक्रमण का चिन्हांकन कर अतिक्रमण को पंद्रह दिन के अंदर हटाने का निर्देश दिया।

पटखौली गांव के उत्तर में स्थित एक सरकारी गड्ढे पर गांव के कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है। जिसका आज राजस्व विभाग की टीम ने पैमाईश कर जे सी बी से चिन्हांकन किया इसके बाद सभी कब्जाधारकों को पंद्रह दिन के अंदर अवैध कब्जे को हटाने को कहा साथ ही यह भी कहा कि यदि अतिक्रमण नहीं हटा तो प्रशासन स्वयं हटवा देगा। तत्पश्चात ग्राम प्रधान के दरवाजे पर गड्ढे के जमीन का सीमांकन कर चले गए। इस अवसर पर लेखपाल भानू प्रताप सिंह,एस आई रामाज्ञा प्रसाद,कैलाश भारती,हेड कास्टेवल सुरेंदर यादव ग्राम प्रधान फिरोज सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

# उ.प्र. व बिहार की एकजुटता बदल सकती है देश की अर्थव्यवस्था: विजय कुमार सिन्हा

## ■ बिहार के उपमुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री ने विकसित कृषि संकल्प अभियान को किया संबोधित

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के एग्री



बिजनेस मैनेजमेंट सभागार में सरकार के विकसित कृषि संकल्प अभियान को संबोधित करते हुए बिहार के उपमुख्यमंत्री और कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि हमारी सारी सभ्यता कृषि पर निर्भर करती है। होली हो या दीवाली, त्योहारों की परंपरा के अनुसार हमारे घरों में पकवान भी अलग- अलग बनते हैं। उन्होंने कृषि को चमत्कारीय शक्ति का दर्जा देते हुए कहा कि किसान खेतों में एक बीज डालता है तो उससे कई पौधे निकलते हैं। वर्तमान समय में किसानों को वैज्ञानिक तकनीक से जोड़ने व सरकार की योजनाओं को किसानों तक पहुंचाने की जरूरत है। हमें किसानों की आय को दोगुणी करने का प्रयास करना होगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश और बिहार की निकटता देश की अर्थव्यवस्था को बदल सकता है।

उन्होंने कहा कि विहार में मक्का, गेहूं और धान के क्षेत्र में दोगुणा उत्पादन हुआ है। हम बिहार को उत्पादक के रूप में ही नहीं निर्यातक के रूप में विकसित करने का कार्य कर रहे हैं। कहा कि मिट्टी की सेहत में सुधार और जलसंचय को बढ़ावा देने की जरूरत है। हमारी सांस्कृतिक विरासत कृषि पर आधारित है। उन्होंने राजा जनक का उदाहरण देते हुए बताया कि अकाल में उन्होंने स्वयं खेत जोता था। बिहार में सीमांत किसानों की अधिक संख्या के बावजूद कृषि क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं। इस राष्ट्रव्यापी अभियान में 2170 वैज्ञानिक, 113 अनुसंधान संस्थान और 731 कृषि विज्ञान केंद्र भाग ले रहे हैं। अभियान का मुख्य लक्ष्य वैज्ञानिक खेती की तकनीकों से किसानों को जोड़कर उत्पादकता बढ़ाना है। इस पहल के तहत 65,000 से अधिक गांवों में किसानों से संवाद किया जाएगा तो विकसित भारत 2047 के संकल्प के सपने को यह सरकार आसानी के साथ पूरा कर लेगी। कुलपति कर्नल डा. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि प्रदेशभर में चल रहा विकसित कृषि संकल्प अभियान प्रतिदिन तीन चरणों में चल रहा है। खरीफ की फसल के लिए के लिए किसान जागरूक हो रहे हैं। कुलपति ने कहा कि हमारी कृषि में 4 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी होगी तभी हम अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल होंगे और यह सभी के प्रयास से संभव होगा। कृषि उत्पादकता में पंजाब सबसे आगे है। किसानों को फसल की उत्पादकता बढ़ाने के लिए खेतों को समतलीकरण करना होगा, इससे किसानों की फसल में 20 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हो सकती है। कुलपति ने कहा कि किसानों को खेत की सेहत के साथ-साथ पौधों की संख्या का भी ध्यान देना होगा। किसानों को धान की ऐसी प्रजाति का उपयोग करना होगा जो अक्टूबर तक तैयार हो जाए और समय से उसकी कटाई की जा सके। किसानों के लिए राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न लाभकारी योजनाएं चलाईं जा रहीं हैं जिसका किसानों को लाभ उठाना चाहिए। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक ए.के मिश्रा ने कहा कि सरकार की योजनाओं को किसानों तक पहुंचाया जा रहा है। कृषि उत्पादकता में अंतर न्याय पंचायत स्तर पर पाटने का प्रयास हो रहा है। कहा कि यह अभियान किसानों की आय को दोगुणी करने में मदद करेगा। इस दौरान डा. के.एम सिंह, डा.वी.पी शाही, डा. एस.पी सिंह, डा. संजीव, डा. शशांक, डा. रत्नाकर और डा. नवनीत ने भी किसानों से कृषि तकनीकों के बारे में जानकारी साझा की। इस कार्यक्रम में आठ जनपद के किसानों ने हिस्सा लिया। कृषि में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चार प्रगतिशील किसानों मंशाराम, राजबहादुर वर्मा, सुरेंद्र सिंह, रमाशंकर को उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने अपने हाथों सम्मानित किया।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कृषि उपयोगी कृषि तकनीक पुस्तक का भी विमोचन किया। इससे पहले सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्रम भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य नरेंद्र देव की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं जल भरो के साथ किया गया। स्वागत संबोधन निदेशक प्रसार डा. रामबटुक सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन अधिष्ठाता डा. साधना सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन सह प्राध्यापक डा. सुप्रिया ने किया। इस मौके पर विवि के समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, वैज्ञानिक, आठ जनपद के किसान, अयोध्या के कृषि अधिकारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# सरकार कॉरपोरेट घरानों को फायदा पहुंचाने में व्यस्त: अमित जायसवाल

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा वार्ड स्तर पर संगठन के विस्तार, संविधान पर मंडरा रहे खतरे और भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत सदर बाजार एवं माँ पाटेश्वरी वार्ड में वार्ड स्तरीय बैठकें आयोजित की गईं। सदर बाजार बैठक की अध्यक्षता महानगर महासचिव रामनाथ शर्मा, तथा मां पाटेश्वरी वार्ड की बैठक की अध्यक्षता वार्ड अध्यक्ष सुरेश श्रीवास्तव ने की । संचालन महानगर सचिव विजय यादव ने किया।बैठकों में मुख्यअतिथि के रूप में महानगर प्रभारी अमित जायसवाल तथा महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम उपस्थित रहे।

महानगर प्रभारी अमित जायसवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार की तानाशाही प्रवृत्ति और संविधान को कमजोर करने की साजिशें देश के लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा बन चुकी हैं। उन्होंने कहा कि आज देश के गरीब, मजदूर, किसान, व्यापारी, युवा और महिलाएं भाजपा की नीतियों से त्रस्त हैं। महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है, मगर सरकार कॉरपोरेट घरानों को फायदा पहुंचाने में व्यस्त है

महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और संविधान बचाने के लिए संघर्ष तेज करने का आह्वान किया। पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार सत्ता में आई है तब से महंगाई और बेरोजगारी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है दैनिक जरूरत की समान पर सरकार जरूरत से ज्यादा टैक्स लग रही है, जिससे महंगाई बढ़ रही है और आम आदमी का घरेलू बजट बिगड़ गया है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुरेंद्र प्रताप सिंह, सेवादल महानगर अध्यक्ष बसंत मिश्रा, विजय श्रीवास्तव ,सविता ,रामनाथ शर्मा, विजय यादव, हामिद अली, देवव्रत शर्मा, बाबू, इमरान खान, कृष्णा यादव, हर्ष यादव, सुखदेव सिंह आदि उपस्थित रहे।

# मसौधा के अबानपुर सरोहा में थिमेटिक द्वार का निर्माण शुरू

■ एक करोड़ की लागत से अन्य पर्यटन सुविधाओं का भी हो रहा विस्तार

■ पर्यटन विभाग ने यूपीपीसीएल को दिया है निर्माण का जिम्मा

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या को वैश्विक पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित करने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रही है। इसी कड़ी में अयोध्या के मसौधा क्षेत्र के अबानपुर सरोहा में एक भव्य थिमेटिक द्वार का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। इस परियोजना पर लगभग एक करोड़ रुपये की लागत आएगी और इसका जिम्मा पर्यटन विभाग ने यूपीपीसीएल को सौंपा है। वर्तमान में नींव की खोदाई और फाउंडेशन का कार्य प्रगति पर है। साथ ही कुछ और पर्यटन सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। यह परियोजना न केवल अयोध्या की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान को उभारने में मदद करेगी, बल्कि पर्यटकों के लिए आकर्षण का नया केंद्र भी बनेगी।

अयोध्या पहले से ही श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के कारण विश्वभर में चर्चा का केंद्र है, अब पर्यटन के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छूने की तैयारी में है। योगी सरकार का लक्ष्य है कि अयोध्या को एक ऐसी जगह के रूप में विकसित किया जाए, जहां पर्यटक न केवल धार्मिक अनुभव प्राप्त करें, बल्कि आधुनिक सुविधाओं और सांस्कृतिक समृद्धि का भी आनंद ले सकें। मसौधा के अबानपुर सरोहा में बन रहा थिमेटिक द्वार इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह द्वार अयोध्या की पौराणिक और ऐतिहासिक विरासत को दर्शाएगा, जिससे पर्यटकों को शहर की समृद्ध संस्कृति से रूबरू होने का अवसर मिलेगा।

क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी राजेन्द्र यादव के अनुसार थिमेटिक द्वार के साथ-साथ क्षेत्र में अन्य पर्यटन सुविधाओं का भी विस्तार किया जा रहा है। इनमें पर्यटकों के लिए बेहतर सड़क संपर्क, स्वच्छ पेयजल, विश्राम स्थल, और सूचना केंद्र जैसी सुविधाएं शामिल हैं। यह परियोजना स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा करेगी, जिससे क्षेत्र की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। थिमेटिक द्वार का डिजाइन इस तरह तैयार किया गया है कि यह अयोध्या की प्राचीन वास्तुकला और आधुनिकता का संगम प्रस्तुत करेगा।

यूपीपीसीएल के इंजीनियर राजेश कुमार ने बताया कि 15 फरवरी 2025 में निर्माण कार्य शुरू हुआ है। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। नींव और फाउंडेशन का काम पूरा होने के बाद द्वार की मुख्य संरचना पर काम शुरू होगा। प्रोजेक्ट की डेडलाइन अगस्त तय की गई है। परियोजना को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

## ■ 143 में से 16 मामलों का मौके पर हुआ समाधान

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जिलाधिकारी निखिल



टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में तहसील बीकापुर सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्बंधित अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। तहसील बीकापुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान शिकायतकर्ता ग्राम कटारी विकासखण्ड बीकापुर द्वारा राशन में बच्चों के नाम जोड़ने की शिकायत की थी, जिस पर जिलाधिकारी ने सप्लाई इंस्पेक्टर बीकापुर को नाम जोड़ने के निर्देश दिये। शिकायतकर्ता ग्राम करौंदी विकासखण्ड तारून द्वारा चकरोड पटवाने की शिकायत की थी, जिस पर जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी तारून को कृत कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इसी क्रम में शिकायतकर्ता ग्राम भदार खुर्द बुजुर्ग विकासखण्ड तारून द्वारा चकमार्ग की शिकायत की गयी थी, जिस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार कार्यवाही करने तथा शिकायतकर्ता ग्राम पुरुषोत्तमपुर विकासखण्ड तारून ने अवैध कब्जा व चकरोड पाटने की शिकायत की थी जिस पर जिलाधिकारी ने एसडीएम बीकापुर को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी द्वारा तहसील बीकापुर में सभी पटलों से सम्बंधित प्रपत्र देखे गये। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस बीकापुर में आज कुल 143 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 16 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा0 गौरव ग्रोवर, उपजिलाधिकारी बीकापुर विकास धर दुबे, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, डी0पी0आर0ओ0, तहसीलदार व अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

श्री अयोध्या न्यास का नया घाट पर विशाल भंडारा आज

# मणिरामदास छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास करेंगे पूजन

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** पूर्व सांसद लल्लू सिंह की संस्था श्री अयोध्या न्यास के संयोजन में जेठ मास के आखिरी मंगलवार को नया घाट लता चौक पर विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया है। श्री अयोध्या न्यास विगत कई वर्षो से इसका आयोजन कर रहा है। भण्डारे की शुरूआत मणिरामदास जी की छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास द्वारा हनुमान जी के पूजन व भोग आरती के बाद प्रात 10 बजे से किया जाएगा। जो देर रात तक चलता रहेगा। भण्डारे को लेकर सोमवार शाम से ही कार्यक्रम स्थल पर तैयारियां प्रारम्भ कर दी गई है। भण्डारे में सम्मिलित होने के लिए जिले के प्रबुद्धजनों को आमंत्रित किया गया है। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने भण्डारे को लेकर कहा कि जेठ मास का यह अंतिम मंगलवार भगवान हनुमान जी की कृपा पाने का विशेष अवसर है। श्री अयोध्या न्यास द्वारा आयोजित यह भण्डारा सिर्फ भोजन वितरण का कार्यक्रम नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और सामाजिक समरसता का उत्सव है। ऐसे आयोजन श्रद्धालुओं और कार्यकर्ताओं के बीच आपसी सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। हमारा प्रयास है कि अयोध्या की पवित्र परंपराओं को आगे बढ़ाते हुए हर श्रद्धालु को ससम्मान प्रसाद और सेवा का अनुभव मिले। भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि भण्डारे को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया दे दिया गया है। कार्यकर्ता व स्वंयसेवकों को जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। सभी को सरलता से प्रसाद मिले इसलिए कई स्टॉल लगा कर प्रसाद वितरण किया जाएगा। कूडा प्रबंधन की व्यवस्था की गई है। पेयजल के लिए अलग से स्टॉल लगाया गया है। पब्लिक एडेस सिस्टम के द्वारा लगातार सूचनाएं प्रसारित की जाती रहेंगी। यातायात के लिए भी स्वंयसेवकों को तैनात किया गया है।

# क्षेत्र में वैज्ञानिक व किसान के बीच कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**सोहावल-अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषि बैज्ञानिक की टीम ने 09 जून 2025 को खेती किसानी से सम्बन्धित कृषि गत विषय पर वैज्ञानिक और कृषक सीधा संवाद का आयोजन सोहावल ब्लाक में तीन ग्राम पंचायत इस्माइलनगर सिंहोरा और मुस्तफाबाद तथा मीरपुर कांटा में ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में हुआ। मुस्तफाबाद में जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी कृष्ण कुमार पाण्डेय ÷खुन्नू पाण्डेय'' ने कृषकों को सम्बोधित किया। मौके पर ग्राम प्रधान नदीम मालिक की उपस्थिति में इस आयोजन में जिला कृषि अधिकारी डा0 ओम प्रकाश मिश्रा ने विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा तथा प्राकृतिक खेती, संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डा0 के0 के0 सिंह प्रधान वैज्ञानिक इंडियन सुगरकेन रिसर्च इंस्टिट्यूट डा0 एन0 के0 के0 राठेड ने गन्ना की खेती की वैज्ञानिक खेती के बारे में बताया, ए. डी. ओ कृषि रंजीत त्रिपाठी ने खरीफ में कृषि निवेश की उपलब्धता एवं उनके प्रयोग के बारे में जानकारी दी । मौके पर ए.एन शुक्ला पशुपालन, चंद्रभानु शुक्ला उद्यान विभाग, तुलसीराम यादव ज्येष्ठ गन्ना निरीक्षक गन्ना विभाग, ने अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। मौके पर उपस्थित कृषकों ने वैज्ञानिको से कृषिगत विषय पर चर्चा, परिचर्चा किया, प्रगतिशील किसान ने अपने विचार भी साझा किये प्रगतिशील कृषक लालता पाण्डेय, द्वारिका प्रसाद राधेश्याम मौर्या, राम बसंत सहित बड़ी संख्या में अन्य कृषक उपस्थित रहे।

### मौखिकी एवं प्रायोगिकी परीक्षाओं के लिए परीक्षक नियुक्त

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2024- 25 द्वितीय, चतुर्थ एवं छठे सेमेस्टर की मौखिकी एवं प्रायोगिकी परीक्षाओं के लिए परीक्षक नियुक्त कर दिए गए हैं। इस संदर्भ में परीक्षा नियंत्रक कार्यालय 2 जून को आदेश निर्गत कर चुका है। कार्यालय द्वारा जारी आदेश के क्रम में परीक्षकों के पैनल भेजे जा रहे हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन समय से परीक्षाफल घोषित करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसी के तहत वह अपनी पूरी तैयारी कर रहा है।

# शिक्षक समस्याओं के समाधान के लिए वार्ता

■ शीघ्र निस्तारण न होने पर उच्चाधिकारियों के दरवाजे पर दस्तक देने का विकल्प अपनाया जाएगा

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** शिक्षक समस्याओं के समाधान के लिए वित्त एवं लेखाधिकारी ( बेसिक शिक्षा ) से



मिलकर शिक्षक नेताओं ने वार्ता किया तथा लिखित मांग पत्र सौंप कर त्वरित निस्तारण किए जाने की मांग की। लेखाधिकारी ने सम्यक विचारोंपरांत एक सप्ताह में प्रभावी कार्रवाई करने के लिए संगठन को आश्वस्त भी किया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय ऑडिटर एवं जिलाध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी ने कहा इस बाबत कई बार लिखित एवं मौखिक रूप से अवगत कराने के बाद भी समस्याएं यथावत बनी है, शीघ्र निस्तारण न होने पर उच्चाधिकारियों के दरवाजे पर दस्तक देने का विकल्प अपनाया जाएगा।

जिला मंत्री डॉ.चक्रवर्ती सिंह ने समस्याओं के समाधान में कार्यालय की ढुल-मुल कार्यशैली को उत्तरदाई करार देते हुए गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश यादव ने बताया की मांग पत्र में जनपद के सभी सामान्य निधि से आच्छादित शिक्षकों का जीपीएफ ऑनलाइन करते हुए लेखा पर्ची उपलब्ध कराने, शिक्षकों को त्रुटिरहित हस्ताक्षर युक्त फार्म - 16 उपलब्ध कराए जाने तथा नई पेंशन योजना से अच्छादित शिक्षकों के एनपीएस की कटौती में विसंगतियां जैसे काटी गई धनराशि का खाते में न पहुंचना अथवा विलंब से पहुंचना, राज्यांश का ना जमा होना या विलंब से जमा होना, अपडेशन का विवरण एसएमएस के माध्यम से शिक्षकों को उपलब्ध कराया जाना शामिल रहा। प्रतिनिधि मंडल में रुदौली ब्लॉक के मंत्री सत्येंद्र पाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष संतोष द्विवेदी, महानगर अध्यक्ष अरविंद पाठक शामिल थे।

## बीपालएम रेजिमेंन के इलाज से अब 6 महीने में टीबी बीमारी से मुक्ति मिलेगी : डॉ. संदीप शुक्ला

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** सर्किट हाउस अयोध्या में आयोजित एक समारोह में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत क्षय रोगी जो ड्रग के प्रति रेजिस्टेंट होते है उनके लिए बीपाल एम रेजिमेंन की शुरुवात गिरीश पति त्रिपाठी महापौर के द्वारा की गई तथा टीबी के मरीजों को पोषण पोटली प्रदान की गई जिससे वे बेहतर पोषण प्राप्त करें और जल्दी स्वस्थ हो सके। महापौर के द्वारा उपस्थित विशिष्ट गणों से निश्चय मित्र बनकर टीबी रोगियों को गोद लेकर उन्हें पोषण सहायता देने की अपील की। इस अवसर पर प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वी पी त्रिपाठी ने जनपद में टीबी मरीजो की स्थिति और उनको दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में बताया। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ संदीप शुक्ला ने विस्तार में बीपाल एम रेजिमेंन के बारे में बताते हुए बताया कि पहले एमडीआर मरीजों का इलाज 9 महीने से 27 महीने तक चलता था परंतु बीपालएम रेजिमेंन के द्वारा इलाज से अब 6 महीने में मरीज को टीबी बीमारी से मुक्ति मिलेगी।

# निर्माणाधीन फ्लाईओवर से लटकी कार



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** नेशनल हाईवे नंबर 24 पर बनी निर्माणाधीन फ्लाईओवर पर सरपट दौड़ रही कार हादसे का शिकार बन गई। स्थानीय लोगों ने किसी तरह कार में सवार लोगों को बाहर निकाला जिससे कार सवार लोगों का जीवन बच पाया।

जानकारी के अनुसार नेशनल हाईवे नम्बर 24 गोरखपुर-सोनौली पर भईया फरेंदा में फलाईओवर बनाया गया है। लेकिन फलाई ओवर का निर्माण अभी अधूरा हैं। सोमवार को फ्लाईओवर पर एक कार दौड़ रही थी। जहां फ्लाईओवर का काम अधूरा था वहीं कार ड्राइवर को अचानक आभास हुआ तो ब्रेक लगा दिया जिससे कार फ्लाईओवर से आधा नीचे लटक गया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने मशक्कत से कार में सवार लोगों को बाहर निकाला जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। कार सवार गूगल मैप के जरिए चल रहे थे। स्थानीय लोगों के अनुसार, निर्माणाधीन फ्लाईओवर के पास कोई चेतावनी बोर्ड, बैरिकेडिंग या स्पष्ट डायवर्जन मार्ग नहीं था। कार्यदाई संस्था पीएनसी कंपनी की लापरवाही और प्रशासन की उदासीनता इस संभावित दुर्घटना के लिए जिम्मेदार मानी जा रही है।

# सहज जनसेवा सेवा केन्द्रों पर मनमानी पैसा लेने का लगाया आरोप



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** कांग्रेस कमेटी महराजगंज इकाई अध्यक्ष विजय सिंह एडवोकेट ने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उन्होंने जनपद में सहज जनसेवा केंद्र, इन्फोर्मेशन सेंटर द्वारा ज्यादा पैसा लेने की शिकायत किया। शिकायत में बताया कि आनंदनगर में स्थित रिद्धि - सिद्धि सहज जन सेवा केंद्रों द्वारा आमजन व विद्यार्थियों से ज्यादा पैसा वसूला जा रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को प्रिंट आउट, आय, जाति प्रमाण पत्र बनवाने, आधार कार्ड संशोधन कराने, फोटो कॉपी सहित सभी तरह के कागजी कार्यों के लिए कई गुना रेट वसूला जा रहा है। साथ ही प्रतिरोध करने पर मारपीट पर आमादा होने तह जबरन पैसा वसूलने की घटनाएं भी हो रही हैं ।श्री सिंह ने कहा कि जिलाधिकारी सभी को बुलाकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों,और संबद्ध अधिकारियों के साथ एक समन्वय बैठक कराएं इस बात पर उन्होंने जोर दिया । साथ ही साथ इन सभी चीजों का रेट निर्धारण कराएं और उस रेट लिस्ट की कॉपी हस्ताक्षर सहित अपने प्रतिष्ठान पर स्थापित करें जिससे आम नागरिकों व विद्यार्थियों को कराए जाने वाले कार्यों की मूल्य पता चल सके। इस दौरान कपिलदेव शर्मा, शरदेंदु पांडेय, आलोक प्रसाद, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, देवेंद्र उपाध्याय, जयप्रकाश नारायण, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# शिकायत निस्तारण में पारदर्शी व्यवस्था लागू करें अधिकारी: जिलाधिकारी

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा द्वारा तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जनशिकायतों की सुनवाई की गयी। जिसमें कुल 45 मामले आये, जिनमें उनके द्वारा मौके पर ही 09 प्रकरणों को निस्तारित कर दिया गया। अवशेष जनशिकायतों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित करते हुए जिलाधिकरी ने त्वरित कार्यवाही करते हुए समयांतर्गत और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देशित किया। प्राप्त शिकायतों/आवेदनों में 21 राजस्व विभाग, 15 पुलिस, 03 ग्राम्य विकास से व शेष अन्य विभागों से संबंधित थे। जिलाधिकारी ने पूर्व में समाधान दिवस में आए प्रकरणों में से 12 शिकायतकर्ताओं से फोन पर वार्ता किया और उनसे शिकायतों के निस्तारण के संदर्भ में बात की। वार्ता में 07 शिकायतकर्ताओं ने संतोष व्यक्त किया। जबकि बेलवा बुजुर्ग के एक प्रकरण में शिकायतकर्ता द्वारा बताया गया कि भूमि की पैमाईश हो गई है, लेकिन नाली निर्माण नहीं शुरू



हुआ है। इसपर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी सदर को स्वयं प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए अग्रिम कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। एक अन्य प्रकरण में पनियरा की शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी को बताया कि भूमि विवाद का मामला है, जिसमें अबतक कानूनगो/लेखपाल द्वारा जांच नहीं की गई है। जिलाधिकारी ने संबंधित कानूनगो/लेखपाल से स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया। समाधान दिवस के उपरांत जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विभिन्न मंचों से प्राप्त शिकायतों में जांचकर्ता मौके पर शिकायतकर्ता के साथ अपनी फोटो संलग्न करे और स्पॉट मेमो प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निस्तारण नियमानुसार हो और निस्तारण आख्या की प्रतिलिपि दोनों पक्षों को उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि अधिकारी शिकायत निस्तारण की व्यवस्था को पारदर्शी बनाएं और निस्तारण में जिसके खिलाफ फैसला हुआ है, उसकी काउंसलिंग भी करने का प्रयास करें। जिलाधिकारी महोदय ने जिलास्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करें और निस्तारण आख्या को विभागाध्यक्ष व्यक्तिगत स्तर पर देखें, ताकि गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को सुनिश्चित किया जा सके। संपूर्ण समाधान दिवस में डीएफओ निरंजन सुर्वे राजेंद्र, उपजिलाधिकारी सदर रमेश कुमार, सीएमओ डॉ श्रीकांत शुक्ला, परियोजना निदेशक रामदरश चौधरी, सीओ सदर आभा सिंह, तहसीलदार पंकज शाही, डीपीआरओ श्रेया मिश्रा सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## कटहरा के ग्राम प्रधान कमलेश सिंह का निधन, जनप्रतिनिधियों ने बंधाया ढांढस

**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** सदर ब्लाक क्षेत्र के ग्राम सभा कटहरा के ग्राम प्रधान कमलेश सिंह (33) का सोमवार की सुबह निधन हो गया। वह कुछ महीनों से बीमार चल रहे थे। कुछ दिनों पूर्व पीजीआई लखनऊ से इलाज कराकर घर आए थे। उनके मौत की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वह तीन भाइयों में छोटे थे। बड़े भाई अखिलेश सिंह रोजी रोटी के सिलसिले में बाहर हैं एवं दूसरे भाई मिथिलेश घर पर रहकर खेती का कार्य करते हैं। ग्राम प्रधान के निधन की सूचना मिलते ही ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ई. विवेक गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य सुरेश चंद साहनी, प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष अनिल जोशी, ग्राम प्रधान बागापार विवेक प्रताप सिंह, ग्राम प्रधान सुदर्शन यादव, पूर्व ग्राम प्रधान रामराज चौरसिया, ग्राम पंचायत अधिकारी रामपाल यादव, चंद्र प्रकाश गुप्ता, समाजसेवी रवींद्र जैन, वेदप्रकाश उपाध्याय, नीरज मिश्रा, अजय शर्मा, धर्मेंद्र यादव, संजय कुमार, परिजनों ने रोहिन नदी स्थित त्रिमुहानी घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया।

# आरा मशीन की आफिस में फांसी से लटका मिला युवक का शव

*अवधनामा संवाददाता*

**नौतनवा (महराजगंज)।** स्थानीय क्षेत्र के कोल्हुई कस्बे में एक आरा मशीन को किराए पर लेकर संचालित करने वाले का शव उसी की आफिस में फांसी से लटकता हुआ मिला। मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।



मिली जानकारी के अनुसार पुरंदरपुर थाना के लक्ष्मीपुर का रहने वाला सनी जायसवाल कोल्हुई बाजार में एक आरा मशीन को किराए पर लेकर संचालित कर रहा था। वह रात में आरा मशीन के आफिस में ही रुकता था। बताया गया कि रविवार को सभी मिस्त्री व लेबर की छुट्टी करने के बाद सनी आफिस में ही रुक गया। परंतु जब सोमवार को सुबह लेबर व मिस्त्री काम पर आये तो आफिस अंदर से बंद था। आवाज़ लगाने पर भी जब आफिस नहीं खुला तो उन्होंने खिड़की तोड़ कर अंदर झांका तो फंदे से लटकता हुआ लाश दिखाई दिया।

उक्त घटना की सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह भी अपने हमराहियों के साथ वहां पहुंच गये। घटना की जानकारी होते ही वहां काफी भीड़ भी जमा हो गई। पुलिस ने शव को उतार कर पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना ध्यक्ष ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मृत्यु के कारण का पता चल सकेगा। लेकिन पुलिस इसमें सभी एंगल से इस मामले का जांच करेगी।

# समाज के उत्थान के लिए शिक्षा ही एक मात्र रास्ता : मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी

**हल्लौर में विद्यार्थी सम्मान समारोह ब्राइट माइंड के तहत मेधावियों का सम्मान**

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** क्षेत्र के कस्बा हल्लौर स्थित इमामबारगाह वक़्फ़ शाह आलमगीर सानी में रविवार देर शाम हल्लौर यूनाइटेड मिशन (हम) के तत्वावधान में ब्राइट माइंड 2025 के नाम से एक गरिमामयी सम्मान समारोह एवं करियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में यूपी बोर्ड, सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड परीक्षाओं के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं को मोमेंटो और बैग देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन साहिल रिजवी ने तिलावत कलाम ए पाक से किया व संचालन असगर जमील ने किया।



रविवार को हल्लौर गांव के मध्य स्थित इमामबारगाह में आयोजित इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में यूपी बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा में प्रदेश में चौथी रैंक हासिल करने वाली असना फातिमा बाराबंकी से चलकर हल्लौर पहुंचीं। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए अपनी कामयाबी के अनुभव और संघर्ष की कहानी साझा की, साथ ही परीक्षा में सफलता के महत्वपूर्ण टिप्स भी दिए। इस अवसर पर मौलाना शहकार हुसैन जैदी ने जोर देकर कहा कि एक जाहिल किसी आलिम के बराबरी नहीं कर सकता चाहे वो कितना ही बड़ा हो। क्योंकि एक शिक्षित आदमी की सोच समाज को और कौम को आगे बढ़ाने में मदद करती है समाज के उत्थान का एकमात्र आधार शिक्षा ही है। उन्होंने कहा कि वह समाज भाग्यशाली है जिसके उत्थान के लिए उसी समाज के सोचने वाले लोग बेहतर कार्य करते हैं। इसी क्रम में शालिनी यूनिवर्सिटी शिमला के मनोविज्ञान एवं विज्ञान केंद्र के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ सैयद मोहम्मद हैदर रिजवी ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में नया उत्साह भर देते हैं। उन्होंने कहा कि लगन और मेहनत से पढ़ाई करके ही छात्र-छात्राएं सम्मानित होते हैं, और विद्यार्थियों की सही मदद उनका उचित मार्गदर्शन ही है।

मुंबई से आए हुए मुंतज़िर रिजवी शानू ने कहा कि हमारा मकसद सिर्फ यह नहीं है कि हम सिर्फ उन बच्चों को सम्मानित करें जो बच्चे टॉप पर रहे हैं जब तक हम निचले पायदान के बच्चों को सम्मानित नहीं करेंगे तब तक हम अपने युवाओं को अपने बच्चों को आगे नहीं बढ़ा सकते हमारा मकसद सभी बच्चो को आगे बढ़ाना है। मुंबई से ही आए हुए नौशाद रिजवी ने कहा कि हमारा मकसद शिक्षा को आगे बढ़ाना है और अपने गांव को और अपनी समाज को एक सही दिशा देना है।

विद्यार्थी सम्मान समारोह में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा विशेषज्ञ पहुंच कर उन्हें उचित मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में जमाल हैदर डॉक्टर हैदर अब्बास ओमान, मुंतज़िर हैदर मुंबई, नौशाद रिज़्वी मुम्बई आयात हुसैन, मसूद हसन, तनवीर रिज़्वी, ताक़ीब रिज़्वी आदि ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए अपने वक्तव्यों के माध्यम से बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए मार्गदर्शन दिया।

कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम के संयोजक मुंतज़िर रिजवी, नौशाद रिजवी और राहिब रिजवी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर तशबीब हसन, पप्पू रिजवी, नावेद रिजवी, नफीस हैदर वकील, रेहान, मुनव्वर रिजवी, महफ़ूज़, काज़िम रज़ा रिजवी, इंतेज़ार हुसैन शबाब, शममू, मोहम्मद हैदर, राजेश पांडेय, आफताब रिज़्वी, हाशिम रिज़्वी वसीम अकरम, हूमी, मकसूद, तनवीर, शाहिद आदि सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# समर कैंप में हिस्सा लेने वाले बच्चों ने किया आईटीआई कॉलेज का दौरा

**भ्रमण से बच्चों को तकनीकी शिक्षा रोजगार परक चीजों के बारे में मिली बेहतर जानकारी**

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** सोमवार को विकासखंड डुमरियागंज के उच्च प्राथमिक विद्यालय कुड़ी उच्च प्राथमिक विद्यालय लोहरौली, कंपोजिट विद्यालय कठवतिया आलम के बच्चे ने समर कैंप के अंतर्गत राजकीय आईटीआई डुमरियागंज का भ्रमण किया। कॉलेज में तमाम तकनीकी पहलुओं से बच्चों को रूबरू कराया गया।

इस भ्रमण से बच्चों को अपनी भविष्य की शिक्षा और कैरियर के बारे में सोचने का मौका दिया उन्हें पता चला कि तकनीकी शिक्षा कैसे एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। बच्चों के साथ उक्त विद्यालयों की शिक्षक/शिक्षिका नीलम गुप्ता, अनुदेशक अवधेश मणि त्रिपाठी, अनुदेशक गुलाम हुसैन शिक्षामित्र मुबीन उपस्थित रहे ।भ्रमण कार्यक्रम में प्रभारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महेंद्र प्रसाद व खंड शिक्षा अधिकारी डुमरियागंज अशोक कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। विभिन्न विद्यालयों के जो बच्चे इस कार्यक्रम में प्रतिभाग किये उन्हें आईटीआई में विभिन्न प्रकार के यान्त्रिक विभागो का भ्रमण कराया गया साथ ही साथ संबद्ध टाटा की आईटीआई जिसमें आईटीआई की नवीन विधाओं का प्रयोग किया गया है। कॉलेज के भ्रमण कार्यक्रम में बच्चों ने विशेष रूचि ली। उपरोक्त टाटा की आईटीआई में इंजन टेक्नोलॉजी, सिमुलेशन, रोबोटिक्स टेक्नोलॉजी जैसे अत्याधुनिक विभाग खोले गए हैं जिनका भ्रमण बच्चों ने किया और अपने उत्सुकता के अनुसार वहां पर पूछताछ किया और जानकारी ली। वहां पर उपस्थित आईटीआई के समस्त स्टाफ ने सभी बच्चों का स्वागत किया और बच्चों को सभी यांत्रिक विषयों में जो भी जानकारी चाहिए थी उपलब्ध कराई। भ्रमण कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक एमआईएस प्रेम प्रकाश चौबे, अमित मिश्रा, गुलाम हुसैन रिजवी आदि मौजूद रहे।

# हल्लौर गांव स्थित निर्माणाधीन मिनी स्टेडियम का डीएम ने किया निरीक्षण



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज विकास खंड के ग्राम हल्लौर में जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर द्वारा गाँव मे निर्माणाधीन मिनी स्टेडियम का निरीक्षण रविवार को साढ़े बारह बजे किया। निरीक्षण के दौरान धीमी कार्य की प्रगति होने के कारण जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर0 द्वारा नाराज़गी व्यक्त की गयी ।

जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान चेंजिंग रूम दर्शक दीर्घा, ओपन जिम और मैदान के समतलीकरण कार्य की स्थिति का जायजा लिया और निर्देश दिया कि स्टेडियम प्रांगण में और मिट्टी डलवा कर ऊँचा कराये। जिससे पानी न रुकने पाए। साथ ही ब्लॉक प्रशासन सहित ग्राम प्रधान को 30 जून तक काम समाप्त करने का निर्देश दिया। वही स्थानीय खिलाड़ियों की मांग पर स्टेडियम में विद्युत कनेक्शन के साथ बड़ी लाईट लगवाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण उपरांत कहा कि कार्य 90 प्रतिशत समाप्त हो चुका है। ऐसे में उन्होंने 30 जून तक समय से निर्माण कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में गांव के सार्वजनिक कब्रिस्तान के सामने स्थित पोखरे के आसपास सफाई एवं सुंदरीकरण कार्य का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान पी डी नागेंद्र मोहन राम त्रिपाठी, वीडियो पंचायत अजय राय मौजूद रहे।

## मकान निर्माण करवा रही महिला पर पड़ोसियों द्वारा जानलेवा हमला

**बसखारी, अम्बेडकरनगर।** कसदहों बोझियाँ गांव में मकान निर्माण करवा रही एक महिला पर पड़ोसियों द्वारा जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ओमकला गोस्वामी पत्नी सुभाष गोस्वामी द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

पीड़िता के अनुसार, जब वह अपने आवास का निर्माण कार्य करवा रही थीं, तब पड़ोसी अद्यया प्रसाद गोस्वामी, हौसिला (पुत्र जयकरन गोस्वामी), पूनम (पत्नी वशिष्ठमणि), सुषमा (पत्नी इन्द्रमणि) तथा शालिनी (पत्नी जितेन्द्र) ने मकान निर्माण का विरोध करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। जब ओमकला ने इसका विरोध किया तो आरोपितों ने मिलकर उसे और उसके बेटों शिवम तथा सचिन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में तीनों को चोटें आई हैं। बसखारी थाना प्रभारी संत कुमार सिंह ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

# स्टाम्प वेंडर्स ज़िलाध्यक्ष के नेतृत्व मे एसडीएम टांडा को छा सूत्रीय मांगपत्र सौंपा

**टांडा (अम्बेडकरनगर)।** उत्तर प्रदेश में कार्यरत स्टाम्प वेंडर्स के भविष्य को सुरक्षित करने और उन्हें सामाजिक व आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में एक अहम पहल करते हुए ऑल यू.पी. स्टाम्प वेंडर्स एसोसिएशन ने सोमवार को टांडा तहसील में उपजिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन प्रदेश सरकार के स्टाम्प एवं निबंधन मंत्री श्री रवीन्द्र जायसवाल को संबोधित किया

ज्ञापन के माध्यम से संगठन ने प्रदेश भर के स्टाम्प वेंडर्स की समस्याओं और भविष्य की अनिश्चितताओं को सामने रखते हुए छह प्रमुख मांगें रखीं, जिनमें उनका आर्थिक हक, स्वास्थ्य सुरक्षा और तकनीकी बदलावों में भागीदारी सुनिश्चित करने की बात प्रमुख रही। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला अध्यक्ष सैयद शाकिर हुसैन के साथ बड़ी संख्या में स्टाम्प वेंडर्स उपस्थित रहे, जिनमें रामू कुमार



अग्रवाल, घनश्याम यादव, शिव शक्ति उपाध्याय, महेश, राम ध्रुप, राम शरण भारती, लाल जी वर्मा, रमेश कुमार, प्रवीण कुमार टंडन सहित अन्य वेंडर्स शामिल थे।

जिला अध्यक्ष ने कहा कि स्टाम्प वेंडर्स प्रदेश की न्यायिक और रजिस्ट्री प्रणाली की रीढ़ हैं, लेकिन तकनीकी बदलाव और योजनाओं की अनदेखी के कारण उनके समक्ष आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने सरकार से मांग की कि इन मांगों पर तत्काल विचार कर नीतिगत निर्णय लिए जाएं, जिससे हजारों स्टाम्प वेंडर्स और उनके परिवारों का भविष्य सुरक्षित हो सके। प्रदेश भर के स्टाम्प वेंडर्स ने सरकार से शीघ्र निर्णय की अपेक्षा जताई है और विश्वास व्यक्त किया है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कार्य कर रही जनकल्याणकारी सरकार उनकी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई करेगी।

### प्रमुख मांगें इस प्रकार हैं

1.स्टाम्प वेंडर्स कल्याण अधिनियम लागू किया जाये जिससे वेंडर्स को एक वैधानिक पहचान और सामाजिक सुरक्षा मिल सके।

2. वेंडर्स को ?250 प्रति लाख का कमीशन सुनिश्चित किया जाए ताकि उनका आर्थिक सशक्तिकरण हो सके।

3. सभी स्टाम्प वेंडर्स को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत लाकर उन्हें व उनके परिवार को निःशुल्क स्वास्थ्य बीमा का लाभ दिया जाए।

4. वेंडर्स को दुर्घटना बीमा योजना से कवर किया जाए, जिससे घटनाओं में उन्हें राहत मिल सके।

5. छोटे लेनदेन के लिए जरूरी फिजिकल स्टाम्प पेपर एवं कोर्ट फीस पेपर की उपलब्धता बनी रहे।

6. बदलती तकनीक के दौर में वेंडर्स को ई-रजिस्ट्री, पीपीपी मॉडल और निबंधन मित्र जैसी योजनाओं में भागीदारी दी जाए।

## बुज़ुर्ग की तेज़ रफ्तार आर्टिगा ने ली जान

**अम्बेडकरनगर।** जैतपुर थाना क्षेत्र के गोविंदपुर गांव के पास सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 67 वर्षीय बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक विक्रमादित्य, निवासी महमूदपुर, सुबह करीब पांच बजे शौच के लिए जलालपुर-रामगढ़ सड़क मार्ग पर स्थित प्राथमिक विद्यालय गोविंदपुर के पास जा रहे थे। तभी पश्चिम दिशा से आ रही तेज रफ्तार अर्टिगा गाड़ी ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि गाड़ी भी अनियंत्रित होकर पलट गई और विक्रमादित्य की मौके पर ही मौत हो गई।

सूचना मिलते ही जैतपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया गया है।मृतक के छोटे भाई राममिलन ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि अर्टिगा गाड़ी को कुनाल सिंह, निवासी कोपा, लापरवाही पूर्वक और अत्यधिक तेज गति से चला रहा था, जिससे यह हादसा हुआ।

# मार्ग दुर्घटना में मामा की मौत भांजा घायल

अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** शिवनगर डिंडई थाना अंतर्गत टोल प्लाजा के दक्षिण दानोकुंइया गाँव के सामने बाइक द्वारा बांसी की ओर से रुधौली की ओर जा रहे 55 वर्षीय मामा की मार्ग दुर्घटना में मृत्यु हो गई तथा 22 वर्षीय भांजा गंभीर रुप से घायल है। घटना सोमवार पूर्वान्ह 09 बजे के आसपास की है।

विजय रावत पुत्र रामकुमार निवासी अशोकनगर थाना बांसी सोमवार सुबह अपने भांजे अंकित रावत पुत्र रामतिलक निवासी सोनबरसा थाना सोनहा जनपद बस्ती के साथ बाइक द्वारा बांसी से सोनबरसा वरीच्छा कार्यक्रम में जा रहे थे।

बताया जाता है कि बेलगडा स्थित टोलप्लाजा के दक्षिण दानोकुंइया गाँव के सामने बाइक व ट्रक की भिडन्त हो गई। ट्रक व बाइक की भिडन्त में मामा



विजय रावत की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई, गंभीर रुप से घायल अंकित रावत को एम्बूलेंस द्वारा सीएचसी मिठवल पहुंचाया गया जहां से घायल को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।इस बात थानाध्यक्ष शशांक सिंह ने कहा है कि मृतक विजय रावत उपरोक्त के शव को कब्जा पुलिस में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। विजय रावत की बांसी रोडवेज के दक्षिण गेट के दक्षिण चाय की दूकान है। भांजा अंकित भी दूकान के कार्य में हाथ बंटाता था।

# बच्चों को धर्म का दिया जाना चाहिए ज्ञान : अशोक दास

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** उसका बाज़ार विकास क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तिघरा में आयोजित 9 दिवसीय संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा में अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास भागवत भूषण पंडित अशोक दास जी महाराज ने कहा कि भक्त प्रह्लाद ने माता कयाधु के गर्भ में ही नारायण नाम का मंत्र सुना था। जिसके सुनने मात्र से भक्त प्रह्लाद के कई कष्ट दूर हो गए थे। कथा का आगाज गुरु वंदना के साथ किया गया। उन्होंने कहा कि बच्चों को धर्म का ज्ञान बचपन में दिया जाता है, वह जीवन भर उसका ही स्मरण करता है। ऐसे में बच्चों को धर्म व आध्यात्म का ज्ञान दिया जाना चाहिए।

माता-पिता की सेवा व प्रेम के साथ समाज में रहने की प्रेरणा ही धर्म का मूल है। अच्छे संस्कारों के कारण ही ध्रुव जी को पांच वर्ष की आयु में भगवान का दर्शन प्राप्त हुआ। इसके साथ ही उन्हें 36 हजार वर्ष तक राज्य भोगने का वरदान प्राप्त हुआ था। ऐसी कई मिसालें हैं, जिससे सीख लेने की



जरूरत है। इस दौरान जापक शुभम कुमार उपाध्याय तथा संकीर्तन मंडली के सदस्यों ने वातावरण को संगीतमय बनाते हुए राजन तिवारी, चन्दन दास व शुभम मिश्र ने प्रभु महिमा का भजन के माध्यम से गुणगान किया। उन्होंने कई मनमोहक भजन प्रस्तुत किए। दिन की बेला में तिघरा निवासी पं दयानन्द दूबे जी द्वारा श्रीमद्भागवत का विधिवत पाठ व व्याख्यान किया जा रहा है।

भागवत भूषण अशोक दास जी महराज ने ध्रुव, प्रह्लाद और नरसिंह अवतार जैसे महत्वपूर्ण प्रसंगों का वर्णन किया। कहा कि इनका चरित्र सुनने से भक्तों को प्रेरणा मिलती है और उनके मन में भगवान के प्रति श्रद्धा और प्रेम बढ़ता है। महाराज जी ने भगवान के विभिन्न अवतारों के बारे में भी चर्चा किया और उनकी लीलाओं का वर्णन किया। भक्तों को भक्ति और ज्ञान के महत्व के बारे में बताया और उन्हें अपने जीवन में इन मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान मुख्य यजमान श्रीमती कमलावती देवी एवं पं जनार्दन दूबे सहित श्रीमती जानकी देवी एवं पं गिरजा प्रसाद दुबे व आयोजक श्रीमती नीलम एवं नरेन्द्र दूबे, श्रीमती कीर्ति एवं मानवेन्द्र दूबे, अमरेन्द्र दूबे तथा पं अशोक दूबे, परशुराम दूबे, श्रीमती पूजा त्रिपाठी, श्रीमती नीलम, श्रीमती विमलेश एवं धर्मेन्द्र जी दूबे, रुची, अर्पित, अर्पिता, अच्युत द्विवेदी (अंश) व बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी रही।

## लावारिश महिला का अंतिम संस्कार, राजकुमार पाण्डेय ने निभाया मानवता का फर्ज

अवधनामा संवाददाता

**गौर, बस्ती।** गौर विकास खंड के चनईपुर गांव में एक हृदयस्पर्शी घटना ने मानवता की मिसाल पेश की है। एक 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला, जिसे उसके बड़े बेटे धनंजय चौहान ने सात दिन पहले बस्ती रेलवे स्टेशन पर लावारिश छोड़ दिया था, का आज जिला अस्पताल में निधन हो गया।

इस दुखद घटना के बाद, जब पड़ोसियों ने अंतिम संस्कार से इंकार कर दिया, तब पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमार पाण्डेय ने पंडित अर्जुन त्रिपाठी के सहयोग से हिंदू रीति-रिवाजों के साथ मूड़घाट पर महिला का अंतिम संस्कार कर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। जानकारी के अनुसार, बुजुर्ग महिला चलने-फिरने में असमर्थ थी और उसका बड़ा बेटा, जो नशे का आदी बताया जा रहा है, उसे रेलवे स्टेशन पर छोड़कर फरार हो गया। एक नेकदिल व्यक्ति ने महिला को बस्ती जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। महिला



का छोटा बेटा विदेश में रहता है, और पड़ोसियों द्वारा अंतिम संस्कार में सहयोग न करने के कारण स्थिति जटिल हो गई थी। ऐसे में, सामाजिक संगठन साथी हाथ बढ़ाना के फाउंडर और पत्रकार राजकुमार पाण्डेय ने मानवता का परिचय देते हुए जिम्मेदारी संभाली। उन्होंने पंडित अर्जुन त्रिपाठी जी महाराज के साथ विचार-विमर्श कर मूड़घाट पर हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार महिला का अंतिम संस्कार किया। इस कार्य में उन्होंने जाति, पंथ और मजहब की दीवारों को तोड़कर मानवता को सर्वोपरि रखा। राजकुमार पाण्डेय ने कहा, ÷यह हमारा कर्तव्य है कि हम उन लोगों के साथ खड़े हों, जिन्हें समाज ने ठुकरा दिया। इस बुजुर्ग मां को सम्मानजनक विदाई देना हमारी नैतिक जिम्मेदारी थी।

## पिकप वाहन मे मांस की सूचना ग़लत निकली

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** जलालपुर क्षेत्र मे पिकअप वाहन में मांस होने की सूचना मिलते ही पुलिस के हाथ पांव फूल गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने जब मामले की छानबीन किया तो पता चला कि इस वाहन में मांस नहीं है बल्कि कुर्बानी किए गए पशुओं के खाल है।

मामला जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के पंथीपुर गांव के पास की है शनिवार करीब 4÷30 बजे बसखारी की तरफ से एक पिकअप वाहन जलालपुर आ रही थी तभी पंथीपुर गांव के पास पिकअप वाहन का पिछला एक पहिया पंचर हो गया ड्राइवर ने गाड़ी खड़ी कर दूसरी गाड़ी से भाग निकला तभी वहां तमाम लोग एकत्रित हो गए पिकअप वाहन से खून निकलता देख लोगों ने मांस की आशंका जताते हुए जलालपुर कोतवाल को सूचित किया आनन फानन में पुलिसकर्मी व कोतवाल मय फोर्स के साथ पहुंच गये जांच पड़ताल कर ही रहे थे कि तभी पिकअप चालक भी आ गया पुलिस ने उससे पूछताछ शुरू किया तो उसने बताया कि मेरा नाम नौशाद है अलीगंज टांडा का रहने वाला हूं।

# नंदीश्वर महाराज के मूर्ति की की गई प्राण प्रतिष्ठा

अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** क्षेत्र के पिपरा फरदंग गांव के फलाहारी आश्रम वईनेश्वर महादेव मठ पर सोमवार को काशी के वैदिक मण्डली एवं क्षेत्रीय विद्वानों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ नंदीश्वर महाराज के मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। इसमें क्षेत्रीय लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कलश यात्रा वईनेश्वर महादेव स्थान से शुरू होकर बिशुनपुर मुस्तहकम होते हुए राप्ती नदी के तट पर पहुंची। जहा काशी से पधारे आचार्य पंडित विजय शंकर शास्त्री की वैदिक मंडली व क्षेत्रीय विद्वानों द्वारा मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल भरवारा गया।

पुनः राप्ती नदी के तट से वापस मठ पहुंचकर आचार्य विजय शंकर



शास्त्री ने सभी कलशों को मंदिर में स्थापित करवाया। मठ के मठाधीश श्री श्री स्वामी जी महाराज एवं मंदिर के मुख्य पुजारी श्री स्वामी जगन्नाथ नंद सरस्वती द्वारा नंदीश्वर महाराज की मूर्ति को अन्न एवं फल से ढका गया।

तत्पश्चात विद्वानों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अरडी मंथन द्वारा हवन कुंड में अग्नि देवता को प्रकट किया गया। उसके बाद हवन कुंड में आहुति डाली गई। श्री स्वामी जी महाराज ने बताया कि मंगलवार को मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें क्षेत्रवासी प्रसाद ग्रहण करेंगे। इस दौरान उमाकांत पाण्डेय, सतीश चंद पाण्डेय, मिश्रा जी, गिरिजापति उपाध्याय, देवेंद्र राय, मनोज पाण्डेय, कुलदीप सहित तमाम क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## परिवारिक विवाद मे पति पत्नी को पड़ोसियों ने पीटा

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** जैतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पक्खनपुर विछैला गांव में एक पारिवारिक विवाद के बीच पहुंचे पड़ोसियों ने पति पत्नी की पिटाई कर दी। शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मारपीट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

बीते 6 जून की रात करीब 10 बजे गांव निवासी मुन्नाप्रसाद यादव और उनकी पत्नी कविता के बीच बातचीत चल रही थी। इसी दौरान पड़ोसी अंकुश यादव, उनकी मां शीला और बहनें प्रतिभा व पूजा वहां पहुंच गए। आरोप है कि पहले उन्होंने गाली-गलौज की। विरोध करने पर चारों ने कविता पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। जब मुन्नाप्रसाद ने अपनी पत्नी को बचाने की कोशिश की, तो उन पर भी हमला किया गया। इस हमले में मुन्नाप्रसाद के सिर में चोटें आईं। पीड़ित का आरोप है कि विपक्षी लोग पहले भी उनसे मारपीट कर चुके हैं। शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध घर में घुसकर मारपीट करने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# ईद उल अज़हा का पर्व सकुशल सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** ईद-उल-अजहा का त्योहार नगर व क्षेत्र में परम्परागत तरीके से मनाया गया। सुबह नगर की सभी मस्जिदों व ईदगाहों में ईद-ए-कुर्बा की नमाज़ अदा की गई, उसके बाद जानवरों की कुर्बानी का सिलसिला चल पड़ा।उर्दू बाजार स्थित जामा मस्जिद में सुबह सबसे पहले 6÷30 बजे मौलाना नजीबुल्लाह ने नमाज़ अदा कराई। उन्होंने लोगों से सच्चाई के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इसके बाद मगुराडिला स्थित नयी ईदगाह में कारी मोहम्मद जकरिया ने नमाज अदा कराई। वाजिदपुर स्थित पुरानी ईदगाह पर कारी मोहम्मद तैयब की कयादत में ईद -ए-कुर्बा का नमाज़ अदा की गई।

नमाज़ के बाद लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी। सराय चौक स्थित वक्फ मस्जिद रौज-ए-हजरत कासिम में ईद की नमाज मौलाना रहबर रज़ा सुल्तानी की कयादत में अदा की गई। जाफराबाद स्थित बड़ी मस्जिद में मौलाना मीसम रज़ा ने नमाज़ पढ़ाई।पुरानी ईदगाह के समीप लगे मेले में बच्चों ने मेले का लुत्फ उठाया।मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में पूरे दिन दावतों का दौर चलता रहा।ईद के मौके पर मशहूर खास व्यंजन सेवई का लोगों ने खूब लुत्फ उठाया। त्योहार को सकुशल संपन्न कराने में उपजिलाधिकारी पवन कुमार जायसवाल,पुलिस क्षेत्राधिकारी अनूप शुक्ल, कोतवाल संतोष सिंह दलबदल के साथ मुस्तैद रहे। इसी क्रम मे टांडा नगर के ईदगाह व



मुबारकपुर ईदगाह मे बड़ी संख्या मे लोगों ने ईद उल अज़हा की नमाज़ अदा की तो वहीं मस्जिद राजा साहब टांडा मे ईद उल अज़हा की नमाज़ मोहम्मद रज़ा ने बड़ी संख्या मे लोगो को अदा करवायी और नमाज़ के अन्त मे देश के अमन चैन के लिये दुआ करवायी इस दौरान राजा काज़िम रज़ा ने सभी को ईद उल अज़हा की मुबारकबाद पेश की।

# विराट का विराट प्रदर्शन

आरसीवी 18 साल से ख्वाब देख रहा था जिसे विराट 43 रन बनाकर पूरा कर दिया। श्रेयस मजबूत बैटर है पर एक ही रन पर उनका आउट हो जाना उनकी टीम को निराशा में डाल दिया और पंजाब टीम को उत्साह से लबरेज कर दिया। कोहली ने महत्वपूर्ण पारी खेल पंजाब के हरा टूर्नामेन्ट का सरताज बना दिया। मुझे इस मैच में मीडिया को श्रेयस के साथ किये ब्योहार पर दुख होता है। उनकी टीम भले ही हार गयी श्रेयस एक रन पर आउट हो गये पर टीम का इस स्थान तक पहुंचना कम उपलब्धि नहीं थी पर मीडिया ने श्रेयस को पूरी तरह नजरन्दाज किया। यह बहुतों को अच्छा नही लगा होगा। आरसीबी 6 रन से यह ट्राफी जीत ली जो हर टीम और खिलाडी का सपना होता है।

आरसीबी को 18 सला के इन्तजार के बाद ट्राफी दिलाकर कोहली खुशी से अति भावुक हो गये। क्रीज पर ही माथा टिका कर आसूओं की गंगा बहा दी। उनके फेन खुशी से उछल रहे थे और कुछ खुशी से रो भी रहे थे। नाटककार शेक्सपीयर ने कहा है टेऊ्डी इज कमेडी एन्ड कमेडी इज टेऊ्डी वह देखने को मिल रहा था। कोहली अपने हर चाहने वालों से भरी आंखो से मिल रहे थे, पत्नी को देख दौडकर गले मिलते हुये आंसू बहा रहे थे पत्नी बाल थपथपा कर अपनी खुशी जाहिर कर रही थी और उन्हें चुप करा रही थी। आरसीबी के तीने खिलाडी काईल, जेबीसन और स्पिनर युजवेन्द्र चहल अनकपैड पेसर विजय कुमार विशाखा अर्शदीप सिंह ने पारी के अन्तिम ओवर में तीन वीकेट लिये। डेथ आवर में 200 करीब को स्ट्राइक रेट रखने वाले जितेन्द्र शर्मा के गेदो पर बनाये गये 24 रन और कोहली के बनाये गये 43 रन की एक पारी के बल पर मैच को अपने कब्जे में कर लिया। पंजाब साफ्ट पिच देखते हुये लक्ष्य पंजाब के पकड़ में आ रही थी। हैजल उड़ने अपने दूसरी पारी के पांचवे ओवर में प्रियांश के आउट कर दिया और पंजाब के टीम में अपने लिये आसान राह बनाली। नौवे ओवर में कुणाल पान्डया ने प्रयासिमरन सिंह को आउट कर दिया। सारे बालरों में शेफर्ड अपना बड़ा ओवर लेकर आये और अपनी दसवीं ओवर की चौथी गेंद पर पंजाब के कप्तान श्रेयर अय्यर को वीकेट कीपर के हाथों एक ही रन पर कैच आउट करवा दिया। इस वीकेट के गिरते ही स्टेडियम में शोर उठा और आरसीबी को अपना ख्वाब पूरा होता नजर आया। फाइनल मुकाबले में टास जीतने के साथ किंग्स के कप्तान ने एक सीजन में सबसे ज्याद बार टास जीतने की बराबरी कर ली। इससे पहले सिर्फ तीन बार ऐसा हुआ है। साल 2013 में केकेआर ने और एमआई ने इतने बार टास्क जीता है। फाइनल मे टास जीतने के बाद सात बार टीमों ने खिताबी जीत में हासिल कर ट्राफी पर कब्जा जमाया है। 11 बार ट्राफी पर कब्जा फाइनल में टास गवाने वाली टीम ने कब्जा जमाया है।

पहले ओवर पर सभी की निगाहें है इसलिये थी कि फिल साल्ट अर्शदीप सिंह आमने सामने थे। अर्शदीप ने इससे पहले साल्ट के अर्शदीप में साल्ट को नौ पारियों में से चार में आउट किया था। यह है आंकड़ों का जाल जो खिलाड़ियों का मार्ग दर्शन भी करता है दर्शक में उत्तेजना भरता है। इस बार पहले ओवर की पहली गेद बाइड हो गयी थी। साल्ट ने माप लिया अर्शदीप दबाव में है। इसका फायदा उठा साल्ट ने पहले ही ओवर सिक्स फोर जड़ते हुये रन खीच लिये। आईपीएल के फाइनल इतिहास में सबसे मंहगा ओवर डाला। आने वाले आईपीएल में क्या कया होता है देखते जाइये। आरसीबी और कोहली को बधाइयां और शुभ कामनायें आरसीबी के 18 साल के सपने सकार होने की यह कहानी बन जायेगी कहा जायेगी सुनी जायेगी।

# अहिल्याबाई का 'विरासत पथ' बना मोहन का 'विकास पथ'

**हर्षवर्धन पान्डे**

लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर को सुशासन, नारी सशक्तिकरण और जनकल्याण की प्रतीक माना जाता है। अपने शासनकाल में जनकल्याण और समावेशी विकास की ऐसी मिसाल कायम की जो आज भी समाज के लिए प्रेरणादायी है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उनकी इस विरासत को न केवल संरक्षित करने का संकल्प लिया है, बल्कि इसे आधार बनाकर प्रदेश को विकास के नए आयामों तक ले जाने का मार्ग प्रशस्त किया है।

लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने अपने शासनकाल में सुशासन की अनूठी मिसाल प्रस्तुत की। उन्होंने न केवल प्रशासनिक दक्षता और न्यायप्रियता का परिचय दिया, बल्कि समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए अनेक कार्य किए। मंदिरों, घाटों, सरायों और जल संरक्षण परियोजनाओं के निर्माण के माध्यम से उन्होंने सामाजिक, सांस्कृतिक अभ्युदय को बढ़ावा दिया। उनकी यह विरासत आज भी मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक और सामाजिक पहचान का आधार है जिसे प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव अपने विजन से नई दिशा दे रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अहिल्याबाई की 300वीं जयंती के अवसर पर उनके कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने और उनके आदर्शों को विकास नीतियों में समाहित करने का संकल्प लिया है। अहिल्याबाई की पुण्य गाथा से आज पूरा प्रदेश सरोबार रहा है जिसके चलते उनके कार्यों की जानकारी आम आदमी तक पहुंच रही है। डॉ. मोहन यादव की सरकार ने %विरासत के साथ विकास% के मंत्र को अपनाते हुए मध्यप्रदेश को एक समृद्ध और सशक्त राज्य बनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उनकी नीतियां और योजनाएं न केवल आर्थिक विकास पर केंद्रित हैं, बल्कि आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण को भी प्राथमिकता देती हैं। महिलाओं को सशक्त बनाने का जो संकल्प लोकमाता लिया था, उसे डॉ. मोहन यादव की सरकार %देवी अहिल्या नारी सशक्तिकरण मिशन% के माध्यम से साकार कर रही है। यह मिशन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के %ज्ञान% (गरीब, युवा, अन्नदाता, नारी) मंत्र से प्रेरित है। इस मिशन के तहत बालिका शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, और आर्थिक स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए योजनाएं जैसे लाड़ली लक्ष्मी, लाड़ली बहना, लखपति दीदी और महिला स्व-सहायता समूहों का सशक्तिकरण लागू किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त प्रदेश के अनेक धार्मिक स्थलों पर शराबबंदी जैसे कदम उठाए गए हैं।

अहिल्याबाई के शासनकाल में कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक दक्षता का विशेष महत्व था। डॉ. मोहन यादव ने इस विरासत को आगे बढ़ाते हुए ई-गवर्नेंस की सुशासन प्रणालियों को प्रदेश में बेहतर ढंग से लागू किया है। उनकी सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए जनकल्याण पर्व जैसे अभियान शुरू किए हैं जिनमें शिविरों के माध्यम से योजनाओं का लाभ वंचित वर्गों तक पहुंचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महारानी अहिल्या के शासनकाल के फैसले, नीतियों से प्रेरित होकर अपनी कैबिनेट की बैठक इंदौर के राजबाड़ा में रखी जिसमें अहिल्याबाई की दूरदृष्टि से प्रेरित होकर प्रदेश के विकास के लिए कई निर्णय लिए गए जिसमें 3876 करोड़ रु. की सौगात प्रदेश को दी गई। मोहन सरकार की मौजूदा नीतियों में शामिल सुशासन, जनसुनवाई और महिला सशक्तिकरण उन्हीं से प्रेरित है।डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को संरक्षित करने के लिए कई पहल की हैं। अहिल्यादेवी द्वारा निर्मित मंदिरों, धर्मशालाओं और अन्य सामुदायिक संरचनाओं के रखरखाव के लिए अन्य राज्यों के साथ समन्वय स्थापित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, श्रीराम वन गमन पथ, श्रीकृष्ण पाथेय, और सिंहस्थ 2028 जैसे आयोजनों के लिए विशेष बजट प्रावधान किए गए हैं। ये प्रयास न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देंगे, बल्कि स्थानीय रोजगार के अवसर भी सृजित करेंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**भारत की यह विकास यात्रा डिजिटल रूप से भी क्रांतिकारी रही है। डिजिटल इंडिया अभियान ने देश को तकनीकी रूप से सक्षम बनाया और यूपीआई ने आज भारत को दुनिया में सबसे अधिक डिजिटल लेन-देन करने वाला देश बना दिया है। आधार, मोबाइल और जनधन की 'त्रिमूर्ति' ने डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर को सहज बनाते हुए भ्रष्टाचार और बिचौलियों की भूमिका को लगभग समाप्त कर दिया। इससे सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे पात्र व्यक्ति तक पहुँच रहा है। महिला सशक्तिकरण नरेन्द्र मोदी सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में रहा।**

# संकल्प से सिद्धि : नए भारत की विकसित तस्वीर

वर्ष 2014 में जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की बागडोर संभाली, तब भारत एक अहम मोड़ पर खड़ा था। एक ऐसा देश, जहां आकांक्षाएं तो थीं लेकिन उनके पूरे होने की दिशा स्पष्ट नहीं थी। लेकिन बीते 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने जिस दिशा और गति से विकास की यात्रा तय की है, वह आज 'न्यू इंडिया' के रूप में दुनिया के सामने खड़ा है। आज भारत आत्मविश्वास से भरा, आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर और वैश्विक मंच पर अपनी स्पष्ट आवाज रखने वाला राष्ट्र है। इस बदलाव की शुरुआत गरीबों के जीवन स्तर को सुधारने से हुई। आजादी के छह दशकों बाद भी भारतवासी घर, शौचालय, जल और स्वास्थ्य सुविधाओं जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहे। इस दिशा में पहल करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना और स्वच्छ भारत अभियान के तहत करोड़ों गरीब परिवारों को पक्के घर और शौचालय बनाकर दिए गए। उज्ज्वला योजना के माध्यम से निशुल्क गैस कनेक्शन देकर करोड़ों महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाई जबकि आयुष्मान भारत जैसी स्वास्थ्य योजनाओं ने गरीबों को 5 लाख तक की बीमा सुरक्षा देकर उन्हें आर्थिक आपदा से बचाया। हर घर जल अभियान के माध्यम से करोड़ों ग्रामीण परिवारों को नल से जल उपलब्ध कराया गया। ये योजनाएं सिर्फ कागजों की नीतियां नहीं, बल्कि जमीनी हकीकत में तब्दील होकर आम जनजीवन को बदल चुकी हैं। जन धन योजना के माध्यम से आजादी के बाद पहली बार करोड़ों भारतीयों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा गया, जिससे देश में आर्थिक समावेशन को मजबूती मिली है। बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में भी भारत ने ऐतिहासिक प्रगति की है। जिन गांवों में कभी बिजली और पक्की सड़कें एक सपना हुआ करती थीं, वहाँ अब सोलर लाइटें जलती हैं। दूर-दराज गांवों की राष्ट्रीय राजमार्गों से कनेक्टिविटी सुनिश्चित की जा चुकी है। शहरों में स्मार्ट सिटी मिशन और मेट्रो परियोजनाओं ने जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार किया है। भारत की यह विकास यात्रा डिजिटल रूप से भी क्रांतिकारी रही है। डिजिटल इंडिया अभियान ने देश को तकनीकी रूप से सक्षम बनाया और यूपीआई ने आज भारत को दुनिया में सबसे अधिक डिजिटल लेन-देन करने वाला देश बना दिया है। आधार, मोबाइल और जनधन की 'त्रिमूर्ति' ने डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर को सहज बनाते हुए भ्रष्टाचार और बिचौलियों की भूमिका को लगभग समाप्त कर दिया। इससे सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे पात्र व्यक्ति तक पहुँच रहा है। महिला सशक्तिकरण नरेन्द्र मोदी सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में रहा। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान से लेकर मातृत्व अवकाश में वृद्धि और सुकन्या समृद्धि योजना जैसी योजनाओं ने महिलाओं और बेटियों



पीयूष गोयल



को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त किया है। एनडीए और भारतीय सेना में महिलाओं को स्थायी कमीशन जैसी पहलों ने यह साबित किया कि सरकार के लिए महिला सशक्तिकरण केवल स्लोगन नहीं, बल्कि नीति और नीयत दोनों का हिस्सा बन चुका है।

कृषि प्रधान देश होने के बावजूद देश का कृषि क्षेत्र लंबे समय तक उपेक्षित रहा, सरकारों के तमाम कागजी दावों के उलट स्थिति ये थी कि किसान खेती छोड़कर नौकरी के लिए पलायन करने को मजबूर थे। बीते एक दशक में कृषि क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन आए। आज पीएम किसान सम्मान निधि के माध्यम से देश के हर छोटे किसान को प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता दी जा रही है। फसल बीमा योजना, ई-नाम पोर्टल, माइक्रो सिंचाई योजनाएं, और ड्रोन टेक्नोलॉजी के प्रयोग ने कृषि को सिर्फ उपज की दृष्टि से नहीं, बल्कि आय के स्रोत के रूप में मजबूत किया गया है। इसी तरह शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में भी कई ऐतिहासिक पहल की गई। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से स्कूली शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक में गुणात्मक परिवर्तन आए। मातृभाषा में पढ़ाई को बढ़ावा, कौशल आधारित शिक्षा और डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म जैसे दीक्षा, स्वयम, और पीएम ई-विद्या ने शिक्षा को अधिक सुलभ और समावेशी बनाया है। स्किल इंडिया के अंतर्गत लाखों युवाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण दिया गया है, जिससे युवा अब नौकरी मांगने वाले नहीं, देने वाले बन रहे हैं।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में भारत ने कोविड-19 महामारी के दौरान जो साहसिक और तेज़ निर्णय लिए, वे पूरी दुनिया में सराहे गए। स्वदेशी वैक्सीन निर्माण और कोविन पोर्टल का सफल संचालन यह दर्शाता है कि भारत अब केवल उपभोक्ता नहीं, तकनीक और विज्ञान का निर्माता भी है। साथ ही फिट इंडिया, योग दिवस और आयुष मंत्रालय की सक्रियता ने भारतीय जीवनशैली को फिर से प्रासंगिक बनाया है। प्रधानमंत्री मोदी की 'लोकल को ग्लोबल' बनाने की दूरदर्शी सोच ने मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान के माध्यम से घरेलू उद्योगों और नवाचारों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में उतारने की शक्ति दी है। भारत आज तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है, और पीएलआई स्कीम जैसे प्रोत्साहनों मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोटिव और रक्षा विनिर्माण में भी भारत आत्मनिर्भर बनता जा रहा है।

दशकों तक बुनियादी ढांचा निर्माण के क्षेत्र में उस प्रगति से कार्य नहीं हुए जिसकी देश को जरूरत थी। बीते एक दशक में भारत माला, सागर माला, और उड़ान जैसी योजनाओं ने देश के दूरस्त इलाकों को सड़क, रेल, जल और वायु मार्गों से जोड़ने में नई ऊंचाई दी है। वंदे भारत ट्रेनें, बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट और रेलवे के विद्युतीकरण से न केवल यात्रा की गति बढ़ी है, बल्कि यात्रा को पर्यावरण के अनुकूल भी बनाया गया है। रक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में भी भारत ने अभूतपूर्व आत्मनिर्भरता दिखाई है। दशकों से लंबित वन रैंक, वन पेंशन लागू हुआ, ब्रह्मोस, आकाश जैसे रक्षा उपकरणों से सेनाओं की न सिर्फ़ ताकत बढ़ी बल्कि भारत दुनिया में हथियार निर्यात भी कर रहा है। विक्रांत का निर्माण, अग्नि मिसाइलों की श्रृंखला और सीमा पर तेजी से इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण भारत की सुरक्षा प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। एक ओर जहां आर्थिक और तकनीकी विकास हुआ, वहीं सांस्कृतिक और धार्मिक पुनर्जागरण ने भी समाज में नई चेतना पैदा की है। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम, महाकाल लोक और केदारनाथ पुनर्निर्माण जैसे प्रकल्पों ने सांस्कृतिक आस्था को सम्मान और भव्यता दोनों दिए है। योग दिवस को वैश्विक मान्यता दिलाकर भारत ने पूरी दुनिया को भारतीय दर्शन से जोड़ने का भी कार्य किया है। स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में स्वच्छ भारत मिशन ने समाज में जागरूकता की नई क्रांति लाई। भारत अब नेट जीरो 2070 के लक्ष्य की ओर कार्यरत है, और सौर ऊर्जा व इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

# मोदी का 11वां साल : भारत के बदलाव में एक बड़ी उपलब्धि

**आतंकवादियों के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति से संबंधित प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता पहलगाम हमले के बाद त्वरित प्रतिक्रिया में स्पष्ट थी, जहां आतंकवादियों ने निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाया था। देश ने नुकसान पर शोक व्यक्त किया, लेकिन एकजुट होकर ऑपरेशन सिंदूर को सटीकता और दबदबे के साथ अंजाम दिया, जिससे उसके आतंकवाद से लड़ने और अपने नागरिकों की रक्षा करने के संकल्प की पुष्टि हुई।**

लोकतंत्रों से अपेक्षा की जाती है कि वे वंचितों और अल्पवंचितों तक सेवाओं और सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करने में उच्च मानकों पर खरे उतरें। भारत में यह कसौटी और भी कठोर है। कोई भी नारा बिना उद्देश्य के और कोई भी दावा बिना परिणाम के नहीं टिकता। वास्तविक बदलाव का फायदा समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए, क्योंकि हमारे लोकतंत्र में, अंत्योदय (समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान) के लिए वोट किया जाता है। यही कारण है कि मोदी 3.0 के एक वर्ष में, दिल्ली, महाराष्ट्र और हरियाणा में मिले शानदार जनादेश केवल राजनीतिक उपलब्धि नहीं हैं, बल्कि वे इस बात की पुष्टि करते हैं कि आज के भारत में, बयानबाजी नहीं, बल्कि काम करके भरोसा जीता जाता है।



हरदीप एस पुरी

अंत्योदय के माध्यम से सर्वोदय के दर्शन पर आधारित कार्यक्रम यह सुनिश्चित करते हैं कि देश के विकास में कोई भी भारतीय पीछे न छूट जाए। 25 करोड़ से अधिक लोगों को कई तरह की गरीबी से बाहर निकाला गया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) के माध्यम से 11 करोड़ से अधिक किसानों को 3.68 लाख करोड़ से अधिक वितरित किए गए हैं। लखपति दीदी पहल ने एक करोड़ से अधिक ग्रामीण महिलाओं को सालाना 1 लाख से अधिक आय प्राप्त करने का अधिकार दिया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लगभग 3 करोड़ घरों को मंजूरी दी गई है। जल जीवन मिशन के तहत, 15.44 करोड़ से अधिक ग्रामीण घरों में नल के पानी के कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं। 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी नागरिकों को प्रति वर्ष 5 लाख रुपये का निःशुल्क स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करने के लिए, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) का विस्तार किया गया है, चाहे उनकी आय कुछ भी हो। इससे लगभग 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को लाभ होने की उम्मीद है, जिससे उन्हें व्यापक स्वास्थ्य सेवा और वित्तीय सुरक्षा मिलेगी। इसके अलावा, इस योजना का विस्तार करके अग्रिम पंक्ति के सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को भी इसमें शामिल किया गया। ये चौंका देने वाले आंकड़े केवल आंकड़े नहीं हैं, बल्कि लाखों भारतीय घरों में बदलाव की कहानियां हैं।

आतंकवादियों के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति से संबंधित प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता पहलगाम हमले के बाद त्वरित प्रतिक्रिया में स्पष्ट थी, जहां आतंकवादियों ने निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाया था। देश ने नुकसान पर शोक व्यक्त किया, लेकिन एकजुट होकर ऑपरेशन सिंदूर को सटीकता और दबदबे के साथ अंजाम दिया, जिससे उसके आतंकवाद से लड़ने और अपने नागरिकों की रक्षा करने के संकल्प की पुष्टि हुई। दुनिया ने प्रधानमंत्री मोदी के मजबूत और निर्णायक नेतृत्व द्वारा समर्थित भारतीय रक्षा बलों की तकनीकी और रणनीतिक श्रेष्ठता देखी है।



दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति आत्मनिर्भरता के लिए रणनीतिक निवेश से मेल खाती है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की व्यापक सटीकता, आंशिक रूप से कई वर्षों तक स्वदेशी रक्षा क्षमता पर लगातार ध्यान केंद्रित करने के कारण सक्षम हुई। 2014 के बाद, भारत के रक्षा विनिर्माण का तेजी से आधुनिकीकरण हुआ है, निर्यात में भारी बढ़ोतरी हुई है। यह परिवर्तन अचानक नहीं हुआ है। आत्मनिर्भर भारत मिशन के तहत, रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया (डीएपी), रक्षा उत्पादन और निर्यात प्रोत्साहन नीति (डीपीईपीपी) जैसे प्रमुख सुधार और कुछ क्षेत्रों के लिए 100 फीसदी एफडीआई खोलने से घरेलू कंपनियों को फलने-फूलने में मदद मिली है। ड्रोन और उसके कलपुर्जों के लिए दो विशेष पीएलआई योजनाओं की शुरुआत से अगली पीढ़ी के नवाचार को और भी बढ़ावा मिला है। आज, भारत द्वारा डिजाइन की गई मिसाइल प्रणाली, बख्तरबंद वाहन और नौसैनिक प्लेटफॉर्म न केवल हमारी सेनाओं में तैनात हैं, बल्कि 80 से अधिक देशों को निर्यात किए गए हैं। इससे ऐसे समय में क्षेत्रीय सुरक्षा प्रदाता के रूप में भारत की छवि मजबूत हुई है, जब विश्वसनीय रक्षा भागीदारों पर वैश्विक भरोसा बहुत अधिक है।

विनिर्माण इसी नजरिये के केंद्र में है। भारत बड़े निवेश और सरकारी प्रोत्साहनों के कारण सेमीकंडक्टर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स असम में 27,000 करोड़ के निवेश से सेमीकंडक्टर असेंबली और परीक्षण संयंत्र बना रहा है, जिसके 2025 के मध्य तक परिचालन में आने और लगभग 27,000 नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है। इस बीच, एचसीएल और फॉक्सकॉन का ?3,706 करोड़ का संयुक्त उद्यम उत्तर प्रदेश के जेवर में एक सेमीकंडक्टर इकाई स्थापित करने के लिए तैयार है, जो डिस्प्ले ड्राइवर चिप्स पर ध्यान केंद्रित करेगी और इसका उत्पादन 2027 में शुरू होगा। भारत अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है, जिसमें 1.57 लाख से ज्यादा मान्यता प्राप्त स्टार्टअप हैं। इनमें 100 से ज्यादा यूनिकॉर्न और 3,600 से ज्यादा डीप-टेक वेंचर शामिल हैं जो एआई, बायोटेक और सेमीकंडक्टर पर केंद्रित हैं। अकेले हमारे अंतरिक्ष क्षेत्र में 200 से ज्यादा स्टार्टअप सामने आए हैं, जो एक भरोसेमंद इनोवेशन अर्थव्यवस्था के उदय का संकेत है। स्टार्टअप इकोसिस्टम ने पहले ही 17.2 लाख से ज्यादा प्रत्यक्ष रोजगार पैदा किए हैं और समस्या-समाधानकर्ताओं (प्रॉब्लम सॉल्वर्स) एवं उद्यमियों की एक नई पीढ़ी को प्रेरित किया है।

इस बीच, भारत धीरे-धीरे दुनिया के सबसे जुड़े हुए लोकतंत्र के रूप में उभरा है। 80 करोड़ से ज्यादा इंटरनेट यूजर्स और 136 करोड़ आधार नामांकन के साथ, यह दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल पहचान कार्यक्रम बन गया है। अब हमारी वैश्विक डिजिटल पेमेंट में 46त्न हिस्सेदारी हो गई है, जो यूपीआई जैसे प्लेटफॉर्म पर आधारित है जिसने वित्तीय लेन-देन को सभी के लिए आसान बना दिया है। इन प्रणालियों ने न केवल नागरिकों को सशक्त बनाया है बल्कि शासन को और भी स्मार्ट, तेज और पारदर्शी बनाया है। 2024-25 के केंद्रीय बजट में हमारी सरकार की निर्णय लेने की क्षमता साफ नजर आती है। कुल व्यय ?44.6 लाख करोड़ निर्धारित किया गया, जिसमें पूंजीगत व्यय को अभूतपूर्व रूप से बढ़ाकर 10 लाख करोड़ किया गया। कर छूट को बढ़ाया गया, मध्यम वर्ग के लिए रिबेट दोगुनी कर दी गई और लंबे समय से स्टार्टअप के लिए चिंता का विषय रहे एंजल टैक्स को समाप्त कर दिया गया। इन सुधारों से उपभोग में बढ़ोतरी होती है, उद्यमशीलता को बढ़ावा मिलता है और भारत के दीर्घकालिक विकास पथ को मजबूती मिलती है। मोदी 3.0 के एक साल पूरे होने पर, बदलाव स्पष्ट नजर आ रहा है। सड़कें, कारखाने और सौर पैनल सिर्फ प्रगति के संकेत नहीं हैं, बल्कि वे आकांक्षाओं की नींव हैं। आर्थिक, सामाजिक और रणनीतिक सहित हर क्षेत्र में भारत राष्ट्रीय स्तर पर नवीनीकरण का एक नया अध्याय लिख रहा है। जनादेश भी स्पष्ट है। विजन बरकरार है।

# उदासीनता के बीच उद्देश्यहीन होती पत्रकारिता

**देश की आजादी के दौरान पत्रकार राष्ट्रीयता के नाम पर मर मिटने को उद्दत थे। देश के संविधान के सबसे बडे मंदिर लोक सभा के निर्माण और उद्घाटन में कुछ पत्रकारो की भूमिका राष्ट्र विरोधी एवं ओछीरही है। चाहे राजनैतिक लोग हो या पत्रकार हो सब के लिये राष्ट्र सर्वोपरि है। हिन्दी पत्रकारिता दिवस मेरी दृष्टिकोण में समीक्षा का दिवस है कि आज देश में पत्रकारिता के दृष्टिकोण में कितना बदलाव आ गया है यह चिन्ता का विषय है इस पर पत्रकारों को गम्भीर होने की आवश्यकता है।**

पं. जुगुल किशोर शुक्ल द्वारा हिंदी पत्रकारिता के लिए मापदण्ड आज भी प्रासंगिक है। भारतीय पत्रकारिता का इतिहास एक तरह से आजादी की लड़ाई के साथ जुड़ा है, जो जन विरोधी, अन्याय, तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता से जुझने से शुरू हुई थी, जिसमें प्रतिबद्धता का सरोकार सबसे ज्यादा था। आजादी की लड़ाई में जनचेतना का प्रवाह गतिशील करने में हिंदी पत्रकारिता का योगदान सबसे ज्यादा रहा है। अंग्रेजों के बढ़ते शोषण और उनके दमन चक्र ने जहां हमें सचेत किया, वहीं राष्ट्र प्रेम एवं देश की आजादी का सर्वस्व न्यौछावर की प्रेरणा भी एक तरह से पत्रकारिता से ही मिली है। आजादी के पूर्व पत्रकार जहां राष्ट्रप्रेम से सराबोर थे, वहीं उनमें सामाजिक चेतना और जागरुक बनने का संकल्प भी कूट-कूट कर भरा हुआ था। उस समय का बुद्धजीवी वर्ग राष्ट्रवादी एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को भी आजादी की ओर मोड़कर कर राष्ट्रीय चेतना का उन्मेश प्रवाहित कर रहा था।



प्रेम शंकर अवस्थी

हिंदी पत्रकारिता कि गौरवमयी परम्परा कि शुरुआत 30 मई सन् 1826 में कलकत्ता से प्रकाशित उदंत मार्तण्ड साप्ताहिक अखबार से हुआ था। जिसके कर्ताधर्ता पं.जुगुल किशोर शुक्ल कानपुर के निवासी थे। उदन्त मार्तण्ड अखबार बहुभाषी प्रकाशन होने के कारण हिन्दी और संस्कृत का समावेश रहता था अखबार के मत्थे पर संस्कृत का एक लिखा श्लोक दैदीप्य होकर ''उदंत'' मार्तण्ड की परिभाषा गढ़ रहा है। जिसका अर्थ है प्रकाशमान सूर्य।

जुगुल किशोरः कथयति घीरः, सविनयमेतद सुकुलज वंशः।

उदिते दिन कृति सति मार्तन्डे, तद्वत् विलसति लोक उदन्ते।।

मार्तण्ड ने उस समय जहां अंग्रेजियत को प्रभावहीन किया वहीं इस प्रकार कि मानसिकता को तोड़ने में काफी मशक्कत की थी। वैसे भी इस अखबार के संपादन का मुख्य उद्देश्य हिन्दुस्तानियों को आजाद करना था। आर्थिक कठनाईयों के कारण इस अखबार को आखिरकार 4 दिसम्बर 1827 को बंद करना पड़ा। यद्यपि इस पत्र की उम्र ज्यादा लम्बी नहीं रही, फिर भी इस अखबार ने पत्रकारिता कि दशा और दिशा का जो संकल्प लिया था, वह आगे पत्रकारिता के लिए महत्वपूर्ण साबित हुआ। दुनिया के छापाखानो ने ही जहां अखबारों को आगे आने में गति प्रदान की है,वहीं ज्ञान-विज्ञान व अखबारों का जनसामान्य तक पहुंचने का गुरुतर कार्य भी किया। प्रीटिंग प्रेस की बदौलत आम आदमी ने अखबारों से रिश्ता जोड़ा हैं। लेकिन रिश्ते को कायम रखने में अखबारों ने अहम भूमिका निभाई है।

उस समय पत्रकारिता को सच्चाई की खोज की संज्ञा दी जाती थी,जिसे उस समय के पत्रकार मिशन के रूप में स्वीकार करते थे। आज पत्रकारिता की परिस्थितियां बिलकुल विपरीत हैं। वर्तमान पत्रकारिता उद्देश्यहीन हो गई है, पत्रकार राष्ट्रप्रेम की जगह राजनैतिक दलो की कठपूतली बनकर भारत की दुनिया में सोसल मीड़िया के मंच से अभिव्यक्त की स्वतंत्रता के नाम पर आलोचना का केवल पोपोगण्डा बना रखा है। जबकि देश की आजादी के दौरान पत्रकार राष्ट्रीयता के नाम पर मर मिटने को उद्दत थे। देश के संविधान के सबसे बडे मंदिर लोक सभा के निर्माण और उद्घाटन में कुछ पत्रकारो की भूमिका राष्ट्र विरोधी एवं ओछीरही है। चाहे राजनैतिक लोग हो या पत्रकार हो सब के लिये राष्ट्र सर्वोपरि है। हिन्दी पत्रकारिता दिवस मेरी दृष्टिकोण में समीक्षा का दिवस है कि आज देश में पत्रकारिता के दृष्टिकोण में कितना बदलाव आ गया है यह चिन्ता का विषय है इस पर पत्रकारों को गम्भीर होने की आवश्यकता है। भावुकता की जगह व्यवसायिकता ने ले ली है। वहीं खबरों के चयन और लेखों के आंकलन का भी नजरिया धीरे-धीरे ही सही बदल गया है। मौजूदा परिस्थितियों में कुछ अपवादों को छोड़ दे तो अखबारों में बाजार भाव हावी है। देश में कुल प्रचलित लगभग 4453 अखबार हैं। जिनमें अंग्रेजी के अखबार 320 हैं, जबकि हिंदी के 2004, उर्दू के 473 कन्नड़ के 268, मराठी के 261 और मलयालम के 2041 हैं। मैकाले के मानस पुत्रों के कारण ही आज भी भारत में अंग्रेजों का भाषाई उपनिवेश कायम है, कोई भी भारतीय भाषा सरकार से संवाद का माध्यम नहीं बन सकी है। मैकाले भारत में ऐसे बीजरोपण में सफल हुआ जिनसे वह वर्ग तैयार हुआ जो रक्त और रंग से तो भारतीय है , परन्तु रूचि, विचार और नैतिकता में अंग्रेजी परस्त। देश की न्याय व्यवस्था की भाषा अंग्रेजी है। जिसे देश के 98 प्रतिशत नागरिक नहीं जानते हैं। हलांकि सुप्रीम कोर्ट ने पिछले कुछ वर्षो से हिन्दी के सर्वधन के प्रति अनुराग पैदा कियाा है। अब अग्रेजी में लिखे जाने वाले आदेश के अलावा हिन्दी में भी आदेश अंकित होगा। चुनावों में जनमत सर्वेक्षण भी मूलताः अंग्रेजी अखबार ही देते रहें है, और देश के मतदाता को गुमराह करते रहे, जबकि सच यह है कि, अंग्रेजी अखबारों का पाठक वर्ग सीमित है फिर भी अंग्रेजी पत्रकारिता आज भी हावी है, और हिन्दी पत्रकारिता को अपने सामने अस्तित्वहीन समझता है।



हिन्दी के प्रति समर्पण की भावना सीमान्त गांधी अब्दुल गफ्फर खान में देखी गई जब 1947 में भारत की संवैधानिक असेम्बली में हिन्दी में बोले थे। स्वतंत्रता के बाद जब एक आम भाषा का सवाल उठा, तब मतदान हुआ और अध्यक्ष के निर्णायक मत में हिन्दी विजयी रही। इस प्रकार भारत का संविधान तैयार किया गया।तब अनुच्छेद 353 में संघ की राजभाषा हिन्दी और देवनागरी लिपि घोषित की गई। यद्यपि अनुच्छेद 348 में न्यायालय की भाषा हिन्दी भाषा के विकास का निर्देश दिया गया जो इस प्रकार है, संघ का यह कर्तव्य होगा कि वह हिन्दी भाषा का प्रचार बढ़ाए,उसका सामाजिक सांस्कृतिक सरोकार की अभिव्यक्ति का माध्यम बन सके। हिन्दी के प्रति तमाम राजनीतिक दलों का नजरिया पाखण्डी है। संयुक्त राष्ट्र के मंच पर भले ही पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल विहारी वाजपेई हिन्दी बोलते हैं, पर देश का स्वदेशी बजट अंग्रेजी भाषा में पढ़ा जाता है। किसी देशी भाषा में नहीं,हिन्दी पत्रकारिता इन्हीं कारणों से जूझती हुई नजर आ रही है। उदारीकरण के नाम भारतीय पत्रकारिता में विदेशी मीडिया का निवेश भी अंग्रेजी भाषा का उपनिवेश का द्योतक है प्रतीत हो रहा है। देश की पत्रकारिता में भूचाल खड़ा कर देने वाले इस विदेशी मीडिया की घुसपैठ की आलोचनाएं भी हुई । एक वरिष्ठ पत्रकार ने तो इसके पक्ष में अनेक तर्क दिए और काफी संख्या में अखबार मालिकों को पक्ष में खड़ा कर केंद्र सरकार से शोहरत पाई थी, लेकिन भाषाई उपनिवेशवाद की निर्णायक लड़ाई अभी लड़ी जानी है।

# पूरब से पश्चिम तक भीषण गर्मी आसमान से बरस रही आग

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पूरब से लेकर पश्चिम तक भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। सोमवार को बुंदेलखंड, आगरा मंडल और दिल्ली एनसीआर के जिले प्रचंड गर्मी के साथ लू की चपेट में रहे। झांसी और आगरा में पारा 45 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया।

मौसम विभाग ने मंगलवार के लिए यूपी के आगरा, झांसी, मथुरा, अलीगढ़, हाथरस, फिरोजाबाद, इटावा, जालौन, हमीरपुर, महोबा, ललितपुर में भीषण गर्मी के साथ लू चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं दक्षिणी व पश्चिमी यूपी के लगभग 14 जिलों में रातें सामान्य से ज्यादा गर्म रहेंगी और वार्म नाईट का प्रकोप रहेगा।

साथ ही पश्चिमी यूपी और एनसीआर के लगभग 25 जिलों के लिए लू चलने का येलो अलर्ट जारी किया है।



■ झांसी व आगरा का पारा 45 डिग्री पार

सोमवार को उत्तर प्रदेश के लगभग 22 जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया। मौसम विभाग का कहना है कि मंगलवार से अगले एक दो दिन बुंदेलखंड और आगरा क्षेत्र के कई जिलों में दिन में लू चलने के साथ-साथ रातें भी सामान्य से ज्यादा गर्म रहेंगी और वार्म नाइट का प्रकोप रहेगा। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 11 जून के बाद बंगाल की खाड़ी से उठे नमी के असर से प्रदेश के पूर्वांचल व अन्य हिस्सों में बूंदाबांदी का दौर दोबारा देखने को मिलेगा।

# अ.भा. तीर्थ पुरोहित समाज का चार को वृन्दावन में अधिवेशन

अवधनामा संवाददाता

**वृंदावन (मथुरा)।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विश्व प्रसिद्ध बाँके बिहारी मंदिर के अधिग्रहण और प्रस्तावित न्यास के विरोध में वृन्दावन के गोस्वामी समाज, व्यापारी और मूल ब्रजवासियो द्वारा विगत 12 दिनों से विरोध प्रदर्शन जारी है। पीड़ित गोस्वामी समाज, व्यवसायी और अन्य पीड़ित पक्षो द्वारा इसे वृन्दावन सहित ब्रज के मूल स्वरुप और संस्कृति पर कुठाराघात बताया है, इसी कड़ी में रविवार को अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित समाज के मुख्य संरक्षक महेश पाठक ने बाँके बिहारी मंदिर के गोस्वामी समाज व मथुरा, गोकुल, महावन, गोवर्धन सहित सभी मुख्य मंदिरो के सेवायतो के साथ संयुक्त रूप से पत्रकारों से वार्ता की।

श्री पाठक ने सरकार से जिद छोड़कर वृन्दावन के विकास और भीड़ नियंत्रण के लिए स्थानीय लोगो से सकरात्मक वार्ता कर रास्ता निकाले जाने की बात की। पत्रकार द्वारा ब्रज विकास के सम्बन्ध में पूछे गए सवाल पर कहा कि जब ब्रज के विकास के लिए सरकार ने ब्रज तीर्थ विकास परिषद् का गठन किया जिसके अध्यक्ष खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ है तो न्यास के रूप में नये अध्यादेश का क्या औचित्य है। उन्होंने कहा कि हम विकास के विरोधी नहीं हैं लेकिन संबिधान के अनुच्छेद 25 व 26 के तहत मंदिरो में पूजा के अधिकार विरोधी न्यास या अन्य किसी प्रक्रिया का विरोध करते है। उन्होंने सरकार से मांग की सरकार वृन्दावन की घनी आवादी से दूर ब्रज क्षेत्र में 25 एकड़ ज़मीन का आवंटन करें जिससे बाँके बिहारी जी का भव्य मंदिर बने ताकि तीर्थयात्रियों को आरामदायक दर्शन हो सके और वृन्दावन की कुंज गली और बृन्दावन के पौराणिक महत्व का संरक्षण भी सम्भव हो।

■ कॉरिडोर को लेकर होगी चर्चा, बनेगी रूपरेखा

# योजनाओं का लाभ असहाय लोगों को समय से उपलब्ध करायें : सौम्या

अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** आज तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी ने अवैध भूमि कब्जों की शिकायतों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कानूनगो एवं लेखपालों को निर्देश दिये कि गांवों में सरकारी एवं अन्य व्यक्तियों की भूमि पर किये गये सभी अवैध कब्जों को चिन्हित करें और तहसीलदार एवं पुलिस बल की उपस्थित में सभी भूमि को कब्जा मुक्त करायें और अवैध कब्जा करने वालों के विरूद्व भूमाफिया एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाही करें।

मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित जिलास्तरीय अधिकारियों से कहा कि सरकार लाभार्थीप्रद योजनाओं का लाभ गरीबी रेखा के सबसे निचले पायदान के गरीब एवं असहाय लोगों को समय से उपलब्ध करायें। उन्होने कहा कि अधिकारी




अपने अधीनस्थों के साथ ग्रामों का भ्रमण कर अपनी विभागीय योजनाओं से ग्रामवासियों को जागरूक करें। पेंशन संबंधी शिकायतों पर उन्होने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये जिन निराश्रित महिलाओं, वृद्धों एवं दिव्यांगों की पेंशन किसी कारण बन्द हो गयी है उसकी जांच कराये और पात्रता के आधार पर पेंशन बहाल कराये। एसडीएम सुशील कुमार मिश्रा, तहसीलदार सचीन्द्र शुक्ला, डीडीओ कमलेश कुमार, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारी, बीडीओ, सीडीपीओ एवं थानाध्यक्ष आदि उपस्थित रहें।

## अधीर लखनवी के सम्मान में काव्य गोष्ठी का आयोजन

**बिलग्राम, हरदोई।** नगर के मलकंठ मोहल्ले में श्री रामनारायण शुक्ला के निजी आवास पर प्रख्यात कवि राममूर्ति सिंह अधीर लखनवी के सम्मान में एक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय कवियों और शायरों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। गोष्ठी की अध्यक्षता जयनारायण अवस्थी ने की, जबकि मंच संचालन असगर बिलग्रामी ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वाती कुशवाहा बिलग्रामी द्वारा सरस्वती वंदना के साथ हुई। इसके बाद कमर बिलग्रामी, हुजूर बिलग्रामी और असगर बिलग्रामी ने अपनी रचनाएँ प्रस्तुत कीं। मुख्य अतिथि कवि राममूर्ति सिंह अधीर ने अपने गीतों से सभी का मन मोह लिया। उनकी पंक्तियाँ, आओ सहो हजारों गम, आँख का काजल करो न नम ने श्रोताओं से खूब तालियाँ बटोरीं। राममूर्ति सिंह अधीर सांडी क्षेत्र के अलियापुर गाँव के निवासी हैं। उन्होंने सेंट्रल स्कूल में प्रिंसिपल के रूप में मणिपुर, ग्वालियर और लखनऊ जैसे शहरों में लंबे समय तक सेवाएँ दीं।

# शुभांशु कीन्तरिक्ष उड़ान के उपलक्ष्य में होगा 'व्योमनाइट'

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के तत्वावधान में भारतीय अंतरिक्ष यात्री एवं सी.एम.एस. छात्र शुभांशु शुक्ला की ऐतिहासिक अन्तरिक्ष उड़ान के उपलक्ष्य में एक वॉच पार्टी 'व्योमनाइट' का भव्य आयोजन कल 10 जून मंगलवार को अपरान्हः 4.00 बजे से सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में किया जा रहा है, जिसमें शुभांशु की अन्तरिक्ष उड़ान का सीधा प्रसारण किया जायेगा।

यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस अवसर पर शुभांशु के माता-पिता व अन्य परिवारजनों के साथ ही बड़ी संख्या छात्र, शिक्षक व लखनऊ प्रबुद्ध नागरिक शुभांशु की इस ऐतिहासिक अन्तरिक्ष यात्रा के सीधे प्रसारण को देखकर इस गौरवमयी व प्रेरणादायी



पलों के साक्षी बनेंगे। 'व्योमनाइट' समारोह में ए.एक्स-4 लांच का सीधा प्रसारण नासा/एक्सिओम की कमेन्ट्री के साथ विशाल स्क्रीन पर किया जायेगा। इसके अलावा, समारोह में उपस्थित शुभांशु के प्रशंसकों को अन्तरराष्ट्रीय अन्तरिक्ष स्टेशन (आई.एस.एस.) के कपोला मॉड्यूल की प्रतिकृति, 'डेफाई ग्रैविटी' फोटो बूथ, टेलीस्कोप से आकाश दर्शन एवं अन्तरिक्ष पर आधारिक अनूठी प्रदर्शनी को देखने का अवसर भी मिलेगा।

## बिहार में पसमांदा आयोग के गठन की मांग

**लखनऊ।** बिहार सरकार द्वारा वर्ष 2023 में कराई गई जातिगत जनगणना के आंकड़ों के अनुसार, बिहार की कुल आबादी में मुस्लिम समुदाय की हिस्सेदारी लगभग 17.7 प्रतिशत है, जिसमें से पसमांदा मुस्लिम (अजलाफ और अरजाल) समुदाय अनुमानित रूप से 14-15 प्रतिशत है। यह समुदाय, जिसमें अंसारी, मंसूरी, राइनी, धोबी, लालबेगी, बखो, नट, नई, और अन्य कई जातियां शामिल हैं, सामाजिक और आर्थिक रूप से अत्यंत पिछड़ा हुआ है। यह समुदाय शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य सेवाओं, और सामाजिक समानता के क्षेत्र में गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। सरकारी योजनाओं का लाभ इस समुदाय तक पूरी तरह नहीं पहुंच पा रहा, जिसके कारण सामाजिक और आर्थिक असमानता बनी हुई है। तुलनात्मक रूप से, निषाद (मछुआरा) समुदाय (2.6 प्रतिशत) और सवर्ण समुदाय (3.6 प्रतिशत) के लिए मछुआरा आयोग और सवर्ण आयोग का गठन किया गया है, जो उनकी उन्नति के लिए सराहनीय कदम हैं।

# दलबीर कौर बनी कॉउन्सिल ऑफ उद्योग व्यापार मंच की महिला प्रभारी



अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर।** कॉउन्सिल ऑफ उद्योग व्यापार मंच के ज़िला अध्यक्ष कुलदीप गुप्ता की अध्यक्षता में कोर कमेटी की बैठक श्री राम नगर कॉलोनी में सम्पन्न हुई ।जिसमें जिला महामंत्री राजेश माहेश्वरी ने महिला मोर्चा प्रभारी के रूप में एडवोकेट दलबीर कौर का नाम प्रस्तावित किया। जिस पर कोर कमेटी के सदस्यों ने अपनी सहमति प्रदान की। जिलाध्यक्ष कुलदीप गुप्ता ने अपनी सन्तुष्टि प्रदान करते हुए दलबीर कौर को महिला मोर्चा प्रभारी नियुक्त किया। दलबीर कौर यादव जी सैम इंटरप्राइजेज कूरेभार की ऑनर है और पूर्व जिला पंचायत सदस्य भी रह चुकी हैं। इनकी प्रारंभिक शिक्षा चंडीगढ़ पंजाब से हुई। उच्च शिक्षा में एम कॉम और एल एल बी की डिग्री हासिल है। साथ ही साथ कॉन्वेंट स्कूल लुधियाना में शिक्षिका के रूप में और वर्धमान कंपनी में एक्सपोर्ट अधिकारी के पद पर भी रह कर सेवा दे चुकी है। दलबीर

■ महिला व्यापारियों की कोई सुध लेने वाला नहीं, महिला व्यापारियों की आवाज बनेगा उद्योग व्यापार मंच

कौर ने मंच का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज के समाज में महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है, व्यापार जगत में भी महिलाओं ने अपना उच्चतम स्थान बना चुकी है परन्तु कही कहीं जानकारी के अभाव में और महिला समझ कर भ्रष्ट अधिकारी और अपराजक तत्वो द्वारा उनका उत्पीड़न किया जाता है। उन महिला व्यापारियों की कोई सुध लेने वाला नहीं है। मैं उन पीड़ित महिलाओं की आवाज़ बनकर उनको न्याय दिलाने के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहूंगी। इसी क्रम में महिला मोर्चा की सरिता श्रीवास्तव और बबिता जैन ने पुष्प गुच्छ और अंगवस्त्र देकर स्वागत किया।

# अनागत साहित्य संस्थान की काव्य गोष्ठी एवं सम्मान समारोह



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** अखिल भारतीय अनागत साहित्य संस्थान के तत्वावधान में एक सरस अनागत काव्य गोष्ठी एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार विजय शंकर शुक्ल ने की। मुख्य अतिथि सम्पत्ति कुमार मिश्र, विशिष्ट अतिथि रमाशंकर सिंह एवं राम सनेही विश्वकर्मा सजल रहे। कुशल संचालन डॉक्टर प्रवीण कुमार पांडेय आवारा ने किया। अनागत आंदोलन के प्रणेता डॉक्टर अजय प्रसून की विशेष उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभआरंभ मंचस्थ मनीषियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। वाणी वंदना डॉ प्रवीण पांडेय आवारा ने किया। इस अवसर पर कवि डॉ हिमांशु सक्सेना अर्श लखनवी को अनागत मार्तण्ड सम्मान एवं कवयित्री शशि प्रभा शुक्ला शशि को अनागत कविता चंद्रिका सम्मान प्रदान किया गया। समारोह में आये डॉ हिमांशु सक्सेना अर्श लखनवी, शशि प्रभा शुक्ल शशि, डॉ अजय प्रसून, डॉ प्रेमशंकर शास्त्री बेताब, महेश गुप्त महेश, राम राज भारती, अरविंद, शीला आदि ने अपने गीत, गजल भाव विभोर किया।

# नहजुल बलाग़ा पढ़कर दिलों को ज़िंदगी मिलती है : आगा मुनव्वर अली

अवधनामा संवाददाता

**हैदराबाद (तेलंगाना)।** किताबख़ाना 'इल्म ओ दानिश', लखनऊ पिछले दो वर्षों से लगातार नहजुल बलाग़ा के प्रसार में प्रयासरत है। इस मार्ग में एक महान कार्य मरकज़े अफ़कारे इस्लामी द्वारा तैयार किया गया नहजुल बलाग़ा का सुंदर और विशिष्ट संस्करण है, जिसकी प्रकाशन और फिर देश के कोने-कोने में तथा विदेशों तक पहुंचाना निस्संदेह एक महान सेवा है।

इल्म ओ दानिश लखनऊ संस्था ने इस वर्ष अशरा-ए-करामत के पावन अवसर पर विभिन्न स्थानों पर 'दरस-ए-नहजुल बलाग़ा' नाम से आध्यात्मिक और रूहानी कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस श्रृंखला का पहला व्याख्यान हैदराबाद के याकूतपुरा क्षेत्र स्थित तबीयान इंस्टिट्यूट के सक्रिय सदस्य मौलाना आगा मुनव्वर अली ने प्रस्तुत किया।



मौलाना ने शुरुआत में नहजुल बलाग़ा का परिचय देते हुए सय्यद रज़ी की विद्वता और इस महान सेवा का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने अहले सुन्नत और शिया उलेमा का ज़िक्र करते हुए उनके माध्यम से हज़रत अली (अ.स.) के भाषणों की विशेषता और अनूठेपन को बताया।

हैदराबाद सहित पूरे देश में अपने विशिष्ट अंदाज़ और अच्छे चरित्र के लिए पहचाने जाने वाले युवा प्रचारक जनाब आगा मुनव्वर अली ने अपने बयान को

■ अशरा-ए-विलायत के मौके पर 'दरस-ए-नहज़ुल बलाग़ा'

जारी रखते हुए कहा कि आज जब किताबख़ाना इल्म ओ दानिश, लखनऊ ने मरकज़े अफ़कारे इस्लामी द्वारा तैयार किया गया भव्य संस्करण प्रकाशित कर दिया है, तो अब हमारे उलेमा, विद्वान, ज़ाकिरीन और शायर हज़रात कल्पनात्मक अली ना पेश करें, बल्कि मौला के वे फ़ज़ाइल जो मौला की ज़बान से स्वयं नहजुल बलाग़ा में बयान हुए हैं - उन्हें ही प्रचार का माध्यम बनाएं।

हज़रत अली (अ.स.) आसमानी हिदायत के रास्तों को ज़मीनी रास्तों से बेहतर जानते थे। नहजुल बलाग़ा के खुत्बा 101 में आप फ़रमाते हैं। हमारा काम और हमारी पहचान बेहद कठिन है। केवल वे मोमिन बंदे, जिनके दिल अल्लाह की परीक्षा में सफल हो चुके हैं, ही इसे समझ सकते हैं। हमारी बातें पाक दिलों के खज़ानों में महफ़ूज़ होती हैं।

## कारीगर प्रशिक्षण को 30 जून तक करें आवेदन

**मथुरा।** जिला उद्योग केन्द्र के उपायुक्त रामेन्द्र कुमार ने बताया कि प्रदेश के दस्तकारों एवं पारम्परिक कारीगरों के विकास के उद्देश्य से संचालित प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत जनपद में पारम्परिक कारीगरों जैसे बढ़ई, नाई, दर्जी, लोहार, धोबी, राजमिस्त्री एवं हलवाई के कार्य से जुडे व्यक्तियों से उक्त समस्त ट्रेडों में 10 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र 30 जून तक आमंत्रित किये जाते है। कोई भी कारीगर विभाग की बेवसाइट पर ऑनलाईन आवेदन 30 जून तक कर सकता है। आवेदन के साथ आवेदक का पासपोर्ट साईज फोटो, बैंक पासबुक की फोटो, आधार कार्ड की फोटो, जाति प्रमाणपत्र, आयु प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता प्रमाणपत्र, सम्बन्धित ट्रेड में पारम्परिक कारीगरी से जुड़े होने के सम्बन्ध में प्रमाण पत्र, 10 रुपये के स्टाम्प पेपर पर इस आशय का शपथपत्र, कि आवेदक या उसके परिवार के किसी अन्य सदस्य द्वारा पूर्व में किसी भी मानदेय का लाभ प्राप्त नही किया गया है।

# नॉनवेज होटल के सामने जानवरों के अवशेष मिलने से आक्रोश

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** गोवर्धन में ईदगाह के पास कटा हुआ गोवंश मिलने के बाद अब सोमवार को सौंख रोड स्थित नॉनवेज होटल के सामने नाले में जानवर के अवशेष मिलने से आक्रोश फैल गया। गोरक्षकों ने मौके पर पहुंचकर हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानवर के अवशेष को लैब में भेजकर जांच गोरक्षकों को शांत किया है।

थाना कोतवाली के सौख रोड पर ताज होटल के सामने जानवर के अवशेष मिलने से अफरातफरी मच गई। जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में गो रक्षक कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और हंगामा शुरू कर दिया। कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग करने लगे। हंगामे की सूचना पर एसपी सिटी राजीव कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने जानवर के

■ पुलिस ने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे मांस के अवशेष

अवशेष को वेटरनरी कालेज जांच के लिए भेज दिया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के चंद्रशेखर आजाद ने बताया कि एक के बाद एक मामले सामने आ रहे हैं। गोवर्धन में भी असमाजिक तत्व के लोगों ने गाय के सिर को पटका था। ईद पर माहौल बिगड़ने के चलते नवनीत नगर स्थित महादेव मंदिर के सामने मलवा फेंक दिया। वहीं सोमवार की सुबह सौख रोड़ स्थित ताज होटल के सामने जानवरों के अवशेष डाल दिए। कुछ लोग शहर की छवि बिगाड़ना चाहते हैं। चंद्रशेखर ने दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की। एसपी सिटी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि एक सफाई कर्मी ने जानवर के अवशेष को फेंका था। उसने बताया कि अवशेष भैंस के बच्चे का था।

## संक्षिप्त समाचार

### संघ प्रमुख का मथुरा दौरा 12 जून को

**मथुरा।** संघ प्रमुख मोहन भागवत का मथुरा की पावन धरती से बड़ा ही स्नेह है जब भी मौका मिलता है उसे व्यर्थ नहीं गवाते इस बार भी संघ प्रमुख मोहन भागवत मथुरा में होने वाले तीन दिवसीय सामान्य वर्ग प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आने वाले है। दीनदयाल गौ विज्ञान अनुसंधान केंद्र में 28 मई से चल रहे कार्यक्रम में मेरठ, उत्तराखंड एवं ब्रज प्रांत के पदाधिकारी शिरकत कर रहे हैं, प्रशिक्षु प्रतिदिन संघ की पूर्ण गणवेश में योगाभ्यास एवं संघ की अन्य गतिविधियों का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 18 जून तक चलने वाला है जिसमें संघ के नियमानुसार इस प्रथम वर्ग प्रशिक्षण कार्यक्रम में 45 वर्ष तक के प्रशिक्षु ही भाग ले सकते हैं,13 जून को संघ की शाखा टोली एकत्रित होगी, जिसमें सैकड़ों स्वंसेवक संघ की गणवेश में शामिल होगे उसी कार्यक्रम को स्वयं सेवक संघ के प्रमुख डॉक्टर मोहन भागवत संबोधित करेंगे।

### अव्यवस्थित दवा वितरण प्रणाली से हल्कान हो रहे मरीज



**सुल्तानपुर।** जिला अस्पताल में अव्यवस्थित दवा वितरण प्रणाली मरीजों पर भारी पड़ रही है। अस्पताल में कुल चार काउंटर दो महिला,दो पुरुष बने हैं, लेकिन दवा सिर्फ दो काउंटर एक महिला व एक पुरुष से ही दी जा रही है। तेज गर्मी के बीच मरीजों की लंबी लाइनें ओपीडी से लेकर पर्ची पंजीकरण कक्ष तक पहुंच गई हैं। ओपीडी कक्ष पूरी तरह से भर चुका है, जिससे वहां खड़ा होना भी मुश्किल हो गया है। लोगों ने मांग की है कि सभी काउंटर चालू कर अस्पताल की व्यवस्था सुधारी जाए, वरना हालात और बिगड़ सकते हैं।

# ईसाई समुदाय पर हो रहे अत्याचार के विरोध में रैली




अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** ईसाई समुदाय पर हो रहे अत्याचार के विरोध में विशाल रैली, महामहिम राष्ट्रपति को सौंपा गया ज्ञापन को राष्ट्रीय क्रिश्चियन मोर्चा एवं भारत मुक्ति मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में मथुरा जनपद में एक विशाल रैली का आयोजन किया गया। यह रैली देशभर में ईसाई समुदाय पर हो रहे अत्याचार, चर्चों पर हमलों और धार्मिक भेदभाव के विरोध में राष्ट्रव्यापी आंदोलन का हिस्सा थी।

रैली अंबेडकर भवन, डीग गेट से प्रारंभ होकर भरतपुर गेट, होली गेट, विकास बाजार, क्वालिटी तिराहा, डैंपियर नगर होते हुए शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर जाकर सम्पन्न हुई। रैली के दौरान प्रदर्शनकारी ईसाइयों पर अत्याचार बंद करो, चर्चों पर हमले बंद करो, जातिगत जनगणना कराओ, और ईवीएम हटाओ लोकतंत्र बचाओ जैसे नारे लगाते हुए शांतिपूर्ण रूप से आगे बढ़ते रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन चौकी प्रभारी एस.के. शर्मा को सौंपा, जिसमें, 8 मांगें थीं। रैली का नेतृत्व छत्रपाल सिंह निषाद ने किया। कार्यक्रम में बहुजन मुक्ति पार्टी, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा और डॉ. आंबेडकर सामाजिक अधिकार मंच के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण सहभागिता रही।

# बांके बिहारी कॉरिडोर समय की मांग : मनोज

## वृन्दावन की पुरातन संस्कृति और सेवायतों के साथ ना हो किसी प्रकार का अन्याय : अखिल भारत हिन्दू महासभा

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** विश्व में सनातन संस्कृति का परचम फिर एक बार धीरे धीरे लहरा रहा है, अयोध्या, काशी के बाद मथुरा भी हिंदुत्व की आस्था का केंद्र बन कर उभर रहा है, देश में वर्तमान सरकार हिंदुत्व विचारधारा पर कार्य कर रही है उसी का परिणाम है कि आज देश के प्रत्येक तीर्थ स्थलों पर सनातनी जनता पहुंच रही है।

जो आने वाले समय में हिंदुत्व को और मजबूती प्रदान करने में अहम भूमिका निभा सकती है। सरकारी तंत्र द्वारा सभी समस्याओं का निराकरण करा कर अयोध्या धाम में भगवान राम का भव्य मंदिर स्थापित करा दिया, काशी में भी भगवान शंकर का कोरिडोर निर्माण कार्य पूरा करा कर भक्तों के लिए सुगम दर्शन व्यवस्था सुचारू कर दी गई।

काशी, अयोध्या के बाद अगर सरकार की पहली प्राथमिकता बनती




है तो वो मथुरा को एक ऐतिहासिक पुरातन स्वरूप प्रदान करने की जो जल्द भक्तों के प्रयासों से पूर्ण हो सकती है मथुरा में भगवान श्री कृष्ण जन्मभूमि का मसला कोर्ट से जिस दिन हरि झंडी मिलेगी उस दिन भक्तों की सोच से अधिक भव्य बनकर तैयार कराने की रूपरेखा योगी आदित्यनाथ ने बना रखी है, मामला कोर्ट में विचाराधीन है इसलिए अभी सरकार के हाथ बंधे हुए हैं पर भक्त लगातार मथुरा में पहुंचकर भक्ति के सागर में श्रद्धा का आनंद ले रहे हैं, मथुरा के वृंदावन में बसे ठाकुर बांके बिहारी मंदिर पर लगातार भक्तों का विश्वास बढ़ता जा रहा है जहां आने वाले श्रद्धालु सभी कष्ट को झेलकर भी ठाकुर बांके बिहारी की एक झलक पाना चाहते हैं, मंदिर प्रांगण में श्श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने के कारण कई बार स्थिति बेकाबू हो चुकी है बीते वर्षों में दो श्रद्धालुओं की दम घुटने से जान भी जा चुकी है इन्हीं सब कारणों को देखते हुए सरकार द्वारा भगवान बांके बिहारी जी के भक्तों की समस्या को दूर करने पर विचार किया गया और योगी आदित्यनाथ द्वारा तीर्थ नगरी वृन्दावन में भक्तों की सुविधाओं को देखते हुए वृंदावन के विकास के साथ साथ कोरिडोर निर्माण की योजना बनाई जब से यह योजना विस्तार की जानकारी वृन्दावन वासियों को लगी लोगों में बौखलाहट बढ़ने लगी लोग अपने घर दुकान बचाने के लिए कोर्ट तक पहुंच गए किसी भी प्रकार कॉरिडोर निर्माण कार्य को रोक दिया जाय पर सरकार द्वारा मजबूती से न्यायपालिका में बांके बिहारी जी के भक्तों का पक्ष रखा और कोरिडोर निर्माण को समय की मांग बताते हुए न्यायपालिका को अपने पक्ष में आदेश करने के लिए तर्क संगत तथ्य प्रस्तुत किए जिसे न्यायपालिका द्वारा समझते हुए सरकार और बांके बिहारी जी के भक्तों के पक्ष में फैसला सुनाया पर अभी भी बांके बिहारी कॉरिडोर

# भक्तों ने कहा कि जरूर बने कोरिडोर

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** वृंदावन में अपने आराध्य बांके बिहारी के दर्शन को पहुंचे श्रद्धालुओं ने कहा कि सरकार को बांके बिहारी कोरिडोर अवश्य बनाना चाहिए। देश के विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने कोरिडोर के प्रस्ताव के लिए प्रदेश सरकार की सराहना भी की। भक्तों का कहना है कि श्रद्धालुओं की सुविधा की वृंदावन में नगण्य व्यवस्थाएं हैं। यहां भी कोरिडोर बनाना चाहिए। काशी और अयोध्या में कोरिडोर निर्माण से वहां की व्यवस्थाएं बहुत बेहतर हुई जिससे दोनों स्थानों पर श्रद्धालुओं की संख्या अब काफी बढ़ गई है।

ब्रज दर्शन को आने वाले भक्त बिहारीजी कोरिडोर को लेकर बहुत आशान्वित हैं। सरकार की पहल को सभी जल्द क्रियान्वित देखना चाहते हैं। गाज़ियाबाद से दर्शन को आए अखिलेश कुमार का कहना है कि विकास सभी तीर्थ स्थलों पर हो रहा है

■ भीड़ भाड़ वाली व्यवस्था से मिलेगी मुक्ति मिले

तो वृंदावन इससे वंचित क्यों हैं, लेकिन यहां की पौराणिकता भी कायम रहनी चाहिए। अभी हम काशी गए थे, बहुत अच्छा लगा। पहले वहाँ बहुत परेशानी होती थी। वृंदावन में भी कोरिडोर बनना चाहिए। अलवर राजस्थान से बिहारीजी के दर्शन को आई निर्मला देवी ने कहा कि विकास होगा तो थोड़ा बहुत क्षति होगी, लेकिन ये वर्तमान की समस्याओं का समाधान के लिए भी जरूरी है। कोशिश की जाए कि वृंदावन की प्राचीनता बनी रहे। ग्वालियर से आए राम मिलन सिंह तोमर ने कहा कि कोरिडोर बनना चाहिए। सड़के चौड़ी होनी चाहिए श्रद्धालुओं के लिए सुविधाए बढ़नी चाहिए। लोगों को बहुत परेशानी यहां होती है।छोटी गलियाँ हैं, सुविधाओं का अभाव है। कोरिडोर बनेगा तो भक्त भी बिहारीजी के दर्शन आनंद पूर्वक कर सकेंगे।

# पुलिस ने छापेमारी कर तीन टप्पेबाज महिलाओं को पकड़ा




■ कब्जे से चोरी किया माल व घटना में प्रयुक्त कार को किया बरामद

अवधनामा संवाददाता

**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सदर अभिषेक प्रताप अजेय के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना गुरसहायगंज आलोक कुमार दुबे के कुशल नेतृत्व में थाना गुरसहायगंज पुलिस, एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा तीन महिला अपराधियों के पास से जेवरात व नगदी सहित घटना में प्रयुक्त कार को बरामद किया है।

सोमवार को पुलिस कार्यालय में एसपी विनोद कुमार नें मामले का खुलासा करते हुये बताया कि थाना तिर्वा एवं थाना गुरसहायगंज में टप्पेबाजी व चोरी की घटनाओं को अंजाम देनें बाली तीन महिला अपराधियों मीना पत्नी करन सिंह, मुस्कान पुत्री करन सिंह निवासीगण बनपोई थाना मोहमदाबाद जनपद फर्रुखाबाद, खुशबू पत्नी जितेन्द्र निवासी ग्राम मीरावली थाना छायसा जनपद बल्लभगढ़ को गुरसहायगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुबे, उपनिरीक्षक दीपक कुमार, कांस्टेवल प्रशान्त बालियान, अमन सिंह, मोनू, नीरज, दीपान्शु, विनय कुमार, सतेन्द्र सिंह, गजेन्द्र सिंह, महिला कांस्टेवल मनीषा व राखी सहित एसओजी व सर्विलांस टीम की मदद से थाना गुरसहायगंज क्षेत्रान्तर्गत ग्राम डुडवा बुजुर्ग अन्डरपास से गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी किये गये सोने चॉदी के जेवरात, तीन मोबाइल एवं पॉच हजार रुपये सहित घटना में प्रयुक्त कार को बरामद किया गया है। पूंछताछ में महिला अभियुक्तों ने टप्पेबाजी व चोरी करना स्वीकार किया है। बताया कि कार से घटना स्थल पर पहुचने व घटना कर भागने में प्रयोग करते थे। महिलाओं से कार चालक जीतन बहेलिया पुत्र निरंजन बहेलिया निवासी बनपोई थाना मोहमदाबाद जनपद फर्रुखाबाद जो शौच करने के लिये गाड़ी से उतर कर गया था जो शायद आपको देखकर भाग गया। घटना के संबंधित शेष माल के संबंध मे पूछा गया तो तीनों महिलाओं ने बताया कि शेष माल हमारे साथी सदस्यों उमा बहेलिया पत्नी जीतन बहेलिया निवासी बनपोई थाना मोहमदाबाद व रोशनी सैनी पुत्री महेश सैनी निवासी पकरिया टौला थाना व जनपद कन्नौज व करन सिंह पुत्र मूलचन्द्र निवासी बनपोई थाना मोहमदाबाद के पास है जो हमारे साथ घटना मे शामिल थें।

# अघोषित विद्युत कटौती पर भाकियू स्वराज ने जताया विरोध



अवधनामा संवाददाता

■ विद्युत कटौती की समस्या से एसडीओ को अवगत कराकर सौंपा ज्ञापन

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर पंचायत समधन सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं व किसानों ने भाकियू (स्वराज) युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह राठौर के नेतृत्व में विद्युत उपखंड कार्यालय पहुंचकर एसडीओ बृजेश कुमार सरोज से मुलाकात की एवं शिकायती पत्र दिया। सोमवार को युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष ने बताया कि जहां एक ओर प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री लगभग 20 से 22 घंटे विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने का आदेश दे रहे हैं, तो वहीं विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण किसानों व लघु व्यापारियों को कल 7 से 8 घंटे भी सही से बिजली नहीं मिल पा रही है। अघोषित विद्युत कटौती से फसले सूख रही हैं, किसान परेशान है, क्षेत्र में हाहाकार मचा हुआ है। इसी के साथ बताया कि नगर पंचायत समधन के वार्ड गौरी नवादा की विद्युत आपूर्ति लाइन को इंदुईया फीडर से अलग कराया जाए जिससे वार्ड में विद्युत आपूर्ति की समस्या का निस्तारण जल्द हो सके। तथा नगर पंचायत के लाईनमैनों को उनकी लापरवाही व अभद्रता के चलते तत्काल हटाया जाए। जिसपर उपखंड अधिकारी ने विद्युत कटौती की समस्या के जल्द निस्तारण एवं नगर पंचायत समधन के लाईनमैनों को जल्द हटाने का आश्वासन दिया तथा वार्ड गौरी नवादा की लाइन को इंदुईया फीडर से अलग कराने की बात शासन तक पहुंचाने का आश्वासन भी दिया। इस मौके उम्मीद हसन उर्फअल्लाह रख्खा, अफजल खान, आजम, अनिरुद्ध राजपूत, आयुष राठौर, चंद्रमोहन, भास्कर, नदीम, फैसल, शाहिद आदि दर्जनों युवा मौजूद रहे।

# सात जुआरियों को किया गिरफ्तार

■ जुआरियों की तलाश लेने पर मालफड़ और जामा तलाशी से बरामद हुए 6120 रुपये



अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** थाना महोबकंठ क्षेत्र के दो अलग अलग स्थानों से पुलिस टीमों ने सार्वजनिक स्थान पर हार जीत की बाजी लगाते हुए सात लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए जुआरियों के पास से 6120 रुपये मालफड़ और जामा तलाशी से बरामद किए है। सभी जुआरियों के खिलाफ थाना महोबकंठ में जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की गई। पुलिस की इस सक्रियता से जुआ खेलने वालों में खलबली मंच गई है।

पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के लिए जिले में संचालित अवैध जुआ व सट्टा पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ विनोद कुमार द्वारा संयुक्त पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीमने टूडर ग्राम से पहले स्थित पहाडी में जुआं खेल रहे कपिल राजपूत (22) पुत्र पर्वत सिंह राजपूत निवासी ग्राम गुढ़ा थाना अजनर, नीरज अरजरिया (32) पुत्र सुरेश चन्द्र अरजरिया निवासी ग्राम हसला व देवेन्द्र सिंह राजपूत (33) पुत्र बालादीन राजपूत निवासी ग्राम बुडौरा थाना पनवाड़ी को हिरासत में लिया गया। पकड़े गए जुआरियों की तलाशी लेने पर मालफड़ 2600 रुपये व जामातलाशी से 520 रूपये कुल 3120 रूपये के अलावा ताश के पत्ते बरामद किए गए। इसी प्रकार पुलिस टीम ने बम्हौरी कुर्मिन व थलौरा जाने वाली सड़क तिराहे के के समीप हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे विसन्द राजपूत ;35) पुत्र मईयादीन, ग्यासी राजपूत (40) पुत्र भागीरथ, कमलापति राजपूत (45) पुत्र पारीक्षत निवासीगण ग्राम दादरी थाना महोबकंठ व जगदीश कुशवाहा (37) पुत्र हरदास निवासी घटेरा थाना महोबाकंठ को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने तलाशी लेत हुए मालफड़ 2500 रुपये व जामातलाशी 500 रूपये जुआरियों से बरामद किए हैं। सभी जुआरियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अजय प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक फूलचंद्र सिंह, कांस्टेबल नितिन कुमार, मनोज कुमार, धर्मेंद्र कुमार, करमवीर सिंह, तेज सिह, उमाशंकर यादव शामिल थे।

## युवक की जहर से मौत

**उन्नाव।** बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के गणेशीखेड़ा के रहने वाले युवक के जहरीला पदार्थ निगलने से उपचार के दौरान मौत हो गई। पिता की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाली क्षेत्र के गणेशी खेड़ा के रहने वाले रामसेवक पुत्र तेजा ने पुलिस को सूचना दी उसका बेटा विनय कुमार 25 वर्ष अपनी ससुराल कोतवाली क्षेत्र के ही बेहटा भवानी सोमवार को सुबह गया था। ससुराल में पत्नी सुनैना से कहा सुनी होने के कारण उसने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। ससुरारीजन उसे सौ बेड अस्पताल बीघापुर लेकर आए जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल से उसे हैलट कानपुर रेफर किया गया था किंतु उसे एक प्राइवेट नर्सिंग होम में उपचार के लिए ले जा रहे थे तभी उसकी मृत्यु हो गई। मृतक विनय की शादी 3 वर्ष पूर्व हुई थी उसके कोई भी संतान नहीं थी। मृतक के पिता का आरोप है कि उसका बेटा ज्यादातर ससुराल में ही रहता था और अपनी कमाई भी ससुराली जनों को देता था जबकि मृतक के बड़े साले रतन कुमार का कहना है कि विनय अपने गांव गणेशी खेड़ा से सोमवार सुबह 6:00 बजे चला था और 9:30 बजे ससुराल आया।

# अमरोहा विधायक ने किया रेस्टोरेंट का उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता

**अमरोहा।** एन एच 9 हाईवे पर शकरपुर में श्री वेंकटेश्वरा यूनिवर्सिटी के निकट बहुत ही शानदार आलीशान होटल एंड रेस्टोरेंट नीलकंठ स्टार खुल गया है। जहां यात्रियों पर्यटकों को बहुत ही शानदार उच्च क्वाल्टी का गुणवत्ता पूर्ण खाना, नाश्ता, लंच, डिनर, ब्रेक फास्ट चौबीस घंटे उपलब्ध मिलेगा। दिल्ली बरेली, लखनऊ नैनीताल जाते हुए यात्री पर्यटक यहां के लजीज स्वादिष्ट व्यंजनों का लुफ्त उठाए। फीता काटकर विधिवत आज अमरोहा विधायक उत्तर प्रदेश लोक लेखा समिति के सभापति महबूब अली ने उदघाटन किया।दूर दराज आए मेहमानों ने स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। श्री महबूब अली, सदर विधायक अमरोहा / पूर्व केबिनेट मंत्री, सभापति लोक लेखा समीति उ0प्र0 ने एन0एच0-9 शकरपुर रजबपुर में नीलकंठ स्टार होटल/रेस्टोरेन्ट का उदघाटन करते हुए कहा कि मुरादाबाद दिल्ली नेशनल हाईवे पर उच्च गुणवत्ता का सस्ता खाना उपलब्ध होगा, उक्त होटल मे पर्यटको को मूलभूत सुविधाओ सहित कई प्रकार के व्यंजन मुनासिफ दामो मे उपलब्ध होगे। होटल के प्रोपराइटर विक्रम लाठर ने बताया कि हमारी इससे पहले भी कई इकाई है क्वाल्टी से हमारे यहां कोई समझौता नहीं है। इस मौके पर मा0 विधायक इकबाल महमूद, जावेद आब्दी, पूर्व एम एल सी परवेज महबूब अली, मस्तराम यादव, निर्मोज यादव, इकबाल खाँ, नसीम खॉ, इकरार अंसारी, जोया के पूर्व चेयरमैन जाहिद हुसैन एडवोकेट, अमरोहा गन्ना समिति के पूर्व चेयरमैन चौधरी भगत सिंह बोबी, फिरोज प्रधान, सालीम प्रधान, दानिश इजि0, यामीन फारूकी, सभासद अंसार मलिक, कौसर अब्बासी, साबिर अली, हरिओम सिंह, जयचन्द्र प्रधान, शफीक आदि,विक्रम लाठर, रिक्की, विकास, यजविंद्र लाठर,प्रिंस चौहान, शाहनवाज अली, जावेद अली, सलमान अली, बीरेंद्र सिंह राहवाल, रोमी शफात, जाकिर हुसैन सहित हजारो की संख्या मे लोग उपस्थित रहें। कार्यक्रम से पूर्व विधिविधान से पूजापाठ एवं हवन किया गया।

## जमीनी विवाद को लेकर भाई भतीजे ने लाठी डंडों से हमला कर किया लहूलुहान

**महोबा।** थाना अजनर के ग्राम गुंड में जमीनी विवाद को लेकर भाई और भतीजे ने मिलकर अपने भाई पर लाठी डंडों से हमला कर लहूलुहान कर दिया। पीड़ित ने थाना अजनर में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्राम गुंड निवासी बसंता ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसके भाई से जमीन के बटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। इसी बात को लेकर रविवार की रात्रि उसका भाई अपने पुत्रों के साथ घर के बाहर आया और गाली गलौज करने लगा। शोर शराबा सुन बाहर निकलने पर मैने गाली गलौज करने से मना किया तो भाई और भतीजे ने मुझपर लाठी डंडों से प्रहार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मारपीट देख ग्रामीणों ने मामले को शांत कराने की कोशिश की, जिस पर दबंग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। सोमवार की सुबह घायल अवस्था में पीड़ित थाने पहुंचा और भाई भतीजों के खिलाफ तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई।

# अनौपचारिक शिक्षा ही बच्चों का करती है सर्वांगीण विकास : अजय कुमार शर्मा

अवधनामा संवाददाता



**संभल।** भवानीपुर स्थित जूनियर हाईस्कूल में चल रहे ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में बच्चों को योग-व्यायाम कराने के साथ ही, मिट्टी-बर्तन बनाना, राखी बनाना, पतंग बनाना, मेहंदी लगाना, पेंटिंग करना, विभिन्न खेलों को खेलना एवं घरेलू साज-सज्जा के सामान बनाना आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। हिन्दू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा एवं ग्राम प्रधान विष्णु कुमार ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन करते हुए शिविर का शुभारंभ किया। प्रशिक्षण देते हुए मामराज सिंह ने कहा कि प्रत्येक कला हमारे जीवन में महत्वपूर्ण है, इसलिए हमें अधिक से अधिक ज्ञान अर्जित करने की आदत बनानी चाहिए।

जिंदगी में सीखने की कला ही, व्यक्ति का चहुंमुखी विकास करती है,यह सतत् चलने वाली प्रक्रिया है। संचालक श्यामभवी मिश्रा ने बच्चों को, सुन्दर चित्र बनाने हेतु जरुरी तरीकों को समझाया, खाने से पहले एवं शौच के बाद हैण्डवाश करने हेतु बच्चों को प्रेरित किया तथा दैनिक जीवन में संस्कारों को शामिल करने को बहुत जरूरी बताया ताकि हर बालक अच्छा नागरिक बन सके। मुख्य अतिथि अजय कुमार शर्मा ने अनौपचारिक शिक्षा प्राप्त करने के लिए समर कैंप को आवश्यक बताया। श्री शर्मा ने कहा कि कुशल नागरिक एवं देशभक्त बनने के लिए केवल किताबी ज्ञान ही पर्याप्त नहीं होता बल्कि सामाजिक क्रियाकलापों में प्रतिभाग करना एवं अधिक से अधिक ज्ञानार्जन करना महत्वपूर्ण है।ग्राम प्रधान विष्णु कुमार उर्फ विनय चौधरी के साथ ही, विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों ने विद्यालय में पहुंचकर बच्चों से प्रशिक्षण के विषय में जानकारी प्राप्त की तथा प्रतिभागियों के अनुभवों को, बच्चों में साझा करने का सुझाव दिया। राखी एवं सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन करके, विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया तथा शिविर के समापन में प्रधानाध्यापक अतुल कुमार शर्मा द्वारा छात्र-छात्राओं के बीच मिष्ठान एवं फल वितरित किए गए।

## मारपीट व छेड़छाड़ एवं आगजनी का मामला दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम निवासी पीड़िता द्वारा न्यायालय के आदेश पर कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमें में कहा गया है कि उसके घर के सभी लोग केरल में रहते हैं। घर पर वह अपनी सास के साथ रहती है। ताउ रामकुमार के दरवाजे पर लगे हैंड पंप का पानी उसके घर में आता है। विगत 01 अप्रैल 2025 को 04:30 बजे जब उसने उलाहना दिया तो उक्त व्यक्ति ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और अपने साथी जहीरूद्दीन, जलालुद्दीन व मूलचंद को बुला लिया और उसे उसकी सास के साथ मारपीट करते हुए अश्लील हरकतें कीं और घर से बाल पकड़ कर खींच के निकाल दिया और जाति सूचक गाली गलौज करते हुए मकान के छप्पर में आग लगा दी। जिससे उसका गृहस्ती का सारा सामान जल गया। कोतवाली पुलिस द्वारा कार्रवाई न होने पर उसने न्यायालय की शरण ली। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस पर 17 का निस्तारण

■ सीडीओ व एसपी ने सुनी शिकायतें, निस्तारण के दिये निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जन समस्याओं एवं शिकायतों के प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु तहसील पुरवा में आयोजित जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कृति राज एवं पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा जनसामान्य की समस्याएं व शिकायतें सुनीं गई। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील पुरवा में सीडीओ द्वारा राजस्व विभाग की 67, पुलिस विभाग की 13, विद्युत विभाग की 10 सहित अन्य विभागों की 9 शिकायतों/समस्याओं का अनुश्रवण किया गया। इस अवसर पर कुल 99 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 17 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया।

इस अवसर पर सीडीओ ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन/आईजीआरएस पोर्टल से प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करते समय विशेष सावधानी बरतें। आईजीआरएस से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के दौरान जो भी असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त होते हैं, अधिकारीगण उन्हे अच्छे से पढ़े और तदोपरान्त गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिन विभागों की जो भी शिकायतें प्राप्त हुई है उन्हे स्थलीय निरीक्षण के उपरान्त गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित कराया जाए।

इस अवसर पर तहसील परिसर में संबंधित विभागों द्वारा पोषण, समाज कल्याण विभाग, महिला कल्याण विभाग, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फार्मर रजिस्ट्री, खाद्य एवं रसद विभाग, जिला उद्योग एवं स्वास्थय के कैंप लगाकर जनसमुदाय को सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया तथा जरूरतमन्दों को आवश्यक दवाओं का वितरण कराया गया। सीडीओ द्वारा विभागीय कैम्पों का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 हरिनंदन प्रसाद, जिला पूर्ति अधिकारी राज बहादुर सिंह, परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी डा0 नीलम सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह, जिला सेवायोजन अधिकारी प्रीति चन्द्रा, जिला कृषि अधिकारी शशांक, उपायुक्त उद्योग करूणा राय, जिला मत्स्य अधिकारी बी0के0 दुबे, जिला आबकारी अधिकारी रवि शंकर, अधिशासी अभियंता नलकूप द्वारिका प्रसाद, उप जिलाधिकारी पुरवा प्रमेश श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी न्यायिक पुरवा शालिनी सिंह, तहसीलदार पुरवा राम शंकर सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी व स्थानीय कर्मचारी गण आदि उपस्थित रहे।

## अभ्युदय सेवा संस्थान का अखिल भारतीय कवि सम्मेलन 14 को

**उन्नाव।** अभ्युदय सेवा संस्थान के द्वारा शनिवार 14 जून 2025 को आयोजित होने वाले अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह समर्पण की पत्रकार वार्ता पार्क व्यू पैलेस में सम्पन्न हुई। इस बैठक में संस्था के अध्यक्ष डॉ. प्रभात सिन्हा ने बताया कि प्रति वर्ष की भाँति अभ्युदय सेवा संस्थान द्वारा आयोजित नवम् अखिल भारतीय कवि सम्मेलन सर्व सम्मति से 14 जून दिन शनिवार को शहर के नार्मल मैदान में होना सुनिश्चित हुआ है। संस्था के महासचिव हाई कोर्ट अधिवक्ता ओ.पी. तिवारी ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में वीर रस के कवियों में वीर रस के हिमालय नई दिल्ली से डॉ. हरिओम पवार, इटावा से देवेंद्र प्रताप सिंह आग, सुल्तानपुर से अभिमन्यु शुक्ल तरंग, उन्नाव की मीनाक्षी दिनेश वही हास्य में प्रयागराज से अखिलेश द्विवेदी, लखनऊ से डॉ. सर्वेश अस्थाना, रायबरेली से मधुप श्रीवास्तव नर कंकाल काव्य पाठ करेंगे।

# बिजली पेयजल की समस्या को लेकर किसानों ने निकाला जुलूस

अवधनामा संवाददाता

**जैतपुर महोबा।** जैतपुर क्षेत्र में भीषण बिजली और पेयजल संकट को लेकर बुन्देलखण्ड किसान यूनियन ने सोमवार को कस्बे में जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया, बाद में जिलाधिकारी महोबा को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार पंकज गौतम को सौंपा। नायब तहसीलदार को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि जैतपुर सहित आसपास के गांवों में बिजली पानी की समस्या ने विकराल रूप ले लिया है। जिससे लोग भीषण गर्मी में बिजली और पानी की समस्या से जूझ रहे है। बुन्देलखंड किसान यूनियन ने ज्ञापन में बताया कि विकासखंड जैतपुर के ग्राम थुरट के तलैयापुरा मोहल्ले में लोगों को भीषण पेयजल किल्लत से जूझना पड़ रहा है। इसी तरह ग्राम कुटरा व महेवा में बीते 15 दिनों से टंकी की डीपी खराब होने से जलापूर्ति पूरी तरह से ठप है। ग्राम बछेछर खुर्द के कारकदेव मोहल्ले और जैतपुर कस्बे के दमक मोहल्ले में 6 माह से खराब पड़े हैंडपंप के चलते करीब 200 परिवारों को दो किमी दूर से पानी लाना पड़ रहा है।

विद्युत व्यवस्था को लेकर किसान यूनियन ने नाराज़गी जताते हुए बताया कि ग्राम मगरोलकला में अनिल राजपूत के मकान के पास ट्रांसफार्मर 10 दिनों से खराब पड़ा है, वहीं राज कुशवाहा के घर के पास डीपी खराब है। बार.बार शिकायत के बावजूद विद्युत विभाग ध्यान नहीं दे रहा। साथ ही स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर 500 रुपये की अवैध वसूली करने का भी आरोप लगाया गया। यूनियन ने ज्ञापन में कहा कि जैतपुर के श्रीनगर चौराहा पर मांस.मछली की दुकानें रिहायशी इलाके में संचालित हो रही हैं, जिससे बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है। इन्हें आबादी से दूर एक निर्धारित स्थल पर शिफ्ट करने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने वालों में डॉण् पंकज तिवारी प्रवक्ता, अखिलेश रावत राष्ट्रीय सचिव, किरन पाठक प्रदेश अध्यक्ष, उदेश कुमारी राजपूत संगठन प्रभारी, कैलाश कुशवाहा, तारा देवी जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा, देवीदीन राजपूत, सीताराम नायक सचिव समेत दर्जनों किसान यूनियन कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**चिंगारी से जली फसलों के मुआवजे की मांग-** बिजली विभाग के अधिकारियों की मनमानी से नाराज किसानो ने चेतावनी दी कि अगर ढीले बिजली के तारों को सही नहीं कराया गया तथा ट्रांसफार्मर व डीपी दुरुस्त न हुई, तो विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

# जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस पर 94 शिकायतों में मात्र एक शिकायत का निस्तारण

अवधनामा संवाददाता

■ संपूर्ण समाधान दिवस पर तेज धूप के बाद भी जुटी फरियादियों की भीड़

**महोबा।** जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील कुलपहाड़ में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में किया गया। जहां पर तेज धूप और तपिश के बाद भी फरियादियों की भारी भीड़ जुटी। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आशाराम सहित जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में समस्याओं को सुना गया। संपूर्ण समाधान दिवस पर प्राप्त हुई 94 शिकायतों में मात्र एक शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया।

शिकायतों का अनुश्रवण करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायत कर्ता से जरूर बात की जाए। शिकायत निस्तारण से यदि शिकायत कर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा। कहा कि अधिकारी गण आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निपटान में लापरवाही न बरतें, इन शिकायतों के बारे में मुख्यमंत्री कार्यालय से फीडबैक लिया जाता है। शासन की मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए और कागज पर नही बल्कि धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी किया जाए।

उन्होंने कहा शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जॉच की जायेगी। यदि निस्तारण में फर्जी वाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि लेखपाल जब अपने क्षेत्र के ग्रामों में जाएं तब डुग्गी पिटवाकर ग्रामीणों को सूचित करें और उनकी समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करें, यदि कोई बड़ी समस्या है तो अपने क्षेत्र के एसडीएम को अवगत कराएं।

# सपा जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता




**उन्नाव।** समाजवादी पार्टी कार्यालय उन्नाव में जिलाध्यक्ष राजेश कुमार यादव की अध्यक्षता में एवं संगठन निरीक्षक पृथ्वीपाल सिंह की उपस्थिति में जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक संपन्न हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि मुख्य रुप से संगठन को मजबूत करने,अधिक से अधिक च्व। जन पंचायतों के आयोजन कराने एवं मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य को सुदृढ़ रूप से सुनिश्चित कराने पर विशेष स्तर पर चर्चा हुई। श्री यादव ने कहा कि पार्टी का एक एक पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में पार्टी को और भी सशक्त बनाने तथा और भी लोगों को पार्टी से जोड़ने के लिए पीडीए पंचायत का आयोजन कराएगा तथा जनपद में जितने भी निष्क्रिय पदाधिकारी हैं उन्हें तत्काल प्रभाव से पद मुक्त कर नए सक्रिय युवाओं को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी जिससे हम अपने मिशन 2027 लक्ष्य को पूरा करके राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने में सफल होंगे। प्रथ्वी पाल सिंह ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार करते हुए कहा कि हम सभी को एकजुट होकर प्रत्येक विधानसभा के एक एक बूथ को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध होना है और मजबूती के साथ काम करना है हमारा संगठन जितना अधिक एकजुट और सक्रिय होगा हम उतना ही आगे बढ़ेंगे। श्री सिंह ने हर एक पदाधिकारी को अपने अपने क्षेत्र में च्व। के अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने हेतु पीडीए पंचायत का आयोजन करने हेतु निर्देशित किया। तत्पश्चात बब्बू सिंह राजपूत जी के द्वारा श्रद्धेय नेताजी के जीवन पर लिखी पुस्तक ÷मसीहा÷ का विमोचन किया गया।

# वॉलीबाल लीग में कोलकाता से खेलेंगे रोहड़ू के पंकज शर्मा




**नई दिल्ली।** पुजारली-4 पंचायत के फिऊकोटी गांव के पंकज शर्मा को कोलकाता थंडरबोल्ट्स की टीम ने नीलामी में खरीदा है। रविवार को केरल के कालीकट में खिलाड़ियों की नीलामी हुई। प्राइम वॉलीबाल लीग में हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले के रोहड़ू के पंकज शर्मा इस बार कोलकाता थंडरबोल्ट्स के लिए खेलते नजर आएंगे। पुजारली-4 पंचायत के फिऊकोटी गांव के पंकज शर्मा को कोलकाता थंडरबोल्ट्स की टीम ने नीलामी में खरीदा है। रविवार को केरल के कालीकट में खिलाड़ियों की नीलामी हुई। इसमें पंकज शर्मा का बेस प्राइज पांच लाख रुपये रखा गया था। कालीकट हीरोज की टीम ने पंकज की 5.75 लाख रुपये की बोली लगाई। छह लाख रुपये की अधिकतम बाली लगाकर कोलकाता थंडरबोल्ट्स ने पंकज को अपनी टीम में शामिल किया।

**बंगलूरू से खेल चुके**

रोहड़ू के छोटे से गांव से निकलकर भारतीय वॉलीबाल टीम में पहचान बनाने वाले पंकज शर्मा वर्ष 2018 में एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व भी कर चुके हैं। इस पहले पंकज प्राइम वॉलीबाल लीग में बंगलूरू टॉरपीडोज टीम की कप्तानी भी संभाल चुके हैं। पंकज भारतीय सेना में सेवाएं दे रहे हैं।

# पुर्तगाल ने स्पेन को पेनल्टी शूटआउट में हराकर जीता नेशंस लीग का खिताब, फूट-फूटकर रोए रोनाल्डो

**म्यूनिख।** पुर्तगाल की फुटबॉल टीम ने नेशंस लीग कप का खिताब जीत लिया है। रविवार देर रात खेले गए फाइनल में पुर्तगाल ने पेनल्टी शूटआउट में स्पेन को 5-3 से हरा दिया। एक्स्ट्रा टाइम समाप्त होने के बाद स्कोर 2-2 से बराबर रहा था। फिर पेनल्टी शूटआउट में पुर्तगाल ने अपने पांच के पांच शॉट में स्कोर किया, जबकि स्पेन की टीम एक शॉट मिस कर गई। पुर्तगाल के गोलकीपर डिएगो कोस्टा हीरो रहे। उनका एक सेव्स ने पुर्तगाल को नेशंस लीग का खिताब जिता दिया। मैच के बाद पुर्तगाल के कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो फूट-फूटकर रोने लगे। पुर्गताल का यह दूसरा खिताब है। इससे पहले उसने 2018-2019 में टूर्नामेंट के पहले सीजन में भी खिताब जीता था।

पुर्तगाल के लिए फाइनल में शुरुआत अच्छी नहीं रही। 21वें मिनट में स्पेन के मार्टिन जुबीमेंडी ने गोल दागकर टीम को 1-0 से आगे कर दिया। हालांकि, स्पेन की टीम यह बढ़त ज्यादा देर तक कायम नहीं रख सकी। 26वें मिनट में नूनो मेंडिस ने गोल दागकर स्कोर बराबर कर दिया। हाफ टाइम से पहले स्पेन के मिकेल ओयरजबाई ने गोल दाग स्पेन को 2-1 से आगे कर दिया। इसके बाद 61वें मिनट में रोनाल्डो ने गोल दागा और स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। इसके बाद फुल टाइम तक स्कोर 2-2 से बराबर रहा। फिर मैच 30 मिनट के एक्स्ट्रा टाइम में गया। उसमें भी कोई गोल नहीं हो सका। फिर मैच पेनल्टी शूटआउट में गया।



**पेनल्टी शूटआउट में क्या हुआ?**

पुर्तगाल की ओर से पहला शॉट गोंजालो रामोस ने लिया और उन्होंने गोल किया। स्कोर पुर्तगाल 1-0 स्पेन

स्पेन की ओर से पहला शॉट मिकेल मेरिनो ने लिया और गोल दागा।स्कोर पुर्तगाल 1-1 स्पेन

पुर्तगाल की ओर से दूसरा शॉट विटिन्हा ने लिया और उन्होंने गोल किया। स्कोर पुर्तगाल 2-1 स्पेन

स्पेन की ओर से दूसरा शॉट एलेक्स बेना ने लिया और गोल दागा। स्कोर पुर्तगाल 2-2 स्पेन

पुर्तगाल की ओर से तीसरा शॉट ब्रूनो फर्नांडीस ने लिया और उन्होंने गोल किया। स्कोर पुर्तगाल 3-2 स्पेन

स्पेन की ओर से तीसरा शॉट इस्को ने लिया और गोल दागा। स्कोर पुर्तगाल 3-3 स्पेन

पुर्तगाल की ओर से चौथा शॉट नूनो मेंडिस ने लिया और उन्होंने गोल किया। स्कोर पुर्तगाल 4-3 स्पेन

स्पेन की ओर से चौथा शॉट अल्वारो मोराटा ने लिया और वह गोल से चूक गए। स्कोर पुर्तगाल 4-3 स्पेन

पुर्तगाल की ओर से पांचवां और फाइनल शॉट रुबेन नेवेस ने लिया और उन्होंने गोल किया।

## सारा-पाओलिनी ने पहली बार जीता महिला युगल खिताब, पुरुष युगल में ग्रानोलर्स और होरासियो बने चैंपियन



**नई दिल्ली।** सारा इरानी और जैस्मीन पाओलिनी की इटली की जोड़ी ने पहली बार फ्रेंच ओपन महिला युगल खिताब जीता तो वहीं पुरुष युगल में मार्सेल ग्रानोलर्स और होरासियो जेबालोस की जोड़ी उम्र को धता बताते हुए चैंपियन बनी।

ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता सारा इरानी और जैस्मीन पाओलिनी की इटली की जोड़ी ने पहली बार फ्रेंच ओपन महिला युगल खिताब जीता तो वहीं पुरुष युगल में मार्सेल ग्रानोलर्स और होरासियो जेबालोस की जोड़ी उम्र को धता बताते हुए चैंपियन बनी। पिछले साल की उपविजेता रही दूसरी वरीयता प्राप्त इरानी और पाओलिनी ने रविवार को अन्ना डैनिलिना और अलेक्जेंड्रा क्रुनिक को 6-4, 2-6, 6-1 से हराया। इटली की इस जोड़ी ने पिछले साल इसी स्थल पर ओलंपिक का स्वर्ण पदक जीता था। यह इरानी का महिला युगल में छठा ग्रैंड स्लैम जबकि दूसरा फ्रेंच ओपन खिताब है। इस 38 वर्षीय खिलाड़ी ने इससे पहले रॉबर्टा विंची के साथ एक बेहद सफल जोड़ी बनाकर अमेरिकी ओपन, विंबलडन और ऑस्ट्रेलियन ओपन में खिताबी जीत दर्ज की थी। इरानी के लिए यह फ्रेंच ओपन में इस साल का दूसरा खिताब है। उन्होंने इससे पहले एन्ड्रा वावसोरी के साथ मिश्रित युगल खिताब भी जीता है।

# 60 मीटर में उत्सव और पवनी, फर्राटा दौड़ में अनेश को स्वर्ण

**बिलासपुर/सोलन।** बिलासपुर में दो दिवसीय राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता रविवार को संपन्न हुई। समापन समारोह में पूर्व मंत्री ठाकुर राम लाल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की । किशारों के अंडर-12 वर्ग की 60 मीटर दौड़ में हमीरपुर के उत्सव ने पहला स्थान प्राप्त किया। ऊना के राजवीर दूसरे और शिमला के सकृत तीसरे स्थान पर रहे। किशोरियों की अंडर-14 वर्ग की 60 मीटर दौड़ में सोलन की पवनी ने पहला स्थान प्राप्त किया। सोलन की संचिता ने दूसरा और मंडी की कृतिका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लड़कों की अंडर-18 वर्ग की एक हजार मीटर दौड़ में हमीरपुर के इशांत पहले, ऊना के नवजोत दूसरे और ऊना के गगनदीप तीसरे स्थान पर रहे। 100 मीटर दौड़ में बिलासपुर के अनेश चंदेल ने पहला स्थान प्राप्त किया। कांगड़ा के राजीव दूसरे और मंडी के रोहित तीसरे स्थान पर रहे।

लड़कियों की एक हजार मीटर दौड़ में चंबा की भोली ने पहला, कांगड़ा की गार्गी ने दूसरा स्थान और हमीरपुर की स्वाति ठाकुर ने तीसरा स्थान हासिल किया। मास्टर की 100 मीटर दौड़ में हमीरपुर के सुरेंद्र सिंह ने प्रथम स्थान हासिल किया। बिलासपुर की रीवा नाइक ने अंडर-10 आयु वर्ग में भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीता। रीवा ने अंडर-10 आयु वर्ग में हीट स्प्रिंट रनिंग में भी स्वर्ण पदक हासिल किया। वरिष्ठ वर्ग में बिलासपुर की दिव्या ने स्वर्ण पदक जीता। हाई जंप में बिलासपुर की आरुषि ने स्वर्ण जीता। मुख्यातिथि ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर अर्जुन अवॉर्डी सुमन रावत, प्रदेश एथलेटिक्स संघ के सचिव सीपी मेहता, श्याम कौंडल, राज्य खेल छात्रावास प्रभारी मनोज ठाकुर,एथलेटिक कोच संदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

**पहला स्थान**

**100 मीटर दौड़ में बिलासपुर के अनेश चंदेल ने पहला स्थान प्राप्त किया। कांगड़ा के राजीव दूसरे और मंडी के रोहित तीसरे स्थान पर रहे।**




भाषा एवं संस्कृति विभाग के सभागार कोठों में अंतरराष्ट्रीय कराटे फाइट लीग का रविवार को समापन हो गया। इसमें नेपाल और भारत के 356 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें भारत के 22 राज्यों के खिलाड़ी शामिल हुए। प्रतियोगिता में शिमला के 26 खिलाड़ियों ने 33 मेडल अपने नाम किए। इसमें ज्योतिरादित्य ने सुपर गोल्ड जीता, अंशुल व आरव ने गोल्ड, शशि, सौम्यक, रास्व, निखिल, दिव्यांश, सना, रुही ने सिल्वर मेडल और तनिष्क, शैव्य, शिवन्या, सना, अर्जुन, नव्या, हर्षिता अविशा, मानवी, अर्जुन, अविशा, शिवांश, यशवर्धन, तनिष्क, ईशान, अर्नव, दिवेश, आश्विक, कियान ने कांस्य पदक अपने नाम किया। इस दौरान उन्हें बेस्ट टीम की ट्रॉफी भी दी गई। टीम कोच नारायण सिंह बताया कि खिलाड़ियों ने इस चैंपियनशिप के लिए बहुत मेहनत की थी। उन्होंने इसके लिए सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

**सब जूनियर वर्ग में मंडी और हमीरपुर ने जीते मैच**

राज्य स्तरीय जूनियर और सब जूनियर हॉकी प्रतियोगिता के तहत रविवार सुबह के सत्र में दो मैच हुए। इसमें हमीरपुर और मंडी की टीम ने अपने-अपने मैच जीत कर अगले दौर में प्रवेश किया। गुरुनानक पब्लिक स्कूल के खेल मैदान में खेली जा रही प्रतियोगिता के तहत सब जूनियर वर्ग का पहला मैच हमीरपुर और सोलन के बीच में हुआ।

सोलन ने हमीरपुर को 6-2 से पराजित किया। दूसरा मैच ऊना व मंडी के बीच हुआ इसमें मंडी ने ऊना को 4-2 से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया। जूनियर वर्ग में ऊना व हमीरपुर के बीच खेला गया मैच 2-2 पर ड्रा रहा। इस मौके पर ट्रस्ट के प्रधान सरदार नसीब सिंह, सचिव सरदार महेंद्र सिंह, कुलवंत सिंह, चरणजीत सिंह, समाजसेवी नरेंद्र सिंह, हरप्रीत सिंह, बग्गा राम, जसप्रीत सिंह समेत ट्रस्ट के सभी सदस्य और कोच उपस्थित रहे।

# अल्कारेज लगातार दूसरी बार चैंपियन

## नंबर एक सिनर को पांच सेट तक चले मुकाबले में हराया

**नई दिल्ली।** फ्रेंच ओपन 2025 पुरुष एकल फाइनल में कार्लोस अल्काराज ने जीत दर्ज करते हुए अपना दूसरा रौलेंड गैरोस का खिताब जीता। उन्होंने पांच सेट के रोमांचक मुकाबले में जैनिक सिनर को कमबैक स्पेशल से हराया।





स्पेन के कार्लोस अल्कारेज ने रोलां गैरो पर पांच घंटे 29 मिनट चले ऐतिहासिक फाइनल में फिर अपनी बादशाहत कायम की। फ्रेंच ओपन इतिहास के सबसे लंबे और रोमांच के चरम तक पहुंचे पांच सेटों के फाइनल में अल्कारेज ने शीर्ष वरीय इटली के यानिक सिनर को सुपर टाईब्रेकर में 4-6, 6-7 (4), 6-4, 7-6 (3), 7-6 (10-2) से हराकर लगातार दूसरी बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल कर लिया। यह उनका दूसरा फ्रेंच ओपन और कुल पांचवां ग्रैंडस्लैम खिताब है।

जुझारुपन क्या होता है, यह फिलिप चैटियर कोर्ट पर 22 साल के अल्कारेज ने दिखाया। चौथे सेट में सिनर के पक्ष में तीन मैच प्वाइंट थे। लग रहा था कि वह 49 वर्ष बाद फ्रेंच ओपन का खिताब जीतने वाले इटली के पहले खिलाड़ी बन जाएंगे, पर अल्कारेज किसी और मूड में थे। 0-40 से पिछड़ने के बावजूद न सिर्फ तीनों मैच प्वाइंट बचाए, बल्कि मुकाबला 5-5 की बराबरी पर ले आए। इस सेट के टाईब्रेकर 7-3 से जीतकर वे मैच को दो-दो सेट की बराबरी पर ले आए। पांचवें सेट में सिनर 5-4 के स्कोर पर अल्कारेज की सर्विस तोड़कर मुकाबला सुपर टाईब्रेकर की ओर ले गए, जिसे अल्कारेज ने 10-2 से जीत लिया। इसके बाद वह कोर्ट पर लेट गए। उनकी आंखों में आंसू थे।

**सिनर को पहली बार फाइनल में मिली हार**

फाइनल उन दो खिलाड़ियों के बीच था, जो इससे पहले कभी भी कोई ग्रैंडस्लैम का फाइनल नहीं हारे थे। अल्कारेज पिछले चार और सिनर तीन बार फाइनल में पहुंचकर ग्रैंडस्लैम विजेता बन चुके थे, लेकिन यहां अल्कारेज ने बाजी मार ली और सिनर को पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। सिनर के लिए फाइनल का सफर स्वप्न सरीखा था। वह बिना कोई सेट हारे फाइनल में पहुंचे, लेकिन अल्कारेज ने उनके सारे समीकरण बिगाड़ दिए।

# सिनेमाघरों के बाद अब ऑनलाइन गर्दा काट रही निरहुआ हिंदुस्तानी 4




**मुंबई।** भोजपुरी एक्टर दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे की फिल्म निरहुआ हिंदुस्तानी 4 बीते वर्ष सिनेमाघरों में रिलीज हुई। अब इसे ऑनलाइन रिलीज कर दिया गया है।

भोजपुरी सुपरस्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे अभिनीत फिल्म निरहुआ हिंदुस्तानी 4 साल 2024 में थिएटर्स में रिलीज हुई। दर्शकों से इसे काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिली। कुछ दर्शक इस फिल्म की ऑनलाइन रिलीज के इंतजार में थे, जो पूरा हो गया है। इस फिल्म को निरहुआ म्यूजिक वर्ल्ड के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। यहां भी यह गर्दा काट रही है।

**निरहुआ हिंदुस्तानी 5 की डिमांड शुरू**

15 अगस्त 2024 को निरहुआ हिंदुस्तानी 4 यूपी-बिहार और झारखंड के सिनेमाघरों में रिलीज हुई। कल रविवार 8 जून को इसे ऑनलाइन रिलीज किया गया है, जहां दर्शकों से इसे जबर्दस्त रेस्पॉन्स मिला है। रिलीज के एक दिन में ही फिल्म को अब तक 14 लाख से अधिक व्यूज मिल चुके हैं। दर्शकों से फिल्म को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है और साथ ही निरहुआ हिंदुस्तानी 5 की डिमांड भी शुरू हो गई है।

**ये सितारे भी हैं फिल्म का हिस्सा**

इस फिल्म का निर्देशन मंजुल ठाकुर ने किया है। प्रवेश लाल यादव और अभिषेक कुमार ने इसे प्रोड्यूस किया है। फिल्म में दिनेश लाल और आम्रपाली के अलावा सारा लॉकेट, ब्रिजेंद्र सिंह, अभिषेक कुमार, पारुल प्रिया,अमित शुक्ला और अयाज खान जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में हैं। आम्रपाली और दिनेश लाल की केमिस्ट्री फैंस को पसंद आई है।

**2014 में आई पहली फिल्म**

लोकप्रिय फ्रेंचाईजी की पहली कड़ी साल 2014 में रिलीज हुई थी। इसके बाद इसके तीन पार्ट आ चुके हैं। हर कड़ी में कहानी अलग देखने को मिली है। भोजपुरी इंडस्ट्री की यह सबसे सफल फ्रेंचईजी साबित हुई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से बनी निरहुआ हिंदुस्तानी 5 ने बॉक्स ऑफिस पर करीब 6 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया।

# सिर्फ हाउसफुल-हेरा फेरी ही नहीं, इन कॉमेडी फ्रेंचाइजी की अगली फिल्मों का भी इंतजार कर रहे फैंस

**मुंबई।** अक्षय कुमार, रितेश देशमुख और अभिषेक बच्चन की फिल्म %हाउसफुल 5% सिनेमाघरों में इन दिनों काफी इंप्रेस कर रही है। इस फिल्म में लंबी-चौड़ी स्टारकास्ट नजर आ रही है। जैकलीन फर्नांडिज, नरगिस फाकरी, सोनम बाजवा, संजय दत्त, जैकी श्रॉफ समेत कई सितारे इस फिल्म में नजर आ रहे हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि सिर्फ हाउसफुल ही नहीं बल्कि भारत में कई कॉमेडी फ्रेंचाइजी हैं जिनकी अगली फिल्मों का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। चलिए आपको बताते हैं आखिर कौन-कौन सी फ्रेंचाइजी भारत में काफी लोकप्रिय हैं।

**हेरा फेरी**

साल 2000 में रिलीज हुई फिल्म कॉमेडी फिल्म हेरा फेरी का एक-एक सीन आज भी लोगों के जहन में बसा हुआ है। डायरेक्टर प्रियदर्शन की इस फिल्म ने ऐसा जादू चलाया कि सालों बाद भी इंडिया में इसका क्रेज अलग ही लेवल पर है। साल 2006 में आई फिल्म फिर हेरा फेरी इस फिल्म का सीक्वल थी और तब से लेकर आज तक फैंस बेसब्री से इस फिल्म के तीसरे पार्ट यानी हेरा फेरी 3 का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि हेरा फेरी को लेकर इन दिनों विवाद भी गहराता जा रहा है। एक्टर परेश रावल ने अब फिल्म से किनारा कर लिया है और मेकर्स के सामने अब चुनौती है कि वो नए बाबूभैया के रूप में किसे लेकर आएं।

**रिलीज**

**साल 2000 में रिलीज हुई फिल्म कॉमेडी फिल्म हेरा फेरी का एक-एक सीन आज भी लोगों के जहन में बसा हुआ है।**

**गोलमाल**

रोहित शेट्टी के निर्देशन वाली गोलमाल फ्रेंचाइडी भी इंडिया में काफी पॉपुलर है। गोलमाल कॉमेडी फ्रेंचाइजी की फिल्में भी हंसी-मजाक की गारंटी मानी जाती है। अजय देवगन की मुख्य भूमिका वाली इस फिल्म सीरीज के अब तक गोलमाल फन अनलिमिटेड, गोलमाल रिटर्न्स, गोलमाल 3 और गोलमाल अगेन 4 भाग आ चुके हैं और चारों हिट रहे हैं। फैंस अब इसकी अगली फिल्म का भी पलके बिछाए इंतजार कर रहे हैं।



**धमाल**

कॉमेडी से भरपूर धमाल फ्रेंचाइजी की पहली फिल्म साल 2007 में रिलीज हुई थी। संजय दत्त, रितेश देशमुख और अरशद वारसी जैसे सितारों से सजी इस फिल्म को मात्र 10 करोड़ रुपये के बजट में बनाया गया था, लेकिन इसने बॉक्स ऑफिस पर लगभग 50 करोड़ की कमाई कर शानदार सफलता हासिल की थी। इसके बाद साल 2011 में डबल धमाल और 2019 में टोटल धमाल ने सिनेमाघरों में दस्तक दी, दोनों ही फिल्मों ने अच्छी कमाई की और दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। अब इस सफल सीरीज की अगली कड़ी धमाल 4 तैयार है, जो एक बार फिर बॉक्स ऑफिस पर बड़ा धमाका करने आ रही है।

**वेलकम**

जब अक्षय कुमार पहली बार फिल्म वेलकम के साथ पर्दे पर आए थे, तो दर्शकों ने सिनेमाघरों में हंसी से लोटपोट होने का कोई मौका नहीं छोड़ा। करीब 32 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस हास्य फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन करते हुए 117 करोड़ रुपये की कमाई की थी। इसके बाद आए इसके दूसरे भाग वेलकम बैक में अक्षय की गैरमौजूदगी जरूर खली, लेकिन फिल्म ने फिर भी 48 करोड़ की लागत में बनकर 167 करोड़ रुपये का जबरदस्त बिजनेस किया। अब दर्शकों के लिए खुशखबरी ये है कि अक्षय कुमार एक बार फिर इस चर्चित फ्रेंचाइजी में वापसी कर रहे हैं।

## अनुराग कश्यप और एकता कपूर के बीच छिड़ी जुबानी जंग





**मुंबई।** बॉलीवुड में एक बार फिर कंटेंट को लेकर तगड़ा विवाद खड़ा हो गया है। इस बार बहस की जड़ बना है नेटफ्लिक्स और उसका भारत में लॉन्च हुआ शो 'सेक्रेड गेम्स'। निर्देशक अनुराग कश्यप और टीवी क्वीन एकता कपूर इस मामले पर आमने-सामने हैं और इस बहस ने इंडस्ट्री के भीतर मौजूद विचारधाराओं के टकराव को उजागर कर दिया है।

**क्या है पूरा विवाद?**

विवाद की शुरुआत हुई नेटफ्लिक्स के सीईओ टेड सारंडोस के एक बयान से, जिसमें उन्होंने कहा कि 2018 में भारत में 'सेक्रेड गेम्स' से शुरुआत करना शायद उनकी रणनीतिक गलती थी। उन्होंने ये भी जोड़ा कि अगर उन्हें दोबारा मौका मिलता, तो वे ज्यादा पॉपुलर कंटेंट से नेटफ्लिक्स की शुरुआत करते।

**नेटफ्लिक्स सीईओ के बयान पर भड़के अनुराग कश्यप**

इस बयान पर अनुराग कश्यप बुरी तरह भड़क गए। उन्होंने इंस्टाग्राम पर टेड को 'बेवकूफ' करार देते हुए कहा कि अगर उन्हें सास-बहू ड्रामों से शुरुआत करनी थी तो अब वो वही कर भी रहे हैं। कश्यप का ये कमेंट सीधा एकता कपूर और नेटफ्लिक्स की हालिया डील की ओर इशारा था, जिसमें बालाजी टेलीफिल्म्स के साथ साझेदारी में शो बनाए जा रहे हैं।

अनुराग के इस तंज से एकता कपूर चुप नहीं रहीं। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर तीखी प्रतिक्रिया दी और अनुराग को क्लासिस्ट और बेवकूफ बताया। एकता का कहना है कि अनुराग खुद को स्मार्ट दिखाने के चक्कर में उन कंटेंट फॉर्मैट्स को नीचा दिखा रहे हैं, जिन्होंने करोड़ों भारतीय दर्शकों से भावनात्मक रिश्ता जोड़ा है।

# कभी मासूम तो कभी निडरता की मिसाल बने सोनम कपूर के किरदार, फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर दिखाया दम

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अनिल कपूर की बेटी और चर्चित एक्ट्रेस सोनम कपूर ने अपने सिनेमाई करियर में कई फिल्में कीं हैं। अभिनेत्री ने कुछ फिल्मों में जबरदस्त एक्टिंग की है, जिनमें उन्हें खूब सराहना मिली। आज सोमवार के दिन एक्ट्रेस अपना 39वां जन्मदिन मना रही हैं। इस खास अवसर पर जानेंगे उनकी फिल्मों के बारे में, जिन्होंने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन किया था।

**रांझणा**

आनंद एल राय के निर्देशन में साल 2013 में एक फिल्म आई रांझणा, जो सुपरहिट फिल्म रही थी। इस फिल्म में धनुष और सोनम कपूर की लव स्टोरी को दर्शकों द्वारा बेहद पसंद किया गया था। इसने बॉक्स ऑफिस पर भी शानदार कमाई करते हुए वर्ल्डवाइट 93.97 करोड़ रुपये कमाए थे। वहीं इसके बजट की बात करें तो यह फिल्म 30 करोड़ रुपये में बनी थी। इस फिल्म का अंत दुखद था, जिसने दर्शकों को इमोशनल कर दिया था।

**प्रेम रतन धन पायो**

सूरज बड़जात्या के निर्देशन में %प्रेम रतन धन पायो% बनाई गई। इस फिल्म में सोनम कपूर के साथ दिग्गज अभिनेता सलमान खान मुख्य भूमिका में थे। यह रोमांटक ड्रामा फिल्म साल 2015 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म का बजट 180 करोड़ रुपये था और इसने भारत में लगभग 200 करोड़ रुपये कमाए थे। वहीं, फिल्म ने वर्ल्डवाइड 405.85 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। फिल्म में सलमान खान और सोनम कपूर के अलावा नील नितिन मुकेश, स्वरा भास्कर, अनुपम खेर और दीपक दोबरियाल जैसे कलाकार मौजूद थे।



**नीरजा**

साल 2016 में राम माधवानी के निर्देशन में एक फिल्म रिलीज हुई थी %नीरजा%, जो सच्ची घटना पर आधारित थी। इस फिल्म में अभिनेत्री सोनम कपूर ने नीरजा भनोट नाम का साहसिक किरदार निभाया था। फिल्म का बजट 20 करोड़ था, लेकिन इसने शानदार कमाई करते हुए भारत में 100 करोड़ से अधिक कमाए थे और वर्ल्डवाइट 120 करोड़ रुपये के करीब का कलेक्शन किया था।

फिल्म में सोनम कपूर के अलावा शबाना आजमी, जिम सार्भ भी मुख्य भूमिका में नजर आए थे।

**वीरे दी वेडिंग**

शशांक घोष ने साल 2018 में एक फिल्म बनाई थी वीरे दी वेडिंग, जिसमें सोनम कपूर ने अवनी शर्मा की भूमिका अदा की थी। फिल्म में सोनम कपूर के अलावा करीना कपूर खान, स्वरा भास्कर जैसे कलाकार नजर आए थे। अगर फिल्म के बजट की बात करें तो इसका बजट 28 करोड़ रुपये का था। फिल्म ने भारत में 81 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था।

**पैडमैन**

अक्षय कुमार अभिनीत फिल्म पैडमैन में भी अभिनेत्री सोनम कपूर नजर आई थीं। इसमें उन्होंने परी वालिया का किरदार निभाया था। आर बाल्की के निर्देशन में इस फिल्म को साल 2018 में रिलीज किया गया था। 20 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड लगभग 205 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था।

## बाबूभैया परेश रावल की हेरा फेरी 3 में होगी



**मुंबई।** बॉलीवुड की आइकॉनिक कॉमेडी फिल्म 'हेरा फेरी' का तीसरा पार्ट इन दिनों सुर्खियों में है, लेकिन फिल्म को लेकर चर्चा सिर्फ उसकी रिलीज या कहानी को लेकर नहीं है, बल्कि फिल्म से जुड़े विवादों ने भी तूल पकड़ लिया है। खासतौर पर जबसे यह खबर सामने आई कि परेश रावल 'हेरा फेरी 3' का हिस्सा नहीं होंगे, जो बाबूराव गणपतराव आप्टे के किरदार में दर्शकों के दिलों पर राज कर चुके हैं।

हाल ही में एक सोशल मीडिया यूजर ने एक्स पर परेश रावल से भावुक अपील करते हुए लिखा, 'सर, एक बार फिर से सोचिए... आप इस फिल्म के हीरो हैं।' इस पर परेश रावल ने जो जवाब दिया उसने फैंस को हैरानी में डाल दिया। उन्होंने लिखा, 'नहीं... हेरा फेरी में तीन हीरो हैं।'

उनके इस जवाब से यह साफ हो गया कि वो अब फिल्म का हिस्सा नहीं हैं और शायद अपने फैसले पर अडिग भी हैं। सोशल मीडिया पर ये बयान तेजी से वायरल हो रहा है और फैंस के बीच निराशा का माहौल है।

**क्यों हटे परेश रावल फिल्म से?**

सूत्रों की मानें तो परेश रावल और 'हेरा फेरी 3' के निर्माता अक्षय कुमार के बीच कुछ वित्तीय और कानूनी मुद्दे सामने आए थे। कहा जा रहा है कि परेश रावल को फिल्म से बाहर किए जाने के बाद अक्षय कुमार ने उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की थी, जिसके जवाब में परेश रावल ने फिल्म निर्माताओं को ब्याज सहित साइनिंग अमाउंट लौटा दिया। इससे यह भी संकेत मिलता है कि यह सिर्फ एक रचनात्मक मतभेद नहीं, बल्कि एक गंभीर विवाद था।

# मणिपुर हिंसा- नेशनल हाईवे बंद, दवाएं तक नहीं मिल रहीं

## चुराचांदपुर-इंफाल में चीजों के दाम बढ़े, जिसकी गिरफ्तारी का विरोध

एजेंसी




**चुराचांदपुर/इंफाल।** सीबीआई ने जिस मैतेई नेता को एक दिन पहले गिरफ्तार किया, वह अशेम कनन सिंह मणिपुर पुलिस में हेड कांस्टेबल था। मणिपुर पुलिस ने सोमवार को बताया कि आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने के कारण कनन सिंह को मार्च में सस्पेंड कर दिया गया था।

मैतेई संगठन अरम्बई टेंगोल (एटी) का सदस्य कनन सिंह पुलिस में रहते हुए बॉर्डर पार हथियारों की तस्करी करता था। 2023 से चल रही मणिपुर हिंसा के दौरान कनन सिंह एडिशनल एसपी अमित के घर पर हमले का मुख्य आरोपी था, जहां उनका अपहरण कर उनके साथ मारपीट की गई थी।

बंदूक तस्करी में अशेम कनन सिंह को पहली बार 2020 में सस्पेंड किया गया था। 27 फरवरी 2024 को उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। 3 मार्च 2025 को सस्पेंड किया गया, सीबीआई ने कई महीनों की जांच के बाद ठोस सबूतों के आधार पर 7 जून को गिरफ्तार किया।

कनन की गिरफ्तारी के बाद हिंसा भड़क गई। इंफाल के कई इलाकों में प्रदर्शनकारियों ने गाड़ियों में आग लगा दी, सड़कों पर टायर और पुराने फर्नीचर भी जलाए। प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प भी हुई। प्रदर्शनकारियों ने पेट्रोल डालकर खुद को जलाने की भी कोशिश की।

3 मई 2023 को कुकी-मैतेई समुदाय के बीच संघर्ष शुरू हुआ था, जो अब तक जारी है। इस दौरान 300 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। 1500 से ज्यादा घायल हुए। 70 हजार से ज्यादा लोग विस्थापित हैं। 6 हजार से ज्यादा एफआईआर दर्ज हुई हैं।

मणिपुर में हिंसा के बाद हाईवे ब्लॉकेज और ट्रांसपोर्ट रूट्स प्रभावित होने से आम लोगों को महंगाई का सामना कर पड़ रहा है। खास तौर पर चुराचांदपुर और राजधानी इंफाल में खाने-पीने की चीजें और दवाइयों की भारी कमी हो गई है। जरूरी सामानों के दाम बढ़ गए हैं। हिंसा प्रभावित कई इलाकों में दवाइयां तक नहीं मिल रही हैं। एक स्थानीय निवासी ने बताया- अब सारी चीजें मिजोरम के रास्ते आ रही हैं, इसलिए महंगी हो गई हैं। पहले जैसी स्थिति नहीं रही है।

चुराचांदपुर कुकी समुदाय का गढ़ माना जाता है। यह नेशनल 2 और 37 पर निर्भर है, जो असम और नगालैंड से मणिपुर से जोड़ते हैं। अब ये रास्ते बंद हैं, जिससे ट्रकों को लंबा रास्ता मिजोरम से होकर लेना पड़ रहा है। इससे ट्रांसपोर्ट कॉस्ट बढ़ रही है।

हिंसा-प्रदर्शन के बाद प्रशासन ने 7 जून की रात 11.45 बजे से पांच दिनों के लिए 5 जिलों में इंटरनेट और मोबाइल डेटा सर्विस सस्पेंड कर दी है। इनमें इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर शामिल हैं। इंफाल ईस्ट और बिष्णुपुर में कर्फ्यू भी लगाया गया है।

# सिंधु नदी के पानी के लिए गिड़गिड़ा रहा पाकिस्तान, भारत नहीं दे रहा पत्र का जवाब, रखी शर्त

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारत पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) पर तब तक कोई बातचीत नहीं करेगा, जब तक नई दिल्ली की आतंकवाद को लेकर जो चिंताएं हैं, उन्हें दूर नहीं किया जाता और यह संधि पूरी तरह से नए सिरे से नहीं बनाई जाती। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तान के जल संसाधन सचिव सैयद अली मुर्तजा ने कई बार भारत से संपर्क किया है और भारत से अपील की है कि वह सिंधु जल संधि को स्थगित करने के फैसले पर पुनर्विचार करे। उन्होंने भारत की जल संसाधन सचिव देबाश्री मुखर्जी को कई पत्र लिखे हैं और कहा है कि पाकिस्तान भारत की ओर से उठाई गई आपत्तियों पर चर्चा करने के लिए तैयार है।

हालांकि, भारत ने पाकिस्तान के किसी भी पत्र का जवाब नहीं दिया है। सूत्रों के अनुसार, जब तक आतंकवाद से जुड़ी भारत की चिंताओं का समाधान नहीं होता और संधि को पूरी तरह नया रूप नहीं दिया जाता, तब तक भारत किसी भी स्तर पर पाकिस्तान से बातचीत नहीं करेगा। देबाश्री मुखर्जी ने इस फैसले की जानकारी पाकिस्तान को औपचारिक रूप से दी थी। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद 1960 की सिंधु जल संधि को अस्थायी रूप से रोक दिया था। इस हमले में 26 लोगों की जान गई थी।

विश्व बैंक की मध्यस्थता में बनी यह संधि 1960 से भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियों के जल के बंटवारे और उपयोग को लेकर बनी हुई है। सिंधु नदी प्रणाली में मुख्य नदी सिंधु और उसकी सहायक नदियां शामिल हैं। रावी, ब्यास और सतलुज को पूर्वी नदियां कहा जाता है, जबकि सिंधु, झेलम और चिनाब को पश्चिमी नदियां माना जाता है।

## चिचक न्यूज़

### विदेश से लौटे शख्स ने परिवार के पांच लोगों और गर्लफ्रेंड को उतारा मौत के घाट

**तिरुवनंतपुरम।** केरल की राजधानी में एक सनसनीखेज घटना सामने आई। यहां एक युवक ने अपने परिवार के पांच सदस्यों और गर्लफ्रेंड को मौत के घाट उतार दिया। युवक ने वारदात को अंजाम देने के बाद पुलिस के सामने आत्मसमर्पण भी कर दिया। अफान ने स्वीकार किया कि उसने अपनी दादी सलमाबीबी, 13 वर्षीय छोटे भाई अफसान, पिता के भाई लतीफ, लतीफ की पत्नी शाहिदा, और अपनी गर्लफ्रेंड फरजाना की हत्या कर दी। पुलिस जांच में यह पाया गया कि तीन घरों में छह पीड़ित खून से लथपथ मिले। अफान के दावे के अनुसार, उसकी मां शेमी को छोड़कर सभी पीड़ित मौके पर ही दम तोड़ गए थे। अफान की मां की हालत गंभीर बताई जा रही है। उनका वर्तमान इलाज तिरुवनंतपुरम के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। आरोपी ने खुलासा किया कि हत्या के बाद उसने खुद जहर का सेवन कर लिया था।

### रूस का यूक्रेन पर सबसे बड़ा हमला

**कीव।** रूस ने यूक्रेन पर बड़ा हमला किया है। यूक्रेन ने दावा किया कि जब से युद्ध शुरू हुआ है, यह रूस का सबसे बड़ा हमला है। बताया जा रहा है कि रात भर रूस ने भारी बमबारी की। इस दौरान रूस ने यूक्रेन पर 479 ड्रोन लॉन्च किए। यूक्रेनी वायु सेना ने सोमवार को बताया कि ड्रोन के अलावा यूक्रेन के अलग-अलग इलाकों में अलग-अलग तरह की 20 मिसाइलें दागी गईं। बमबारी में खास तौर पर यूक्रेन के मध्य और पश्चिमी क्षेत्रों को निशाना बनाया। बताया गया कि यूक्रेन की वायु रक्षा प्रणाली ने 277 ड्रोन और 19 मिसाइलों को मार गिराया। वायु सेना के एक बयान में दावा किया गया कि केवल 10 ड्रोन या मिसाइलों ने ही अपने लक्ष्य को हिट किया। हालांकि, इस दावे की पुष्टि अब तक नहीं हो पाई है। रूस का दावा है कि उसने केवल सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया था।

# ट्रेनी पायलट युवती समेत तीन लोगों की मौत

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका में खराब मौसम के चलते फंसा एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि हादसे में विमान में सवार तीन लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में एक प्रशिक्षु महिला पायलट भी शामिल है। एरोनॉटिकल रेस्क्यू कोऑर्डिनेशन सेंटर ने बताया कि रविवार को लापता हुए विमान का मलबा पूर्वी क्वाजुलु-नताल प्रांत के ग्रेटाउन शहर के पास मिला है। बचाव केंद्र ने बताया कि विमान में कोई भी जिंदा नहीं बचा है। क्वाजुलु-नताल प्रांतीय परिवहन और मानव बस्तियों के विभाग के अनुसार, मृतकों में एक प्रशिक्षु महिला पायलट भी शामिल है। विभाग के अनुसार, विमान ने रविवार को पूर्वी तट के शहर डरबन के पास एक हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी, लेकिन वह अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच पाया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, दुर्घटनाग्रस्त विमान तीन छोटे विमानों के समूह का हिस्सा था।

# प्रियंका गांधी ने यह आंकड़े दिखाए, कहा- डबल इंजन सरकार महिलाओं के लिए खतरनाक साबित हो रही है

एजेंसी

**पटना।** बिहार चुनाव में प्रदर्शन बेहतर हो, इसके लिए कांग्रेस हर संभव कोशिश करना चाहती है। राहुल गांधी लगातार नीतीश सरकार पर हमला बोल रहे हैं। अब उनकी बहन और कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री प्रियंका गांधी वाड्रा ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने बिहार में सबसे कम लिंगानुपात को लेकर उन्होंने नीतीश सरकार को घेरने की कोशिश की है। सोशल मीडिया पर उन्होंने लिखा कि बिहार में प्रति हजार लड़कों पर सिर्फ 891 लड़कियां पैदा हो रही हैं।

प्रियंका गांधी ने पूछा कि आखिर ऐसा क्या हो रहा है कि जन्म लेने वाले बच्चों में बेटियों की संख्या लगातार गिर रही है? एक तरफ महिलाओं पर लगातार हो रही बर्बरता और दूसरी तरफ लिंगानुपात के मामले में देश में सबसे खराब स्थिति इस बात का संकेत है कि बिहार की डबल इंजन सरकार महिलाओं के लिए खतरनाक साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि यह इस बात का संकेत है कि राज्य की डबल इंजन सरकार महिलाओं के लिए खतरनाक साबित हो रही है।

कांग्रेस नेत्री ने एक रिपोर्ट का स्क्रीनशॉट शेयर किया किया। इसमें यह बताया गया था कि भारत के रजिस्ट्रार जनरल के कार्यालय द्वारा जारी नवीनतम नागरिक पंजीकरण प्रणाली रिपोर्ट 2022 के अनुसार, बिहार में जन्म के समय लिंगानुपात 891 है। इसके बाद महाराष्ट्र (906), तेलंगाना (907), हरियाणा (909) और उत्तराखंड (910) का स्थान है। उन्होंने कहा कि बिहार में 1,000 लड़कों पर केवल 891 लड़कियां पैदा हो रही हैं। यह अनुपात 2020 में 964 था, जो 2021 में घटकर 908 हो गया और 2022 में केवल 891 पर रह गया।

# राहुल ने पूछा- ईसी हरियाणा-महाराष्ट्र चुनाव डेटा कब शेयर करेगा, तारीख बताएं

एजेंसी



**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोमवार को हरियाणा और महाराष्ट्र में 2009 से 2024 के दौरान हुए चुनावों का डेटा शेयर करने के चुनाव आयोग के फैसले की सराहना की। राहुल ने पूछा कि क्या चुनाव आयोग डिजिटल फॉर्मेट में डेटा सौंपने की तारीख बता सकता है।

राहुल ने यह सवाल X पर एक पोस्ट के जरिए पूछा। उन्होंने 7 जून को पब्लिश एक मीडिया रिपोर्ट का स्क्रीनशॉट भी शेयर किया, जिसमें दावा किया गया है कि चुनाव आयोग ने 2025 की शुरुआत में दिल्ली हाईकोर्ट को 2009 से 2024 तक हरियाणा और महाराष्ट्र के वोटर्स लिस्ट का डेटा शेयर करने का आश्वासन दिया था।

हालांकि, चुनाव आयोग की ओर से इस पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। राहुल ने शनिवार को देश के दो दैनिक अखबारों में अपने लेख के जरिए 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग से जवाब मांगा था। आयोग के सूत्रों ने रविवार को कहा कि वह तभी जवाब देगा जब राहुल उन्हें डायरेक्ट लेटर लिखेंगे।

राहुल ने कहा था- महाराष्ट्र की तरह बिहार में मैच फिक्सिंग होगी राहुल गांधी ने अखबारों में अपने लेख में कहा था कि- महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में %मैच फिक्सिंग% की गई थी, जिसमें पहले से भाजपा की जीत तय करने की पूरी कोशिश की गई। भाजपा और उसके सहयोगियों ने चुनाव जीतने के लिए 5 स्टेप की प्लानिंग की थी।

राहुल ने ये भी कहा कि महाराष्ट्र की तरह ही मैच फिक्सिंग अगली बार बिहार में होगी, फिर किसी भी राज्य में जहां भाजपा हारती दिख रही हो।% हालांकि, चुनाव आयोग ने राहुल के दावों को निराधार करार दिया और कहा कि चुनाव के फैसले पक्ष में नहीं आने के बाद ऐसे आरोप लगाना बेतुके हैं।

इसके बाद राहुल ने चुनाव आयोग के जवाब देने के तरीके पर भी सवाल उठाए। राहुल ने शनिवार रात X पर पोस्ट कर लिखा, आप (चुनाव आयोग) एक संवैधानिक संस्था हैं। बिना साइन और टालमटोल वाले नोट जारी करके गंभीर सवालों के जवाब देने का तरीका सही नहीं है। अगर आपके पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है, तो मेरे लेख में दिए गए सवालों के जवाब दें और इसे साबित करें।

# वो तो बहुत ही…, सोनम की गिरफ्तारी पर राजा रघुवंशी के भाई का पहला रिएक्शन

एजेंसी

**इंदौर।** इंदौर के राजा रघुवंशी की मेघालय में हनीमून के दौरान हुई हत्या के मामले में पत्नी सोनम को सोमवार को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक, सोमवार की सुबह उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले में नंदगंज पुलिस स्टेशन में आत्मसमर्पण करने के बाद गिरफ्तार किया गया।

राजा रघुवंशी की पत्नी सोनम ने ही अपने पति की हत्या कराई थी। पुलिस ने पुष्टि की है कि उसे अपनी यात्रा के दौरान भाड़े के हत्यारों को बुलाकर अपने पति की हत्या की साजिश रचने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। इस बीच राजा रघुवंशी के परिवार ने उनकी हत्या में उनकी पत्नी सोनम रघुवंशी और उनके कथित प्रेमी राज कुशवाहा की संलिप्तता पर गहरा सदमा और संदेह व्यक्त किया है।

राजा रघुवंशी की हत्या मामले में उनके भाई विपिन रघुवंशी की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसी खबर सामने आई है और सच कहूं तो हम सभी स्तब्ध हैं, क्योंकि हमने पहले कभी ऐसी खबर नहीं सुनी थी। मैंने इसे कभी देखा भी नहीं था। अब तक हम सोनम की तलाश कर रहे थे और अब सोनम मिल गई है। साजिशकर्ता के तौर पर सोनम का नाम सामने आ रहा है।

मृतक राजा रघुवंशी के भाई ने कहा कि राज कुशवाह, मैंने यह नाम पहले भी सुना है, क्योंकि वह सोनम की कंपनी में नियोक्ता था। वह और सोनम दोनों ही इसमें शामिल हो सकते हैं। हालांकि, हम अभी भी उचित जांच का इंतजार करना चाहेंगे।

वहीं, मृतक राजा रघुवंशी की भाभी भूमि रघुवंशी ने कहा कि सोनम का नाम सुनकर हम बहुत हैरान हैं। हमें इस पर बिल्कुल भी यकीन नहीं हो रहा है, लेकिन अब हम चाहते हैं कि सोनम के बारे में उचित जांच की जाए।

# हम दिल्ली या महाराष्ट्र नहीं, मोदी-शाह से नहीं डरते, डीएमके सांसद ए. राजा का बयान

एजेंसी



**चेन्नई।** डीएमके सांसद ए राजा ने भाजपा पर निशाना साधा है और दावा किया है कि भगवा पार्टी कभी भी तमिलनाडु में अपने पैर नहीं जमा पाएगी। ए राजा ने इसकी वजह बताते हुए कहा कि तमिलनाडु के पास भाजपा की विचारधारा का मुकाबला करने के लिए द्रविड़ विचारधारा है। रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तमिलनाडु दौरे पर थे और उन्होंने मदुरै में एक जनसभा को संबोधित करते हुए तमिलनाडु की डीएमके सरकार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए थे और दावा किया था कि आगामी विधानसभा चुनाव में तमिलनाडु में भाजपा की सरकार बनेगी।

सोमवार को चेन्नई में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए डीएमके सांसद ने अमित शाह के आरोपों को खारिज कर दिया और दावा किया कि गृह मंत्री ने झूठ बोला और डीएमके पर गलत आरोप लगाए। लोकसभा सांसद ने कहा कि अरविंद केजरीवाल सत्ता में कैसे आए...उन्होंने सिर्फ भ्रष्टाचार का विरोध किया, लेकिन उनके पास कोई विचारधारा नहीं थी। हम अमित शाह और मोदी से नहीं डरते क्योंकि ये आम लोग हैं। उनकी विचारधारा पर जगह अतिक्रमण कर रही है और वे जीत रहे हैं, लेकिन वे यहां नहीं जीत सकते क्योंकि हमारे पास उनकी विचारधारा के मुकाबले में हमारी विचारधारा है।

ए राजा ने कहा कि जब तक द्रविड़ियन विचारधारा यहां है, तब तक कोई भी तमिलनाडु में अपने पांव नहीं जमा सकता। हम दिल्ली, महाराष्ट्र या हरियाणा नहीं हैं। हम द्रविड़म हैं और भाजपा यहां नहीं आ सकती। अमित शाह ने डीएमके सरकार पर 4600 करोड़ रुपये के खनन घोटाले में लिप्त होने का आरोप लगाया था। तमिलनाडु में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं और भाजपा राज्य में एआईएडीएमके के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी।

# ऑपरेशन सिंदूर में छाए लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई को मिली एक और जिम्मेदारी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई मीडिया में लगातार सुर्खियां बटोर रहे थे। पाकिस्तान के डीजीएमओ ने सीजफायर के लिए राजीव घई को ही फोन किया था। वहीं, अब राजीव घई से जुड़ी बड़ी खबर सामने आ रही है। भारत सरकार ने उन्हें डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ नियुक्त किया है। इसके साथ ही वो भारत के डीजीएमओ के पद पर भी कार्यरत रहेंगे। रक्षा मंत्रालय ने आधिकारिक बयान के साथ इस खबर की पुष्टि की है। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि भारतीय सेना और खुफिया एजेंसी समेत अन्य अहम विभागों के बीच सामंजस्य बिठाने के लिए डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (स्ट्रेटजी) की पोस्ट बनाई गई है। यह भारतीय सेना के अहम पदों में से एक होगा। बता दें कि 4 जून को हुए रक्षा अलंकरण समारोह 2025 के दौरान लेफ्टिनेंट राजीव घई को उत्तम युद्ध सेवा मेडल से सम्मानित किया गया था। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने भारतीय सेना की प्रेस कॉन्फ्रेंस को लीड किया था। पाकिस्तान के डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशन ने सीजफायर के लिए लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई को फोन किया था, जिसके बाद 12 मई को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर का एलान किया था।

फरवरी में लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई मणिपुर का भी दौरा कर चुके हैं। इस दौरान उन्होंने म्यांमार सीमा का भी जायजा लिया था। मणिपुर दौरे के दौरान उन्होंने मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला, मुख्य सचिव और डीजीपी से भी मुलाकात की थी।

बता दें कि लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई कुमाऊं रेजीमेंट के वरिष्ठ अधिकारी हैं।

# पूर्व प्रधानमंत्री इमरान की 11 जून को रिहाई की अटकलें तेज, क्या झुक जाएगी पाकिस्तानी सेना?

एजेंसी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के एक शीर्ष नेता ने दावा किया कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान जल्द जेल से रिहा हो सकते हैं। उनकी इस बात से संकेत मिलता है कि सेना प्रमुख असीम मुनीर आखिरकार खान के सामने झुक सकते हैं। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, पीटीआई अध्यक्ष गौहर अली खान ने दावा किया अगस्त 2023 से रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में बंद इमरान खान को 11 जून को जमानत मिल सकती है। यह बयान ऐसे समय आया है, जब कुछ दिन पहले ही इमरान खान ने खुद को पीटीआई का संरक्षक घोषित किया था और जेल से ही राष्ट्रव्यापी आंदोलन का एलान किया था। गौहर का दावा उन खबरों के बाद भी आया है, जिनमें कहा गया कि इमरान की रिहाई को लेकर पर्दे के पीछे बातचीत चल रही है। हालांकि, इमरान खान ने खुद इन खबरों को सिरे से खारिज किया है।

जनता में इमरान खान के लिए बढ़ते समर्थन और जेल से ही देशव्यापी आंदोलन का नेतृत्व करने के उनके फैसले ने सेना प्रमुख असीम मुनीर पर दबाव बढ़ा दिया है। पहले से ही 'ऑपरेशन सिंदूर' के चलते बैकफुट पर चल रहे मुनीर अब इमरान के सामने पीछे हटते दिख रहे हैं। हालांकि, इमरान खान ने अभी तक कुछ स्पष्ट नहीं कहा है। लेकिन गौहर अली खान ने कराची के एआरवाई न्यूज के हवाले से कहा कि 11 जून का दिन इमरान खान और उनकी पत्नी दोनों के लिए अहम होगा। गौहर ने यह भी स्पष्ट किया कि इमरान खान की रिहाई किसी भी समझौते के तहत नहीं होगी। इस्लामाबाद हाईकोर्ट पहले ही अल-कादिर ट्रस्ट मामले की सुनवाई को 11 जून तक के लिए टाल चुकी है। इमरान खान पर कई केस चल रहे हैं और वह अगस्त 2023 से रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। वह अपनी गिरफ्तारी को गैरकानूनी बताते हैं। उनकी पार्टी पीटीआई लगातार प्रदर्शन करती रही है, जिसमें नवंबर 2024 में इस्लामाबाद की घेराबंदी भी शामिल थी। जनवरी 2024 में इमरान की पत्नी बुशरा बीबी को तोशाखाना मामले में 14 साल की सजा सुनाई गई थी। उन पर राज्य को मिले तोहफों को गैरकानूनी तरीके से बेचने का आरोप है। इमरान खान का असीम मुनीर से टकराव लंबे समय से चला आ रहा है। वह मुनीर पर उनकी सरकार गिरवाने और उन्हें जेल भिजवाने का आरोप लगाते हैं। खान का कहना है कि बुशरा बीबी की गिरफ्तारी भी मुनीर की निजी दुश्मनी का नतीजा है। उन्होंने इसे बदले की भावना बताया था और कहा था कि जेल में उनकी पत्नी के साथ अमानवीय व्यवहार हो रहा है।

# 400 फीसदी बढ़ानी होगी वायु और मिसाइल सुरक्षा

# रूस से खतरे पर नाटो प्रमुख मार्क रट

एजेंसी




**लंदन।** नाटो प्रमुख मार्क रट ने गठबंधन के सदस्यों से आह्वान किया है कि उन्हें रूस से बढ़ते खतरे का मुकाबला करने के लिए अपनी वायु और मिसाइल रक्षा को 400 फीसदी तक बढ़ाना होगा। सैन्य गठबंधन प्रमुख रट लंदन की यात्रा पर हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया में बढ़ते खतरे और अस्थिरता के समय नाटो को अपनी सामूहिक सुरक्षा को मजबूत बनाना होगा।

नाटो प्रमुख रट ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से 10 डाउनिंग स्ट्रीट में मुलाकात करने वाले हैं। उनकी यह मुलाकात नीदरलैंड में नाटो शिखर सम्मेलन से पहले हो रही है, जिसमें 32 देशों का गठबंधन सैन्य खर्च बढ़ाने पर फैसला कर सकता है।

रूस ने फरवरी 2022 में यूक्रेन पर हमला किया, जिसके बाद से ब्रिटेन समेत नाटो के अन्य सदस्य देशों ने अपने रक्षा बजट पर दोबारा विचार करना शुरू कर दिया है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टार्मर ने कहा है कि वह 2027 तक ब्रिटिश रक्षा खर्च को सकल घरेलू उत्पाद का 2.5 फीसदी और 2034 तक तीन फीसदी बढ़ाने की योजना बना रहे हैं।

नाटो प्रमुख रट ने सुझाव दिया है कि गठबंधन के सदस्यों को सैन्य खर्च पर आर्थिक उत्पादन 3.5 फीसदी और सड़कों, पुलों, हवाई क्षेत्रों, समुद्री बंदरगाहों पर 1.5 फीसदी खर्च करना चाहिए, जो रक्षा से जुड़े हैं। उन्होंने पिछले सप्ताह कहा था कि उन्हें विश्वास है कि सैन्य गठबंधन 24-25 जून को हेग में अपने शिखर सम्मेलन के दौरान इस लक्ष्य पर सहमत हो जाएगा। फिलहाल नाटो के 32 में से 22 देश पहले ही नाटो के 2 फीसदी के लक्ष्य को पूरा करते हैं या उससे ज्यादा खर्च कर रहे हैं।

नाटो प्रमुख ने कहा कि ये नया प्रस्ताव अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उस मांग को पूरा करेगा, जिसमें उन्होंने कहा था कि नाटो देश अपने सकल घरेलू उत्पाद का 5 फीसदी रक्षा पर खर्च करें। ट्रंप लंबे समय से नाटो के मूल्य पर सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने शिकायत की है कि अमेरिका उन यूरोपीय देशों को सुरक्षा प्रदान करता है, जो पर्याप्त योगदान नहीं देते हैं।

नाटो प्रमुख रट लंदन के चैथम हाउस थिंक टैंक में एक भाषण में यह कहने की योजना बना रहे हैं कि नाटो को हजारों बख्तरबंद वाहनों व लाखों और तोपों की जरूरत है। साथ ही हवाई और मिसाइल रक्षा में 400 फीसदी वृद्धि की जरूरत है। रट का कहना है कि हमने देखा है कि रूस कैसे यूक्रेन पर हवाई हमले करता है। इसलिए हमें अपनी हवाई सुरक्षा को मजबूत बनाना होगा। सपनों में जीने से हम सुरक्षित नहीं रह सकते। सिर्फ उम्मीद करना कोई रणनीति नहीं है। नाटो को एक मजबूत, निष्पक्ष और प्रभावशाली संगठन बनना होगा।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस : 203 शिकायतों में 18 का हुआ निस्तारण

डीएम व एसपी ने सुनी सम्पूर्ण समाधान दिवस में लोगों की जनसमस्याएं




अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** तहसील शाहगंज के सभागार में सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ की उपस्थिति में किया गया। इस मौके पर नागरिकों द्वारा कुल 203 शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 18 का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। भूमि अधिग्रहण से जुड़े एक मामले में, जहां मड़वा मोहिउद्दीनपुर की महिलाओं–चन्द्रावती देवी, इन्द्रावती व द्रौपदी–ने एक वर्ष से मुआवजा न मिलने की शिकायत की, डीएम ने उप जिलाधिकारी को 15 जून तक निस्तारण का आदेश दिया।

डीह अशरफाबाद निवासी उर्मिला के मकान निर्माण विवाद पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार और थाना प्रभारी को संयुक्त राजस्व व पुलिस टीम भेजकर तत्काल समाधान के निर्देश दिए। भूमि विवाद, पथरगड्डी, पेंशन व अन्य मामलों पर भी त्वरित कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

समाधान दिवस के दौरान डीएम ने पर्यावरण संरक्षण पर भी बल देते हुए कहा कि सभी विभाग मिलकर लक्ष्य के अनुसार वृक्षारोपण करें और प्रत्येक व्यक्ति अपनी माँ के नाम एक पौधा जरूर लगाए। थानों में भी वृक्षारोपण अभियान चलाने का निर्देश दिया गया।

इसके साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी को ओआरएस पैकेट उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया ताकि फरियादियों को गर्मी में राहत मिल सके।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. लक्ष्मी सिंह, उप जिलाधिकारी राजेश कुमार, जिला विकास अधिकारी मीनाक्षी देवी सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। इसी प्रकार सदर तहसील में अपर जिलाधिकारी राम अक्षयबर चौहान की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित हुआ और अन्य तहसीलों में भी कार्यक्रम संपन्न हुए।

# हाईकोर्ट फ्लाईओवर के नीचे चला अतिक्रमण हटाओ अभियान



अधिवक्ताओं की कुर्सियों को भी नगर निगम की टीम ने हटाया

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** हाइकोर्ट के पास पुल के नीचे रविवार की आधी रात नगर निगम की टीम ने अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान न सिर्फ आसपास की दुकानें हटाई गईं, बल्कि पुल के नीचे रखे कुर्सी और टेबल भी निगम की टीम साथ ले गई। कार्रवाई के दौरान कैंट, सिविल लाइंस समेत कई थानों की पुलिस मौके पर मौजूद रही। आरोप है कि रोड पर अतिक्रमण कर कुर्सी-मेज रखे गए थे, जिससे दिनभर जाम की समस्या बनी रहती थी। रात करीब पौने 12 बजे नगर निगम की टीम पुलिस बल के साथ हाईकोर्ट पुल के पास पहुंची। इस दौरान हाईकोर्ट पानी टंकी से लेकर पुल के नीचे तक लगीं कुर्सियों को टीम ने जेसीबी से एकत्रित किया गया। इसके बाद ट्रैक्टर ट्रालियों में लाद लिया, जिसे नगर निगम परिसर ले जाया गया। मौके पर मौजूद एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि नगर निगम की ओर से कार्रवाई की जा रही है। इस बारे में आदेश जारी किए गए हैं। इस दौरान एसीपी सिविल लाइंस, एसपी कैंट, थाना प्रभारी समेत 100 से ज्यादा पुलिसकर्मी मौके पर मौजूद रहे। सिविल लाइंस थाना प्रभारी रामाश्रय यादव ने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर अतिरिक्त पुलिस बल को तैनात किया गया है। दूसरी ओर नगर निगम कर्मियों का कहना था कि उच्चाधिकारियों के आदेश पर ही अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

## हर्ष फायरिंग की घटना में दो गिरफ्तार

**जौनपुर।** थाना बदलापुर पुलिस ने हर्ष फायरिंग की घटना में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक लाइसेंसी रायफल और तीन खोखा कारतूस बरामद किए हैं। यह कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार पांडेय के नेतृत्व में चलाए गए विशेष अभियान के तहत की गई। पुलिस उपनिरीक्षक प्रशांत पांडेय अपने सहयोगियों के साथ ग्राम देवरामपुर में कार्रवाई करते हुए आजमगढ़ जिले के दो अभियुक्तों जगन्नाथ यादव (निवासी पचरुखवा, थाना पवई) और सुनील कुमार राजभर (निवासी सरैना, थाना अहरौला)कृको मौके से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने हाल ही में एक निजी कार्यक्रम के दौरान हर्ष फायरिंग की थी, जिससे जनसुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो गया था। दोनों आरोपियों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट समेत सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।पुलिस ने आमजन से अपील की है कि हर्ष फायरिंग जैसी घटनाएं न केवल कानून का उल्लंघन हैं, बल्कि यह दूसरों की जान के लिए भी खतरा बन सकती हैं। ऐसे मामलों की सूचना तत्काल नजदीकी थाने को दें।

# साइबर क्राइम टीम का एक्शन



25 लाख के 101 मोबाइल बरामद, साइबर ठगी के 38 पीड़ितों को लौटाए 20 लाख

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जिले से एक राहत भरी खबर सामने आई है। यहां साइबर क्राइम थाना की टीम ने बीते दो महीनों में साइबर ठगी के शिकार 38 लोगों को उनका पैसा वापस दिलाया है। साथ ही करीब 25 लाख रुपये कीमत के 101 मोबाइल फोन भी अलग-अलग राज्यों से बरामद कर असली मालिकों को सौंपे गए।

एसपी सिटी आयुष श्रीवास्तव ने मीडिया से बातचित में बताया कि पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देशन में चलाए गए इस विशेष अभियान के तहत, साइबर क्राइम थाना जौनपुर ने अप्रैल और मई महीने में गुमशुदा मोबाइलों की तलाश में दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र, झारखंड, बिहार, राजस्थान, आंध्र प्रदेश और यूपी के कई जिलों में छापेमारी की। हमारा उद्देश्य सिर्फ अपराधियों को पकड़ना नहीं, बल्कि जनता को राहत भी देना है। हमने तकनीक के सहारे मोबाइल और पैसे ट्रेस किए और उन्हें उनके मालिकों तक पहुंचाया।

मोबाइल पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे... और साइबर ठगी से उबरने पर उन्होंने पुलिस का आभार जताया। अगर आपका मोबाइल गुम हो जाए तो तुरंत नजदीकी थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराएं और CàßIR पोर्टल पर शिकायत पंजीकृत करें।

साइबर अपराध का शिकार होने पर तुरंत 1930 पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत करें। जौनपुर की ये साइबर क्राइम टीम आज लोगों के लिए एक मिसाल बन चुकी है। जिस तरह से उन्होंने न सिर्फ लोगों की आर्थिक मदद की बल्कि भरोसे को भी लौटाया वो काबिले तारीफ है।

## अतीक गैंग के मेंबर पर मुकदमा दर्ज़

**प्रयागराज।** प्रयागराज के म्योर रोड राजापुर के रहने वाले अजय कुमार ने जबरन जमीन का बैनामा करने का आरोप लगाते हुए कैंट थाने में नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि बेली निवासी मोहम्मद राशिद पर पहले से जमीनों पर कब्जा करने और गुंडा एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज हैं। वह अतीक गैंग का सक्रिय सदस्य है। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजापुर के रहने वाले अजय कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसकी राजापुर देहमाफी में एक हजार वर्गमीटर जमीन है। कुछ महीने पहले मोहम्मद राशिद ने जबरन डरा धमकाकर उसकी 600 वर्गमीटर जमीन कुछ लोगों को बेच दी। बैनामा के समय फर्जी तरीके से अलग-अलग चेक के माध्यम से भुगतान दर्शाया गया है। जबकि उसे एक भी फूटी-कौड़ी नहीं मिली। आरोप है कि अजय जब भी रुपए मांगने जाता है। तो राशिद जान से मारने की धमकी देकर भगा देता है।

# टोयोटा ने जौनपुर में माइलेज रैली का समापन

अवधनामा संवाददाता




**जौनपुर।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने जौनपुर में अपनी माइलेज रैली का सफलतापूर्वक समापन किया । यह उत्तर प्रदेश के प्रमुख शहरों में एक व्यापक पहल का हिस्सा था। इसका मकसद टोयोटा अर्बन क्रूजर हाइराइडर हाइब्रिड की श्रेणी में सर्वोत्तम ईंधन दक्षता का जश्न मनाना था ।इस आयोजन में मौजूदा ग्राहकों के साथ भावीखरीदरों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। सबने अपने ड्राइविंग कौशल का प्रदर्शन किया और साथ में हाइराइडर की उल्लेखनीय हाइब्रिड प्रौद्योगिकी को महसूस किया। कार्यक्रम का समापन टॉप परफॉर्मर - श्री सुनील सिंह - के सम्मान के साथ हुआ। इन्होंने सबसे अधिक माइलेज (29.60 किलोमीटर) हासिल किया, जिससे उन्नत हरित प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के प्रति टोयोटा की प्रतिबद्धता को बल मिला।14 से अधिक प्रतिभागियों ने पहले से ईंधन भर हुए हाइराइडर हाइब्रिड वाहन चलाए। यह शहर के निर्धारित मार्ग के साथ 50-80 किलोमीटर तक फैले राजमार्ग रूट पर चलाना था। लौटने पर हाइराइडर हाइब्रिड्स का परीक्षण किया गया और ईंधन दक्षता के लिए मूल्यांकन किया गया। इसमें वास्तविक दुनिया की स्थितियों में मॉडल की उन्नत हाइब्रिड प्रणाली का प्रदर्शन किया गया।

# रोग निवारण का सशक्त माध्यम है योग: कुलपति

नियमित योगाभ्यास से जीवन में संतोष: डॉ नीता

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा के तत्वावधान में सोमवार को रोग निवारण में योग, वैज्ञानिक शोध एवं निष्कर्ष विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया। इस वेबीनार में योग के माध्यम से रोग निवारण के वैज्ञानिक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल के निर्देश पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025 तक योग पर आधारित विभिन्न कार्यक्रमों का श्रृंखलाबद्ध आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में आज आयोजित वेबीनार की अध्यक्षता कर रहे कुलपति आचार्य सत्यकाम ने योग को रोगों के निवारण एवं प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने का सशक्त माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि योग के माध्यम से न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को भी संतुलित रखा जा सकता है। मुख्य वक्ता डॉ. नीता कुमार, वैज्ञानिक एफ, आईसीएमआर नई दिल्ली ने अपने व्याख्यान में योग के माध्यम से रोगों के निवारण पर आधारित वैज्ञानिक शोधों और उनके निष्कर्षों को साझा किया। उन्होंने अष्टांग योग में यम के पांचों अंग , नियम के पांचों अंग, सहित सभी अंगों पर हुए योग पर शोध और निष्कर्षों पर वृहद चर्चा की। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से जीवन में संतोष, आशावादी विचार, जीवन में सकारात्मकता और आत्म विश्वास आदि का प्रभाव जीवन स्तर को उच्च बनाने मे सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने बताया कि योग द्वारा आज की बेतरतीब जीवन पद्धति से उत्पन्न हुए गंभीर रोगों जैसे कैंसर, डाइबिटीज, उच्च व निम्न रक्तचाप को भी नियंत्रित किया जा सकता है। विभिन्न रोगों के उपचार में योग की प्रभावशीलता को लेकर किए गए शोधों के परिणाम अत्यंत उत्साहजनक हैं।

कार्यक्रम के संयोजक प्रोफेसर एस कुमार ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। आयोजन सचिव अमित कुमार सिंह ने योग कार्यक्रमों को जन जन तक पहुंचाने की अपील की।इस वेबीनार में देश के विभिन्न हिस्सों से प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# नगर निगम कार्यालय पर वकीलों का हंगामा

रात में हटाये गये अतिक्रमण पर आक्रोश

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** हाईकोर्ट के पास से अतिक्रमण हटाने और न्यायालय परिसर खाली करने के आदेश पर सोमवार को अधिवक्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। भारी संख्या में अधिवक्ता नगर निगम परिसर पहुंचे। वहां अपर नगर आयुक्त से मुलाकात कर अपनी आपत्ति दर्ज कराई। इस दौरान नगर निगम परिसर में अधिवक्ताओं ने प्रशासन और नगर निगम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ज्ञात हो कि रविवार देर रात में नगर निगम द्वारा हाईकोर्ट के गेट नंबर 4 के पास से अतिक्रमण हटाया गया। जिसके बाद से अधिवक्ता समुदाय में नाराजगी है। जिसकी वजह से भारी संख्या में अधिवक्ता नगर निगम ऑफिस में पहुंचे। यहां अपर नगर आयुक्त दिपेन्द्र यादव से वकीलों की बहसबाजी हुई। काफी देर तक नगर आयुक्त ने वकीलों को समझाने का प्रयास किया। फिलहाल मौके पर नगर आयुक्त शीलम साई तेजा मौजूद नहीं थे। मामले में किसी भी तरह का कोई समझौता और समाधान न निकलने पर वकीलों ने कार्यालय से बाहर नगर आयुक्त मुर्दाबाद और होश में आओ के नारे लगाए। अधिवक्ताओं का कहना है कि जिस स्थान पर सालों से उनके बैठने की अस्थायी व्यवस्था थी। उसे बिना किसी वैकल्पिक समाधान के हटाया गया। यह न केवल उनके पेशेवर दिनचर्या को बाधित करता है, बल्कि न्यायिक कार्यों पर भी प्रभाव डालता है।

**जिला कचहरी के अधिवक्ताओं को भी मिला नोटिस-** नगर निगम द्वारा जिला न्यायालय परिसर के आसपास बैठे अधिवक्ताओं को भी नोटिस जारी किया गया है कि वे अपने स्थानों को खाली करें। इस नोटिस पर सोमवार को अधिवक्ताओं ने अपर नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा और अनुरोध किया कि जब तक अधिवक्ताओं के बैठने की वैकल्पिक व्यवस्था नहीं हो जाती, तब तक कार्रवाई पर रोक लगाई जाए।

## प्रयास द्वारा पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण कर टीगार्ड लगाया गया



**आजमगढ़।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से प्रयास सामाजिक संगठन द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर नगर हरबंशपुर के पास पौधरोपण ट्री गार्ड लगाकर किया गया। इस दौरान नगरवासियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। प्रयास के सचिव इंजी सुनील यादव ने पर्यावरण और जीव-जंतुओं की परस्पर निर्भरता पर जागरूक किया और कहा कि जब तक मानव प्रकृति के साथ सामंजस्य नहीं बिठाएगा, तब तक स्थायी विकास संभव नहीं है। प्रकृति के साथ हो रही अत्यधिक छेड़छाड़ और उसके दुष्परिणामों पर चिंता जताते हुए लोगों से पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाने की अपील की। इस दौरान इस अवसर पर राणा बलबीर सिंह, बृजेश राय, राजू सिंह, ओमनारायण, शिव प्रसाद पाठक, ईजी. अमित, राजीव शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



अवधनामा संवाददाता

**लालगंज, आजमगढ़।** राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद (रजि0) आजमगढ़ द्वारा जिला कमेटी की एक आवश्यक बैठक तहसील परिसर लालगंज पर की गई।

वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्रा के आह्वान पर उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री के नाम संबोधित पत्रकारों के उत्पीड़न संबंधित एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी लालगंज को सौपा गया। पत्रकारों ने बताया कि बांदा जनपद में पत्रकार नीरज निगम पर पुलिस द्वारा फर्जी मुकदमा दर्ज कर उत्पीड़न किया जा रहा है। इसी कड़ी में आजमगढ़ जनपद के जहानागंज निवासी संजय यादव के ऊपर हमला होने पर पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। घटनाओं को लेकर संगठन में रोष व्याप्त है। पत्रकार संगठन ने मुख्यमंत्री से मांग किया है कि पत्रकारों के ऊपर फर्जी मुकदमे वापस लिए जाय और जहानागंज के पत्रकार संजय यादव की सुरक्षा के साथ-साथ दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाय। आज पत्रकार समाज में सुरक्षित नहीं है। प्रशासन द्वारा उनका उत्पीड़न किया जाता है। संगठन के लोगों ने मुख्यमंत्री से मांग किया है, कि पत्रकार सुरक्षा बिल लागू किया जाए और पत्रकारों के उत्पीड़न करने वालो पर तुरंत एक्शन लिया जाए। ज्ञापन देने के दौरान राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के जिला अध्यक्ष संजय कुमार,उपाध्यक्ष तूफानी चौहान, आईटी सेल प्रभारी सादिक उस्मानी, दीपक लाल, दीपक भारती,संजीव कुमार, विनोद कुमार, जितेंद्र, विजय विश्वकर्मा, अजय चौहान आदि संगठन के पदाधिकारी मौजूद थे।

## खारिज दाखिल न होने से बैनामा धारकों को हो रही है परेशानी सौंपे ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** जमीन का बैनामा लेने के बाद तहसीलों द्वारा खारिज दाखिल की कार्यवाही नहीं हो रही है जिससे बैनामेदार परेशान हैं,इस परेशानी को दूर करने के लिए आज भारत रक्षा दल परिवार के श्रम मंच पदाधिकारियों द्वारा एक मांग पत्र जिला प्रशासन को दिया गया। मांग पत्र देते हुए श्रम मंच के प्रभारी जैनेंद्र चौहान ने बताया कि जिले में बहुत से लोगों ने मकान आदि बनवाने के लिए जमीन खरीदा है,लेकिन पिछले कई महीनों से खारिज दाखिल की कार्यवाही नहीं की जा रही है,जिससे लोन लेने वालों को लोन नहीं मिल रहा ,जमीन की नापी नहीं हो रही है,लोग तहसीलों का चक्कर लगा कर परेशान हैं कोई सुनने वाला नहीं है। इस मांग को लेकर हम लोग ज्ञापन दे रहे हैं जिला प्रशासन द्वारा इस पर शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया गया है उम्मीद है जल्दी ही यह कार्यवाही होने लगेगी, ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से महेंद्र चौहान, बबलू तिवारी, रमाकांत यादव, धर्मवीर शर्मा, आशीष एडवोकेट, राजा चौहान, धर्मराज, प्रदीप कुमार चौहान आदि उपस्थित रहे।

# मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल बच्चों के भविष्य को बनाती है उज्जवल: एस के मिश्रा

अवधनामा संवाददाता

फ्रेंच भाषा की पढ़ायी मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल को बनाती है विश्व स्तरीय




**प्रयागरज।** शिक्षा हर इंसान के जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू है उसे एक सामजिक नागरिक तो बनाती ही है साथ में आगे जीवन जीने के लिए आसान रास्ते भी बनाती है। आज आधुनिक युग में जहाँ अच्छी शिक्षा हर बच्चे की जरूरत है, जिससे उसे जिंदगी के हर मोड़ पर मदद मिल सके। इसके लिए स्कूल का चयन भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है, जहँ पर परंपरागत पढ़ाई के साथ साथ आधुनिक तौर तरीके से शिक्षा दी जाय ताकि बच्चा स्कूल से निकले तो उसे कैरियर में ज्यादा संघर्ष न करना पड़े।

इसी क्रम मन प्रयागराज के यमुनापार में नैनी स्थित मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल के बारे में हमारी टीम ने पता किया की क्या क्या सुविद्याएँ हैं और कैसे बच्चों को पढ़ाया जाता है। मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल नैनी के निदेशक एस के मिश्रा ने बताया कि बच्चों का बुनियाद मजबूत होना बहुत जरूरी है, मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल में प्रारंभिक के बच्चों से ही टीचर म्हणत करना शुरू करते हैं, बच्चों को अच्छर पहचान केवल लिखकर या रटाकर ही नहीं याद कराया जाता है, बल्कि तमाम खेल खिलोनों के माध्यम और स्मार्ट बोर्ड पर चित्रण के माध्यम से भी कराया जाता है, ताकि जैसे जैसे छोटे बच्चे आगे बढ़ें पढ़ने में उनका मन लगे।

इसी तरह से एसके मिश्रा ने मिडिल क्लास के शिक्षा के बारे में बताया कि मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल में मिडिल क्लास के बच्चों कि बुनियाद को ऐसे मजबूत किया जाता है कि बच्चा बोर्ड परीक्षा के लिए पहले से ही तैयार हो, हर विषय के योग्य टीचर लगातार विषय को सरलतम तरीके से पढ़ाते हैं और जो बच्चा कमजोर होता है उसकी कॉउंसलिंग करके उसकी कमजोरी पर काम करते हैं। बच्चों पर बिना किसी अतरिक्त बोझ डाले स्मार्ट क्लास के माध्यम से, मनोरंजक तरीके से उनको तैयार किया जाता है। एस के मिश्रा का मन्ना है कि बुनियाद अगर मजबूत है तो बच्चों का भविष्य उज्जवल होगा, उन्हें कैरियर में आगे अपने रूचि के अनुसार क्षेत्र चुनने में दिक्कत नहीं आएगी चाहे वे डॉक्टर बने या इंजनियर या फिर प्रशशणिक अधिकारी या कलाकार। मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल के निदेशक एस के मिश्रा के अनुसार दस से बारह तक बच्चों कि पढ़ाई सीबीएसई बोर्ड के तहत निर्धारित विषय संग्रह के साथ होती है और हर अध्यापक सीबीएसई बोर्ड के नियामकों के अनुसार पढाई कराते हैं, बोर्ड परीक्षा की तैयारी कैसे की जाय, समय से सलेबस पूरा करना, समय समय पर टेस्ट लेकर उनको तैयार करना और उनको अधिकतम अंक लाने के लिए मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल प-रेरित करता है। एसके मिश्रा ने बताया कि पहले ही बैच में मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल ने शाट प्रतिशत रिजल्ट दिया और बच्चों ने 97 प्रतिशत से 87 प्रतिशत तक अंक प्राप्त किये जो मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल की बड़ी उपलब्धि है। स्कूल के निदेशक एस के मिश्रा ने यह भी बताया कि बच्चों के खेल कूद, मनोरंजन, वादन, गायन, नृत्य कला की भी शिक्षा कुशल अध्यापक के देख रेख में होती है, समय समय पर टूर भी जाता है और स्वास्थ के प्रति जागरूकता के लिए कैंप का भी आयोजन होता है। सबसे बड़ी बात यह है की हिंदी इंग्लिश के अलावां दुनिया में सबसे जायदा बोली जाने वाली भाषा फ्रेंच भी बच्चों को सिखाया जाता है ताकि जो बच्चे ऐसे प्रशाशनिक सेवा में काम करेंगे भविष्य में, उनके काम आएगा।

आज हर मां बाप यही चाहता है की उसका बच्चा अच्छे स्कूल में पढ़े और एक ऐसा स्कूल हो जो केजी से बारहवें तक शिक्षा एक ही स्कूल में प्राप्त करे, उसकी बुनियाद ऐसी मजबूत हो कि आगे वह अपना सपना पूरा कर सके। अगर आप भी प्रयागराज के यमुनापार में विश्व स्तर का स्कूल देख रहे हैं तो मिलेमियम वर्ल्ड स्कूल आप के लिए बेहतर विकल्प हो सकता है।

# संक्षिप्त समाचार

## पीडीए विचारधारा ही नहीं आंदोलन है, इसे एकजुटता से ही कामयाब बनाना है: राकेश मौर्य

**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी जौनपुर की मासिक बैठक आज 11 बजे दिन सांसद जौनपुर कार्यालय शुक्ला ट्रांसपोर्ट की गली नईगंज में जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य की अध्यक्षता में संपन्न हुई। ज़िला महासचिव आरिफ हबीब ने बैठक में प्रदेश से आए प्रपत्र एवं एजेंडे से सदन को अवगत कराया। अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने कहा कि राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व की मंशानुरूप मतदाता सूची का गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेकर बूथ स्तर पर काम करना आवश्यक है। उन्होंने कहाकि सभी विधानसभा क्षेत्रों में बूथ स्तर पर पीडीए चर्चा कार्यक्रम आयोजित कर रिपोर्ट ज़िला इकाई को जरूर दें। जिलाध्यक्ष ने आगे कहा कि जिस तरह से लगातार पीडीए समाज का उत्पीड़न किया जा रहा है अब पीडीए समाज को जागरूक एवं एकजुट होना आवश्यक हो गया है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आगामी 2027 की सफलता के लिए जी जान से जुटकर अनुशासन के साथ कड़ी मेहनत करने का आवाहन किया। पूर्व विधायक लालबहादुर यादव, पूर्व विधायक मोहम्मद अरशद खान ने कहा कि पीडीए मतलब पीड़ित, दुखी और अपमानित है और अब पीडीए समाज जागरूक होकर अपमान का बदला लेगा। पीडीए आंदोलन को धार देने के लिए पूरे प्रदेश में पीडीए समाज को जागरूक करने के क्रम में राजीव रत्न मौर्य ने भी अपने ओजस्वी विचार व्यक्त किया।

## वर्मा की जीत में लकी का बहुमुखी प्रदर्शन



**प्रयागराज।** भानु प्रताप सिंह क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित डी फैमिली बिस्ट्रो कैफे एंड रेस्टोरेंट अंडर -12 क्रिकेट प्रतियोगिता में वर्मा क्रिकेट क्लब ने गंगा डिग्री कॉलेज को हराकर प्रतियोगिता में पूर्ण अंक अर्जित किए हैं। विजेता टीम में लकी यादव के बहुमुखी प्रदर्शन ( 32 रन नाबाद, 34 गेंद, तीन चौके व 5 - 0 - 20 - 2 ) कर अपनी टीम को जीत दिलाई हैं। सोमवार को भानु प्रताप मैदान पर सुबह गंगा डिग्री कॉलेज पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में नौ विकेट पर 108 रन ( अंशु पटेल 38, अंकुश पटेल व प्रांजल 13 - 13 रन, अंकुश पटेल 3/25, लकी यादव 2/20, सुजीत 1/18, अंश शुक्ला 1/25 ) पर बनाए। जवाब में वर्मा क्रिकेट क्लब की टीम ने 24.4 ओवर में छह विकेट खोकर 109 रन ( श्रेयांश शुक्ला 41, लकी यादव 32 अविजित रन, आयुष 2/27, शलोक पटेल 1/15, अंशु पटेल 1/16, अभिताब 1/20 ) पर बना लिए।

## अंकुर की पारी से भानु प्रताप क्लब को मिले पूर्ण अंक, प्रियांशु का प्रयास व्यर्थ



**प्रयागराज।** भानु प्रताप क्रिकेट क्लब ने डी फैमिली बिस्ट्रो कैफे एंड रेस्टोरेंट अंडर -14 व 16 क्रिकेट प्रतियोगिता के लीग मैच में देव स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब को 59 रन से हराकर प्रतियोगिता में पूर्ण अंक अर्जित किए हैं। भानु प्रताप मैदान पर दोपहर में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भानु प्रताप सिंह क्रिकेट क्लब ने 30 ओवर में चार विकेट पर 222 रन ( अंकुर यादव 62, प्रियांश 56, शिव गौतम 47, विशाल 16 अविजित रन, प्रियांशु 2/22, अनुभव यादव 1/19, प्रांजल मिश्रा 1/34 ) पर बनाए। जवाब में देव स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब की टीम ने 26.5 ओवर में 163 रन ( प्रियांशु 86, अनुभव यादव 26 रन, अंशुमान पटेल 3/09, दिव्यांश यादव 3/30, सुमित यादव 1/33 ) पर सिमट गई।

## रोशन के शतक से सेंट पीटर्स क्लब जीता




**प्रयागराज।** रोशन कुशवाहा के शतक (106 रन, 61 गेंद, 13 चौके, एक छक्का) के दम पर सेंट पीटर्स क्लब ने सोनामती क्लब को नौ विकेट से हराकर स्वर्गीय राममूर्ति त्रिपाठी स्मृति अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। ईश्वर शरण इंटर कालेज मैदान पर सोमवार को खेले गये मैच में सोनामती क्लब ने 24.3 ओवर में 126 रन (अंसल बिंद 31, प्रिंस 14 नाबाद, सुदर्शन शुक्ला 14, तन्मय केसरवानी 3/26, प्रांजल यादव 2/04, अभय राज यादव, रोशन कुशवाहा व नीरज तिवारी एक-एक विकेट) बनाये। जवाब में सेंट पीटर्स क्लब ने 17.5 ओवर में एक विकेट पर 127 रन बना लिये। रोशन कुशवाहा नाबाद 106 रन की पारी खेली। रोशन को मैच के अंपायर सुधीर सोनकर और राहुल सिंह ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। मैच में आशीष भारतीय ने स्कोरिंग की।

## यूपी में टीचरों के अंतरजनपदीय तबादले की प्रक्रिया शुरू

**प्रयागराज।** प्रदेश के परिषदीय स्कूलों में कार्यरत शिक्षक व शिक्षिकाओं के अंतर्जनपदीय स्थानांतरण चार वर्ष बाद फिर से हो रहा है। इसके लिए आज 9 जून से शिक्षकों ने ऑनलाइन आवेदन करना शुरू कर दिया है। 12 जून तक ऑनलाइन आवदेन करने की प्रक्रिया चलेगी। बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेंद्र कुमार तिवारी की ओर से अंतर्जनपदीय तबादले के संबंध में प्रदेश के सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी किया है। लंबे अंतराल के बाद होने जा रहे ओपेन स्थानांतरण के लिए 6 से 7 जून तक आरटीई मानकों के आधार पर छात्र-शिक्षक अनुपात की गणना करते हुए शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की आवश्यकता वाले एवं आवश्यकता से अधिक शिक्षक वाले जिलों को चिह्नित किया गया और करते हुए सूची ऑनलाइन प्रदर्शित की गई।

# आरबीआई के फैसले से बॉन्ड यील्ड में गिरावट की संभावना

## रेपो रेट में कटौती से कैसे पड़ेगा असर

**नई दिल्ली।** आरबीआई ने ब्याज दरों में कटौती करने के साथ 26,000 करोड़ के सरकारी बॉन्ड की पुनर्खरीद का फैसला किया है। इससे मध्यअवधि के लिए बॉन्ड यील्ड में गिरावट की संभावना बनी रहेगी। आइए जानते हैं कि इस कटौती से बॉन्ड यील्ड पर कैसे पड़ेगा असर।

भारतीय रिजर्व बैंक की रेपो रेट में कटौती के बाद बॉन्ड यील्ड में गिरावट की संभावना है। केंद्रीय बैंक ने ब्याज दरों में 50 आधार अंक की कटौती की। साथ ही, 26,000 करोड़ के सरकारी बॉन्ड (जी-सेक) की पुनर्खरीद का भी एलान कर दिया गया है।

**बॉन्ड यील्ड से आप क्या समझते हैं?**

सबसे पहले समझते हैं कि बॉन्ड क्या है, कंपनी या सरकार को जब पैसों की जरूरत पड़ी है तो वह लोगों से उधार लेती है। इसके लिए वे अपने बॉन्ड जारी करते हैं, जिन्हें लोग खरीदतें हैं, वे खरीदार को बदले में ब्याज देते हैं। बॉन्ड यील्ड का मतलब है कि बॉन्ड खरीदार की कितनी कमाई हो रही है, यानी रिटर्न।

**कटौती**

**भारतीय रिजर्व बैंक की रेपो रेट में कटौती के बाद बॉन्ड यील्ड में गिरावट की संभावना है। केंद्रीय बैंक ने ब्याज दरों में 50 आधार अंक की कटौती की।**

**इसे निकालने का फॉर्मुला**

बॉन्ड यील्ड= आपको मिलने वाला ब्याज / आपने जितने में बॉन्ड खरीदा म 100

मान लीजिए आपने 1000 रुपये में बॉन्ड खरीदा, उसपर आपकों सालाना 70 रुपये ब्याज मिल रहा है, तो आपका बॉन्ड यील्ड ये होगा

बॉन्ड यील्ड = 70/1000 म 100 = 7%

ब्याज दरों का असर कैसे बॉन्ड की कीमतों और रिटर्न पर पड़ता है ?



ब्याज दरें बढ़ती हैं, तो बॉन्ड की कीमतें गिरती हैं, जबकि रिटर्न बढ़ता है।

ब्याज दरें घटती हैं, तो बॉन्ड की कीमतें बढ़ती हैं, जबकि रिटर्न घटता है।

**अर्थशास्त्रियों की क्या है राय?**

पिरामल समूह के मुख्य अर्थशास्त्री देबोपम चौधरी ने बताया कि दरों में होने वाली कटौती से बॉन्ड यील्ड में कमी आने की संभावना है। केंद्रीय बैंक की तटस्थ रुख के संकेतों के कारण आगे बड़े उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह प्रभाव थोड़े समय के लिए रहेगा और बाजार में अस्थिरता कम होने पर बॉन्ड यील्ड पर दबाव पड़ेगा। हालांकि निवेशक बॉन्ड की कीमतों में तेजी के बाद मुनाफावसूली की ओर देख सकते हैं, जिससे भविष्य में दबाव उभर सकता है। इसके अलावा अमेरिकी फेडरल रिजर्व भी अपनी टर्मिनल ब्याज दरों को घटाकर 4 प्रतिशत तक कर सकता है। इससे आरबीआई की ब्याज दरों में कटौती का सिलसिला जारी रहने की उम्मीद है।


बैंक ऑफ बड़ौदा के अर्थशास्त्री दीपन्विता मजूमदार ने कहा कि भारत की दिर्घकालिक यील्ड खासतौर पर 10-वर्षीय बेंचमार्क बॉन्ड की कीमत में कटौती हो सकती है।

यह काफी स्तर तक सिमित रहेगा क्योंकि भविष्य में होने वाली मौद्रिक नीति की बैठक में बदलाव करने की कम संभावना है।

**12 जून को होगी बॉन्ड यील्ड की नीलामी**

बॉन्ड की पुर्नखरिद को 12 जून 2025 को एक नीलामी के माध्यम से किया जाएगा। इसमें 2026 की पांच मैचुरिंग यील्ड शामिल होंगी। अर्थशास्त्री को लगता है कि इस कदम से बॉन्ड यील्ड में मध्यम अवधि की गिरावट जारी रहेगी लेकिन बाजार में तरलता बनी रहेगी और उधार लेने की लागत कम होगी।

# एसबीआई ने वित्त वर्ष 2025 के लिए सरकार को 8077 करोड़ रुपये का लाभांश सौंपा




**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने सोमवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सरकार को 8,076.84 करोड़ रुपये का लाभांश दिया। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।

देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने सोमवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सरकार को 8,076.84 करोड़ रुपये का लाभांश दिया। एसबीआई के चेयरमैन सीएस शेट्टी ने वित्तीय सेवा सचिव एम. नागराजू और वित्त सचिव अजय सेठ की मौजूदगी में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को लाभांश का चेक सौंपा। वित्त मंत्री के कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को भारतीय स्टेट बैंक के अध्यक्ष सीएस शेट्टी की ओर से वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 8076.84 करोड़ रुपये का लाभांश चेक सौंपा गया। एसबीआई ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 15.90 रुपये प्रति शेयर का लाभांश घोषित किया। यह पिछले वर्ष वितरित 13.70 रुपये प्रति इक्विटी शेयर से अधिक है। एसबीआई ने पिछले साल सरकार को 6,959.29 करोड़ रुपये का लाभांश दिया था। 2024-25 के दौरान, बैंक ने 70,901 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड शुद्ध लाभ अर्जित किया। पिछले वर्ष यह राशि 61,077 करोड़ रुपये थी, यानी इसमें 16 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

# इंजीनियरिंग छात्रों के लिए आईईटी इंडिया छात्रवृत्ति 2025: आवेदन 2 सप्ताह में बंद होंगे

**लखनऊ।** दुनिया के सबसे बड़े पेशेवर इंजीनियरिंग संगठनों में से एक, इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (आईईटी) ने घोषणा की है कि स्नातक इंजीनियरिंग छात्रों के लिए देश के प्रतिष्ठित सम्मानों में से एक आईईटी इंडिया स्कॉलरशिप अवॉर्ड के नौवें संस्करण के लिए आवेदन अब 22 जून 2025 तक स्वीकार किए जाएंगे।आवेदन की अंतिम तिथि तीन सप्ताह बढ़ाए जाने से विद्यार्थियों को इसका लाभ मिलेगा।

आईईटी इंडिया स्कॉलरशिप अवॉर्ड की स्थापना वर्ष 2013 में की गई थी। इसका उद्देश्य ऐसे इंजीनियरिंग छात्रों की पहचान करना और उन्हें सहयोग प्रदान करना है, जो न केवल शैक्षणिक रूप से उत्कृष्ट हैं, बल्कि नवाचार और वास्तविक जीवन की समस्याओं के समाधान के प्रति गहन प्रतिबद्धता भी प्रदर्शित करते हैं। पिछले संस्करण में 65,000 से अधिक आवेदनों के साथ, यह पुरस्कार उन महत्वाकांक्षी इंजीनियरिंग छात्रों के लिए एक प्रमुख मंच बन गया है, जो प्रौद्योगिकी के माध्यम से समाज पर सकारात्मक और सार्थक प्रभाव डालने की आकांक्षा रखते हैं।

2025 संस्करण में कुल पुरस्कार राशि 10 लाख रुपये निर्धारित की गई है, जिसमें राष्ट्रीय विजेता को तीन लाख रुपये प्रदान किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, चयनित छात्रों को प्रमुख उद्योग आयोजनों में भागीदारी, मार्गदर्शन (मेंटरशिप) के अवसर और राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त करने का मंच उपलब्ध कराया जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क है। यह भारत में स्नातक इंजीनियरिंग छात्रों के लिए उपलब्ध सबसे सुलभ और उच्च-मूल्य वाली छात्रवृत्तियों में से एक मानी जाती है।

यह छात्रवृत्ति उन छात्रों के लिए है, जो वर्तमान में भारत के किसी भी एआईसीटीई/यूजीसी मान्यता प्राप्त संस्थान में अध्ययन के किसी भी वर्ष और किसी भी शाखा में पूर्णकालिक स्नातक इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में अध्ययनरत हैं।इसमें आयु सीमा का कोई निर्धारण नहीं है, किंतु आवेदकों के पास कुल मिलाकर न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक अथवा 10- पॉइन्ट ग्रेडिंग प्रणाली में न्यूनतम 6.0 सीजीपीए होना आवश्यक है।

इस छात्रवृत्ति के लिए चार चरणों वाली चयन प्रक्रिया निर्धारित की गई है, जिसे केवल सैद्धांतिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि वास्तविक जीवन के अनुप्रयोग और नवाचार के मूल्यांकन के लिए डिज़ाइन किया गया है।

चरण इस प्रकार हैं-

चरण 1- कोर इंजीनियरिंग ज्ञान और तार्किक क्षमता का आकलन करने के लिए ऑनलाइन परीक्षा

चरण 2- वर्तमान इंजीनियरिंग चुनौतियों पर आधारित क्षेत्रीय स्तर की केस स्टडी प्रतियोगिता (सॉल्यूशन-थॉन)

चरण 3- उद्योग और शैक्षणिक विशेषज्ञों के समक्ष क्षेत्रीय स्तर पर प्रस्तुतियाँ

चरण 4- राष्ट्रीय फाइनल, जिसमें चयनित प्रतिभागी इंजीनियरिंग-आधारित प्रभाव के लिए अपने विचार और समाधान प्रस्तुत करते हैं

इस अवसर पर आईईटी इंडिया में पुरस्कार और छात्रवृत्ति प्रबंधक अजय सलारिया ने कहा, समय सीमा बढ़ाकर हम अधिक संख्या में इंजीनियरिंग छात्रों को इस छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहते हैं। पुरस्कार राशि के अतिरिक्त, शॉर्टलिस्ट किए गए छात्रों को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता, प्रमुख उद्योग आयोजनों में अपने कार्य को प्रस्तुत करने का अवसर तथा आईईटी सदस्यता के माध्यम से वैश्विक इंजीनियरिंग पेशेवरों के नेटवर्क तक पहुंच प्राप्त होगी।

वर्ष 2024 में हमें देशभर के 2,000 से अधिक शहरों और 2,260 कॉलेजों से 65,000 से अधिक प्रविष्टियाँ प्राप्त हुई थीं, और इस वर्ष भी हम छात्रों की ओर से ऐसे ही उत्साही प्रतिसाद की अपेक्षा कर रहे हैं।

# जीवन बीमा को फिर से परिभाषित करना: सुरक्षा को अब उद्देश्य में बदलना है- अनुज माथुर एमडी एवं सीईओ, केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस

आज के दौर में जीवन बीमा उपभोक्ताओं को सुरक्षा, बचत और निवेश जैसी विभिन्न जरूरतों को पूरा करने का एक बेहतरीन अवसर देता है। यह इंडस्ट्री तेजी से बदल रही है और इस बदलाव की दिशा अब ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने की ओर है। इस बदलाव के पीछे कई कारण हैं- जागरूकता का बढ़ना, नए नियमों का आना, तकनीक में तरक्की और बीमा कंपनियों की यह कोशिश कि वे ग्राहकों की जरूरतों के मुताबिक उत्पाद और सेवाएं दें।

यह देखना सुखद है कि यह उद्योग अब केवल लेन-देन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि ग्राहकों से गहरा रिश्ता बनाने की ओर बढ़ रहा है। इस बदलाव के केंद्र में पारदर्शिता और हर ग्राहक की अलग-अलग जरूरतों पर फोकस है। इसका बड़ा मकसद यह है कि जीवन बीमा को आधुनिक वित्तीय योजना का अभिन्न हिस्सा बनाया जा सके।

मौजूदा समय में जीवन बीमा का मतलब क्या है?

बीमा उद्योग ने अब यह समझ लिया है कि भरोसा जीतना, उत्पादों में विश्वास जगाना और बेहतर ग्राहक सेवा देना बेहद जरूरी है। अब यह आम बात हो गई है कि जब ग्राहक पॉलिसी खरीदते हैं, तो बीमा एजेंट उनसे दावे के निपटारे की दर, कंपनी की वित्तीय स्थिति और ग्राहक सेवा जैसी जानकारियों पर खुलकर बात करते हैं।

नियामकीय सुधारों ने इस बदलाव को आसान बनाया है। इन सुधारों ने एक ऐसा ढांचा तैयार किया है जो ग्राहक-केन्द्रित है, पारदर्शिता बढ़ाता है और उत्पादों को सरल बनाता है। जीवन बीमा कंपनियां अब गलत तरीके से बिक्री या सेवा की कमियों जैसी समस्याओं को खत्म करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही हैं, ताकि यह सेवा आम लोगों के लिए और अधिक सुलभ, आसान और फायदेमंद बन सके।

आज के समय में जीवन बीमा का मतलब सिर्फ एक पॉलिसी नहीं, बल्कि एक भरोसेमंद वित्तीय साथी बन गया है।

1. सरल और पारदर्शी उत्पाद जो ग्राहकों का भरोसा बढ़ाएं- आज जीवन बीमा सिर्फ वित्तीय सुरक्षा देने तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह निवेश और बचत की जरूरतों को भी पूरा करता है। पहले ये योजनाएं लंबी अवधि की होती थीं, लेकिन अब इनमें लचीलापन भी है-अगर ग्राहक को योजना उपयुक्त न लगे तो वह समय से पहले भी निवेश निकाल सकता है।

2. साफ-सुथरे और समझने में आसान दस्तावेज- कस्टमर इंफॉर्मेशन शीट्स (सीआईएस) एक ऐसा तरीका है, जिससे ग्राहक पॉलिसी से जुड़ी अहम जानकारी को सरल और स्पष्ट रूप में समझ सकते हैं। इससे उन्हें खरीदने से पहले जानकारी की पुष्टि करने में सुविधा मिलती है।

3. सेवा के स्तर पर बीमा कंपनियों की जवाबदेही- दावे के निपटारे, पॉलिसी में बदलाव या फंड ट्रांसफर जैसी सेवाओं को लेकर अब बीमा कंपनियों पर स्पष्ट और पारदर्शी सर्विस लेवल एग्रीमेंट्स (एसएलए) के ज़रिए जवाबदेही तय की जाती है।

## चांदी 1000 रुपये उछलकर नए रिकॉर्ड स्तर पर, सोना 280 रुपये गिरकर 97780 रुपये पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** मजबूत वैश्विक संकेंतों के बीच सोमवार को राजधानी दिल्ली में चांदी ने एक बार फिर शिखर छू लिया। सफेद धातु की कीमत 1,000 रुपये बढ़कर 1,08,100 रुपये प्रति किलोग्राम के नए रिकॉर्ड पर पहुंच गई। वहीं, सोने की कीमत 280 रुपये गिरकर 97,780 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 250 रुपये गिरकर 97,350 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर आ गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टी की है। इससे पहले, शनिवार को सोना 1,630 रुपये गिरकर 98,060 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया था। वहीं, चांदी की कीमत 1,07,100 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रही। व्यापारियों ने कहा कि निवेशकों की मजबूत मांग, कमजोर डॉलर, भू-राजनीतिक तनाव और ईवी व सौर औद्योगिक मांग में वृद्धि के कारण चांदी की कीमतों में उछाल आया।

## इस फादर्स डे पर, कार्ड को भूलकर, बॉस बर्गर से बर्गर मंगवाएँ



**नई दिल्ली।** इस फादर्स डे पर क्लिच को भूल जाएँ और शब्दों से ज़्यादा ज़ोरदार बर्गर के साथ अपनी प्रशंसा को बोल्ड तरीके से दिखाएँ। चाहे वह घर का शांत माहौल हो या हर पारिवारिक समारोह में एक-लाइनर वाला हो, उसे एक ऐसे स्वाद से भरपूर उत्सव का आनंद दें जो बिल्कुल उसकी तरह ही बेबाकी से लाड़-प्यार से भरा हो। बॉस बर्गर का मेन्यू लाजवाब स्वाद और बेहतरीन बनावट का एक बोल्ड एक्सप्रेशन है। इसके मूल में सिग्नेचर स्मैश बर्गर हैं; रसदार, कारमेलाइज्ड पैटीज़ को परफ़ेक्ट तरीके से पकाया गया है। चिकन स्मैश बर्गर एक बेहतरीन विकल्प है, जो सिंगल और डबल-स्टैक्ड वर्शन में उपलब्ध है, जो उन लोगों के लिए है जो ज़्यादा स्वादिष्ट और ज़्यादा स्वादिष्ट बाइट चाहते हैं। गर्मी चाहने वालों के लिए, पेरी-पेरी ग्रिल्ड चिकन बर्गर एक स्मोकी, धीरे-धीरे बनने वाला मसाला है जिसमें गर्म मेयो, गेरकिंस और बटरेड, टोस्टेड बन पर रसदार ग्रिल्ड पैटी है। कोरियन फ्राइड चिकन बर्गर अपने चिपचिपे, एशियाई ग्लेज़ और गोल्डन क्रंच के साथ स्वाद का तड़का देता है। शम्स सिग्नेचर स्टेक बर्गर में टेंडर स्टेक बिट्स, पिघला हुआ सनी-साइड-अप अंडा और गर्म मेयो की भरपूर मात्रा है, जो एक समृद्ध, स्वादिष्ट अनुभव प्रदान करता है। शाकाहारी विकल्प अपने अलग ही स्वाद के साथ आते हैं। समोसैलिशियस स्मैश बर्गर मसालेदार आलू पैटी को चटपटी चटनी के साथ परोसता है, जो स्ट्रीट-स्टाइल पसंदीदा की जीवंतता को दर्शाता है। पनीर चीज़ बॉम्ब बर्गर अपने पैंको-क्रम्ब्ड पनीर और गूई मोज़ेरेला के साथ एक संतोषजनक क्रंच प्रदान करता है, जिसे ताज़ी, कुरकुरी सब्जियों के साथ संतुलित किया जाता है। अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए, बॉस बर्गर के साइड्स को पूरक और बेहतर बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। सिग्नेचर फ्राइड चिकन टेंडर्स ज़ेस्टी या चेडर-क्रस्टेड जैसे फ्लेवर-पैक वैरिएंट में आते हैं, जबकि क्लासिक, पेरी पेरी, कैजुन और लेमन पेपर में उपलब्ध क्रिस्पी फ्राइज़ उस ज़रूरी, लालसा-योग्य फ़िनिश को जोड़ते हैं।

# इन्फिनिक्स ने GT 30 प्रो गेमिंग स्मार्टफोन लॉन्च किया

## सेगमेंट के पहले शोल्डर गेमिंग ट्रिगर्स और क्राफ्टन द्वारा सर्टिफाईड 120एफपीएस बीजीएमआई सपोर्ट हैं




**नई दिल्ली।** नए युग के स्मार्टफोन ब्रांड, इन्फिनिक्स ने आज भारत में इन्फिनिक्स GT 30 प्रो लॉन्च किया। गेमिंग पर केंद्रित रहने के अपने सिद्धांत के साथ इन्फिनिक्स GT 30 प्रो में फ्लैगशिप ग्रेड की प्रोसेसिंग, आधुनिक थर्मल डिज़ाईन, और इमर्सिव कंट्रोल फीचर्स दिए गए हैं, जो केंद्रित परफॉर्मेंस प्रदान करते हैं। GT30 प्रो को 12 जून, 2025 से फ्लिपकार्ट पर खरीदा जा सकेगा। लॉन्च के दिन के लिए इसका मूल्य 22,999 रुपये (सभी ऑफरों के साथ) रखा गया है। यह दो आकर्षक रंगों - डार्क फ्लेयर (आरजीबी एलईडी लाईटिंग के साथ) और ब्लेड व्हाईट (सफेद एलईडी लाईटिंग के साथ) में उपलब्ध होगा। यह डिवाईस मिड-प्रीमियम सेगमेंट में बेहतरीन गेमिंग प्रदान करेगी, क्योंकि इसमें उद्योग के अग्रणी इनोवेशन और फंक्शनल गेमिंग डिज़ाईन दिए गए हैं, जो गेमर्स को आकर्षित करते हैं।

लॉन्च के बारे में अनीश कपूर, सीईओ, इन्फिनिक्स इंडिया ने कहा, ''GT30 प्रो इन्फिनिक्स और भारत में गेमिंग के परिदृश्य के लिए एक महत्वपूर्ण शुरुआत है। बढ़ती मोबाईल गेमिंग के साथ आज के गेमर्स केवल कॉस्मेटिक अपग्रेड नहीं, बल्कि जबरदस्त परफॉर्मेंस, आधुनिक थर्मल डिज़ाईन और इमर्सिव गेमप्ले की भी मांग करते हैं। इसलिए GT30 प्रो में फ्लैगशिप ग्रेड के प्रेसिज़न के साथ दुनिया का पहला मीडियाटेक डायमेंसिटी 8350 अल्टीमेट प्रोसेसर, क्राफ्टन सर्टिफाईड 120एफपीएस बीजीएमआई सपोर्ट, GT शोल्डर ट्रिगर और कस्टमाईज़ेबल आरजीबी लाईटिंग के साथ बोल्ड साईबर मेचा डिज़ाईन जैसी खूबियाँ दी गई हैं। गेमिंग के अनुभव को और ज्यादा बेहतर बनाने के लिए ईस्पोर्ट्स मोड, एक्सबूस्ट, एआई ऑडियो इन्हेंसमेंट और हैप्टिक्स जैसे एआई-पॉवर्ड फीचर्स भी ऑप्टिमाईज़ किए गए हैं, ताकि ज्यादा इमर्सिव और रिस्पॉन्सिव गेमप्ले प्राप्त हो सके। GT सीरीज़ केवल एक शुरुआत भर है। यह जमीनी स्तर से गेमिंग की एक मुहिम शुरू करने के बड़े लक्ष्य के साथ शुद्ध गेमर्स के लिए बनाई गई है। ट्रू रिपर्स और बढ़ती हुई डिस्कॉर्ड कम्युनिटी के साथ हमारी साझेदारी से भारत में गेमिंग की संस्कृति को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। GT30 प्रो के साथ इन्फिनिक्स भारत में मोबाईल गेमिंग का नेतृत्व करने के लिए तैयार है।''

**उत्कृष्ट गेमिंग को समर्पित दुनिया की पहली टेक्नोलॉजी**

GT30 प्रो में दुनिया का पहला मीडियाटेक डायमेंसिटी 8350 अल्टीमेट प्रोसेसर लगा है, जो 1.5 मिलियन से अधिक एंटुटु स्कोर के साथ 3.35गीगाहट्र्ज़ से अधिक की क्लॉक स्पीड से काम करता है। इस जबरदस्त प्रोसेसर के साथ इसमें यूएफएस 4.0 स्टोरेज और एलपीडीडीआर5एक्स रैम (24जीबी तक एक्सपैंडेबल) दी गई है, जो गेम में 24 प्रतिशत ज्यादा तेजी से ट्रांज़िशन और रिस्पॉन्सिव परफॉर्मेंस संभव बनाती है।

**गेमर्स के लिए डिज़ाईन किया गया**

GT30 प्रो को कैज़्युअल और मिड-कोर गेमर्स के तेजी से बढ़ते सेगमेंट के लिए बनाया गया है, ताकि वो जबरदस्त प्रतिस्पर्धियों के रूप में अपना विकास कर सकें। जैसे-जैसे गेमिंग में समय बीतता है, परफॉर्मेंस के लिए अपेक्षाएं बढ़ती चली जाती हैं। GT30 प्रो में इन अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए 144 हट्र्ज़ के रिफ्रेश रेट और 4500 निट्स की पीक ब्राईटनेस के साथ 1.5के एमोलेड डिस्प्ले दिया गया है, ताकि किसी भी तरह के वातावरण में क्रिस्प और स्पष्ट विज़्युअल्स प्राप्त हों।

## मिस्त्री' का ट्रेलर लॉन्च: राम कपूर बनेंगे सबसे अनोखे जासूस 27 जून से जियोहॉटस्टार पर

**मुंबई।** जब जुर्म पेचीदा हो जाए और सबूत उलझने लगें, तब मैदान में आता है अरमान मिस्त्री - जो अपने अंदाज़ में हर केस को सुलझाता है! जियोहॉटस्टार ने 'मिस्त्री' का ट्रेलर लॉन्च कर दिया है। यह एक थ्रिलर सीरीज़ है, जिसमें रहस्य, रोमांच और चतुराई का जबरदस्त मेल देखने को मिलेगा। इस सीरीज़ में राम कपूर अरमान मिस्त्री के किरदार में नजर आएंगे एक ऐसा डिटेक्टिव जो अनोखा भी है और सबसे मुश्किल केस भी अपने हटकर और दिलचस्प तरीकों से सुलझाता है। हर केस में छिपे ट्विस्ट, रहस्य और हल्की-फुल्की हंसी के साथ यह सीरीज़ दर्शकों को बांधे रखेगी। तो तैयार हो जाइए इस रोमांचक दिमागी खेल के लिए मिस्त्री आ रही है 27 जून 2025 से, सिर्फ जियोहॉटस्टार पर।




यह चर्चित अमेरिकी सीरीज़ मॉन्क का भारतीय रूपांतरण है। इसका निर्देशन ऋषभ सेठ ने किया है और इसे बनिजय एशिया ने यूनिवर्सल इंटरनेशनल स्टूडियोज़ के साथ मिलकर प्रोड्यूस किया है। सीरीज़ में राम कपूर अतरंगी लेकिन तेजतर्रार डिटेक्टिव अरमान मिस्त्री के किरदार में हैं। वहीं मोना सिंह, सहमत के रोल में उनकी निडर और तेज़ साथी बनी हैं। इनके साथ शिखा तलसानिया जोश से भरी शरन्या के किरदार में और क्षितीश दाते जुनूनी पुलिसवाले बंटी की भूमिका में नजर आएंगे। ये टीम मिलकर एक अनोखी दुनिया रचती है, जहां हर केस पिछले से ज्यादा पेचीदा होता है और हर मोड़ पर कहानी नई करवट लेती है। 'मिस्त्री' में सस्पेंस, ह्यूमर और परतदार कहानी का ऐसा शानदार मेल है, जो इसे एक बिल्कुल अलग अनुभव बनाता है।

# जी5 ने नई ब्रांड पहचान का अनावरण किया, एक अत्यधिक व्यक्तिगत, भाषा-प्रधान कंटेंट प्लेटफ़ॉर्म बनने की दिशा में कदम बढ़ाया

**लखनऊ।** जी5 ने आज एक नए और सशक्त ब्रांड पहचान एवं रणनीतिक बदलाव की घोषणा की, जो इसे भारत के प्रमुख स्वदेशी प्लेटफ़ॉर्म के रूप में और मज़बूती से स्थापित कर रहा है। यह पुनः लॉन्च जी5 के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो अपनी भाषा, अपनी कहानियां (अनेक भाषाएं, अनगिनत कहानियां) के वादे पर आधारित है और इसमें सांस्कृतिक रूप से प्रामाणिक कहानियों, भाषा आधारित वैयक्तिकरण और अत्याधुनिक तकनीक पर विशेष जोर दिया गया है। एक शानदार और जीवंत नया लोगो जो आधुनिक भारत की भावना और उसकी समृद्ध बहुभाषी पहचान को दर्शाता है ।

जी5 की भाषा कंटेंट रणनीति लोककथाओं, असली जीवन के नायकों और क्षेत्रीय कहानियों से प्रेरित, बेहद स्थानीय और भावनात्मक रूप से जुड़ी कहानियां पेश करेगी। हर भाषा की योजना को एक अलग सेक्शन के रूप में बनाया जाएगा ताकि प्रामाणिकता और व्यापक पहुंच सुनिश्चित हो सके। वित्त वर्ष 2026 में 130 से अधिक नए कंटेंट शीर्षक होंगे, जिनमें ओरिजिनल्स, फिल्में, नॉन-फिक्शन, लाइव कंटेंट और अन्य भाषाओं में कई अन्य प्रकार के कंटेंट शामिल है।

जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड के डिजिटल बिजनेस और प्लेटफ़ॉर्म के अध्यक्ष अमित गोयनका ने कहा, हमारी नई ब्रांड पहचान, भारतीय दर्शकों की विविधता को प्रतिबिंबित करने वाले एक गहन व्यक्तिगत, भाषा-प्रथम मंच बनने की हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारी रणनीतिक दिशा बिल्कुल स्पष्ट है - भारत और वैश्विक बाजारों में अपनी मौजूदगी को और मज़बूत करना, सांस्कृतिक रूप से प्रासंगिक कहानियों के ज़रिए दर्शकों से गहरा जुड़ाव बनाना, और एक तकनीक-सक्षम, स्केलेबल, व्यक्तिगत व सहज प्लेटफ़ॉर्म को लगातार विकसित करते रहना। यह एक सांस्कृतिक बदलाव है कि उपभोक्ता वैश्विक स्तर पर भारतीय मनोरंजन की खोज कैसे करते हैं, उससे जुड़ते हैं और उसका उपभोग करते हैं।

जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर कार्तिक महादेव ने कहा, हमारा ब्रांड कैंपेन, जिसका टैगलाइन है 'अपनी भाषा. अपनी कहानियां', इस विचार पर आधारित है कि भाषा का एक अपनापन होता है, और यह गहरे व्यक्तिगत भावनाओं का उत्सव है।

जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड के मुख्य कंटेंट अधिकारी राघवेंद्र हुनसुर ने कहा, जी5 में हम हमेशा इस बात में विश्वास रखते हैं कि प्रभावशाली कहानी कहने की शुरुआत गहरी सांस्कृतिक समझ से होती है।

# सफल निवेशक का पहला नियम: खुद को पहचानिए, भावनाओं से नहीं विवेक से कीजिए इन्वेस्टमेंट

**लखनऊ।** निवेश करना केवल पैसे लगाना नहीं, बल्कि सोच और अनुशासन की एक कला है। यह वह विद्या है जिसे समझदारी से सीखना और अनुभव से परखना पड़ता है। श्री अश्विनी शामी, कार्यकारी उपाध्यक्ष एवं पोर्टफोलियो प्रबंधक, ऑम्नीसाइंस कैपिटल के अनुसार जब तक निवेश को गंभीरता से नहीं लिया जाएगा, तब तक उसके परिणाम भाग्य पर निर्भर रहेंगे। सफल निवेशक बनने के लिए हमें वॉरेन बफेट, बेंजामिन ग्राहम और चार्ली मंगर जैसे महान निवेशकों की सीखों को न केवल पढ़ना, बल्कि अपने व्यवहार में उतारना भी जरूरी है। उनका ज्ञान हमें यही सिखाता है कि निवेश में असफलता बाहरी परिस्थितियों से नहीं, बल्कि हमारी आंतरिक मानसिकता से आती है।

वॉरेन बफेट के अनुसार अगर आपके पास सामान्य बुद्धिमत्ता है, तो आपको सिर्फ इतना करना है कि आप अपने व्यवहारिक आवेगों को नियंत्रित करना सीखें - वही आवेग जो बाकी लोगों को निवेश में मुश्किल में डालते हैं।

बेंजामिन ग्राहम ने 'मिस्टर मार्केट' का विचार प्रस्तुत किया था यह एक काल्पनिक व्यक्ति है जो बाज़ार में निवेशकों के व्यवहारिक उतार-चढ़ावों को दर्शाता है। मिस्टर मार्केट कभी अत्यधिक भयभीत होते हैं, तो कभी अतिआशावादी और लालची। ग्राहम की सलाह थी कि इस मानसिक उतार-चढ़ाव का फायदा उठाइए, न कि इसका शिकार बनिए।

असल सवाल है – क्या आप मिस्टर मार्केट हैं या एक वैज्ञानिक निवेशक, जो मिस्टर मार्केट की असंगतियों से लाभ उठाते हैं?

मिस्टर मार्केट की तीन मुख्य प्रवृत्तिया जो निवेशकों के लालच और भय के संतुलन पर आधारित हैं।

मिस्टर गैप्स सुरक्षित पर फिर भी भ्रमित

मिस्टर गैप्स दीर्घकालिक संपत्ति सृजन के मूल्य को समझते हैं। उन्हें यह भी ज्ञात है कि कंपाउंडिंग में समय और ब्याज दर दोनों महत्त्वपूर्ण हैं। फिर भी, वे अल्पकालिक अस्थिरता (वोलैटिलिटी) नहीं सह सकते। वे इक्विटी को सट्टा मानते हैं, परंतु सहूलियत से पाँच साल की एफडी में



पैसा लगा सकते हैं।

उनका पसंदीदा निवेश साधन वे हैं जिन्हें वे %सुरक्षित% मानते हैं लेकिन जिनमें थोड़ा अतिरिक्त रिटर्न मिलता हो। वे अक्सर सहकारी बैंकों की एफडी या बिना रेटिंग वाले डेब्ट इंस्ट्रूमेंट्स को चुनते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि जोखिम को वे समझते हैं। लेकिन यह भ्रम उन्हें भ्रमित करता है। यह डनिंग-क्रूगर प्रभाव का उदाहरण है – जब कोई यह नहीं जानता कि उसे क्या नहीं पता है ।

**मिस्टर कॉम्पेलो- जानकार लेकिन नियंत्रणहीन**

मिस्टर कॉम्पेलो बाजार की संरचना को समझते हैं। वे जानते हैं कि मुद्रास्फीति की मार से केवल इक्विटी ही बचा सकती है। लेकिन जब बात आती है असली निवेश की, तो उनके भीतर की 'पशु भावना' (ठ्ठद्बद्वड्डद्य स्श्चद्बह्द्बह्ल) हावी हो जाती है। वे शेयरों में ट्रेडिंग करते हैं, कई बार एक ही स्टॉक में बड़ा दांव लगाते हैं, और अपने मल्टीबैगर अनुभव को गर्व से बताते हैं।

लेकिन जब बाजार गिरता है, तो वे घबरा जाते हैं और घाटे में निकल जाते हैं। उनका ध्यान गुणवत्ता से ज़्यादा मात्रा पर होता है, और वे अक्सर बाजार में बुल बनकर प्रवेश करते हैं लेकिन क्रैश के बाद गायब हो जाते हैं।

**मिस्टर फॉडर- टिप्स का शिकार, घाटे का स्रोत**

मिस्टर फॉडर का अस्तित्व ही बाकी निवेशकों को लाभ देने के लिए होता है। वे खुद को मिस्टर एफओएमओ साबित करते हैं। वे ऐसे निवेशक हैं जो बिना समझे सिर्फ इस आधार पर निवेश करते हैं कि ÷जो बढ़ रहा है, उसमें पैसा डाल दो।÷

उनके निवेश का आधार अक्सर व्हाट्सएप फॉरवर्ड, नाई की सलाह या पानवाले की राय होती है। वे क्रिप्टो से लेकर हर ट्रेंडिंग शेयर में देर से प्रवेश करते हैं और अंत में नुकसान में बाहर निकलते हैं। वे शिक्षा कार्यक्रमों, नियामकों की चेतावनियों, किसी भी तर्क से अप्रभावित रहते हैं।

**मिस्टर साइंटिफिक इन्वेस्टर- संतुलित, अनुशासित और विजेता मानसिकता**

अब आते हैं सही दिशा में खड़े मिस्टर साइंटिफिक इन्वेस्टर पर। वे दीर्घकालिक दृष्टि रखते हैं, भावनाओं से नहीं चलते, और मूल्यांकन पर केंद्रित रहते हैं। वे न सिर्फ मिस्टर मार्केट की असंगतियों को समझते हैं, बल्कि उनसे लाभ उठाते हैं। इस लेख से आप सबसे पहले खुद को पहचानें – क्या आप मिस्टर गैप्स हैं, कॉम्पेलो हैं या फॉडर? एक बार आप यह समझ गए, तो आप अपनी गलतियों पर काम करना शुरू कर सकते हैं और धीरे-धीरे एक साइंटिफिक निवेशक बन सकते हैं।

# शिकायती पत्रों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार करें अधिकारी : जिलाधिकारी

- तमकुहीराज तहसील में डीएम व एसपी ने सुनी फरियाद

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा की उपस्थिति में सोमवार को तहसील तमकुहीराज के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर डीएम ने सर्वप्रथम संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर सभागार में आए हुए तहसील क्षेत्र के फरियादियों की समस्याओं व शिकायतों को एक-एक कर गम्भीरता के साथ सुनने के उपरान्त विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही उनका निस्तारण किया गया तथा अवशेष प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में संबंधित अधिकारियों को सुचिता एवं पारदर्शिता


तमकुहीराज तहसील में फरियाद सुनते डीएम

के साथ समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए प्राप्त करा दिए गए।

उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि संपूर्ण समाधान दिवस पर आए हुए शिकायतों को सदैव प्राथमिकता पर रखते हुए हर पीड़ित की समस्या का निष्पक्ष निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिन शिकायतों का निस्तारण तत्काल नहीं हो सका है उनका समय के अंतर्गत शासन की मंशानुसार निर्धारित अवधि के भीतर सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ गुणवत्ता पूर्ण एवं संतुष्टिपूर्ण शत प्रतिशत निस्तारण हो जाना चाहिए।

पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने पुलिस विभाग से जुड़े मामलों की सुनवाई की व पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं थानाध्यक्षों को प्राप्त सभी संदर्भों का निस्तारण राजस्व विभाग की सहायता से टीम बनाकर प्राथमिकता एवं गुणवत्ता के साथ शत प्रतिशत सुनिश्चित कराए जाने का निर्देश दिए। राजस्व व पुलिस विभाग के अधि/कर्मचारियों को शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया।

### 61 शिकायती पत्रों में से मात्र 6 का निस्तारण

सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 61 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से राजस्व विभाग के 27 में से 06 को तत्काल निस्तारित किया गया, पुलिस विभाग से संबंधित 11, विकास विभाग से संबंधित 08, तथा अन्य विभाग के 15 प्रकरण प्राप्त हुए। इस प्रकार कुल 61 में से 06 प्रार्थना पत्र का निस्तारण तत्काल एवं अवशेष 55 प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग को समय से पूर्व निस्तारण के निर्देश के साथ सौंपा गया।

## नवनिर्मित भवन प्रा स्वा केन्द्र नौगढ़ का सांसद ने किया उद्घाटन

**सिद्धार्थनगर।** जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास योजना अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नौगढ़ का रविवार को मुख्य अतिथि सांसद जगदम्बिका पाल, पूर्व सांसद नेपाल अभिषेक शाह, जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रजत कुमार चौरसिया द्वारा फीता काटकर एवं शिलापट का अनावरण कर उद्घाटन किया गया।

इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा सांसद जगदम्बिका पाल को पौधा देकर स्वागत किया गया। सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि यह मेरे लिए सौभाग्य है कि शिलान्यास के बाद इतने कम समय में बन कर तैयार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नौगढ़ का उद्घाटन कर रहा हूँ। सिर्फ 6 माह में यह स्वास्थ्य केन्द्र बना है। आज यह ऐतिहासिक क्षण है। बारिश के दौरान यहां पर पानी भर जाता था। यह भवन कई वर्ष पूर्व निष्प्रयोज्य हो गया था।

# अनियमितता की शिकायत पर ग्राम पंचायत में विकास कार्यों की हुई जांच

**अवधनामा संवाददाता**

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** कप्तानगंज विकास खण्ड के ग्राम पंचायत परतावल में कराए गए विकास कार्यों में अनियमितता की शिकायत पर जांच की गई।

गांव के ही अमरनाथ यादव ने परतावल ग्राम सभा में ग्राम पंचायत द्वारा कराए गए विकास कार्यों के संबंध में उप लोक आयुक्त उत्तर प्रदेश को विकास से संबंधित कई बिन्दुओं पर लिखित शिकायत पत्र देकर ग्राम सभा में हुए विकास कार्यों की जांच की मांग की थी। जिसमें उप लोक आयुक्त उत्तर प्रदेश ने जिलाधिकारी कुशीनगर को एक पत्र भेजकर त्रिसदस्यीय टीम गठित कर उक्त मामले का जांच करने का निर्देश दिया था। उसी निर्देश पर जिलाधिकारी कुशीनगर ने त्रिसदस्यीय टीम गठित किए थे जिसमें उप जिलाधिकारी कप्तानगंज अनिल कुमार विकास


अनियमितता की जांच करते एसडीएम, बीडीओ व सीओ

खण्ड अधिकारी कप्तानगंज प्रवीण शुक्ला, क्षेत्राधिकारी कसया कुन्दन सिंह सोमवार को परतावल में ग्राम सचिवालय पर पहुंचकर सभी बिन्दुओं पर जांच कर स्थलीय निरीक्षण भी किया। वहीं शिकायतकर्ता ने विकास कार्यों से संबंधित कुछ अभिलेख भी उपलब्ध कराया। उप जिलाधिकारी कप्तानगंज ने सभी बिन्दुओं की गहनता से जांच की। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था में तैनात स्थानीय थाने के उपनिरीक्षक विपिन कुमार सिंह, गिरजेश कुमार, कांस्टेबल अमित कुमार, पंकज यादव मौजूद रहे। इस संबंध में उपजिलाधिकारी कप्तानगंज अनिल कुमार ने बताया कि अभी जांच चल रही जांच पूर्ण नहीं हुई है, जांच पूरी होने पर रिपोर्ट आगे प्रेषित की जाएगी।

## जीएनएम छात्राओं ने मधुमेह और डेंगू से बचाव को जागरूक किया

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित नर्सिंग एवं पैरामेडिकल संकाय के नर्सिंग विभाग में अध्ययनरत जीएनएम तृतीय वर्ष की छात्राओं ने सिक्टौर बाजार, खत्रीपुरा, में सजन स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम प्रस्तुत किया।



छात्राओं ने रोल प्ले, चार्ट पेपर और फ्लैश कार्ड के माध्यम से मधुमेह और डेंगू बुखार के बारे में लोगों को जागरूक किया। बताया की मधुमेह या डायबिटीज़ एक पुरानी बीमारी है जिसमें शरीर में या तो पर्याप्त इंसुलिन नहीं बनाता या फिर उसे ठीक से उपयोग नहीं कर पाता। इससे रक्त में ग्लूकोज़ की मात्रा बढ़ जाती है। बार-बार पेशाब आना, अत्यधिक प्यास लगना, वजन घटना, थकावट महसूस होना, घाव धीरे भरना, आंखों की रोशनी कमजोर होना आदि मधुमेह के लक्षण हैं। इस बीमारी का कोई स्थायी इलाज नहीं है, लेकिन खानपान पर नियंत्रण व जीवनशैली में बदलाव कर इसे नियंत्रित किया जा सकता है। छात्राओं ने लोगों को डेंगू के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि डेंगू एक वायरल बुखार है जो संक्रमित एडीज़ मच्छर के काटने से फैलता है। यह मच्छर दिन में काटता है और साफ पानी में पनपता है। डेंगू मच्छर साफ़ रुके हुए पानी में अंडे देता है जैसे कूलर, टायर, फूलदान, बाल्टी, टंकी आदि,यह मच्छर सूरज निकलने और डूबने के समय अधिक सक्रिय होता है मच्छर के काटने से वायरस शरीर में प्रवेश करता है। डेंगू का इलाज लक्षणों के अनुसार इलाज होता है। स्वास्थ्य शिक्षा जागरूकता के इस कार्यक्रम में कुल 50 छात्राओं का मार्गदर्शन शिक्षिकाओं सौम्या वर्मा और नैंसी मिश्रा ने किया।

## समर कैंप में हुए खेल, गीत, संगीत, समापन आज



**अमेठी।** कम्पोजिट विद्यालयों और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में समर कैंप का समापन मंगलवार को होगा। सोमवार को समर कैंप में योगासन और खेल कूद की गतिविधियों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

कम्पोजिट विद्यालय भादर प्रथम में प्रशिक्षक कौशलेंद्र सिंह ने योगासन और व्यायाम कराए। लाफिंग, क्लैपिंग के बाद दौड़ कराई। बच्चों ने बैडमिंटन,खो-खो और कबड्डी के खेल खेले। दूसरे सत्र में शिक्षा मित्र लालती देवी के मार्गदर्शन में बालिकाओं ने समूह गान और लोकगीत प्रस्तुत किए। इं प्र अ संजीव कुमार ने बच्चों को अपनी रूचि के अनुसार खेलों का चुनाव करने और सुबह योगासन के बाद नियमित अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। बालिकाओं को लोक नृत्य, लोकगीत , नाटक और समूहगान में उत्साह से भाग लेने का संदेश दिया। पी एम श्री विद्यालय सवनगी,कम्पोजिट विद्यालय नेवढ़िया में भी समरकैम्प के अन्तर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। तिलोई संवाद के अनुसार कम्पोजिट विद्यालय भेलाईकला में समर कैंप में ?योगासन के बाद बच्चों ने लूडो और कैरमबोर्ड खेले। सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# महान बहुजन योद्धा के रूप में हमेशा याद किए जाएंगे मास्टर मुन्ना लाल : विश्वनाथ पाल

- सम्यक सम्बुद्ध गौतम बुद्ध ने दुनिया को दिए प्रज्ञा, मैत्री, शांति व समानता के संदेश -भंते धम्मदीप

**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** निर्वाण प्राप्त मुन्ना लाल मास्टर की स्मृति में गुंधौर में पुण्याणुमोदन संस्कार और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। बौद्ध धम्म के अनुरूप पूजा वंदना और त्रिसरण पंचशील के बाद श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्व नाथ पाल, पूर्व सांसद घनश्याम चंद खरवार , मुख्य मंडल प्रभारी दिलीप कुमार विमल, महेन्द्र प्रताप आनंद, बाबू राम करन? सहित बामसेफ, बहुजन समाज पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता और अयोध्या, अम्बेडकर नगर, सुल्तानपुर, बाराबंकी, अमेठी और लखनऊ से



बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए।

सिरमौर बौद्ध विहार सोइया के बौद्ध भिक्षु भंते धम्मदीप ने कहा कि तथागत गौतम बुद्ध 28वें बुद्ध और सम्यक सम्बुद्ध थे। उन्होंने दुनिया को प्रज्ञा, करूणा , मैत्री, शांति , समता, समानता और मानवता के संदेश दिए थे।अप्प दीपो भव उनके संदेश का मूल है। बसपा प्रदेश अध्यक्ष विश्व नाथ पाल ने कहा कि मास्टर मुन्ना लाल के निधन से बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के अनुयायियों ने एक महान बहुजन योद्धा को खो दिया है। वे जीवन के अंतिम समय तक बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के मानवतावादी मूवमेंट के लिए समर्पित रहे। परिवार और समाज के लोग बहुजन समाज को हुक्मरान समाज बनाने के लिए समर्पित होकर काम करते रहें।

पूर्व सांसद और मुख्य मंडल प्रभारी घनश्याम चंद खरवार ने ?भगवान बुद्ध का धम्म हमें बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय,लोकानुम्पाय की परिकल्पना को साकार करने का संदेश देता है। समाज हित में किया गया कार्य कभी व्यर्थ नहीं जाता। निर्वाण प्राप्त होने के बाद भी मास्टर मुन्ना लाल एक आदर्श सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में हमेशा याद किए जायेंगे।जिस मिशन के लिए उन्होंने अपना पूरा जीवन समर्पित किया था, आगे उस काम को आगे बढ़ाना परिवार और समाज दोनों की जिम्मेदारी है। परिवार की ओर से द्रौपदी देवी,खुशीराम,और राम यज्ञ ने पूजा वंदना की।

बहुजन समाज पार्टी के मुख्य मंडल प्रभारी दिलीप कुमार विमल, महेन्द्र प्रताप आनंद, जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार पासी, अरविंद कुमार,डा बसंत कुमार, सियाराम बनौधिया, रोशन लाल त्यागी आदि ने मुन्ना लाल मास्टर के जीवन दर्शन पर चर्चा करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा का संचालन अमेठी के बामसेफ के जिला संयोजक संजीव भारती ने किया।

## सांसद के एल शर्मा की पहल पर शुरू हुआ पेंशन कैम्पों का आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** वृद्धा, विधवा , निराश्रित महिलाओं और दिव्यांग जनों को पेंशन से लाभान्वित करने के लिए न्याय पंचायत वार कैम्पों का आयोजन सोमवार को शुरू हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस के कारण पहले दिन सभी विकास खंडों में कैम्पों का आयोजन नहीं हो पाया।

सांसद किशोरी लाल शर्मा ने पिछली दिशा की बैठक में वृद्धजनों, निराश्रित महिलाओं और दिव्यांगो को पात्रता के अनुसार शत प्रतिशत संख्या में पेंशन योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए कैम्पों के आयोजन का सुझाव दिया था। सांसद के सुझाव के क्रम में सी डी ओ सूरज पटेल की ओर से 9जून से 30जून तक न्याय पंचायत वार कैम्पों के आयोजन का कार्यक्रम तैयार किया गया है।

सोमवार को खेरौना,बांहापुर, मंगरौली,हंसवा, इस्माइलपुर, ठेंगहा,कौहार और ब्रह्मनी में पेंशन कैम्प आयोजित किए गए। पांच विकास खंडों में कैम्प नहीं आयोजित हो पाए।

## टांडा पालिका प्रशासन द्वारा टेंडर फीस को लेकर हो रहा है खेला

**अम्बेडकरनगर।** टांडा नगर पालिका परिषद में पालिका प्रशासन और ठेकेदारों की मिली भगत से टेंडर फीस को लेकर हो रहा हैं बड़ा खेल अप्रैल मई माह में हुए 95 निर्माण कार्य के टेंडर अब तक नहीं हो पाया है।

ओपन सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार खबर यह निकलकर आयी है कि ठेकेदारों और विभाग के कर्मचारियों की मिली भगत से टेंडर फीस में की जाती है बड़ी गड़बड़ी ठेकेदारों द्वारा अपने खाते से या बैंक डीडी के माध्यम से फीस ना जमा करके गैरों के खातों से शुल्क का धन जमा कराया जाता हैं पैसा जिससे कोई प्रूफ नहीं होता है कि ठेकेदारों द्वारा टेंडर फीस दी गई है या जनता द्वारा जमा किया गया पैसा है महीना भर गुजर जाने के बाद भी विकास कार्यों का टेंडर प्रक्रिया अभी भी है अधूरे मे लटका है इसी तरह पालिका द्वारा किया जा रहा है बड़ा खेल का इंतजाम कुछ ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के लिए विभाग द्वारा बड़े खेल का की है तैयारी जिससे सभासदों और जनमानस में है आक्रोश व्याप्त है जिससे सरकार की मंशा पर टांडा पालिका द्वारा खुलल्म खुल्ला लगा रहे है बट्टा।

## विवाहित प्रेमिका से मिलने पहुंचा प्रेमी पिटाई के बाद मुंह में पोता कालिख

- 4 जून को हुई थी युवती की शादी, गांव के ही एक युवक से था प्रेम प्रसंग

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के एक गांव में शादी के बाद ससुराल में प्रेमिका से मिलने पहुंचे प्रेमी को परिवार के लोगों ने पकड़ कर कुर्सी में बांध मुंह में कालीख पोतने का विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा हैं।

तुर्कपट्टी थाने के एक युवती की शादी बीते 4 जून को नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई हैं। शादी के बाद उसकी विदाई हो गई और वो अपने ससुराल आ गई। उसके गांव के ही एक लड़के से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। उसका प्रेमी उससे मिलने के लिए रविवार की रात को गांव के कुछ लड़कों के साथ विवाहिता के ससुराल पहुंच गया। भनक लगते ही परिवार के लोग उसे पकड़ कर कुर्सी में बांध दिया। साथ गए युवक अंधेरे का फायदा उठा मौका देख भाग


चेहरे पर कालिख पोतते परिजन

निकले। युवक के मुंह पर कालिख पोता गया, जिसका एक विडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें युवक के हाथ बंधे हुए दिख रहें हैं और एक व्यक्ति उसके मुंह पर कालिख पोतता नजर आ रहा है।

वहीं, विवाहित प्रेमिका उसके साथ ही जानें की ज़िद्द पर अड़ी है। ससुराल के लोग विवाहिता के मायके में सूचना भेजवा उनके पहुंचने का इंतजार कर रहे है। प्रेमी को घर पर ही रोकें रखें हैं। इस सम्बंध में एसएचओ दीपक कुमार सिंह ने बताया कि दो परिवारों का आपसी मामला है, पुलिस को किसी ने शिकायत नहीं दी है, तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जायेगी।

## विधानसभावार कार्यकर्ता बैठक की तैयारी में जुटे बसपाई

**अमेठी।**बहुजन समाज पार्टी की विधानसभावार कार्यकर्ता बैठकों की तैयारी के क्रम में पार्टी नेताओं ने सोमवार को कार्यकर्ताओं के बीच जनसम्पर्क किया।

13जून को जगदीशपुर विधानसभा की बैठक जाफरगंज के पास दुलारी नगर में होगी। तिलोई विधानसभा की बैठक मोहनगंज में प्रस्तावित है। अमेठी विधानसभा की बैठक 14जून को नीलम मैरिज लान में होगी। गौरीगंज की बैठक कान्हा मैरिज लान में होगी। बसपा के जिला महासचिव सरवन कुमार यादव ने बताया कि बैठक में नये पुराने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को बुलाया गया है।

बहुजन समाज पार्टी के विधानसभा प्रभारी राम अभिलाष बौद्ध, मोती लाल, विजय कुमार गौतम, विजय प्रजापति विधानसभा अध्यक्ष महादेव मौर्य, जितेन्द्र सरोज, विधानसभा अध्यक्ष शिवराम, लक्ष्मण प्रसाद, के के आर्य, रमेश मौर्य आदि ने तैयारी के क्रम में जनसम्पर्क तेज कर दिया है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**अवधनामा संवाददाता**

**तरयासुजान, कुशीनगर।** तरयासुजान थाना क्षेत्र के बहादुरपुर पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम सभा सलेमगढ़ के एक पुरवे में अठाईस वर्षीय युवक का शव पेड़ से लटका मिला है। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजते हुए आगे की कार्यवाही में जुटी हैं।

जानकारी के अनुसार ग्राम सभा सलेमगढ़ पैठानी टोला के पश्चिमी बगीचा जंगल के बीच एक शीशम के हरे पेड़ पर मच्छरदानी का फंदा बना कर लटका एक युवक का शव किसी बच्चे ने दोपहर एक बजे के आसपास देखा और शोर मचाते भागने लगा। तब आमलोगों को शव की जानकारी हुई और किसी ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस चौकी को दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को निचे उतरवाकर, जानकारी जुटाने लगी। मौजुद लोगों ने बताया की यह बुलेट पुत्र रामाशंकर उम्र लगभग 28 वर्ष जो बगल के टोला



नुनिया पट्टी का निवासी है, और कबाड़ का काम करता था। सोमवार की सुबह लगभग 10 बजे घर से निकला था।

मृतक अपने पिछे बुजुर्ग मां पत्नी और नाबालिग दो बेटा और दो बेटी को छोड़ गया है। फांसी किस परिस्थिति में लगाया पता नहीं चल पाया। प्रभारी निरीक्षक तरया सुजान धनवीर सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी, युवक ऐसा कार्य क्यों किया। इसका जानकारी पुलिस करेगी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। साथ ही आगे की विधिक कार्रवाई पुलिस करने में जुटी हुई है।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान -प्राकृतिक खेती को तैयार किए जा रहे किसान



**अमेठी/जामों।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के अन्तर्गत ब्लाक वार संगोष्ठियों और संवाद कार्यक्रमों का आयोजन जारी है। विकास खंड सभागार जामों में आयोजित कार्यक्रम में किसानों को प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रगतिशील किसानों ने अपने अनुभव साझा किए। कृषि रक्षा पर्यवेक्षक डॉ अजीज कुमार ने किसानों को शासन की विभिन्न कृषि योजनाओं की जानकारी दी।

विकास खंड के सभागार में विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवम् कृषक जागरूकता कार्यक्रम एवम् सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर ( आत्मा) योजनांतर्गत विकास खंड स्तरीय गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कृषि रक्षा पर्वेक्षक डा अजीत कुमार ने किया। कृषि विज्ञान केंद्र कठौरा के वैज्ञानिक डा पी के सिंह के द्वारा गोष्ठी में उपस्थित किसानों को आम, वेर,आंवला ,बेल की खेती के साथ ही प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तृत जानकारी दी और दूरगामी लाभ के बारे में बताया। प्रगतिशील किसान अनंत बहादुर सिंह और वीरेंद्र कुमार यादव ने किसानों नए तरीकों से खेती करने के लिए जागरूक किया। गोष्ठी में आए हुए सभी किसानों को जलपान भी कराया गया।

## वरिष्ठ भाजपा नेता काशी तिवारी की पत्नी का निधन अमेठी में शोक की लहर

**अमेठी।** भाजपा के वरिष्ठ नेता काशी तिवारी की पत्नी के असामयिक निधन पर भाजपा सहित सभी दलों के नेताओं और पंचायत प्रतिनिधियों ने गहरा दुःख व्यक्त किया है।

काशी तिवारी की पत्नी शांति देवी -55का बीती रात हृदय गति रुकने से निधन हो गया। निधन की खबर से अमेठी नगर और भेंटुआ में शोक का माहौल है। सोमवार को अंतिम यात्रा और अंत्येष्टि में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और अंतिम दर्शन करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और पीड़ित परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की। भाजपा के प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ संजय सिंह, पूर्व मंत्री डा अमीता सिंह,भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ल? जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, पूर्व प्रमुख अमरेन्द्र सिंह पिंटू, पूर्व प्रमुख रश्मि सिंह, अंजनी कुमार सिंह, घनश्याम चौरसिया आदि ने गहरा दुःख व्यक्त किया है और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई 170 शिकायतें,13 का निस्तारण हुआ



**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** सोमवार को जिले की सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया ?। समाधान दिवस में 170 शिकायतें प्राप्त हुई, इनमें से 13शिकायतों का निस्तारण हुआ है।

डी एम संजय चौहान ने तिलोई में फरियादियों की शिकायतें सुनी। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने कार्यालय में सुबह दस बजे से बारह बजे तक जनसुनवाई करने और शिकायतों का गंभीरता पूर्वक निस्तारण करने के निर्देश दिए। तिलोई में कुल55शिकायतें प्राप्त हुई हैं। छः शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया है। राजस्व सम्बंधित शिकायतों की संख्या सबसे अधिक रही। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसुनवाई के बाद डी एम ने निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया।

डी एम ने कार्यदाई संस्था के अधिकारियों को मजदूरों की संख्या बढ़ाकर निर्माण कार्य समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। अमेठी में 32, गौरीगंज में 52और मुसाफिरखाना में 31शिकायतें प्राप्त हुई हैं।

# जल निकासी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

- विकास खंड मोतीचक के ग्राम पंचायत मंगलपुर का मामला

**अवधनामा संवाददाता**

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** विकास खण्ड मोतीचक के गांव मंगलपुर में ग्रामीणों ने जल निकासी की समस्या को लेकर सोमवार को गंदे पानी में खड़ा होकर विरोध प्रदर्शन किया।

बता दें कि लगभग सैकड़ों घरों के गंदे पानी का निकास नहीं होने से स्थितियां बद से बदतर हो गई है। ग्राम पंचायत से लगायत ब्लाक प्रशासन तक सूचित करने के बाद भी जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तब ग्रामीणों का धैर्य जवाब दे गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने जल निकासी को लेकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि यह पानी ग्रामसभा से बनी पक्की नाली के रास्ते से होकर जाता है, जो आगे दस कड़ी के


गंदे पानी में खड़ा होकर विरोध करते ग्रामीण

ड्रेन के रास्ते होकर पोखरी में गिरता था। इसको गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा रोक दिया गया है।

गंदा पानी नाली में जाम होने के वजह से गर्मी में ही मच्छरों का भयंकर प्रकोप जारी है। थोड़ी से बरसात होने पर भी वहां जल जमाव हो जा रहा है।अनेक प्रकार के बीमारियों को लेकर ग्रामवासी चिंतित है। गंदे पानी का सड़क पर जल जमाव होने से गर्मी के मौसम में मच्छर भी पनप रहे हैं, और संक्रमित बिमारी फैलने की अशंका बनी हुई है। उस रास्ते गुजरने वाले लोगों को गन्दे पानी की दुर्गंध व दुश्वारियां से होकर गुजरना पड़ रहा है। इस दौरान रामजीत गुप्ता, बुद्धी प्रसाद, सीताराम सिंह, नसरूदीन मंसूरी, राधे प्रसाद, गोबरी, मुन्ना, सद्दाम, मैरून निशा सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# परिवहन विभाग पर उठे सवाल: नियमों के उल्लंघन में खुद परिवहन अधिकारी संलिप्त

**चालान से बचने के लिये ओवरलोड ट्रक ग्यारह हजार की चपेट मे आया, धूं धूं कर जला ट्रक**




अवधनामा संवाददाता

**बाँदा।** जनपद को स्वच्छ, सुरक्षित और दुर्घटना मुक्त बनाने की जिम्मेदारी जिन अधिकारियों पर है, वही अब स्वयं कानून की धज्जियाँ उड़ाते नज़र आ रहे हैं। बाँदा के मंडलीय परिवहन अधिकारी सौरभ कुमार पर गंभीर आरोप लगे हैं कि वे जिस वाहन का प्रयोग कर रहे हैं, वह न केवल नियमों के विपरीत है बल्कि कई बार चालानी कार्रवाई की जद में भी आ चुका है।

जानकारी के अनुसार, परिवहन अधिकारी जिस इनोवा गाड़ी (रजि. नं. P92AJ1553) से जनपद में दौरा करते हैं, वह वाहन 12 वर्ष पुराना है और उस पर पीले रंग की नंबर प्लेट नहीं है, जबकि नियमों के तहत किसी भी कार्मशियल प्रयोग वाली गाड़ी पर पीली नंबर प्लेट अनिवार्य है। सूत्रों की मानें तो वर्ष 2024 में इस वाहन पर चार चालान दर्ज हुए थे। मीडिया की पकड़ में आने के बाद आनन-फानन में सारे बकाया चालान जमा कर दिए गए और वाहन को कागज़ी रूप से दुरुस्त दिखा दिया गया। परंतु एक दशक से अधिक पुराने इस वाहन का प्रयोग और कार्मशियल नंबर प्लेट की गैरमौजूदगी अब भी नियमों के उल्लंघन का स्पष्ट उदाहरण है।

### दूसरों की गाड़ियों का चालान, खुद की अनदेखी

विचारणीय प्रश्न यह है कि जिनके हाथ में जिले की सड़कों पर चलने वाले वाहनों की जाँच की जिम्मेदारी है, यदि वही अधिकारी नियमों की अनदेखी करें तो आम जनता से कैसे कानून का पालन करवाया जाएगा? प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि अगर समय रहते ड्राइवर ने छलांग न लगाई होती, तो यह घटना जानलेवा बन सकती थी। इस घटना ने जिले में ओवरलोडिंग और परिवहन विभाग की जाँच व्यवस्था की खामियों को उजागर कर दिया है।

### प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि दूसरों के वाहनों पर नियमों की आड़ में कार्यवाही करने वाले मंडलीय परिवहन अधिकारी के वाहन पर कार्यवाही कौन और कब करेगा। क्या जनपद वासियों को दोहरे मानकों के तहत नियमों का पालन करने को मजबूर किया जाता रहेगा, या फिर शासन इस मामले में संज्ञान लेकर निष्पक्ष कार्यवाही करेगा?

### ओवरलोड ट्रक में लगी आग, बाल-बाल बचे चालक और क्लीनर

आज परिवहन विभाग के चालान से बचने के चक्कर में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। सूत्रों के अनुसार, एक ओवरलोड ट्रक जो गिट्टी से भरा हुआ था, विभाग की चेकिंग से बचने की फिराक में तेज़ी से निकल रहा था कि अचानक वह 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। नतीजतन, ट्रक में भीषण आग लग गई। शुक्र है कि चालक और क्लीनर चलती गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाने में सफल रहे।

# ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम बनाने की दिशा में एक और कदम

**■ जिलाधिकारी द्वारा जुमा बाजार को भी पावर हाउस के पीछे रेलवे ग्राउंड में स्थानांतरित किए जाने के निर्देश**

अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** शहर में यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने एवं आमजन को जाम की समस्या से निजात दिलाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह द्वारा लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में जुमा बाजार को भी स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है, शुक्रवार को लगने वाला जुमा बाजार वर्तमान में मिशन स्कूल के पास से मंडी होते हुए सुनहरी मस्जिद तक के क्षेत्र में लगाया जाता है। यह क्षेत्र शहर के प्रमुख मार्गों–जेल रोड एवं घंटाघर रोड–से जुड़ा हुआ है, जिस कारण जुमा बाजार के दौरान इन सड़कों पर अत्यधिक भीड़ एवं गंभीर जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जिससे आमजन को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। जनहित को सर्वोपरि रखते हुए जिलाधिकारी श्री सिंह द्वारा आज जुमा बाजार हेतु चयनित स्थल–बहादुरगंज में पावर हाउस के पीछे स्थित रेलवे ग्राउंड–का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक आधारभूत सुविधाओं जैसे साफ-सफाई, पेयजल, ट्रैफिक मार्ग, दुकान संचालकों के लिए नियोजित स्थान इत्यादि की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए तथा जुमा बाजार को भी बहादुरगंज रेलवे ग्राउंड में स्थानांतरित करने हेतु निर्देशित किया है। पूर्व में भी बहादुरगंज में 30 वर्षों से मेन रोड पर लगने वाली बुध बाजार को बहादुरगंज स्थित पावर हाउस के पीछे रेलवे ग्राउंड में स्थानांतरित किया गया था, जिससे नागरिकों को बड़ी राहत मिली। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जिस प्रकार बुध बाजार के स्थानांतरण से स्थानीय नागरिकों को राहत मिली, उसी प्रकार जुमा बाजार को व्यवस्थित ढंग से उक्त स्थान पर स्थानांतरित किए जाने से मुख्य मार्गों पर यातायात का दबाव कम होगा तथा बाजार व्यवस्था भी अधिक सुनियोजित रूप से संचालित की जा सकेगी। यह निर्णय न केवल शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार लाएगा, बल्कि व्यापारियों एवं ग्राहकों को भी एक सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं सुगम वातावरण प्रदान करेगा। शीघ्र ही जुमा बाजार को रेलवे ग्राउंड में पूरी व्यवस्थाओं के साथ स्थानांतरित कर दिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, नगर आयुक्त विपिन कुमार मिश्र सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## बच्चों के साथ खेलने गई किशोरी की तालाब में डूबने से मौत

**कलान- शाहजहांपुर।** बच्चों के साथ खेलने गई किशोरी की तालाब में डूबने से मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किशोरी के शव को पोस्टमार्टम के लिए पीएम हाउस शाहजहांपुर भेज दिया है।थाना कलान क्षेत्र के ग्राम गंगोरा मजरा रसूलपुर निवासी राजेश यादव की पुत्री अंजलि (9)



अपने हम उम्र के बच्चों के साथ सोमवार सुबह थाना क्षेत्र के गुल्लाह गांव की तरफ खेलने गयी थी। गुल्लाह गांव में स्थित गौशाला के पास तालाब है।वहां पहुंची ही थी कि अंजलि का पैर तालाब के किनारे फिसल गया और तालाब के पानी में जा गिरी।जब तक बच्चों ने शोर मचाया तब तक वह डूब चुकी थी।काफी प्रयास के वाद उसके शव को तालाब से बाहर निकाला गया और थाना कलान पुलिस को सूचना दी गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।वहीं मृतक पांच भाई बहनों में दूसरे नंबर की थी। इसकी सबसे बड़ी बहन कोमल (12), प्रिंस (10),परी(7), ऋषभ (3) है। अंजलि की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# श्री राम लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड का शुभारंभ

**■ पयागीपुर चौराहा स्थित आर एस माल में खुला ऑफिस,जीवन बीमा क्षेत्र में ग्राहकों के लिए कई नई सौगातें,पंडित राम शब्द मिश्रा ने किया उद्घाटन**

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** लोगों की जान माल की सुरक्षा और उनके परिवारों को संरक्षित करने के उद्देश्य से श्री राम लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड की नई शाखा का शुभारंभ हुआ। इस दौरान जीवन बीमा के क्षेत्र में कंपनी द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का शाखा प्रबंधक सौरभ मिश्र ने विस्तार से वर्णन किया।

मिली जानकारी के अनुसार शहर के पयागीपुर चौराहा स्थित आर एस मॉल में श्री राम लाइफ इंश्योरेंस कंपनी की मुख्य ब्रांच का शुभारंभ वरिष्ठ नेता समाजसेवी पंडित राम शब्द मिश्र द्वारा किया गया। उन्होंने फीता काटकर शाखा का शुभारंभ किया।कंपनी के अफसरों ने उनका स्वागत करते हुए उन्हें पुष्प गुच्छ व भगवान श्री राम की प्रतिमा भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने कहा बीमा क्षेत्र का बाजार जनपद वासियों के लिए उनके भविष्य के लिए बहुत ही सुरक्षित माहौल प्रदान करता है। श्री राम लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के सुल्तानपुर में शाखा खुल जाने से यहां के लाखों लोगों का फायदा होगा लोग अपनी मनपसंद की बचत योजनाओं के माध्यम से अपना जीवन सुरक्षित कर सकते हैं यही नहीं स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं को लेकर भविष्य में आने वाली परेशानियों से बच सकते हैं शाखा प्रबंधक सौरभ मिश्र एरिया मैनेजर आशीष पांडेय एवं अजीत सिंह चीफ मैनेजर अंजली शर्मा एवं ललित वासंदानी समेत कई अन्य अधिकारी इस अवसर पर मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस तहसील सदर में हुआ संपन्न



**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में आए फरियादियों की शिकायत एवं समस्याओं को सुना गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों में शिकायतकर्ता के साथ मौके पर जाकर शिकायत का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि फरियादियों की शिकायतों निस्तारण के साथ शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी होनी चाहिए। शिकायत निस्तारण में किसी प्रकार शिथिलता लापरवाही पाये जाने सम्बंधित जिम्मेदार के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 40 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारित कराया गया। इस अवसर पर नगर आयुक्त डॉ0 विपिन कुमार मिश्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 विवेक कुमार मिश्रा, उप जिलाधिकारी सदर संजय कुमार पाण्डेय सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### आबकारी विभाग की छापेमार करवाई



**शाहजहॉपुर।** जनपद ,में उच्चाधिकारियों के निर्देश पर आबकारी टीम द्वारा अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन पर पूर्णरुप से अंकुश लगाये जाने हेतु की गई प्रवर्तन कार्यवाही ।आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश के आदेश एवं उप आबकारी आयुक्त, बरेली प्रभार, बरेली व जिला आबकारी अधिकारी, शाहजहांपुर के निर्देश पर मधु तिवारी, आबकारी निरीक्षक कलान और गिरिजेश, आबकारी निरीक्षक तिलहर के नेतृत्व में आबकारी टीम शाहजहांपुर , प्रवर्तन-1, बरेली की संयुक्त टीम द्वारा अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन पर पूर्णतः अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के क्रम में आज दिनांक सोमवार को जनपद शाहजहांपुर में मिर्जापुर थाना और कलान थाना अंतर्गत दबिश दी गई। दबिश के दौरान संयुक्त टीम द्वारा संदिग्ध स्थानों,घरों की तलाशी ली गयी। कंजर बस्ती, मिर्जापुर, रफियाबाद कलान,परौर रोड कलान, रोडवेज बस अड्डा कलान, बाराकला में दबिश दी गई। दबिश के दौरान ग्राम कंजर बस्ती मिर्जापुर से 15 लीटर कच्ची शराबी तथा लगभग 200 किग्रा0 लहन बरामद कर मौके पर नष्ट किया गया। टीम में दिनेंद्र सिंह, आबकारी निरीक्षक, प्रवर्तन-1 बरेली, राजेंद्र सिंह, इंद्रपाल, रोहित कुमार, संदीप यादव एवं अरविंद आदि उपस्थित रहे।

### तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार



**टूंडला।** थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त को तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थाना टूंडला पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बन्ना नगला मस्जिद के सामने रेलवे खंडहर सड़क किनारे से गिरफ्तार किया है। पकड़े गये अभियुक्त के पास से एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बरामद किया है। पकड़े गये अभियुक्त ने अपना नाम शाहिद अली उर्फ चमन पुत्र हुसैन अली निवासी नगला मस्जिद लाइनपार टूंडला बताया है। जिसे पुलिस ने जेल भेजा है।

## बाइक सांड से टकराई, युवक की मौत

**कलान। शाहजहांपुर।** ननिहाल जा रहे युवक की बाइक साइड से टकरा गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु पीएम हाउस शाहजहांपुर भेज दिया है। जनपद एटा थाना जसरथपुर के अंतर्गत ग्राम निवासी अहरई बिशनपुर निवासी हरि सिंह (28) पुत्र राम सिंह रविवार की रात 9 बजे अपनी बाइक गढ़िया छवि गांव के पास पहुंचा ही था कि गढ़िया छवि मार्ग पर साऊड खड़े थे।सांड अचानक भाग खड़ा हुआ। जिससे उसकी बाइक टकरा गई और उसकी मौके पर मौत हो गयी। ग्रामीणों ने घटना की सूचना एंबुलेंस को दी तो वह एम्बुलेंस हरि सिंह को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कलान ले गयी। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक गढ़िया छवि गांव अंतर्गत ग्राम महमदियापुर में स्थित अपनी ननिहाल में जा रहा था।बताया जाता है कि ननिहाल में ममेरे भाई रामजीत को सूचना मिलने के बाद उसने मृतक के परिजनों को इसकी जानकारी दी। मृतक हरि सिंह अविवाहित था। उसकी मां गंगा देवी का रो-रो बुरा हाल है।

# नव सनिर्मित कल्याण मंडप का शुभारम्भ

अवधनामा संवाददाता




**फिरोजाबाद।** मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अंतर्गत नगर पंचायत मक्खनपुर में नव सनिर्मित कल्याण मंडप का शुभारंभ पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ, इसका निर्माण सी0एन0डी0एस0 उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) द्वारा किया गया है इस कल्याण मंडप में पोर्च, मल्टीपरपज हॉल, स्टेज, बरामदा, कार्यालय, किचन, शौचालय पुरुष एवं महिला एवं कवर्ड बरामदा निर्मित किया गया है, इस भवन में दो तल है प्रथम तल जो 270.52 वर्ग मीटर का है, जबकि द्वितीय तल 44.45 वर्ग मीटर का है, इस कल्याण मंडप में रेन वाटर हार्वेस्टिंग, टैंक, वाटर कूलर इत्यादि भी लगे हुए हैं, इस कल्याण मंडप का निर्माण कुल 3.25 करोड रुपए की लागत से हुआ है, इस भवन के माध्यम से निर्धन एवं असहाय वर्ग के परिवारों की शादियों को बहुत कम खर्चे में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर बोलते हुए मंत्री ने कहा कि इस मंडप का निर्माण असहायों, गरीबों को किफायती दर पर शादी हेतु किया गया है, शासन के द्वारा कम पैसों में गरीबों की सेवा करने का कार्य किया जा रहा है, शासन का उद्देश्य है कि हम योजनाओं को धरातल पर उतार कर समाज में अंतिम व्यक्ति को लाभ पहुंचाएं, उन्होंने इस अवसर पर नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बधाई देते हुए कहा कि, शासन की योजनाओं को धरातल पर लाने में आपका योगदान महती है, जिस पारदर्शिता, ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ आपका चयन हुआ है, हम उम्मीद करते हैं कि पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ आप अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगी, अपने दायित्वों का निर्वहन करके आप समाज और राष्ट्र के लिए एक बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत करेंगी, निश्चित रूप से आपका कार्य गरीबों की दुवाओं का पात्र बना देगा, हमारी सरकार में कानून व्यवस्था दुरुस्त हुई है, इसी कारण औद्योगिक घराने यहां निवेश करने के लिए आतुर रहते हैं, इस अवसर पर बोलते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि यहां बना हुआ कल्याण मंडप पूरे जिले का पहला मंडप है, जहां गरीब और असहाय लोगों की शादियां किफायती दर पर आयोजित होगी, जिलाधिकारी ने कहा कि मैं मंत्री को जनपद को पर्यटन के रूप में महत्वपूर्ण परियोजनाएं देने के लिए मैं उनका आभार प्रकट करता हूं, साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बधाई देता हूं कि वह अपने क्षेत्र में जाकर बच्चों को निष्ठा के साथ सेवा करेंगी, इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह और मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य ने भी अपने विचार व्यक्त किये, इससे पूर्व मंत्री ने फीता काटकर इस महत्वपूर्ण भवन का उद्घाटन किया, साथ ही यहां संचालित कार्यक्रमों का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया, साथ ही साथ कल्याण मंडप के बाउंड्री वॉल के बाहर मंत्री ने पौध रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस अवसर पर नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को एवं आवास के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों में मुन्नी देवी, अरुणा देवी और आशा देवी प्रमुख रहे, इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विशु राजा, ब्लॉक प्रमुख कमलेश राजपूत, चेयरमैन मक्खनपुर सहित जनप्रतिनिधि एवं जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जैन संस्कार शिक्षण शिविर का शुभारंभ

**शिकोहाबाद।** वर्तमान समय की आवश्यकता को देखते हुए सकल दिगम्बर जैन समाज शिकोहाबाद ने परम पूज्य प्रज्ञा श्रमण बालयोगी मुनि श्री अमित सागर के आशीर्वाद एवं पावन निर्देशन में जैन संस्कार शिक्षण शिविर का आयोजन किया है। इस 9 दिवसीय शिविर का मंगल शुभारंभ 7 जून 2025 दिन शनिवार को उदासीन आश्रम जैन स्ट्रीट में किया गया। इसमें 100 बालक बालिकाओं ने प्रतिभाग किया है। इस शिविर में जैन धर्म के विषय में प्रशिक्षण दिया जाएगा एवं बच्चों को नैतिक शिक्षा के बारे में भी बताया जायेगा। इस प्रकार के शिविर समाज द्वारा गत 10 वर्षो से प्रतिवर्ष आयोजित किए जाते रहे हैं। शिविर का शुभारंभ जिनवाणी शास्त्रों की स्थापना एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया। तत्पश्चात सभी बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित की गई। साथ ही बच्चों के स्वल्पाहार की भी व्यवस्था प्रतिदिन की जा रही है।

## जनपद में धारा 163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू

**बहराइच।** वर्तमान समय में राज्य सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन्स का अनुपालन कराते हुए बड़ा मंगल, मोहर्रम, नागपंचमी आदि आगामी त्योहारों/कार्यक्रमों को व उ.प्र. लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रा0) परीक्षा-2025 व अन्य आयोजित परीक्षाओं को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के मद्देनज़र जनपद बहराइच के समस्त सीमा क्षेत्र में विधि व्यवस्था एवं लोक परिशान्ति सहित लोक व्यवस्था व जनसुरक्षा कायम रखने के उद्देश्य से अपर जिला मजिस्टेªट गौरव रंजन श्रीवास्तव द्वारा भा.ना.सु.संहिता 2023 की धारा-163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू कर दी गयी है। अपर जिला मजिस्ट्रेट श्री रंजन द्वारा जारी आदेश के समस्त 28 प्रस्तर 08 जून 2025 से 04 अगस्त 2025 तक जनपद बहराइच के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में निवास करने वाले तथा जनपद की सीमा में प्रवेश करने वाले समस्त व्यक्तियों पर प्रभावी रहेगा।

# डीएम एसएसपी ने सुनी फरियादियों की शिकायतें

**■ सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 50 शिकायतों में 5 का हुआ मौके पर निस्तारण**

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित व समस्त जनपदीय स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में समाधान दिवस का आयोजन तहसील सदर फिरोजाबाद में आयोजित किया गया, शासन के उद्देश्यों को जमीनी हकीकत का जामा पहनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी के साथ समस्त अधिकारियों ने जनता की समस्याओं को न केवल सुना बल्कि कुछ समस्याओं का तत्काल निवारण किया, इस दौरान सबसे अधिक समस्याएं कानून व्यवस्था राजस्व, पंचायती राज और नगर निगम की आई जिलाधिकारी ने इन समस्याओं का समाधान एक संयुक्त टीम राजस्व और पुलिस की गठित कर करने का निर्देश दिया, एक प्रार्थी ने शिकायत की की कुछ भूमाफियाओं द्वारा उसकी भूमि को जोत लिया गया है, साथ ही उस पर कब्जा कर लिया गया है, उनके आतंक से प्रार्थी भयभीत है, जिलाधिकारी ने तहसीलदार फिरोजाबाद और एस एच ओ के नेतृत्व में एक संयुक्त टीम गठित कर उनकी समस्याओं का समाधान तुरंत करने के निर्देश दिए। इसी तरह एक अन्य प्रार्थी मोहन सिंह जो कि लोहारी का निवासी है, उसने शिकायत की की कुछ दबंग उसके द्वारा उगाई मूंग की फसल को काटने नहीं दे रहे हैं, जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी फिरोजाबाद और एस एच ओ को तत्काल कार्रवाई करने के आदेश दिए, इसी तरह गुलाब सिंह जो की नगला पचिया का निवासी है, उसने शिकायत की की उसके घर के आसपास का 200 मी का आम रास्ता बिल्कुल कच्चा है, उसने जिलाधिकारी से अपील की की जनहित में उक्त आम रास्ता को पक्का कराए जाने हेतु नगर निगम फिरोजाबाद के सक्षम अधिकारी को निर्देशित करें, जिलाधिकारी ने इस पर नगर आयुक्त को निर्देशित करते हुए इस समस्या का समाधान करने हेतु निर्देशित किया, इसी तरह से गीता देवी जो कि राजा का लाल की निवासनी है उन्होंने शिकायत की कि प्रार्थीनी को अपने पारिवारिक बंटवारे में पूर्वजों के द्वारा छोड़ी गई संपत्ति में एक मकान प्राप्त हुआ था, जो की काफी पुराना होने के बाद जर्जर हो चुका है, प्रार्थनी के पास साक्ष्य ना होने के कारण प्रधानमंत्री योजना ग्रामीण के अंतर्गत अपना रजिस्ट्रेशन नहीं कर पा रही हैं, अतः जिलाधिकारी से गीता देवी ने अपील की की प्रधानमंत्री योजना ग्रामीण के अंतर्गत उस के आवेदन को शामिल करने की कृपा करें, जिस पर जिलाधिकारी ने परियोजना निदेशक को निर्देशित किया की संपूर्ण मामले की जांच कर उसके आवास के दावे के संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करें, जिससे उनकी मदद की जा सके, इसी तरह जिलाधिकारी के समक्ष मौके पर कुल 50 आवेदन आए जिसमें से पांच का मौके पर ही निस्तारण किया गया, इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रामबदन राम जिला विकास अधिकारी उप जिलाधिकारी परियोजना निदेशक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जिला पंचायत राज अधिकारी जिला पिछला वर्ग कल्याण अधिकारी आदि सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय वेबीनार में प्लास्टिक से उत्पन्न समस्याओं पर वक्ताओं ने विचार साझा किए

**शिकोहाबाद।** पालीवाल महाविद्यालय शिकोहाबाद के जंतु विज्ञान विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना सेल डॉ भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा एवं नगर पालिका परिषद शिकोहाबाद के संयुक्त तत्वाधान में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में ''बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन ग्लोबल एफर्ट्स फॉर ए सस्टेनेबल डेवलपमेंट'' 'प्लास्टिक प्रदूषण को हरानाः सतत भविष्य के लिए वैश्विक स्तर पर प्रयास' नामक विषय पर एक दिवसीय ऑनलाइन अंतरराष्ट्रीय ई। संगोष्ठी का आयोजन किया गया। बेबीनार के आयोजन सचिव डॉ एमपी सिंह के अनुसार माँ सरस्वती के नामोच्चारण चरण के साथ वेबीनार का आरंभ किया गया। डॉ सिंह ने सभी विद्वान अतिथियों का क्रमानुसार परिचय कराया और प्लास्टिक पॉल्यूशन पर आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय वेबीनार के बारे में संक्षिप्त रूप में सभी प्रतिभागियों को उसके महत्व के बारे में बताया। आज प्लास्टिक हमारे जीवन का एक अहम हिस्सा बन चुका है जो हमारे पर्यावरण को कई तरह से हानि पहुँचा रहा है। प्रत्येक वर्ष लाखों टन प्लास्टिक हमारे समुद्रों, नदी- नालों और ज़मीन में विभिन्न माध्यमों से पहुंचता है जिससे केवल जल और भूमि ही प्रदूषित नहीं होते हैं बल्कि जलीय व स्थलीय फ्लोरा एंड फाउना के जीवन पर भी इसका कुप्रभाव पड़ता है। उपरोक्त विषय पर देश तथा विदेश के विशेषज्ञ अपने विचार प्रस्तुत करेंगे जो हमें लाभकारी सिद्ध होंगे।

# विस्फोटक प्रकरण के सम्बन्ध में डीएम व एसपी ने स्थिति को किया स्पष्ट

**■ अन्वेषण कार्य में एस.ओ.पी. का पालन करने के दिये गये निर्देश**

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में मीडिया प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए बताया कि भारत सरकार के हाइड्रोकार्बन निदेशालय जो पेट्रोलियम मंत्रालय का है, के द्वारा 28 अक्टूबर 2024 को जारी पत्र के क्रम में पेट्रोलियम एण्ड नेचुरल गैस (ओ.एन.जी.सी.) आयल इण्डिया लिमिटेड कंपनी द्वारा 18 दिसम्बर 2024 के पत्र के माध्यम से सभी प्रदेशों के मुख्य सचिवों को तथा उसके क्रम में उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा सर्वे कार्य के लिए उप सचिव उ.प्र. शासन द्वारा 17 जनवरी 2025 को जारी पत्र तथा निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय उ.प्र. खनिज भवन लखनऊ ने 10 फरवरी 2025 को जारी पत्र के माध्यम से उत्तर प्रदेश के अन्दर कुल 44 जिलों में टू.डी. सिस्मिक कार्य का अधिग्रहण करने के लिए अधिकृत किया गया था। डीएम ने बताया कि उक्त के दृष्टिगत अपर जिलाधिकारी ने 14 फरवरी 2025 को पत्र जारी कर आयल इण्डिया लिमिटेड व ओ.एन.जी.सी. को पेट्रोलियम अन्वेषण हेतु अधिकृत के.एम. राव प्रोजेक्ट मैनेजर अल्फा जियो इण्डिया लिमिटेड कम्पनी को अपेक्षित सहयोग के लिए समस्त उप जिलाधिकारी जनपद बहराइच को निर्देशित किया गया था। डीएम ने बताया कि सर्वे कार्य में गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 28 अक्टूबर 2024 को जारी पत्र/एस.ओ.पी. द्वारा कम्पनी को अन्वेषण कार्य शुरु करने से पूर्व स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस से समन्वय हेतु निर्देशित किया गया था, लेकिन उपरोक्त अल्फा जियो इण्डिया लिमिटेड कम्पनी से सम्बन्धित कर्मियों द्वारा निर्गत एस.ओ.पी. का अनुपालन न करते हुए स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस को सूचना दिए बिना ही 06 जून 2025 से जनपद बहराइच के अन्तर्गत थाना हरदी के ग्रामों में अन्वेषण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया था। गत रविवार को थाना हरदी अन्तर्गत ग्राम सिकन्दरपुर में कार्य किया जा रहा था जिससे स्थानीय जनता में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हुई। जिसकी सूचना थानाध्यक्ष हरदी द्वारा उच्चाधिकारियों को दी गई। थानाध्यक्ष से प्राप्त सूचना का संज्ञान लेते हुए तत्काल अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), ज्वाइंट मजिस्ट्रेट (एसडीएम) महसी, क्षेत्राधिकारी महसी, तहसीलदार महसी, खनन अधिकारी, नायब तहसीलदार महसी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायज़ा लिया तथा अधिकृत कम्पनी से सम्बन्धित मजदूर एंव टेक्निशियन स्टाफ को थाने पर ले आकर सभी प्रपत्रों एवं सभी व्यक्तियों/कर्मचारियों का सत्यापन किया गया। डीएम व एसपी ने बताया कि सम्बन्धित फर्म के कर्मचारियों द्वारा स्थानीय प्रशासन को सूचित न करने, ग्रामीणों में जागरूकता न फैलाने तथा सुरक्षा कर्मियों को अपने साथ न रखने की वजह से ऐसी स्थिति उत्पन्न हुई है। सम्बन्धित फर्म को निर्देशित किया गया है कि एस.ओ.पी. का पालन करते हुए कार्य करें जिससे स्थानीय स्तर पर किसी प्रकार की भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो। कोई प्रतिकूल तथ्य व संधिगता प्रकाश में नही आयी है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा सम्बन्धी खतरे या अपराध अथवा किसी प्रकार के अवैध गतिविधियों में लिप्त होने की बात सामने नही आयी है। सुरक्षा सम्बंधी कोई संकट नही है न ही इनके द्वारा कोई अवैध कार्य किया जा रहा है। अभिलेखों की विस्तृत जाँच तथा कंपनी द्वारा अधिकृत व्यक्तियों के सत्यापन की कार्यवाही प्रचलित है।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि थाना कठेला समयमाता जनपद सिद्धार्थनगर मे दो वाहन मोटर साईकिल कि दिनांक 11.06.2025 को निलामी होना है। इच्छुक व्यक्ति उक्त तिथि पर समय 10.00 बजे उपस्थित होकर नियम व शर्तो के अधीन बोली लगाकर उक्त मोटर साईकिल की निलामी ले सकते है।

## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर गति शक्ति उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रो पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारो द्वारा ई–निविदायें अकेला पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं० | जीएसयू–एलकेओ–एसआईजी–एलसी–06 |
| कार्य का नाम | "एलकेओ डिवीजन पर लेवल क्रॉसिंग के एलसी 121, 23सी, एलसी 187, एलसी 108ए गेट पर आरओबी आरयूबी कार्य के संबंध में उपयोगिता" |
| अनुमानित लागत | रू 26095298.82/– |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रू 280500/– |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 12 महीने |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 30/06/2025 at 15:00 बजे तक |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्डका स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजोंको देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in उप.चीफ सिगनल एवं दुरसंचार अभियंता/गति शक्ति कार्यालय/मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। • समस्त नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू संo: जीएसयू–एलकेओ–एसआईजी–एलसी–06 दिनांक: 07.06.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1694/25

# शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करें

**सम्पूर्ण समाधान दिवस**

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में तहसील चकरनगर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उन्होंने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रकरणों की गंभीरता से जांच की जाये साथ ही जबाबदेह लोगों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि जब भी अधिकारीगण गावों के भ्रमण पर जाये अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का मौके पर सत्यापन करें तथा लाभार्थियों का फीडबैक भी लें। तहसील चकरनगर में विभिन्न संदर्भो से संबंधित कुल 81 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें मौके पर 03 शिकायतों का निस्तारण किया गया शेष संबंधित अधिकारियों को प्राप्त कराकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में सबसे अधिक जमीन से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एक सप्ताह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निस्तारण में विलम्ब के कारण का भी उल्लेख किया जाये, साथ ही सभी प्रकरणों को अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के भीतर निस्तारित करा दिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों की सुनवाई की। उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में जन सुनवाई के दौरान समस्याएं प्राप्त होती है उनका निस्तारण शासन स्तर से समस्याओं के निस्तारण के संबंध में समस्या ग्रस्त व्यक्ति से फीडबैक भी लिया जा रहा है। इसको ध्यान में रखते हुए निस्तारण गुणवत्तापूर्ण कराया जाए। उक्त अवसर पर उप जिलाधिकारी चकरनगर ब्रह्मानंद कठेरिया, क्षेत्राधिकारी चकरनगर, तहसीलदार सहित अन्य समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## धर्म से ही धन है वाद-विवाद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**इटावा, जसवंतनगर।** जो अपना और अन्य द्रव्यों का सत्यार्थ श्रद्धान, ज्ञान, आचरण है वह संसार परिभ्रमण से छुड़ाकर परमसुख में धरनेवाला धर्म है। यह बात नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर जैन बाजार में चल रहे आठ दिवसीय जैन संस्कार शिक्षण शिविर के अंतर्गत बाल ब्रह्मचारी राहुल जैन ने श्री रत्नकरण्ड श्रावकाचार जैनग्रंथ के स्वाध्याय के दौरान कही। उन्होंने आगे कहा वास्तव में वीतराग धर्म ही शरण है। अपने जीवन में हमें हमेश ही निर्ग्रन्थ मुनि दीक्षा की भावना भानी चाहिए जिससे हमारा इस जन्म मरण रूपी संसार का अभाव हो सके और हम अपने परम उत्तम मोक्ष सुख को प्राप्त कर सकें।

रात्रि में आयोजित हुई वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रतियोगियों ने बहुत ही उत्साह से भाग लिया। धर्म से धन होता है÷या÷धन से धर्म÷प्रतियोगियों ने अपना अपना मत रखा। जिसमें वनी जैन, लक्ष्य जैन, चिराग जैन, श्रेयांश जैन, जिनेश जैन, दिव्य जैन, मोक्ष जैन, आकर्ष जैन, निश्चल जैन, आशी जैन आदि ने अपनी तर्क बुद्धि से अपने विचारों को रखा।

# महक खान ने जनपद इटावा की महक फैलायी पूरे उत्तर प्रदेश में: डॉ. हरीशंकर

**वहाज अली निहाल**



**इटावा।** जनपद इटावा की होनहार बेटी महक खान ÷सहायक अधीक्षक÷ रीजनल पासपोर्ट कार्यालय, लखनऊ में दिनांक~ 13 मई 2025 को ज्वाईनिंग लेकर पहली बार रेलवे द्वारा जनपद इटावा आयी तो डॉ.हरीशंकर पटेल महामहिम राज्यपाल द्वारा सम्मानित/राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अपना दल (एस) तथा अध्यक्ष जनहितकारी संस्था समाज उत्थान समिति के नेतृत्व में अपना दल (एस) एवं समाज उत्थान समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यगणो ने रेलवे स्टेशन में फूल-माला, बुके, अंग वस्त्र एवं मिठाई बांट तथा महक खॉन को मिठाई खिला कर जोरदारी से भव्य स्वागत सम्मान किया। डॉ.हरीशंकर पटेल (समाज सेवी)ने बताया कि विपरीत परिस्थियों में शिक्षा को अपना सच्चा साथी बनाकर यह सफलता हासिल की उस पर मुझे गर्व है लेकिन शिक्षा रूपी रथ यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण कर आईएएस बनने के बाद ही रुकेगा तभी हमें पूरी खुशी मिलेगी। डॉ0हरीशंकर पटेल ने महक खॉन के भाई विलाल खॉंन, माता शहनाज बेगम, पिता अफजाल खान की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि ईश्वर सभी को ऐसे माता-पिता मिले जो अपनी सुख-सुविधा को नज़र अंदाज कर बेटी की पढ़ाई के लिए पाई-पाई जोड़कर उच्च शिक्षा दिलाने में एड़ी से चोटी तक जोर लगा दे आज उसी का नतीजा सामने है बेटियाँ किसी बेटे से कम नही होती। कु.महक खान का स्वागत सम्मान करने तथा शुभकामनाएं देने वालों में मुख्य रूप से राज्य शिक्षक पुरुष्कार से सम्मानित डॉ0 रमेश चन्द्र राजपूत, सेवा निवृत अधिशाषी अधिकारी इन्जी. राजेश कुमार वर्मा, प्रधानाध्यापक अशोक यादव, शफी अहमद बालक, इन्चार्ज प्रधानाध्यपक अशोक राजपूत, प्रधानाध्यपक हसन जावेद अन्सारी, प्रधानाध्यपक मजूलता राजपूत, प्रधानाध्यापक अनिल राजपूत, प्रधानाध्यापक राजेश सिंह, सहायक अध्यापक संजीव राजपूत, कु. अग्रिमा सिंह, प्रधानाध्याक मतिन, मु0 आरिफ अकाउंटेंट रोडवेज, शहजाद खॉन, शफीक खान पूर्व सभासद, शरीफ, आबिद, गुड्डू, बब्लू, मु0शाकिर, फहीम आदि रहे।

## सेवा संकल्प के साथ मनाया राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल का जन्मदिन

**इटावा।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के जन्मदिवस पर आज अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल (बंसल गुट)के जिला अध्यक्ष जागेश्वर प्रसाद अग्रवाल जिला प्रभारी मनोज अग्रवाल जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन के नेतृत्व में व्यापारियों ने साई मंदिर पक्का तालाब पर भीषण गर्मी से बचने के लिए ठंडा मीठा शरबत वितरण किया गया।अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारीयों ने 9 जून सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाया। व्यापार मंडल के व्यापारियों की व्यापारियों की तन मन धन की सेवा करने का संकल्प लिया।इस अवसर पर जिला संरक्षक संतोष पटेल जिला अध्यक्ष जागेश्वर प्रसाद अग्रवाल जिला प्रभारी मनोज अग्रवाल जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ हरिशंकर पटेल जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष कुमार वर्मा युवा जिला महामंत्री रंजीत सिंह कुशवाहा वैश्य एकता परिषद के जिला अध्यक्ष हरिओम गुप्ता जिला प्रवक्ता इक़रार अहमद लल्लू वारसी अब्दुल मन्नान यामीन चौधरी आकाश वर्मा आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

## शिकायतकर्ताओं का समयबद्ध तरीके से किया जाये निदान: डीएम

**सोनभद्र।** शासन की मन्शा के अनुरूप जिले की चारों तहसीलों में मार्च महीने के तीसरे शनिवार को सार्वजनिक अवकाश होने के कारण ''सम्पूर्ण समाधान दिवस'' का आयोजन आज जून महीने के तीसरे शनिवार के स्थान पर सोमवार को किया गया, मुख्य सम्पूर्ण समाधान दिवस दुद्धी में जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को बड़े ही सरल भाव से सुना गया, प्राप्त प्रकरणों का मौके पर भी तत्परता के साथ निस्तारण कराया गया जमीन सम्बन्धी मामले को स्थलीय स्थिति की जॉच करते हुए टीम द्वारा प्रकरणों की स्थलीय जॉच कर शंका समाधान के साथ ही निस्तारण भी कराया गया। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण किया जाये, उन्होंने कहा कि सम्बन्धित अधिकारी अपने-अपने कार्यालयों में समय से उपस्थित होते हुए जनमानस के शिकायतों का निस्तारण समय से करना सुनिश्चित करेंगें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर अनुपस्थित रहने पर जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में अनुपस्थित अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा (आर0ई0एस0), अधिशासी अभियन्ता विद्युत पिपरी, अधिशासी अभियन्ता, जल निगम निर्माण खण्ड (ग्रामीण), अधिशासी अभियन्ता सिंचाई, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत अनपरा सोनभद्र को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि स्पष्टीकरण संतोषजनक न पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारी का एक दिन के वेतन अवरोध करने की कार्यवाही की जायेगी, इस दौरान जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आईजीआरएस, सम्पूर्ण समाधान दिवस, थाना दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ताओं का फीडबैक लेते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाये, जिससे कि शिकायतकर्ता को किसी प्रकार की समस्या न हो और उनके प्रकरण का निस्तारण समय से किया जा सके, शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण न होने पर सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

# जाइंट्स ग्रुप ऑफ इटावा मैत्री ने बांटे तुलसी के पौधे




**दान किया डस्टबिन**

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** जाइंट्स ग्रुप ऑफ इटावा मैत्री ने साई मंदिर पक्का तालाब पर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक करते हुए पौधे वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विशेष समिति सदस्य ऊषा यादव ने किया।

ग्रुप अध्यक्ष सारिका अग्रवाल ने अतिथियों को पटका पहनाकर स्वागत किया। यूनिट डायरेक्टर स्मिता यादव ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि हमे अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर उनको बड़ा करना होगा, प्लास्टिक और पॉलीथिन का प्रयोग कम से कम करने पर जोर दिया और जिसके बिना हम जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते हैं उस जल की बर्बादी को रोककर और जल सरंक्षण करके ही हम पर्यावरण को मानव के रहने लायक बना सकते है। मैत्री ग्रुप द्वारा लोगों को तुलसी और मीठे नीम के पौधे वितरित किए गए। मैत्री ग्रुप द्वारा साई मंदिर के केयरटेकर संतोष पटेल को बहत बड़ा डस्टबिन मंदिर के लिए दान किया गया जिससे कि वहाँ आने वाले श्रद्धालु कूड़ा इधर उधर न फेंककर डस्टबिन में ही डाले। इस मौके पूनम गुप्ता, राजरानी अरोरा, विभा मित्तल, नीतिमा गुप्ता, प्रेरणा जैन, अपर्णा अग्रवाल, शीतल माहेश्वरी, प्रीति जैन, अरुणा सिंह, ममता केशरवानी, सीमा सिंह, सीमा मेहता, डॉ तृप्ति यादव, सरोज यादव मौजूद रहीं।

# हर व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए: शिवपाल



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** पानकुँवर इंटरनेशनल स्कूल, मानिकपुर मोड़, ग्वालियर बायपास पर एक भव्य पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ समाजवादी नेता शिवपाल सिंह यादव ने अपने करकमलों से पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने छात्रों, शिक्षकों एवं आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि ÷हर व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए। वृक्ष जीवनदाता हैं और इनका संरक्षण हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक एवं प्रधानाचार्य डॉ.कैलाश चंद्र यादव (सीबीएसई डीटीसी) ने अतिथि का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं है, बल्कि सामाजिक एवं पर्यावरणीय उत्तरदायित्व निभाने वाला संस्थान भी है। विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक, छात्र, अभिभावक एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में इस आयोजन में शामिल हुए और पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। विद्यार्थियों द्वारा पौधारोपण के महत्व पर आधारित निबंध, भाषण एवं पोस्टर प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर एच एन स्कूल के प्रबंधक पवन एवं केकेडीसी के प्रोफेसर प्रमोद यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गीत के साथ हुआ। संपूर्ण आयोजन पर्यावरण के प्रति जन-जागरूकता का प्रेरणास्रोत बना और सभी ने संकल्प लिया कि वे इस मुहिम को आगे भी जारी रखेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### समरगाथा' और 'सूरमाओं की धरती' कृतियों का विमोचन



**हमीरपुर (सुमेरपुर) अवधनामा संवाददाता।** स्वतंत्रता संग्राम के गौरवशाली इतिहास को उजागर करती दो कृतियों 'समरगाथा' और 'सूरमाओं की धरती' का विमोचन 08 जून को कानपुर के कैंप कार्यालय में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के करकमलों द्वारा किया गया। इन कृतियों में डॉ. भवानीदीन ने हमीरपुर, महोबा और उरई (जालौन) के 1857 से 1947 तक के 90 वर्षों के स्वातंत्र्य समर को कलमबद्ध किया है। विधानसभा अध्यक्ष ने कृतियों की सराहना करते हुए इसे ऐतिहासिक दस्तावेज का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। इस अवसर पर कई भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी, संतोष चक्रवर्ती, राजू गुप्ता (कानपुर) सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। यह विमोचन स्वतंत्रता संग्राम की गाथा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक सार्थक प्रयास है।

### राठ पुलिस द्वारा एक किलो सौ ग्राम अवैध गांजा के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध नियन्त्रण व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना राठ पुलिस अभियुक्त मनोज कुमार पुत्र घासीराम को चरखारी रोड कस्बा राठ से एक किलो सौ ग्राम अवैध सूखा गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट अधिनियम पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही की गयी। अभियुक्त के खिलाफ जनपद में आधा दर्जन से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं।

### पानी की समस्या को लेकर युवा जिलाध्यक्ष विवेक चंद्र ने सौंपा ज्ञापन



**मौदहा (हमीरपुर), अवधनामा संवाददाता।** मौदहा तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान वार्ड नंबर 5 और 22 में पानी की भीषण समस्या को लेकर युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विवेक चंद्र के नेतृत्व में जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। विवेक चंद्र ने बताया कि इन वार्डों में बस्ती बनने के बाद से अब तक जलकल विभाग द्वारा पाइपलाइन नहीं बिछाई गई है, न ही इन क्षेत्रों की ओर कोई ध्यान दिया गया है। इस गंभीर समस्या पर जिला अधिकारी ने त्वरित कार्रवाई का आश्वासन देते हुए कहा कि पानी की समस्या का जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान अहमद हसन (गुरुजी, नगर अध्यक्ष), हसनैन मकबूल (जिला सचिव, यूथ कांग्रेस), मूल चंद्र (जिला सचिव, यूथ कांग्रेस), राम विशाल (जिला सचिव), अनिल (नगर उपाध्यक्ष, यूथ कांग्रेस), राधे निषाद, सुमित निषाद, राज बहादुर, दुर्गा, मूल चंद्र, रानी, मूलती देवी सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।यह घटना क्षेत्र में पानी की समस्या के प्रति प्रशासन के ध्यानाकर्षण और त्वरित समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### 88 शिकायतें प्राप्त, 9 का निस्तारण



**हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** तहसील मौदहा में जिलाधिकारी हमीरपुर की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस अधीक्षक, प्रभागीय वनाधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, उपजिलाधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।दिवस में कुल 88 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 9 का मौके पर निस्तारण किया गया। इनमें समाज कल्याण विभाग द्वारा 1, पंचायत विभाग द्वारा 1 और राजस्व विभाग द्वारा 7 शिकायतें शामिल हैं। ग्राम करहिया के विजयपाल पुत्र रजवा ने सार्वजनिक कुएं पर अवैध कब्जे, ग्राम बिहूनी खुर्द में सरकारी जमीन पर कब्जे और ग्राम चकदहा के रामशरण पुत्र कारेलाल ने चकरोड की पैमाइश की शिकायत की। इनका निस्तारण राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर किया गया।शेष शिकायतों के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को समयबद्ध और गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए।

# एक दिवसीय मुशायरा/कवि सम्मेलन का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/करमा।** क्षेत्र के पगिया स्थित एम , ए,मैरिज हॉल परिसर में रविवार को ऑल इंडिया मुशायरा कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसके मुख्य अतिथि सांसद छोटेलाल खरवार ने फीता काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम के शुरुआत में नदीम फारूक ने मुशायरा पेश की। जिंदगी दी है तो जीने का हुनर भी देना। हिंदुस्तान तेरा है ना मेरा है हिंदुस्तान सबका है जैसे गीतों को पेश करते हुए कहा कि सबके दिल में हिंदुस्तान होना चाहिएजैसे गीतों पर बाहबाही बटोरी।वीर रस के शायर अपूर्व विक्रम शाह ने पहलगाम में बलिदानों और उस समय की परिस्थितियों को शेरो शायरी के माध्यम से सबको ओत प्रोत कर दिया उन्होंने शायरी के माध्यम से पहलगाम में हुए हमले पर प्रकाश डाला कहा। बलिदानों की बुनियाद पर हिंदुस्तान बनाया है, तारीख गवाही देगी इस लाल हकीकत की, बलिदानों की बुनियाद पर हिंदुस्तान बनाया है। रावण हम पलने नहीं देंगे इन साधुओं के वेश में, और अफजल नहीं पलने देंगे साधुओं के देश में। जैसे गीत पेश करते हुए इन्होंने हिंदुस्तान की एकता को बरकरार रखने के लिए शेरो शायरी पेश की। अमरोहा से आई शायर निकहत अमरोही ने पेश करते हुए कहा ,मेरे सब गीत गजलों पर बौछार करते हैं तमन्नाओं के गुलशन को गुले गुलजार करते हैं। प्रभु श्री राम सभी से दुनिया में प्यार करते हैं। उन्होंने दहेज गीत पर भी प्रहार किया और आपसी भाईचारा की मिशाल पेश करते हुए कहा।हिंदू का घर चले तो मुसलमान रो पड़े ,ऐसी शमा बनाओ मेरे देशवासियों जैसे गीत प्रस्तुत की। इलाहाबाद से आए हास्य कवि अखिलेश द्विवेदी ने भारत की राजनीति पर प्रहार करते हुए अपनी कविता पेश की। जो है पढ़े लिखे वह सब संतरी बने,अपराधी माफियां हैं जो वह मंतरी बने,। जिसने विवाह करके अपनी पत्नी छोड़ दी ,वह अपने देश में प्रधानमंत्री बन गए। जो था खराब सबसे वह अच्छा निकल गया ,झूठें के घर में सच्चा निकल गया। जैसे एक से एक बढ़कर मुशायरा पेश कर ठहाका लगाने के लिए मजबूर कर दिया। बाराबंकी से आए अली बाराबंकी ने कहा, नफरत को मिटा दो सीने से हर प्यार मोहब्बत यार करो , लीलाह हमारे भारत को बदनाम ना करो और कहा मंदिरों में घंटियां बजती हैं तो मस्जिदों में अजान होता है जैसे गीत पेश किया। इसके अलावा जौहर कानपुरी, अल्ताफ़ जिया, फलक सुल्तानपुरी , चादनी शबनम, रेहान हाशमी,आदि शायरों ने अपना मुशायरा पेश किया। आयोजक कौमी एकता समाज कमेटी सोनभद्र के पदाधिकारियों ने विशिष्ट अतिथियो को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उक्त अवसर पर पूर्व विधायक घोरावल रमेश दुबे,राम निहोर यादव,जय प्रकाश पाण्डेय, संजय यादव, जिलापंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अरुण कुमार सिंह, आर एच सी वर्ल्ड प्रा. लि. के सीएमडी निसार खाने, मौलाना इबादत हुसैन, हाफिज शरीफ अहमद,विपिन तिवारी, मुश्ताक खान, कोषाध्यक्ष मुमताज खान, उपाध्यक्ष अबुल हसन, सचिव अशोक पटेल, उपाध्यक्ष अब्दुल हलीम खान, मंत्री शिबली खान, सचिव अजय यादव, उपाध्यक्ष इम्तियाज खान, अमज़द खान, सहित दर्जनों गांव के हजारों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वकील अहमद खान ने किया।

## एनसीएल ने 5.68 लाख वृक्षारोपण हेतु मध्य प्रदेश राज्य वन विकास निगम के साथ किया एमओयू

**सोनभद्र/सिंगरौली।** सिंगरौली स्थित कॉल इंडिया की अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड( एनसीएल) ने 5.68 लाख पौधे लगाने हेतु मध्य प्रदेश राज्य वन विकास निगम के साथ एमओयू किया। इस एमओयू के तहत एनसीएल की मध्य प्रदेश स्थित परियोजनाओं अमलोरी, ब्लॉक-बी, निगाही, दुधिचुआ (मध्य प्रदेश स्थित क्षेत्र), जयंत और झिंगुरदा के खदान क्षेत्र में अधिभार पर 223.64 हेक्टेयर भूमि पर स्थानीय प्रजातियों के पौधे लगाए जाएंगे 4 साल तक उनकी देखभाल की जाएगी। इस दौरान एमओयू पर मध्य प्रदेश राज्य वन विकास निगम की ओर से सम्भागीय प्रबंधक रीवा- सीधी परियोजना मण्डल श्री राकेश कोडापे तथा एनसीएल की ओर से महाप्रबंधक (पर्यावरण/वन) राकेश कुमार ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर एनसीएल के उप प्रबंधक (पर्यावरण) डी. के. सैनी, एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# प्रेरणादायक सांस्कृतिक संध्या का किया गया आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विन्ध्याचल ने दिनांक 8 जून 2025 को उमंग भवन सभागार में बालिका सशक्तिकरण अभियान 2025 के अंतर्गत एक भव्य एवं प्रेरणादायक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया। यह आयोजन न केवल प्रतिभागियों की प्रतिभा और आत्मविश्वास का प्रदर्शन था, बल्कि एनटीपीसी की सामाजिक प्रतिबद्धता और बालिका सशक्तिकरण के संकल्प का प्रतीक भी रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जयकुमार श्रीनिवासन, निदेशक (वित्त), एनटीपीसी लिमिटेड एवं सुनीथा जयकुमार श्रीनिवासन, वरिष्ठ सदस्य, संयुक्त महिला समिति पधारे साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप मे ई सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक (विन्ध्याचल) एवं सरोजा फणि कुमार, अध्यक्षा, सुहासिनी संघ उपस्थित रही। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत और प्रार्थना से हुई, जिसके बाद प्रतिभागियों ने गणेश वंदना, आत्मरक्षा कौशल प्रदर्शन, पर्यावरण संरक्षण पर नाटक, सहज योग और महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों पर प्रस्तुतियाँ दीं। सभी प्रस्तुतियों को दर्शकों की भरपूर सराहना मिली। इस अवसर पर एनटीपीसी के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), डी.के. अग्रवाल, महाप्रबंधक(संविदा एवं सामग्री), अतिन कुंडू, महाप्रबंधक (परियोजना), राजशेखर पाला, महाप्रबंधक (प्रचालन), ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक(मेंटीनेंस एवं एडीएम), राकेश अरोड़ा,मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल), देबब्रत त्रिपाठी, अपर महाप्रबंधक (तकनीकी सेवाएँ) एवं डॉ. प्रतिमा महेन्द्र, वरिष्ठ विशेषज्ञ(विंध्य चिकित्सालय) उपस्थित रही। साथ ही डीपीएस एवं डी-पॉल स्कूल के शिक्षकगण, यूनियन व एसोसिएशन प्रतिनिधि एवं लेडीज़ क्लब की सदस्याएं भी शामिल रहीं। अपने उद्बोधन में ई सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक (विन्ध्याचल) ने जेम की शुरुआत को विन्ध्याचल की गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया और कहा कि यह कार्यक्रम एनटीपीसी के हर परियोजना के लिए एक आंदोलन बन चुका है। उन्होंने कहा, ÷एनटीपीसी की असली ब्रांड एम्बेसडर ये बेटियां हैं। जेम 2018 की पूर्व प्रतिभागी, काजल विश्वकर्मा ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि कैसे जेम ने उनके जीवन में आत्मविश्वास और दिशा दी। कार्यक्रम में जेम 2025 सप्ताह-3 की गतिविधियों पर आधारित विशेष वीडियो का लोकार्पण जयकुमार श्रीनिवासन, निदेशक (वित्त), एनटीपीसी लिमिटेड द्वारा किया गया। वीडियो में बालिकाओं की कला, योग, पर्यावरणीय गतिविधियों और प्रेरणादायक सत्र की झलक दिखाई गई। अपने प्रेरक संबोधन में सुनीता जयकुमार श्रीनिवासन ने कहा, ÷जो पहल विन्ध्याचल से शुरू होती है, वह कभी असफल नहीं होती। साथ ही उन्होनें यह भी कहा, ÷जब तैयारी अवसर से मिलती है, तो सफलता निश्चित होती है। कार्यक्रम का समापन केक कटिंग समारोह, प्रतिभागियों के सम्मान एवं संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। यह आयोजन NTPC की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है , एक ऐसी संस्था जो केवल ऊर्जा का नहीं, बल्कि उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करती है।

## केशव मौर्य का अखिलेश पर पलटवार :

# हमारे लिए न कोई अगड़ा है, न पिछड़ा, कानून तोड़ने वाले को मिलेगी सजा

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** दरअसल, सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सोमवार सुबह 'एक्स पर एक लंबे पोस्ट में कहा, भाजपा की अंदरूनी राजनीति की शर्मनाक लड़ाई में अब कौशांबी (मौर्य का गृह जिला) में दो भाजपाई उपमुख्यमंत्री, दो समाज के लोगों को आपस में लड़वा रहे हैं।

यादव ने पिछड़ी जाति और अगड़ी जाति के दो गुटों के बीच संघर्ष की ओर संकेत करते हुए बिना किसी का नाम लिए कहा, पहले एक उपमुख्यमंत्री ने नाइंसाफी करते हुए 'पाल' समाज के लोगों को मोहरा बनाया, फिर दूसरे उपमुख्यमंत्री ने अपने उस समाज के नाम पर झूठी सहानुभूति दिखाई, जो समाज (ब्राह्मण) इन दोनों के 'ऊपरवालों' को नहीं भाता है, इसीलिए पीछे से वो भी सक्रिय हो गये, जिनकी पहलेवाले उप मुख्यमंत्री से पुरानी खींचातान है।

उन्होंने कहा, और फिर इन ऊपरवालों के ऊपरवालों की भी आपस में टकराहट है, इसीलिए केंद्र वाले कौशांबी की राजनीति करनेवालों के साथ खड़े हैं। ध्यान से समझा जाए तो ये भाजपा की अंदर की राजनीति में मचा एक बड़ा घमासान है, जिसमें दो या दो से अधिक समाजों को आपस में भिड़वाकर 'कौशांबी, लखनऊ, दिल्ली' की भाजपाई राजनीति अपना वीभत्स खेल-खेल रही है, जिसका शिकार जनता हो रही है।

यादव ने कहा, इस लड़ाई में वो भी कूद पड़े हैं जिनका समाज 'सत्ता सजातीय' राजनीति का विशेष रूप से शिकार है और लगातार सत्ता के निशाने पर है, जिसके कारण दूसरे उप मुख्यमंत्री अपने समाज पर हो रहे अत्याचार और अपमान पर अपनी कुर्सी बचाने के लिए सुविधाजनक चुप्पी साधे बैठे हैं।

उन्होंने कहा, कौशांबी के मामले में उनको लगा कि जब वो कुछ सक्रियता



दिखाएंगे तो शायद सत्ता द्वारा निरंतर उत्पीड़ित व अपमानित किये जा रहे उनके अपने समाज में वे मुंह दिखाने लायक बन जाएंगे। सपा प्रमुख ने कहा,सच तो ये है कि भाजपाइयों को जनता या किसी समाज की कुछ नहीं पड़ी है, सब अपनी-अपनी खो चुकी जमीन की संभावना फिर से तलाशना चाहते हैं लेकिन अब जनता बहुत चौकन्नी और जागरूक है, वो भाजपा की विभाजनकारी नकारात्मक राजनीति को अब और पनपने नहीं देगी। उन्होंने कहा, ''शीर्ष भाजपाइयों' और 'शिखर भाजपाइयों' के आपसी झगड़े के कारण, हर वर्ग और समाज बीच में पिस रहा है। सच्चाई तो ये है कि समाज को बांटना और लड़ाना ही भाजपाइयों की पुरानी सियासत रही है, जिसे उन्होंने उन अंग्रेजों से सीखा है, जिनका उन्होंने हमेशा साथ दिया था।

यादव ने दावा किया, ''कौशांबी भाजपा के अन्याय का शिकार है। भाजपा से हर वर्ग और समाज को अब और भी सचेत व सतर्क रहना पड़ेगा, नहीं तो ये भाजपाई समाजों के बीच आग लगाकर अपनी सियासी रोटी सेंकने में लगे रहेंगे, एक को फंसाकर आत्महत्या पर मजबूर करेंगे तो दूसरे पर इनाम घोषित करवाएंगे।

कौशांबी का बच्चा-बच्चा जानता है कि सच क्या है। यादव के इस बयान के कुछ घंटे बाद केशव प्रसाद मौर्य ने 'एक्स' पर पलटवार करते हुए कहा, हमारे लिए न कोई अगड़ा है, न पिछड़ा, न दलित, जो कानून तोड़ेगा उसे सजा मिलेगी चाहे वह कोई भी हो। उन्होंने कहा, अगर पुलिस भी गलती करती है, तो उस पर भी कार्रवाई होगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा, उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता को न्याय और सुशासन देना हमारा संकल्प है। इसके लिए जातिवादी मानसिकता से ऊपर उठना ज़रूरी है। उन्होंने कहा, हम 'न्याय सभी के लिए, पक्षपात किसी से नहीं' की नीति पर चलते हैं, यही भाजपा की प्रतिबद्धता है।

## पॉलिटेक्निक में प्रवेश का मिला एक और मौका

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** पॉलिटेक्निक ग्रुप-ए के अभ्यर्थी जो 5 व 6 जून की प्रवेश परीक्षा में किसी कारणवश शामिल नहीं हो पाए हैं, उन्हें संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद एक और मौका दिया जा रहा है। ऐसे छात्र-छात्राएं आज 9 जून की परीक्षा में भी शामिल हो सकते हैं। इनके प्रवेश पत्र जारी किए गए हैं। ऐसे परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से एक घंटे पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचना होगा। प्रवेश परीक्षा से सम्बन्धित जानकारी के लिए अभ्यर्थी परिषद के पोर्टल jeecup.admis sions.nic .in पर जाकर सूचना देख सकते हैं। वहीं दूसरी संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद के सचिव संजीव कुमार सिंह ने हरदोई के राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर) में पॉस्को एक्ट में बंद बाल अपचारी को परीक्षा में शामिल होने की अनुमति प्रदान की है। अपचारी ने अयोध्या रोड स्थित गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा दी। अपचारी ने किशोर न्याय बोर्ड हरदोई को दिये प्रार्थना पत्र में प्रवेश परीक्षा में बैठने की अनुमति मांगी थी।

## एसटीएफ की बड़ी कार्रवाई

# फर्जी दस्तावेज के साथ तीन को किया गिरफ्तार

- सेना में भर्ती कराने के नाम पर करते थे ठगी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के विशेष टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने प्रादेशिक सेना में भर्ती करान के नाम पर ठगी करने वाले तीन लोगों को फर्जी दस्तावेजों सहित गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। गिरफ्तार अभियुक्तों में अजय कुमार पुत्र रामवीर सिंह निवासी ग्राम सैगई थाना मटस जिला फिरोजाबाद, कुलवन्त सिंह पुत्र कुलदीप सिंह निवासी जीएमएस रघुनाथपुरा, हरीपुर पाटिल, सम्बा,जम्मू-कश्मीर तथा सुनील कुमार पुत्र रतनलाल सिंह निवासी रखकंगवाल, साम्बा जम्मू-कश्मीर शामिल हैं।

गिरफ्तार लोगों के पास से दो आधार कार्ड,एक डीएल,तीन अदद एटीएम कार्ड, एक आयुष्मान




कार्ड,एक वोटर कार्ड एक कूटरचित नियुक्ति पत्र मय लिफाफा, एक अदद गेट पास 1/4मेडीकल टेस्ट1/2, तीन मोबाइल फोन तथा 1630/-रूपये नकद बरामद किये गये।

इन लोगों को आगरा के टीपीनगर थाना क्षेत्र में आज टीपीनगर थाना क्षेत्र में गिरफ्तार किया जा सका। इससे पहले प्रादेशिक सेना में भर्ती के नाम पर ठगी करने वाले गैंग के सक्रिय होने की सूचना प्राप्त हुई थी। इस सम्बन्ध में एसटीएफ फील्ड इकाई, आगरा इकाई के अभिसूचना संकलन एवं कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया था।

# सीएम योगी में किसानों का सामना करने का साहस नहीं: अखिलेश यादव

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा कई जिलों में फसलों का हवाई सर्वेक्षण किए जाने की सोमवार को आलोचना की और कहा कि उनमें नाराज किसानों का सामना करने का साहस नहीं है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को मक्का की फसल का हवाई सर्वेक्षण किया था। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में मुख्यमंत्री पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा, ''खेती-किसानी के लिए जो लोग हवाई सर्वेक्षण कर रहे हैं दरअसल उनके पास समय की कमी नहीं है बल्कि उस 'साहस' की कमी है जो



जमीन पर किसानों के रोष-आक्रोश का साक्षात सामना कर सकें।'' उन्होंने प्रदेश में आवारा पशुओं की समस्या की तरफ इशारा करते हुए कहा, ''किसान पूछ रहे हैं, इतनी ऊंचाई से नीचे छुट्टा पशु दिखाई देते हैं क्या?'' प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने एक अखबार की कतरन भी संलग्न की जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा रविवार को कन्नौज समेत छह जिलों में मक्का की खेती का हवाई सर्वेक्षण करने की खबर प्रकाशित की गई है। यादव की यह टिप्पणी बेमौसम बारिश के कारण फसल के नुकसान और आवारा पशुओं के खतरे के बारे में किसानों की बढ़ती शिकायतों के बीच आई है।

## छह पीएचसी पर बनेंगे कोल्ड चेन सेंटर

**लखनऊ।** शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के छह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) पर कोल्ड चेन सेंटर बनाए जाएंगे। इससे गर्भवती और बच्चों को टीकाकरण के लिए दूर के सरकारी अस्पतालों या केंद्रों पर भटकना नहीं पड़ेगा। ज्यादातर पीएचसी पर सामान भी पहुंचा दिया गया है। उम्मीद है कि इसी माह से सेंटर शुरू हो जाएंगे। सीएचसी, पीएचसी पर टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक बुधवार और शनिवार को वृहद रूप से किया जाता है। एक पीएचसी पर रोजाना 50 से 70 मरीज पहुंचते हैं। इनमें 10 से 15 गर्भवती और बच्चे होते हैं। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह ने बताया कि छह नई पीएचसी पर कोल्ड चेन सेंटर बनाए जा रहे हैं। प्रस्ताव को हरी झंडी मिल चुकी है। कुछ सामान भी पीएचसी पहुंचा दिया गया है। इन छह पीएचसी में गोमती नगर उजरियांव, जानकीपुरम, निगोहां, किला मोहम्मदी, पूरब गांव बेहटा, नीलमथा शामिल हैं।

# ओला मनी और सबसिडी के नाम पर ओला कर्मचारी कर रहे गुमराह

- ग्राहकों से लड़ाई पर हो दाते हैं अमादा

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।**आजकल ईवी गाड़ियों की मांग ज्यादा है। ईवी गाड़ियों में न तो पेट्रोल लगता है और न ही पर्यावरण पर कोई प्रभाव पड़ता है। सरकार भी ईवी गाड़ियों पर सब्सिडी देकर इन्हें बढ़ावा दे रहीं है। लेकिन ईवी बेचने वाली कंपनियों के कर्मचारी ईवी गाड़ियों को बेचने के चक्कर में ग्राहकों के साथ धोखा कर रहें है। झूठे वादे और प्रलोबन देकर कर्मचारी गाड़ियों को बेच रहें है और बाद में ग्राहक इन ईवी आउटलेट पर दौड़ लगा रहे हैं। आलमबाग टेढ़ी पुलिया आजाद नगर के पास ओला कंपनी का दो पहिया शोरूम है। जहां प्रतिदिन कई गाड़ियां बेची जाती है। लेकिन




यहां पर गाड़ी बेचने वाले कर्मचारी ग्राहकों को झूठ बोलकर गाड़ियों को बेच रहे है। अगर ग्राहक अपनी परेशानी को बताता है तो यहां के कर्मचारी लड़ाई पर अमादा हो जाते है।

केस नं.1-फैजुल्लागंज निवासी नितिन सिंह ने बताया कि उन्होंने करीब 6 माह पहले ओला स्कूटी ली थी। ओला कर्मचारी आदित्य कुमार राय ने उन्हें 10 हजार रुपये सब्सिडी मिलने की बात कही थी और साथ में 4 हजार रुपये ओला मनी दिलाने का भी वादा किया था। कई महिने बीत जाने पर भी जब कोई रुपया उन्हें प्राप्त नहीं हुआ तो वह कंपनी गये तो आदित्य कुमार राय फिर बहाने बनाकर टालने लगा। इस पर जब नितिन सिंह ने विरोध दर्ज कराया तो ओला कंपनी के अन्य कर्मचारी लड़ाई पर अमादा हो गये। अब नितिन सिंह अपने को छला हुआ महसूस कर रहे है।केस नं.2- राजेन्द्र नगर निवासी विनय शुक्ला ने बताया कि उन्हें एक वर्ष हो गया है ओला स्कूटी लिए हुए। गाड़ी लेते समय ओला कर्मचारी ने उन्हें 10 हजार रुपये सब्सिडी और ओला मनी देने का वायदा किया था। लेकिन इतने माह बीत जाने के बाद भी उन्हें सब्सिडी के रुपये प्राप्त नहीं हुए है। वह कई बार ओला कंपनी जा चुके है लेकिन सिवाय आश्वासन के उन्हें कुछ नहीं मिला।

ऐसे में सवाल यह उठता है कि ओला जैसी कंपनी अपने ईवी स्कूटी बेचने के लिए ग्राहकों से झूठा वादा कर रहीं है मगर इस कंपनी पर कोई कार्रवाई अभी तक नहीं हुई। ग्राहक लगातार हमारे संपर्क में है। कई लोगों की सब्सिडी नहीं आई है। प्रयास है कि जल्द ही ग्राहकों को सब्सिडी

## पिछले 11 सालो में दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों को अपमान हिंसा और भेदभाव ही मिला

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव राम बाबू सुदर्शन ने कहाकि भाजपा मोदी सरकार यानि डबल इंजन की सरकार में पिछले 11 सालो में दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के लिए अपमान, हिंसा और भेदभाव के सिवाए और कुछ नहीं थे हैं। भाजपा शासित राज्यों में दलितों को दोयम दर्जे का नागरिक बनाने और मुख्यधारा से दूर रखने की साजिश लगातार होती रही है। जिसका जीता जगता उदहारण डबल इंजन की सरकार के 11 साल पुरे होने पर मध्यप्रदेश में 19 साल के पंकज प्रजापति को सिर्फ़ इसलिए सरेआम गोली मार दी गई - क्योंकि उसने दलित होकर अपने हिस्से का हक़ मांगा। भाजपा अपने 11 साल पुरे होने पर ये भी तो बताये की यूपी में सबसे ज्यादा अन्याय अत्याचार दलितों पर हो रहे है? श्री सुदर्शन ने कहाकि मध्यप्रदेश में भाजपा की सरकार है जिसके चलते दबंग लोग को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है संविधान की खोलेआम धज्जिया उड़ा रहे है दोषियों की गिरफ्तारी हो और उन्हें कड़ी से कड़ी सज़ा दिलाई जाए।

# सपा अंबेडकर वाहिनी ने किया कानपुर में पीडीए सम्मेलन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ/कानपुर।** समाजवादी अम्बेडकर वाहिनी द्वारा कानपुर में पीडीए सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती थे सम्मेलन में भारी संख्या में पीडीए समाज के लोगों ने शिरकत की अंबेडकर वाहिनी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर चर्चा की गई जिसमें सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता घर-घर जाकर समाजवादी पार्टी के पक्ष में वोट और सपोर्ट की अपील करेंगे जनता से वहीं भाजपा सरकार में बड़े पैमाने पर दलितों पर हो रहे अत्याचार अन्याय को भी घर-घर जाकर उजागर करेंगे। श्री भारती ने कहा की एकमात्र समाजवादी पार्टी है जो माननीय अखिलेश यादव जी के नेतृत्व में पीडीए समाज की लड़ाई मजबूती से लड़ रहे है और दलितों समाज के हक



अधिकारों की बात कर रहे है भाजपा राज में आए दिन दलित समाज के लोगों की हत्याएं, महिलाओं, बच्चियों के साथ बलात्कार हो रहे हैं लेकिन भाजपा का कोई भी नेता यहां तक जो दलित समाज से आते हैं भाजपा के नेता, मंत्री कोई भी चु तक नहीं कर रहा है और दलितों पर हो रहे अत्याचार अन्याय पर अपनी आंखें मूंदे हैं। यह जानकारी सपा बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव राम बाबू सुदर्शन ने दी सम्मेलन में प्रमुख रूप से शीतला चरण वर्मा राष्ट्रीय महासचिव, उमा देवी कठेरिया राष्ट्रीय सचिव, विजय लाल पासी, राम बाबू सुदर्शन सपा अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव, राजा वाल्मीकि राष्ट्रीय सचिव, जितेंद्र अहिरवार, शिवकुमार वाल्मीकि नगर अध्यक्ष, राजेंद्र कोरी राष्ट्रीय सचिव, मनीष कुरील, राकेश कठेरिया, शिव शंकर वैद्य, शैलेंद्र यादव पिंटू, हाजी फजल मोहम्मद महानगर अध्यक्ष सपा, मन प्यारे वाल्मीकि, दिनेश यादव, कमल, तरुण, गुड्डू आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# आरडीएसओ ने विश्व पर्यावरण दिवस 2025 पर प्रस्तुत की नवाचारी हरित पहलें

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** आरडीएसओ के परीक्षण निदेशालय ने विश्व पर्यावरण दिवस-2025 के अवसर पर, पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति अपनी मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए कई नवाचारी और पर्यावरण अनुकूल गतिविधियाँ आयोजित कीं। इन पहलों का उद्देश्य न केवल पर्यावरण से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था, बल्कि संस्थान के भीतर सामग्री के रचनात्मक पुनः उपयोग और संरक्षण प्रयासों को भी प्रोत्साहित करना था। इस आयोजन की प्रमुख आकर्षणों में से एक प्राकृतिक सामग्रियों से बनाए गए बर्डहाउसथे, जो देशज पक्षी प्रजातियों के संरक्षण हेतु एक महत्त्वपूर्ण कदम है। ये घोंसले घर शहरी परिवेश में पक्षियों को सुरक्षित आवास प्रदान करते हैं और जैव विविधता बनाए रखने में सहायक होते हैं। एक और ध्यान आकर्षित करने वाली पहल थी आई लव



टेस्टिंग का जीवंत प्रदर्शन, जिसे पूरी तरह सेफेंकी गई प्लास्टिक सामग्रीसे तैयार किया गया था। यह रचनात्मक पहल प्लास्टिक के पुनः उपयोग की आवश्यकता और नवाचार के माध्यम से पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने की दिशा में एक सशक्त संदेश देती है। इस अवसर को और भी खास बनाया एकमिनी ट्रेन मॉडल, जिसे निरुपयोगी लकड़ी के टुकड़ों से कुशलतापूर्वक तैयार किया गया था। यह कलात्मक निर्माण न केवल रेलवे से आरडीएसओ के गहरे संबंध को दर्शाता है, बल्कि कबाड़ सामग्री को अर्थपूर्ण और शैक्षिक प्रदर्शनों में बदलने की क्षमता को भी उजागर करता है। इन प्रेरणादायक और विचारशील गतिविधियों के माध्यम से, आरडीएसओ सततता और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देते हुए उदाहरण प्रस्तुत करता है, जिससे न केवल उसके कर्मचारी बल्कि व्यापक समुदाय भी प्रेरित हो सके।

# बिजली निजीकरण के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन की तैयारी

- 27 लाख कर्मी देंगे सरकार को चेतावनी
- निजीकरण के खिलाफ देशव्यापी हुंकार: 27 लाख बिजली कर्मी भरेंगे विरोध का शंखनाद!
- यूपी में निजीकरण का टेंडर, पूरे देश में बिजलीकर्मी करेंगे पावर प्रदर्शन!
- बिजली कर्मियों का अल्टीमेटम- निजीकरण रुका तो पावर बंद, जनजीवन अस्त-व्यस्त

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ/दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में बिजली के निजीकरण की प्रक्रिया के विरोध में देशभर के 27 लाख बिजली कर्मी एक बड़े आंदोलन की तैयारी में हैं। नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स (NCCOEEE) ने आज दिल्ली में हुई अपनी राष्ट्रीय कोर कमेटी की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। संगठन ने चेतावनी दी



है कि उत्तर प्रदेश में बिजली के निजीकरण का टेंडर जारी होते ही पूरे देश के बिजली कर्मी एक दिन की सांकेतिक हड़ताल करेंगे।

NCCOEEE ने यह भी घोषणा की है कि आगामी 02 जुलाई को उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मियों के समर्थन में पूरे देश के सभी जनपदों में व्यापक विरोध प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा, आगामी 09 जुलाई को उत्तर प्रदेश में चल रहे बिजली के निजीकरण के विरोध में देशभर के तमाम बिजली कर्मी राष्ट्रव्यापी हड़ताल करेंगे।

कमेटी ने केंद्र सरकार से तत्काल हस्तक्षेप करने और किसानों, आम घरेलू उपभोक्ताओं और गरीब उपभोक्ताओं के व्यापक हित में उत्तर प्रदेश में चल रही बिजली के निजीकरण की प्रक्रिया को निरस्त करने की मांग की है।

इस आंदोलन में ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन, ऑल इंडिया पावर डिप्लोमा इंजीनियर्स फेडरेशन, ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज, इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया, ऑल इंडिया पावर मेंस फेडरेशन और तमिलनाडु इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड इंप्लाइज फेडरेशन सहित कई प्रमुख संगठन शामिल हैं। बैठक में शैलेंद्र दुबे, अभिमन्यु धनकड़, मोहन शर्मा, सुदीप दत्ता, आर के शर्मा, ए सेकीजार, सुभाष लांबा, ए के जैन, यशपाल शर्मा और सत्यपाल सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे।

आगामी 22 जून को लखनऊ में किसानों, आम घरेलू उपभोक्ताओं और बिजली कर्मियों की एक महापंचायत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कोऑर्डिनेशन कमेटी के राष्ट्रीय पदाधिकारी सम्मिलित होंगे।

# आचार्या डॉ. सुमेधा सशक्त नारी की साक्षात प्रतिमूर्ति: स्वामी चिदानन्द

प्रो. श्याम सुंदर भाटिया

विश्वविख्यात परम पूज्य स्वामी चिदानन्द जी महाराज ने नारी शक्ति को जागृत करने के लिए ओजपूर्ण विचार प्रस्तुत करते हुए कहा, परमात्मा साकार रूप में सब जगह नहीं हो सकते थे इसीलिए उन्होंने धरती पर नारी शक्ति को बनाया। आचार्या डॉ. सुमेधा जी तो सशक्त नारी की एक साक्षात प्रतिमूर्ति हैं। आचार्या डॉ सुमेधा जी का यह श्रीमद् दयानन्द कन्या गुरुकुल, चोटीपुरा बेटियों को सशक्त बनाने के महत्वपूर्ण कार्य में जुटा है। आज नारी इतनी सशक्त है, उसका डंका पूरे विश्व में बज रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से नारी शक्ति का प्रतीक सिंदूर पूरी दुनिया में भारतीय नारी की शक्ति की पहचान बन चुका है। परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश के अध्यक्ष पूज्य स्वामी चिदानन्द जी महाराज श्रीमद् दयानन्द कन्या गुरुकुल, चोटीपुरा के नारी शक्ति जागरण शिविर के सम्पूर्ति सत्र में बोल रहे थे। उल्लेखनीय है, परम पूज्य स्वामी जी का चोटीपुरा में प्रथम बार मंगलागमन हुआ है। सम्पूर्ति सत्र में आयुर्वेद मनीषी श्रद्धेय बालकृष्ण महाराज के पावन सानिध्य में बतौर मुख्य अतिथि- विश्व जागृति मिशन की आध्यात्मिक एवम् ध्यान गुरू डॉ. अर्चिका सुधांशु दीदी जी और मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। चोटीपुरा गुरूकुल की आचार्या डॉ. सुमेधा ने मेहमानों के मंगलागमन पर तिलक, पुष्पवर्षा, स्वागतगीत और दिव्य घोष के बीच सभी का गर्मजोशी से स्वागत किया। आचार्या डॉ. सुमेधा एक-एक करके सभी अतिथियों को गुरूकुल के प्रांगण द्वार से समारोह स्थल तक भव्यता के संग लेकर गईं। समारोह में श्रीमद् दयानन्द कन्या गुरुकुल, चोटीपुरा की प्राचार्या आचार्या डॉ. सुमेधा ने अतिथियों को गुरूकुल

- चोटीपुरा गुरूकुल में एकाग्रता, संतुलन और आत्मबल से अतिथि मंत्रमुग्ध
- आयुर्वेद मनीषी आचार्य बालकृष्ण बोले, नारी समाज परिवर्तन की प्रेरणा
- शिक्षा का उद्देश्य हो बेटियों का सर्वांगीण विकास: डॉ. अर्चिका सुधांशु
- आचार्या डॉ. सुमेधा बोलीं, नारी शक्ति समाज की मुख्य अधाराशिला



श्रीमद् दयानन्द कन्या गुरुकुल, चोटीपुरा के नारी शक्ति जागरण शिविर के सम्पूर्ति समारोह में आयुर्वेद मनीषी श्रद्धेय श्री बालकृष्ण जी महाराज, आध्यात्मिक एवम् ध्यान गुरु डॉ. अर्चिका सुधांशु दीदी जी और मंडलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह की रही गरिमामयी उपस्थिति

की विकास यात्रा और उपलब्धियों से परिचित कराया। डॉ. सुमेधा अपने संक्षिप्त एवम् सारगर्भित संबोधन में बोलीं, नारी शक्ति समाज की मुख्य अधाराशिला है। संचालन की बागडोर डॉ. अमिता और डॉ. सविता ने बारी-बारी से संभाली।

सम्पूर्ति समारोह में दर्शन योग महाविद्यालय, रोजड़, गुजरात के निदेशक पूज्य स्वामी विवेकानन्द जी परिव्राजक, अमरोहा की डीएम श्रीमती निधि गुप्ता वत्स, संभल के डीएम डॉ. राजेन्द्र पेंसिया, अमरोहा की नगरपालिकाध्यक्षा श्रीमती शशि जैन, शास्त्र संकाय कर्नाटक संस्कृत विश्वविद्यालय, बंगलुरू में व्याकरण विभाग की डीन प्रो. शिवानी वीजी, आर्यवीर दल के संगठन मंत्री हरि सिंह आर्य, सत्य सनातन चैनल के संचालक और प्रखर वक्ता आचार्य अंकुर, सनातन महासंघ के संस्थापक एवं ओजस्वी वक्ता गौतम खट्टर, केरल के कल्लरी प्रशिक्षक सुब्रतन सीएस, उपज के प्रांतीय अध्यक्ष सर्वेश कुमार सिंह, टीएमयू के मीडिया मैनेजर प्रो. श्याम सुंदर भाटिया, सीनियर जर्नलिस्ट बसंत सारस्वत ने अपनी उल्लेखनीय मौजूदगी से समारोह की शोभा बढ़ाई। समापन समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के संग-संग वीरता प्रदर्शन में गुरूकुल की कन्याओं ने तलवार संचालन, कल्लरीपयट्टु के अद्भुत कौशल ने दर्शकों को दक्षिण भारत की प्राचीन युद्धकला से परिचित कराया, जिसमें आत्मरक्षा की शक्ति और मानसिक एकाग्रता का समन्वय स्पष्ट झलका। युद्धकला, योगासन और म्यूजियम प्रदर्शन के माध्यम से अपनी बहुआयामी प्रतिभा का परिचय दिया। चोटीपुरा की कन्याओं की एकाग्रता, संतुलन और आत्मबल ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयुर्वेद मनीषी आचार्य बालकृष्ण जी बोले, समाज के सर्वांगीण विकास के लिए पूज्या आचार्या जी जो प्रयास करती हैं, नारी जागरण शिविर उसी का एक मूर्त उदाहरण है। आचार्य बालकृष्ण जी बोले, नारी सशक्त होगी, तो राष्ट्र समृद्ध होगा। मातृशक्ति के जागरण से ही संस्कृति और सभ्यता को नई दिशा मिलती है। नारी केवल परिवार की आधारशिला नहीं, बल्कि समाज परिवर्तन की प्रेरणा है। आचार्य बालकृष्ण जी ने कन्याओं को उनके कर्तव्य एवं अधिकारों के प्रति सजग किया। साथ ही उन्होंने जीवन की परिस्थितियों से जूझने और वीरतापूर्वक सामना करने का मार्गदर्शन किया।